नई दिल्ली, बुधवार
7 अगस्त, 2024
राजधानी
मूल्य ₹ 5.00
पृष्ठ 20+4=24

# दैनिक जागरण

www.jagran.com
दिल्ली, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, उत्तराखंड, बिहार, झारखंड, पंजाब, जम्मू कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और प. बंगाल से प्रकाशित

केदारघाटी में रेस्क्यू पूरा, आज से हेली सेवा से शुरू होगी धाम की यात्रा 18






********

# नवंबर-दिसंबर में विधानसभा चुनाव कराए जाने की अटकलें

वीके शुक्ला ● जागरण

- दिल्ली के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने विभिन्न विभागों को पत्र भेजकर मांगी स्टाफ की जानकारी
- दिल्ली में अगले वर्ष फरवरी में विधानसभा चुनाव प्रस्तावित हैं, लेकिन सुगबुगाहट शुरू

**नई दिल्ली:** दिल्ली में नवंबर-दिसंबर में विधानसभा चुनाव कराए जाने की अटकलें तेज हो गई हैं। इन अटकलों को दिल्ली के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) की ओर से भेजे गए पत्र के बाद हवा मिली है। अधिकारियों में सुगबुगाहट है कि चुनाव से तीन से चार माह पहले पूरी की जाने वाली प्रक्रिया शुरू होने का मतलब साफ है कि दिल्ली में भी हरियाणा के साथ विधानसभा चुनाव हो सकते हैं। मंगलवार को सीईओ कार्यालय ने पत्र भेजकर दिल्ली सरकार के सभी प्रमुख विभागों से स्टाफ की जानकारी मांगी है। सात दिन के अंदर स्टाफ के बारे में जानकारी उपलब्ध कराने के लिए कहा गया है।

दिल्ली में अगले वर्ष फरवरी में विधानसभा चुनाव प्रस्तावित हैं। वर्तमान सरकार ने 2020 की फरवरी के तीसरे सप्ताह में शपथ ली थी। दिल्ली के राजनीतिक गलियारों में यह बात पिछले दो माह से घूम रही है कि दिल्ली विधानसभा चुनाव फरवरी से पहले हो सकते हैं। हालांकि इस बारे में किसी राजनीजिक दल या अन्य किसी की ओर से बयान नहीं आया है। मंगलवार को यह चर्चा उस समय तेज हो गई, जब अधिकारियों के पास स्टाफ की जानकारी मांगी जाने वाला पत्र पहुंचा। पत्र मिलने पर सरकार के एक अधिकारी ने कहा कि चुनाव को लेकर तो कोई संकेत नहीं हैं, मगर यह बात सही है कि चुनाव को लेकर स्टाफ के बारे में तीन से चार माह पहले जानकारी मांगी जाती है।

दिल्ली की राजनीतिक स्थिति की बात करें तो दिल्ली में इस समय आप की सरकार है। पिछली दो बार आप पूर्ण बहुमत से सत्ता में आई है। वर्ष 2015 में आप ने 70 में से 67 सीटें जीती थीं और फरवरी 2020 में हुए विधानसभा चुनाव में आप ने 62 सीटें जीती थीं। एक कैबिनेट मंत्री राजकुमार आनंद और छतरपुर से विधायक करतार सिंह के इस्तीफा के बाद भी आप के पास इस समय 60 विधायक हैं। सरकार मजबूती से चल रही है। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और उपमुख्यमंत्री रहे मनीष सिसोदिया और पूर्व कैबिनेट मंत्री सत्येंद्र जैन भी जेल में हैं। इस सब के बीच आप भाजपा पर हमलावर है और अपनी राजनीतिक गतिविधियां बढ़ाए हुए है। दिल्ली कांग्रेस भी राजनीतिक गतिविधियां बढ़ाने के साथ ही आप सरकार पर हमलावर है। हालांकि आप इस बात को नहीं मानती कि दिल्ली विधानसभा चुनाव फरवरी से पहले होंगे, मगर उसने भी आंतरिक तौर पर अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं।

गत दिनों दिल्ली विधानसभा चुनाव को लेकर पार्टी के शीर्ष नेताओं की हुई पहली बैठक में इस बात पर खास जोर दिया गया कि दिल्ली सरकार के काम को घर-घर पहुंचाया जाए। पार्टी नेताओं ने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि रणनीति बनाकर जुट जाएं और पार्टी के कामों को हर घर तक पहुंचाया जाए। इसके साथ ही लोगों को बताया जाए कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को फर्जी केस में जेल में डाला गया है और वहां उनकी जान से खिलवाड़ हो रहा है।

## एयर क्वालिटी इंडेक्स

| | | |
|---|---|---|
| **बुलंदशहर** | | |
| आज का अनुमान | 49 | अच्छा |
| मंगलवार | 44 | अच्छा |
| **शादीपुर** | | |
| आज का अनुमान | 85 | संतोषजनक |
| मंगलवार | 76 | संतोषजनक |
| **आरके पुरम** | | |
| आज का अनुमान | 57 | संतोषजनक |
| मंगलवार | 49 | अच्छा |
| **नरेला** | | |
| आज का अनुमान | 68 | संतोषजनक |
| मंगलवार | 60 | संतोषजनक |
| **अलीपुर** | | |
| आज का अनुमान | 60 | संतोषजनक |
| मंगलवार | 51 | संतोषजनक |
| **गुरुग्राम** | | |
| आज का अनुमान | 90 | संतोषजनक |
| मंगलवार | 81 | संतोषजनक |
| **गाजियाबाद** | | |
| आज का अनुमान | 68 | संतोषजनक |
| मंगलवार | 59 | संतोषजनक |
| **ग्रेटर नोएडा** | | |
| आज का अनुमान | 70 | संतोषजनक |
| मंगलवार | 62 | संतोषजनक |
| **फरीदाबाद** | | |
| आज का अनुमान | 75 | संतोषजनक |
| मंगलवार | 66 | संतोषजनक |
| **नोएडा** | | |
| आज का अनुमान | 57 | संतोषजनक |
| मंगलवार | 48 | अच्छा |

| | | |
|---|---|---|
| 0 | 50 | अच्छा |
| 51 | 100 | संतोषजनक |
| 101 | 200 | मध्यम |
| 201 | 300 | खराब |
| 301 | 400 | बहुत खराब |
| 401 | 500 | गंभीर |
| 501 से आगे | | आपातकालीन |

# पहली बार डीडीए अपनी तीन आवासीय योजना साथ लाएगा

## उपराज्यपाल की अध्यक्षता में हुई बोर्ड बैठक में मिली स्वीकृति

- इनमें हर आय वर्ग के लोगों के लिए फ्लैट शामिल रहेंगे
- योजना के लिए पंजीकरण व बुकिंग सुविधा माह भर में होगी शुरू

**राज्य ब्यूरो, जागरण ● नई दिल्ली:** दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) जल्द ही एक साथ तीन- तीन आवासीय योजनाएं लांच करेगा। इनमें हर आय वर्ग के लोगों के लिए फ्लैट शामिल रहेंगे। इस आशय के निर्णय को मंगलवार को एलजी वीके सक्सेना की अध्यक्षता में राजनिवास में हुई डीडीए की बोर्ड बैठक में मंजूरी दे दी गई। इस बैठक में सामुदायिक हाल के प्रबंधन और उपयोग के लिए एक नई नीति, आवासीय, वाणिज्यिक, औद्योगिक और संस्थागत भूखंडों पर निर्माण पूरा करने के लिए समय विस्तार सहित कई बड़े फैसले लिए गए।

बैठक में एक अहम निर्णय के तहत 23 नजूल संपदाओं में समाप्त समयावधि के पट्टों (90 वर्ष) के नवीनीकरण-सह-फ्रीहोल्ड रूपांतरण के लिए एक माफी योजना को सहमति दे दी गई। इसके अलावा क्षति शुल्क पर लगाई गई ब्याज दर पर छूट के लिए भी एक माफी योजना को भी मंजूरी दी गई। एक अन्य निर्णय, जो शहर की स्वच्छता और रखरखाव के लिए बहुत प्रासंगिक है, जिसके अंतर्गत डीडीए ने गाजीपुर में बायो मेथेनाइजेशन प्लांट के निर्माण के लिए एमसीडी को प्रदान की गई भूमि के भू उपयोग में बदलाव को मंजूरी दे दी।

डीडीए अधिकारियों ने बताया कि तीनों नई आवासीय योजना के लिए पंजीकरण और बुकिंग प्रक्रिया माह भर में शुरू करेंगे। इसके लिए लोगों को अगले 15 से 20 दिनों में वेबसाइट के जरिये सूचना देंगे। इसके तहत लोगों को सभी जगहों पर, सैंपल फ्लैटों को देखने का अवसर मिलेगा।



राजनिवास में डीडीए की बोर्ड बैठक लेते एलजी वीके सक्सेना ● सौजन्य : राजनिवास

### तीनों आवास योजनाओं का विवरण, 11.5 लाख में भी फ्लैट

- **डीडीए सस्ता घर आवास योजना 2024 :** कम आय वर्ग की किफायती आवास आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए यह योजना पहले आओ पहले पाओ (एफसीएफएस) के जरिये रामगढ़ कालोनी, सिरसपुर, लोकनायकपुरम, रोहिणी और नरेला में रियायती दरों पर एलआइजी और ईडब्ल्यूएस फ्लैट आफर करेगी। इस योजना के तहत करीब 34000 फ्लैटों की पेशकश की जाएगी जिनकी शुरुआती कीमत लगभग 11.5 लाख रुपये होगी।
- **डीडीए सामान्य आवास योजना 2024 :** इस योजना के तहत जसोला, लोकनायकपुरम और नरेला जैसे विभिन्न इलाकों में एचआइजी, एमआइजी, एलआइजी और ईडब्ल्यूएस सहित सभी श्रेणियों के फ्लैट बिना किसी मूल्य वृद्धि के 2023 की कीमतों पर पेश किए जाएंगे। फ्लैट्स की शुरुआती कीमत लगभग 20 लाख रुपये है। इस योजना के तहत 5400 फ्लैट होंगे, जिनकी शुरुआती कीमत 29 लाख होगी।
- **डीडीए द्वारका हाउसिंग स्कीम 2024 :** यह योजना ई-नीलामी प्रक्रिया के माध्यम से द्वारका के सेक्टर 14, 16बी और 19बी में एमआइजी, एचआइजी और उच्च श्रेणी के फ्लैटों की पेशकश करेगी। इससे लोगों को द्वारका के पाश इलाके में घर खरीदने का अवसर मिलेगा। योजना के तहत करीब 173 फ्लैट की पेशकश की जा रही है, जिनकी शुरुआती कीमत 1.28 करोड़ रुपये होगी।

# सामुदायिक भवनों के प्रबंधन व उपयोग की नीति बांटी

**राज्य ब्यूरो, जागरण ● नई दिल्ली:** दिल्लीवासियों को जीवनयापन में सुविधा प्रदान करने के लिए डीडीए ने सामुदायिक भवनों के प्रबंधन और उपयोग के लिए नई नीति को मंजूरी दे दी है। इसमें बहुउद्देश्यीय सामुदायिक भवनों में किराये की संरचना और सहायक सुविधाओं का संचालन शामिल है। यह नीति तीन भागों में बांटी गई है।

### लाइसेंस के आधार पर सामुदायिक भवनों का संचालन

- खुले स्थानों के साथ कुछ सामुदायिक हाल की लाइसेंस के आधार पर पांच वर्षों के लिए ई-नीलामी की जाएगी।
- इस साइट का उपयोग लाइसेंसधारी द्वारा केवल विवाह, सामाजिक-सांस्कृतिक समारोह, शैक्षिक वार्ता, कविता पाठ, स्वास्थ्य संबंधी कार्यक्रम, प्रदर्शनियां आदि आयोजित करने के उद्देश्य से किया जा सकता है।

### आनलाइन बुकिंग के लिए हाल व आसपास के समारोह स्थल

- सामुदायिक हाल को इलाके के आधार पर तीन श्रेणियों-ए, बी और सी में वर्गीकृत किया गया है।
- आनलाइन बुकिंग के लिए सामुदायिक हाल की नीति उत्सव स्थल के लिए भी लागू होगी।
- हाल पहले आओ पहले पाओ के आधार पर डीडीए के आनलाइन बुकिंग पोर्टल पर बुक किए जाएंगे।
- बुकिंग 120 दिन पहले से लेकर आयोजन की तारीख से एक कार्य दिवस पहले तक की जा सकती है।
- कोई व्यक्ति एक समय में अधिकतम पांच सामुदायिक हाल बुक कर सकेगा।

### लाइसेंस पर बहुउद्देशीय सामुदायिक भवनों का संचालन

- इन सुविधाओं को लाइसेंस के आधार पर संचालित करने का प्रस्ताव है, जिसमें डीडीए इन संपत्तियों को पांच साल के लिए लाइसेंस देगा।
- ई-नीलामी के लिए एक बहुउद्देशीय सामुदायिक हाल में सभी सहायक सुविधाओं को एक साथ जोड़ा जाएगा। ई-नीलामी में भाग लेने वाली किसी भी एजेंसी को एमपीसीएच में सभी सुविधाएं (लाइसेंस के लिए उपलब्ध) लेनी होंगी।
- इन बहुउद्देशीय हाल का उचित उपयोग करने को मल्टी जिम सुविधा, योग, वाचनालय, वरिष्ठ नागरिक कक्ष, इनडोर गेम्स, फूड कियोस्क और एटीएम की अनुमति दी जाएगी।

### दिल्ली विकास प्राधिकरण ने लिए अन्य प्रमुख निर्णय

- डीडीए ने अपने द्वारा आवंटित आवासीय, वाणिज्यिक, औद्योगिक और संस्थागत भूखंडों पर निर्माण पूरा करने के लिए 31 दिसंबर 2025 तक समय बढ़ाने को मंजूरी दे दी है।
- 23 नजूल संपदाओं में क्षतिदाता संपत्ति में रहने वालों से वसूली योग्य क्षति शुल्क पर ब्याज दर की छूट के लिए माफी योजना लाई जाएगी। इसकी अवधि छह माह की होगी। प्रत्येक चरण दो माह की अवधि के लिए होगा। बकाया क्षति शुल्क पर कोई छूट नहीं दी जाएगी। पहले दो महीनों की अवधि में संपूर्ण ब्याज घटक पर 100 प्रतिशत छूट, दूसरे दो महीने में 75 प्रतिशत और तीसरे दो महीने में 50 प्रतिशत की छूट होगी।
- बवाना में सीआरपीएफ के ट्रांजिट कैंप के निर्माण के लिए भूमि उपयोग बदलने को अंतिम मंजूरी।
- काली बाड़ी में जेजे क्लस्टर और मातृ एवं शिशु देखभाल अस्पताल के लिए आरएमएल को मिली सीपीडब्ल्यूडी की भूमि के भू-उपयोग को ईडब्ल्यूएस में स्थानांतरित करने की मंजूरी दे दी।
- वित्त वर्ष 2024-25 के लिए वाणिज्यिक, औद्योगिक संपत्तियों और मल्टीलेवल पार्किंग के संबंध में लीजहोल्ड से फ्रीहोल्ड में परिवर्तन के लिए भूमि दरों में 2023-24 की दरों से 10 प्रतिशत की वृद्धि को मंजूरी।
- वाणिज्यिक और औद्योगिक संपत्तियों के लिए वित्त वर्ष 2023-24 और 2024-25 के लिए लागू दुरुपयोग शुल्क की गणना के लिए भूमि दरों में वृद्धि को मंजूरी।
- वित्त वर्ष 2024-25 के लिए रोहिणी फेज चार और पांच, टीकरी कलां और नरेला के संबंध में विकासशील क्षेत्रों के लिए पूर्व निर्धारित दर को मंजूरी।
- वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए दिल्ली के विभिन्न क्षेत्रों में भूखंडों और फ्लैटों के आवंटन के लिए विकसित क्षेत्रों के संबंध में पूर्व निर्धारित दर को मंजूरी।
- फ्लैटों की मानक लागत के लिए वर्ष 2024-25 के लिए फ्लैटों की निर्माण लागत के लिए प्लिंथ एरिया रेट को मंजूरी। यह दर बढ़ाई नहीं गई है।
- स्टैंडअलोन स्कूटर गैरेज/कार गैरेज/कवर्ड/अनकवर्ड पार्किंग के निपटान मूल्य के निर्धारण नीति को मंजूरी। हाउसिंग पाकेट के निवासियों को गैराज स्थान का मालिक होने का अवसर मिलेगा, इलाके में योजनाबद्ध पार्किंग की सुविधा भी मिलेगी।

# पार्किंग ठेकेदार करता रहा वसूली, रेलवे अधिकारी बने रहे अनभिज्ञ

**नई दिल्ली रेलवे स्टेशन का मामला, ठेकेदार पर 50 हजार रुपये जुर्माना लगाने के साथ ही कारण बताओ नोटिस जारी किया**

**राज्य ब्यूरो, जागरण ● नई दिल्ली:** दिल्ली रेल प्रबंधक कार्यालय के बगल में स्थित नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर पार्किंग ठेकेदार अवैध रूप से बैरियर लगाकर वाहन चालकों से कई दिनों तक वसूली करता रहा। मामला सामने आने के बाद ठेकेदार पर 50 हजार रुपये जुर्माना लगाने के साथ ही कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

नई दिल्ली रेलवे स्टेशन के अजमेरी गेट की तरफ पहले एक्सेस कंट्रोल पार्किंग व्यवस्था थी। इस व्यवस्था में कुछ मिनट तक वाहन रोकने पर भी पार्किंग शुल्क देना पड़ता है। नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर अब यह व्यवस्था समाप्त कर दी गई है। अब सिर्फ पार्किंग क्षेत्र में वाहन खड़ा करने पर ही शुल्क लिया जा सकता है। टेंडर के इस नियम का उल्लंघन कर पार्किंग ठेकेदार ने शुक्रवार से अजमेरी गेट की तरफ बैरियर लगाकर स्टेशन परिसर में आने वाले प्रत्येक वाहन से 40 रुपये शुल्क वसूलना शुरू कर दिया। कुछ लोगों ने इसका विरोध किया। इससे संबंधित वीडियो भी रेलवे अधिकारियों को भेजा। शुरू में कोई कार्रवाई नहीं हुई, लेकिन मामला तूल पकड़ने पर बैरियर हटाने के साथ ही ठेकेदार पर जुर्माना लगाकर मामले की लीपापोती शुरू कर दी गई है। दिल्ली मंडल के अधिकारी यह दावा कर रहे हैं कि जानकारी मिलते ही दो दिन बाद बैरियर हटा दिया गया था।

इस संबंध में रेलवे अधिकारी उत्तरीय रेलवे मजदूर यूनियन ने मंडल सह मंत्री इंद्रजीत सिंह ने कहा कि इस मामले की जांच होनी चाहिए। बिना अधिकारियों की मिलीभगत से नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर यह संभव नहीं है। ठेका खत्म करना चाहिए।

********

नई दिल्ली, बुधवार
7 अगस्त, 2024
राजधानी
मूल्य ₹ 5.00
पृष्ठ 20+4=24

# दैनिक जागरण

www.jagran.com
दिल्ली, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, उत्तराखंड, बिहार, झारखंड, पंजाब, जम्मू कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और प. बंगाल से प्रकाशित

बच्चों के नाम पर अपनी गंदी राजनीति बंद करे कांग्रेस : प्रधान 17

कमला ने हासिल किया नामांकन, टिम वाल्ज को चुना रनिंग मेट 18



## संपादकीय

**अराजकता में डूबा बांग्लादेश :** अस्थिरता से बुरी तरह घिरे बांग्लादेश में अवामी लीग के साथ हिंदुओं का भी भविष्य खतरे में है। **दिव्य कुमार सोती** का विश्लेषण।



**कौआ कान ले गया वाला रवैया :** वक्फ अधिनियम में बदलाव की पहल का विरोध अंधविरोध की राजनीति का नया प्रमाण ही है। **राजीव सचान** का आलेख। • पेज 10

## जागरण विशेष
### प्रथम गांव

### सीमा पर बसे बालाकोट में बह रही विकास की बयार



**राजौरी:** एक समय था जब पुंछ के बालाकोट व आसपास के गांवों में न ही खेतों में ठीक से काम होता था और न ही लोग अपने बच्चों को स्कूल भेजते थे, लेकिन अब सीमा पर बसे गांवों में विकास की गति तेज हुई है। • पेज 12

## अंदर पढ़ें

### ...तो हम एमसीडी के अफसरों को निलंबित करेंगे : हाई कोर्ट

**नई दिल्ली :** गाजीपुर में नाले में गिरने से मां-बेटे के मौत की घटना से जुड़ी जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए दिल्ली हाई कोर्ट ने फिर एमसीडी को फटकार लगाई। कोर्ट ने सवाल किया कि जवाहदेह एमसीडी अधिकारी अभी भी नौकरी पर क्यों हैं। अगर एमसीडी ने कार्रवाई नहीं की तो अदालत अधिकारियों को निलंबित करना शुरू करेगा। • पेज 3

### सिसोदिया का मामला कब तक चलेगा : सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली :** दिल्ली आबकारी नीति घोटाला मामले में भ्रष्टाचार और मनी लांड्रिंग के आरोपित दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की जमानत याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने सभी पक्षों की बहस पूरी होने के बाद मंगलवार को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया। कोर्ट ने सीबीआइ और ईडी से पूछा कि यह मामला आखिर कब तक खत्म होगा? • पेज 3

**jagran.com** वेबसाइट पर पढ़ें

### गरीबों का बैंकर

84 साल का वो शख्स, जो बन सकता है बांग्लादेश का अगला प्रधानमंत्री, 'गरीबों का बैंकर' नाम से मशहूर

### दैनिक जागरण सप्तरंग

सेहत भरे जीवन का

तनाव प्रबंधन बने जीवन का मंत्र

भूलने की बीमारी से जोखिम!



• जागरण सिटी

# बांग्लादेश में अराजकता, हिंदुओं और मंदिरों पर हमले

## 1.35 करोड़ हिंदू भय के साये में, 27 जिलों में बने निशाना, कोई नहीं दिलासा दिलाने वाला

## अवामी लीग के दो हिंदू नेताओं की हत्या, 40 घायल, देश में न सरकार और न ही कोई सुरक्षा व्यवस्था

**ढाका, प्रेट्र :** बांग्लादेश में प्रधानमंत्री पद से शेख हसीना के इस्तीफे की आंदोलनकारियों की मांग पूरी हो गई, लेकिन वहां उपद्रव नहीं रुक रहा है। सोमवार को दिन और रात में राजधानी ढाका सहित पूरे बांग्लादेश में हमले, तोड़फोड़, लूटपाट और आगजनी होती रही। बड़ी संख्या में मंदिरों और हिंदुओं पर हमले हुए हैं। बांग्लादेश के 64 में से 27 जिलों में हिंदू आबादी, उसकी संपत्तियों और मंदिरों को निशाना बनाया गया है। अशांत बांग्लादेश में हिंदुओं और अन्य अल्पसंख्यकों की सुरक्षा के लिए कोई व्यवस्था नहीं बची है। पुलिसकर्मी ज्यादातर थानों से गायब हैं। कहीं चंद दारोगा-सिपाही हैं तो उनमें थाने से निकलकर उपद्रवियों को रोकने का हौसला नहीं बचा है। हालात इतने खराब हैं कि बांग्लादेश पुलिस के इंस्पेक्टर जनरल चौधरी अब्दुल्ला अल-मामून को उपद्रवियों से अपील करनी पड़ी है कि वे पुलिसकर्मियों पर हमले न करें। ऐसे में बांग्लादेश में रहने वाली 1.35 करोड़ हिंदू आबादी भय के साये में एक-एक पल काट रही है।

बांग्लादेश में इस समय न सरकार है और न ही कोई सुरक्षा। हर जगह अराजकता और उपद्रवियों का राज है। राजधानी ढाका में कुछ स्थानों पर सेना के जवान गश्त करते दिखाई दे रहे हैं, लेकिन बाकी देश उपद्रवियों के कब्जे में है। बांग्लादेश के कई शहरों में हिंसा जारी है और मंदिरों पर हमले हुए हैं। रविवार और सोमवार की हिंसा में 249 लोग मारे गए हैं और सैकड़ों लोग घायल हुए हैं। इनमें 100 से ज्यादा लोग शेख हसीना के पद छोड़कर देश से जाने के बाद मारे गए हैं। 16 जुलाई से लेकर अभी तक हुई हिंसा में देश में करीब 450 लोग मारे गए हैं।



बांग्लादेश के दूपचांचियां उपजिला के श्मशान काली मंदिर में उपद्रवियों द्वारा की गई तोड़फोड़ • सौजन्य: स्थानीय नागरिक अजय कुमार सरकार



बांग्लादेश की राजधानी ढाका में मंगलवार को सरकार विरोधी प्रदर्शनकारियों द्वारा जात्राबाड़ी पुलिस थाने को फूंके जाने के बाद नष्ट वाहन • एएफपी

- नहीं थम रही हिंसा, दो दिन में 249 लोग मारे गए
- हसीना के इस्तीफे के बाद भी 100 लोग मारे गए
- थानों से निकलकर उपद्रवियों को रोकने का पुलिस में नहीं बचा हौसला

### अवामी लीग के नेता के होटल में उपद्रवियों ने लगाई आग, 24 लोग जिंदा जल गए

जोशोर शहर में सोमवार-मंगलवार रात अवामी लीग के नेता शाहीन चकलादर के लक्जरी जाबिर इंटरनेशनल होटल में उपद्रवियों ने आग लगा दी। इस आगजनी में 24 लोग जिंदा जलकर मर गए। मरने वालों में एक इंडोनेशियाई नागरिक भी है। उपद्रवियों की भीड़ ने पहले इस होटल को घेरकर उस पर पथराव किया और उसके बाद आग लगा दी। घंटों चले उपद्रव-हिंसा में होटल को बचाने या आग बुझाने कोई नहीं आया।

### जेल पर हमला कर 500 कैदियों को भगाया

उपद्रवियों ने शेरपुर के जिला कारागार पर हमला बोलकर वहां का मुख्य द्वार खोल दिया। इस मौके का फायदा उठाकर 500 से ज्यादा कैदी जेल से फरार हो गए। फरार हुए कैदियों में कई दुर्दांत अपराधी भी हैं।

### अब मुहम्मद यूनुस के हाथ कमान



**ढाका:** बांग्लादेश में मंगलवार रात अंतरिम सरकार के प्रधानमंत्री पद पर नोबेल पुरस्कार विजेता मुहम्मद यूनुस की नियुक्ति हो गई। राष्ट्रपति मुहम्मद शहाबुद्दीन ने छात्र आंदोलन के समन्वयक मंडल के सदस्यों से वार्ता के बाद यूनुस की नियुक्ति की घोषणा की। मंगलवार को पूर्व पीएम बेगम खालिदा जिया भी रिहा हो गई। विस्तृत >> पेज 13

हिंदू, बौद्ध, ईसाई एकता परिषद के नेता काजोल देबनाथ ने बताया कि हसीना की पार्टी अवामी लीग के दो हिंदू नेताओं की हत्या हो गई है। एक नेता को सिराजगंज में मारा गया, जबकि दूसरे की हत्या रंगपुर में हुई। कई शहरों में मंदिरों पर हमले होने, हिंदुओं की दुकानें और घर लूटे जाने, हिंदू महिलाओं पर हमले होने की सूचनाएं मिली हैं। इन हमलों में 40 लोग घायल हुए हैं। ये घटनाएं पंचगढ़, दिनाजपुर, रंगपुर, बोगुरा, सिराजगंज, मागुरा, नारैल, खुलना, पातुखाली, सतखीरा, नरसिंहदी, मीमेनसिंह, तानगैल, लक्खीपुर, फेनी, चट्टोग्राम, हबीगंज सहित कई शहरों में होने की सूचना है।

एकता परिषद के महासचिव राणा दासगुप्ता ने कहा है कि बांग्लादेश की स्थिति गंभीर है। पूरे देश में हिंदुओं पर हमले हो रहे हैं। पुलिसकर्मी थानों में नहीं हैं। अगर थोड़ी संख्या में है तो वे उपद्रवियों को रोकने-पकड़ने के लिए नहीं आ रहे हैं। दासगुप्ता ने सेना से अपील की है कि हिंदुओं को उपद्रवियों से बचाने के लिए वह आगे आए। सोमवार को ढाका में इंदिरा गांधी सांस्कृतिक केंद्र में तोड़फोड़ और आगजनी हुई थी और चार मंदिरों पर हमले हुए थे। कुछ मंदिरों के बाहर आंदोलनकारी छात्र पहरा देते भी दिखे, लेकिन देश के ज्यादातर मंदिर और हिंदू आबादी की सुरक्षा के लिए कोई इंतजाम नहीं है। सोमवार को ढाका में हसीना के सरकारी आवास के साथ ही निजी आवास पर भी हमला हुआ और वहां पर तोड़फोड़ व लूटपाट हुई थी। हसीना सरकार में मंत्री रहे और उनकी पार्टी अवामी लीग के सांसदों-नेताओं के आवासों और संपत्तियों पर भी हमले-आगजनी हुई है।

बांग्लादेश में तख्तापलट >> पेज 13 व 15
संबंधित >> पेज 12 व संपादकीय

## हालात जटिल, अल्पसंख्यकों की सुरक्षा के लिए चिंतित : जयशंकर

**जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली:** बांग्लादेश में शेख हसीना सरकार के तख्तापलट के बाद वहां के हालात विशेषकर अल्पसंख्यक समुदायों और मंदिरों को निशाना बनाए जाने पर भारत ने अपनी गहरी चिंता जाहिर करते हुए मंगलवार को कहा कि अभी वहां की स्थिति में उतार-चढ़ाव जारी है और उस पर लगातार नजर बनाए हुए हैं। मंगलवार सुबह सभी दलों को भरोसे में लेने के बाद विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने बांग्लादेश के घटनाक्रम पर संसद के दोनों सदनों में भारत का पहला आधिकारिक बयान देते हुए कहा कि ढाका के अधिकारियों के साथ नई दिल्ली निरंतर संपर्क में है और अल्पसंख्यकों की स्थिति पर हमारी गहरी चिंता तब तक रहेगी, जब तक वहां कानून व्यवस्था बहाल नहीं हो जाती। विदेश मंत्री ने कहा कि वहां पैदा हुए हालात के बीच शेख हसीना ने बांग्लादेश के सुरक्षा प्रतिष्ठान के नेताओं के साथ बैठक के बाद प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा देने का फैसला किया और बेहद कम समय में भारत आने के लिए अनुमति मांगी। भारत ने हसीना के विशेष सैन्य विमान को तत्काल हिंडन एयरफोर्स बेस पर उतरने की मंजूरी दी। कठिन वक्त का सामना कर रहीं शेख हसीना को भारत ने अपना नैतिक समर्थन जारी रखने का संदेश देते हुए कहा है कि राजनीतिक शरण लेने के मामले पर अंतिम फैसला लेने तक वह भारत में रह सकती हैं। विदेश मंत्री ने कहा कि बांग्लादेश के जटिल हालात के मद्देनजर उससे लगी सीमाओं पर सुरक्षाबलों को हाई अलर्ट पर रहने का निर्देश दिया गया है।

सुबह की सर्वदलीय बैठक में सहमति बन गई थी कि इस समय जो हालात हैं, उसमें हसीना को संरक्षण देना जरूरी है। विदेश मंत्री जयशंकर ने संसद के दोनों सदनों में अपनी तरफ से बयान देते हुए कहा कि जनवरी, 2024 में चुनाव के बाद से बांग्लादेश की राजनीति में तनाव, गहरा विभाजन और ध्रुवीकरण बढ़ा है।



बांग्लादेश के हालात पर रास में बोलते विदेश मंत्री जयशंकर • वीडियोग्रैब/प्रेट्र

**19,000**
भारतीय नागरिक हैं बांग्लादेश में, इनमें लगभग नौ हजार छात्र

- विदेश मंत्री ने दोनों सदनों में दिया इस मामले में पहला आधिकारिक बयान
- कहा-अल्पसंख्यकों की सुरक्षा के लिए ढाका के अधिकारियों से लगातार संपर्क में है भारत
- शेख हसीना ने बांग्लादेश के सुरक्षा प्रतिष्ठान से चर्चा के बाद किया इस्तीफा देने का फैसला
- अपदस्थ पीएम ने बेहद कम समय में भारत आने की मांगी मंजूरी
- जब तक कहीं राजनीतिक शरण नहीं मिल जाती है, भारत में रहेंगी शेख हसीना

हसीना को हटाने के एकसूत्रीय एजेंडे के इर्द-गिर्द था आंदोलन >> पेज 13

# संपत्ति की बिक्री पर नई और पुरानी दोनों टैक्स व्यवस्था का मिल सकेगा विकल्प

**नई दिल्ली, प्रेट्र :** बजट-2024 में रियल एस्टेट से इंडेक्सेशन लाभ हटाए जाने के बाद से निराश संपत्ति मालिकों को सरकार बड़ी राहत देने जा रही है। सरकार ने वित्त विधेयक में संशोधन का प्रस्ताव किया है। अगर इस संशोधन पर संसद में मुहर लग जाती है तो करदाताओं को अब रियल एस्टेट संपत्ति पर लांग टर्म कैपिटल गेन टैक्स (एलटीसीजी) के आकलन का विकल्प मिलेगा।

प्रस्तावित संशोधन के मुताबिक, 23 जुलाई, 2024 से पहले खरीदी गई संपत्ति को अगर संपत्ति मालिक बेचता है तो वह इस बजट में लागू की गई नई टैक्स व्यवस्था या इंडेक्शन वाली पुरानी व्यवस्था में किसी एक लाभदायक व्यवस्था को चुन सकता है। इस बार बजट में संपत्ति की बिक्री पर लांग टर्म कैपिटल गेन के तहत टैक्स की पुरानी इंडेक्सेशन वाली व्यवस्था को खत्म करके एलटीसीजी पर 12.5 प्रतिशत टैक्स लागू करने का एलान किया गया था। पुरानी व्यवस्था में इंडेक्सेशन के साथ 20 प्रतिशत टैक्स देना पड़ता है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण बुधवार को संशोधन के साथ वित्त विधेयक को लोकसभा में पेश करेंगी।

बजट में वित्त मंत्री के एलान के बाद संपत्ति बेचने से लाभ कमाने वाले घर मालिकों को पूरे लाभ पर 12.5 प्रतिशत की दर से टैक्स देना पड़ता है, न कि मुद्रास्फीति समायोजित लाभ पर। इंडेक्सेशन का उपयोग किसी निवेश के खरीद मूल्य को उस पर मुद्रास्फीति के प्रभाव को समायोजित करने के लिए किया जाता है। पहले, इंडेक्सेशन लाभ से घर मालिकों को प्रापर्टी का लागत आधार बढ़ाने की अनुमति मिलती थी, ताकि मुद्रास्फीति के प्रभाव को ध्यान में रखा जा सके, जिससे शुद्ध लाभ और संबंधित कर देनदारी कम हो जाती थी। इंडेक्सेशन को खत्म करने के एलान से करदाताओं पर भारी कर बोझ पड़ने और प्रापर्टी सौदों में अवैध वित्तीय गतिविधियों में वृद्धि की आशंका बढ़ गई थी। हालांकि, पूर्व राजस्व सचिव संजय मल्होत्रा कह चुके हैं कि रियल एस्टेट में इंडेक्सेशन प्रणाली को समाप्त करने से प्रापर्टी मालिकों को कोई नुकसान नहीं है, क्योंकि इस प्रणाली के तहत 20 प्रतिशत का टैक्स था जो 12.5 प्रतिशत हो गया।



वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण

- संपत्ति मालिकों के विरोध के बाद सरकार करने जा रही संशोधन
- निर्मला सीतारमण आज लोकसभा में पेश करेंगी वित्त विधेयक




# पेरिस में मंगल ... विनेश का पदक पक्का, नीरज फाइनल में

**नई दिल्ली, जेएनएन :** पेरिस ओलिंपिक शुरू होने से पहले हर भारतीय की जुबां पर बस एक ही नाम था... नीरज चोपड़ा। टोक्यो ओलिंपिक में स्वर्ण पदक जीतने वाले नीरज ने भी निराश नहीं किया और मंगलवार को क्वालीफिकेशन राउंड में 89.34 मीटर का थ्रो फेंककर फाइनल में प्रवेश किया। वहीं, कुश्ती के मैट पर विनेश फोगाट ने 50 किग्रा वर्ग के फाइनल में पहुंचकर भारत की एक और स्वर्ण पदक की उम्मीदों को जीवित कर दिया। विनेश ओलिंपिक फाइनल में पहुंचने वाली भारत की पहली महिला पहलवान हैं। विनेश बुधवार को स्वर्ण के लिए खेलेंगी।

**विनेश का ऐतिहासिक प्रदर्शन :** हरियाणा की 29 वर्षीय विनेश ने पहले ही मुकाबले में टोक्यो ओलिंपिक की स्वर्ण पदक विजेता और चार बार की विश्व चैंपियन युई सुसाकी को 3-2 से हराकर बड़ा उलटफेर किया। इससे पहले सुसाकी ने 82 अंतरराष्ट्रीय मैचों में एक बार भी हार का सामना नहीं किया था। विनेश ने अंतिम कुछ सेकेंडों में मैच का पासा पलटते हुए यादगार जीत दर्ज की। विनेश ने क्वार्टर फाइनल में 2018 विश्व चैंपियनशिप की कांस्य पदक विजेता लिवाच की चुनौती को 7-5 से खत्म किया और पहली बार सेमीफाइनल में पहुंचीं। सेमीफाइनल में क्यूबा की लोपेज गुजमैन को 5-0 को हराकर इतिहास रच दिया। विनेश अगर स्वर्ण पदक जीत लेती हैं तो ओलिंपिक में ऐसा करने वाली भारत की पहली पहलवान बन जाएंगी। इससे पहले कुश्ती में भारत को कभी स्वर्ण पदक नहीं मिला है। सुशील कुमार ने लंदन ओलिंपिक में रजत जीता था।

**सबसे आगे रहे नीरज :** एथलेटिक्स में भारत के एकमात्र पदक विजेता नीरज चोपड़ा ने पेरिस में पहले ही प्रयास 89.34 मीटर के थ्रो के साथ भाला फेंककर फाइनल में जगह बनाई। वहीं, क्वालीफिकेशन में ग्रेनेडा के एंडरसन पीटर्स 88.63 मीटर थ्रो के साथ दूसरे स्थान पर रहे। मंगलवार को नीरज ने करियर का दूसरा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन भी किया। ओलिंपिक और विश्व चैंपियन नीरज ने 87.58 मीटर के प्रयास के साथ टोक्यो ओलिंपिक का स्वर्ण पदक जीता था, जबकि उनका निजी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 89.94 मीटर है, जो उन्होंने 2022 में स्टाकहोम डायमंड लीग में रजत पदक जीतने के दौरान किया था। अब पेरिस में 90 के करीब का थ्रो फेंककर उन्होंने एक बार फिर से स्वर्ण पदक के लिए दावा पेश कर दिया है। भाला फेंक स्पर्धा का फाइनल गुरुवार को होगा।

**कांस्य के लिए खेलेगी हाकी टीम:** हाकी टीम से भी फाइनल में पहुंचकर पदक पक्का करने की उम्मीद थी, लेकिन सेमीफाइनल में उसे जर्मनी से 3-2 से पराजय मिली। भारतीय टीम बुधवार को कांस्य पदक के मुकाबले में स्पेन से भिड़ेगी। पेरिस ओलिंपिक >> पेज 16



क्यूबा की लोपेज गुजमैन को हराने के बाद विनेश फोगाट • रायटर



भाला फेंक के क्वालीफिकेशन राउंड के दौरान नीरज चोपड़ा • प्रेट्र

**ओलिंपिक में भारत** PARIS 2024

- भाला फेंक में किशोर जेना क्वालिफिकेशन में नौवें स्थान पर रहे
- टेबल टेनिस में भारतीय पुरुष टीम चीन से 3-0 से हारकर बाहर हुई
- महिलाओं की 400 मीटर दौड़ के सेमीफाइनल में नहीं पहुंच सकीं किरण

#GetYourSelfPlaced®

GALGOTIAS UNIVERSITY

(Under the Uttar Pradesh Private Universities Act No.12 of 2019)

# TOP RANKED AGAIN




India today - Exclusive Survey

The Best Private Universities of India 2024

**Ranked 2nd** amongst Top Private Universities in India in the category of Academic & Research Excellence

**Ranked 3rd** amongst Top Private Universities in North India.



NOW, NO MORE BENCHES, ONLY NEW BENCHMARKS.

Record Breaking Placements

Living TEACH LESS LEARN MORE Pedagogy

Fostering Entrepreneurial Spirit. Cultivating Job Creators over Job Seekers

Being in NCR and close proximity to a major industrial, corporate and aviation hub; our students get the best of faculty and industry exposure, giving our students a distinct edge over universities located in other areas

"Active Learning" adopted by Galgotias University is a pedagogical approach that goes beyond traditional methods by engaging students in participatory activities within the learning process. Rather than passively receiving information, students are actively involved in activities such as discussions, problem-solving tasks, and hands-on exercises. This approach fosters critical thinking, collaboration and deeper understanding of concepts, making learning more dynamic and effective. Active learning encourages students to take ownership of their education and prepares them for success in an ever-evolving world.

## The Edge That Sets Us Apart

TOP 50 in India in INNOVATION

Amongst #91 in India (Management Category)

#52 in India (Pharmacy Category)

By NIRF Ranking 2023

NATIONAL INSTITUTIONAL RANKING FRAMEWORK

शिक्षा मंत्रालय Ministry of Education Government of India

TOP 3 in India for filling MAXIMUM PATENTS

NAAC A+ Accreditation in First Cycle

Ranked Platinum+ Band: Institution of Prominence OBE Rankings 2024

NBA Accredited Tier 1 for Computer Science Engineering, Mechanical Engineering, Electronics & Communications Engineering, B.Pharm and MBA

School of Business AACSB Business Education Alliance Member

## Apply Today for Career Focussed 2024-25 UG/PG/DIPLOMA/Ph.D. Programmes

Engineering | Computer Applications | Biological & Life Sciences | Biomedical Sciences | Clinical Healthcare | Forensic Science | Design | Education
Nursing | Liberal Education | Media and Communications Studies | Law | Agriculture | Basic Sciences | Finance & Commerce | Pharmacy
Allied Health Sciences | Business | Aviation | Logistics & Supply Chain Management | Hospitality & Tourism | Polytechnic | Vocational Education

TOP RANKED BY TIMES ALL INDIA ENGINEERING INSTITUTES RANKING SURVEY 2024

Ranked 17th Amongst All India Engineering Institutes

Ranked 15th Amongst Top Private Universities in India

Ranked 13th for providing Top Placements PAN India

Ranked 9th for Top Research Capability PAN India

GALGOTIAS INCUBATION CENTRE For Research Innovation Startup and Entrepreneurs

- Launched for 100+ Promising Startups
- Several of our Startups are already generating revenue in crores of rupees.
- Over 30 Industry Partnerships & 80+ Mentors empowering startups with invaluable resources and expertise

For the complete list of programmes offered and to apply online visit
www.galgotiasuniversity.edu.in
+91-9582847072 / +91 9717300418
+91 9810162221 / +91 120 4370000

GALGOTIAS active Learning Ecosystem


*********

## आज का मौसम

बुधवार को सामान्यतया बादल छाए रहेंगे। गर्जन वाले बादल बनने एवं हल्की से मध्यम स्तर की वर्षा होने के आसार हैं।

| पूर्वानुमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| **दिल्ली** | | |
| 7 अगस्त | 32.0 | 27.0 |
| 8 अगस्त | 32.0 | 26.0 |
| **नोएडा** | | |
| 7 अगस्त | 34.0 | 26.0 |
| 8 अगस्त | 35.0 | 27.0 |
| **गुरुग्राम** | | |
| 7 अगस्त | 31.0 | 27.0 |
| 8 अगस्त | 31.0 | 26.0 |

डिग्री सेल्सियस में




नाले में गिरने से मां-बेटे की मौत पर **कार्रवाई में ढिलाई** पर हाई कोर्ट ने की सख्त टिप्पणी

# ...तो हम एमसीडी अधिकारियों को करेंगे निलंबित

**जागरण संवाददाता, नई दिल्ली:** गाजीपुर में नाले में गिरने से मां-बेटे के मौत की घटना से जुड़ी जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए दिल्ली हाई कोर्ट ने एक बार फिर दिल्ली नगर निगम को फटकार लगाई। दो चरणों में हुई सुनवाई के दौरान अदालत ने मामले को चौंकाने वाली घटना बताते तंज कसा कि एमसीडी अधिकारी मधुमक्खी की तरह उड़ते हैं और तितली की तरह डंक मारते हैं। यानि जहां सख्त कार्रवाई करनी चाहिए, वहां नहीं करते हैं। अदालत ने कहा कि काम नहीं करने वालों के खिलाफ एमसीडी अधिकारियों में कार्रवाई करने का साहस नहीं है। अदालत ने सवाल किया कि जवाबदेह एमसीडी अधिकारी अभी भी नौकरी पर क्यों हैं, जब वे एक साल से अधिक समय से नाले की सफाई कराने की अपनी जिम्मेदारी निभाने में विफल रहे। पीठ ने संकेत दिया कि अगर एमसीडी ने कार्रवाई नहीं की तो अदालत अधिकारियों को निलंबित करना शुरू करेगा।

कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति तुषार राव गेडेला की पीठ ने अदालत में मौजूद एमसीडी उपायुक्त और दिल्ली पुलिस को दस दिन के अंदर मामले पर स्थिति रिपोर्ट पेश करने का निर्देश देते हुए सुनवाई 22 अगस्त तक के लिए स्थगित कर दी। अदालत ने सुनवाई के दौरान कहा कि यह एक उपयुक्त मामला है, जिसके आधार पर एमसीडी को भंग करने का निर्देश दिया जाना चाहिए। सवाल उठाया कि क्या एमसीडी अधिकारी वास्तव में कार्यालय आते हैं और काम करते हैं। अदालत ने पूछा कि एमसीडी ने अप्रैल 2023 में सड़क का विस्तार अपने हाथ में ले लिया। तब से लेकर जुलाई तक, आपने इस मार्ग पर क्या किया? किसी अधिकारी को तो इसकी सफाई करानी होगी। आपके एई, जेई और ईई ने ऐसा नहीं किया। वे निगरानी की जिम्मेदारी नहीं निभा रहे हैं। अगर उन्होंने ऐसा नहीं किया है तो उन्हें बाहर का रास्ता दिखा देना चाहिए था लेकिन ऐसा नहीं किया गया। अदालत ने कहा कि अधिकारियों को लगता है कि काम करना अपराध है। कोई आश्चर्य नहीं कि दिल्ली में डेंगू और चिकनगुनिया जैसी बीमारियां भी न हो जाएं।



पुत्र प्रियांश के साथ तनुजा ● सौ. स्वजन

- हाई कोर्ट ने कहा- एमसीडी को भंग करने का निर्देश देने के लिए यह उपयुक्त मामला है
- हाई कोर्ट ने पूछा कि अब भी नौकरी पर क्यों बने हैं घटना के लिए जिम्मेदारी अधिकारी

### एमसीडी की कार्यप्रणाली से पूरे शहर को होती है परेशानी

हाई कोर्ट ने यह टिप्पणी तब की जब एमसीडी उपायुक्त ने अदालत को सूचित किया कि पिछले साल अक्टूबर में, जब साइट नगर निकाय को सौंपी गई थी, तो वहां की स्थिति खराब थी और इसलिए इस हिस्से को साफ करने का प्रस्ताव रखा गया था। उत्तर प्रदेश की तरफ से कूड़ा आने के एमसीडी के तर्क पर अदालत ने कहा कि यदि जून तक आपकी सफाई का यही स्तर है तो यह दुखद है। यह गंदगी वर्षों से नहीं तो महीनों से है। आप काम नहीं कर रहे हैं और आप जैसे लोगों की वजह से पूरे शहर को परेशानी उठानी पड़ती है। अदालत ने कहा कि लोग मर रहे हैं और आपको कोई चिंता नहीं है।

### केवल एमसीडी अधिकारी ही पानी के ऊपर चल सकते हैं

हाई कोर्ट ने कहा, अगर नाले को ठीक से ढका गया होता और बैरिकेडिंग की गई होती, तो घटना से बचा जा सकता था। अदालत ने पूछा कि नाला बिना बैरिकेड के कैसे हो सकता है? आपको लगता है कि लोग पानी के ऊपर चलेंगे? केवल एमसीडी अधिकारियों के पास ही यह आशीर्वाद हो सकता है कि वे पानी के ऊपर चल सकते हैं। अदालत ने एमसीडी के अधिवक्ता मनु चतुर्वेदी से कहा कि सुरक्षा होनी चाहिए थी।

### दिल्ली पुलिस को ठीक तरीके से करनी चाहिए जांच

हाई कोर्ट ने मामले की जांच की स्थिति पर सवाल उठाते हुए कहा कि दिल्ली पुलिस के अधिकारियों को पूरी तरह से और ठीक से जांच करनी चाहिए। कोर्ट के निर्देश पर पेश हुए जांच अधिकारी ने सूचित किया कि अपराध टीम की ओर से घटनास्थल का निरीक्षण किया गया था और घटना के एक दिन बाद प्राथमिकी की गई। यह भी बताया कि डीडीए और एमसीडी को नोटिस भेजा है और उचित प्रतिक्रिया मिलने के बाद जिम्मेदारी तय की जाएगी। इस पर पीठ ने कहा पुलिस को दोषी अधिकारियों के विरुद्ध आपराधिक लापरवाही का अपराध दर्ज करना चाहिए।

**भुगतान करने का मतलब यह नहीं कि सफाई हो रही है:** सुनवाई के दौरान एमसीडी की तरफ से पेश हुए अधिवक्ता मनु चतुर्वेदी ने कहा कि कहा कि एमसीडी नाले को ढकने की प्रक्रिया में है और उसे रोजाना साफ किया जा रहा है। इस पर पीठ ने तस्वीर में नाले के आसपास के मलबे को देखकर कहा कि सिर्फ इसलिए कि एमसीडी नाले की सफाई के लिए किसी को पैसे दे रही है, इसका मतलब यह नहीं है कि काम किया जा रहा है। वहां मलबा और प्लास्टिक है, ऐसा लगता है कि इसे एक साल से साफ नहीं किया गया है। अदालत ने कहा कि यह मलबा एक दिन में नहीं गिर सकता। आप किसी ऐसे व्यक्ति को भुगतान कर रहे हैं, जो काम नहीं कर रहा है।

नाराजगी उचित
» संपादकीय

### हाई कोर्ट ने कहा, तत्काल कराएं नाले की बैरिकेडिंग और सफाई

हाई कोर्ट ने एमसडी को नाले की तुरंत सफाई और बैरिकेडिंग का निर्देश दिया। एमसीडी उपायुक्त ने आश्वासन दिया कि नाले और इलाके में सफाई कर गंदगी हटाई जाएगी। नाले तक पहुंच को रोक कर दिया जाएगा। इस दौरान एमसीडी अधिवक्ता मनु चतुर्वेदी ने स्वीकार किया कि जिस क्षेत्र की बात हो रही है, वहां पहले बैरिकेडिंग नहीं थी, लेकिन दो-तीन दिन में बैरिकेडिंग पूरी कर ली जाएगी।




## बेसमेंट के चार मालिकों ने दाखिल की जमानत याचिका

**जासं, नई दिल्ली:** कोचिंग सेंटर हादसे में गिरफ्तार बेसमेंट के चार सह-मालिकों ने सीबीआइ कोर्ट में जमानत याचिका दाखिल की। राउज एवेन्यू कोर्ट की प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अंजू बजाज चांदना चारों की जमानत याचिका पर बुधवार को सुनवाई कर सकती हैं। आरोपितों में परविंदर सिंह, तजिंदर सिंह, हरविंदर सिंह और सरबजीत सिंह शामिल हैं। इससे पहले तीस हजारी कोर्ट ने ये देखते हुए जमानत याचिका का निपटारा कर दिया था कि हाई कोर्ट ने मामला सीबीआइ को सौंप दिया है। 27 जुलाई को वर्षा के बाद ओल्ड राजेंद्र नगर में राव आइएएस स्टडी सर्किल के बेसमेंट में पानी भरने से सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी कर रहे तीन अभ्यर्थियों की मौत हो गई थी।

# सुप्रीम कोर्ट ने पूछा- सिसोदिया का मामला कब तक चलेगा

- दिल्ली आबकारी नीति घोटाले में जमानत पर सुप्रीम कोर्ट में बहस पूरी, फैसला सुरक्षित
- 17 महीने से जेल में बंद मनीष सिसोदिया ने भ्रष्टाचार और मनी लांड्रिंग मामले में मांगी जमानत



**जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली:** दिल्ली आबकारी नीति घोटाला मामले में भ्रष्टाचार और मनी लांड्रिंग के आरोपित दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की जमानत याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने सभी पक्षों की बहस पूरी होने के बाद मंगलवार को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया। इसके साथ ही सर्वोच्च अदालत ने सीबीआइ और ईडी से पूछा कि भ्रष्टाचार और मनी लांड्रिंग का यह मामला आखिर कब तक खत्म होगा? सिसोदिया पिछले 17 महीनों से जेल में हैं।

मनीष सिसोदिया ने सीबीआइ और ईडी दोनों मामलों में जमानत मांगी है। सिसोदिया की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी ने बहस की। सिंघवी का कहना था कि सिसोदिया पिछले 17 महीनों से ज्यादा समय से जेल में हैं और केस का ट्रायल अभी तक शुरू नहीं हुआ है। उनसे कुछ बरामद भी नहीं हुआ है। ऐसे में उन्हें जमानत दे दी जानी चाहिए। हालांकि सीबीआइ और ईडी की ओर से सिसोदिया की जमानत याचिका का विरोध किया गया। ईडी की ओर से पेश एडीशनल सालिसिटर जनरल (एएसजी) एसवी राजू ने कहा कि सिसोदिया की ओर से बार-बार अर्जियां दाखिल किए जाने के कारण ट्रायल में देरी हो रही है। देरी के लिए सिसोदिया खुद जिम्मेदार हैं, लेकिन कोर्ट इन दलीलों से बहुत सहमत नहीं दिखा। मामले की सुनवाई कर रही जस्टिस बीआर गवई और केवी विश्वनाथन की पीठ ने कहा कि उन अर्जियों के आदेश में कोर्ट ने कहीं भी बेकार की या तुच्छ या ट्रायल में देरी की मंशा आदि बातें नहीं कही हैं। पीठ की अगुवाई कर रहे जस्टिस गवई ने कहा कि अर्जी दाखिल करने के बाद ईडी ने उन्हें दस्तावेजों की आपूर्ति की। कोर्ट ने ईडी और सीबीआइ से सवाल किया कि ट्रायल में और कितना समय लगेगा। उन्होंने कहा कि इस मामले में 493 गवाहियां हो चुकी हैं और अगर 50 प्रतिशत भी पलट गईं तो करीब 250 फिर भी रहेंगी। इस पर एएसजी ने कहा कि इस मामले में सीबीआइ और ईडी के पास आठ बेहद अहम गवाह हैं। ट्रायल भी शुरू हो गया होता, लेकिन इनके एक के बाद एक अर्जियां दाखिल करने के कारण देरी हुई। एएसजी ने कहा कि सिसोदिया के खिलाफ उनके पास पर्याप्त सुबूत हैं, लेकिन सिसोदिया यह नहीं चाहते कि मेरिट पर बहस हो, इसलिए मामले में देरी कर उसे आधार बना रहे हैं। सिसोदिया दिल्ली शराब नीति घोटाला मामले में 26 फरवरी 2023 से हिरासत में हैं। उन्हें पहले सीबीआइ ने गिरफ्तार किया था, बाद में नौ मार्च को मनी लांड्रिंग के आरोपों में ईडी ने भी गिरफ्तार कर लिया था। एक बार सुप्रीम कोर्ट जमानत याचिका ठुकरा चुका है। यह दूसरा राउंड है, जिसमें सिसोदिया एक बार फिर जमानत मांगने सुप्रीम कोर्ट पहुंचे हैं। हाई कोर्ट से जमानत अर्जी खारिज होने के आदेश को सिसोदिया ने सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है।









# स्वतंत्रता दिवस के कारण मेट्रो स्टेशनों पर तीन स्तरीय सुरक्षा जांच शुरू, बढ़ीं कतारें

## सुरक्षा जांच के लिए मेट्रो यात्रियों को 15 से 20 मिनट तक लाइन में इंतजार करना पड़ा

**राज्य ब्यूरो, जागरण ● नई दिल्ली:** स्वतंत्रता दिवस के मद्देनजर दिल्ली मेट्रो के सभी स्टेशनों पर सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई है। मंगलवार से स्टेशन पर यात्रियों की तीन स्तरीय सुरक्षा शुरू कर दी गई। इस वजह से मेट्रो स्टेशनों पर सुरक्षा जांच में अधिक समय लगा। इससे व्यस्त समय में मेट्रो स्टेशनों पर यात्रियों की कतारें बढ़ गई हैं। सुरक्षा जांच के लिए यात्रियों को 15 से 20 मिनट तक लाइन में इंतजार करना पड़ा। इससे यात्रियों को सफर में विलंब हुआ।

सामान्य दिनों में स्टेशनों पर मेटल डिटेक्टर गेट से गुजरने के बाद एक बार सीआइएसएफ के जवान हैंड हेल्ड मेटल डिटेक्टर से सुरक्षा जांच करते हैं। अब स्टेशनों पर मेटल डिटेक्टर गेट के आगे भी जवान तैनात कर दिए गए हैं। सबसे पहले जवान हाथों से यात्रियों की सुरक्षा जांच कर रहे हैं। इसके बाद यात्री मेटल डिटेक्टर गेट में प्रवेश करते हैं। इसके बाद सीआइएसएफ के जवान दोबारा हैंड हेल्ड मेटल डिटेक्टर से जांच कर रहे हैं। इस वजह से व्यस्त समय में राजीव चौक, गुरु द्रोणाचार्य, साकेत, एम्स, कश्मीरी गेट सहित कई मेट्रो स्टेशनों पर व्यस्त समय में यात्रियों की लंबी लाइन लगी रहीं।



स्वतंत्रता दिवस के आगमन के मद्देनजर राजीव चौक मेट्रो स्टेशन पर सुरक्षा जांच के चलते लगी यात्रियों की लंबी कतार ● ध्रुव कुमार

## जानलेवा मांझे ने बढ़ाई बिजली कंपनियों की चिंता

**राज्य ब्यूरो, जागरण ● नई दिल्ली:** प्रतिबंध के बावजूद लोग पतंग उड़ाने के लिए जानलेवा मांझे के उपयोग करते हैं। इससे दुर्घटनाएं भी होती हैं। कई लोगों की जान भी चली जाती है। इस तरह के मांझे से बिजली आपूर्ति भी बाधित होती है। इसलिए वितरण कंपनियां (डिस्काम) भी परेशान हैं। स्वतंत्रता दिवस पर राजधानी में खूब पतंगबाजी होती है। इससे डिस्काम की चिंता बढ़ रही है, क्योंकि कांच व अन्य धातु के लेप वाले मांझे से तार व बिजली के उपकरणों को नुकसान पहुंचता है। करंट लगने का भी खतरा रहता है।

बिजली वितरण कंपनी बीएसईएस और टाटा पावर दिल्ली डिस्ट्रिब्यूशन लिमिटेड (टीपीडीडीएल) के अधिकारियों ने लोगों से बिजली के खंभों, तार, ट्रांसफार्मर और अन्य उपकरणों के आसपास पतंग नहीं उड़ाने और जानलेवा मांझे का उपयोग नहीं करने की अपील की है। अधिकारियों का कहना है कि पतंगबाजी से बिजली की लाइन ट्रिप होने पर बिजली आपूर्ति बाधित होती है। बिजली आपूर्ति में बाधा डालना अपराध है और कानून के तहत कार्रवाई हो सकती है। पतंगबाजी से बिजली लाइन को नुकसान पहुंचने पर उसे ठीक करने के लिए कर्मचारियों की तैनाती की गई है।

# भारतीय जनता पार्टी ने छह जिला प्रभारियों को हटाया

संतोष कुमार सिंह ● जागरण

- तीन प्रभारियों के जिले बदले, एक को प्रभारी से सह प्रभारी बनाया गया
- विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखकर भाजपा में संगठन में किया बदलाव
- प्रभारियों को हटाए जाने से भारतीय जनता पार्टी के कई पुराने नेताओं में नाराजगी

**नई दिल्ली:** लोकसभा चुनाव के बाद दिल्ली भाजपा में बदलाव का दौर शुरू हो गया है। कहा जा रहा है कि विधानसभा चुनाव की राह सुगम बनाने के लिए यह बदलाव किया जा रहा है। इसी कड़ी में प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने छह जिला प्रभारियों को उनके पद से हटा दिया है। तीन प्रभारियों के जिले बदले दिए गए हैं जबकि एक प्रभारी को अब सह प्रभारी बना दिया गया है। पार्टी नेतृत्व के इस कदम से विरोध के स्वर भी उभरने लगे हैं।

लोकसभा चुनाव परिणाम के बाद पार्टी ने प्रदेश में महामंत्री और उपाध्यक्ष के एक-एक पद पर बदलाव किया था। केंद्रीय राज्य मंत्री बने हर्ष मल्होत्रा की जगह उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी संभाल रहे विष्णु मित्तल को महामंत्री बनाया गया। उनकी जगह राजकुमार भाटिया को उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई है। दोनों नेता लोकसभा चुनाव प्रभारी भी थे। चुनाव से कुछ समय पहले मित्तल को उत्तर-पूर्वी दिल्ली और भाटिया को पश्चिमी दिल्ली लोकसभा संसदीय क्षेत्र का प्रभारी बनाया गया था। दोनों सीटों पर पार्टी को बड़ी जीत मिली है। माना जा रहा है कि दोनों का कद बढ़ाकर जीत का पुरस्कार दिया गया है। पूर्व विधायक महेंद्र नागपाल को हटाकर अब भाटिया को पश्चिमी दिल्ली संगठनात्मक जिले के प्रभारी की जिम्मेदारी भी दी गई है।

नागपाल के साथ ही नवीन शाहदरा के प्रभारी अनिल शर्मा, नई दिल्ली के अजय शर्मा, करोलबाग के सुमन गुप्ता, बाहरी दिल्ली के सत्येंद्र सिंह और महरौली के भारत भूषण मदान की जगह अन्य नेता प्रभारी बनाए गए हैं। शाहदरा जिले के प्रभारी सुरेश शर्मा से प्रभारी की जिम्मेदारी लेकर चांदनी चौक जिले का सह प्रभारी बना दिया गया है। इस बदलाव से कई नेताओं में नाराजगी है। उनका कहना है कि वह वर्षों से पार्टी के लिए समर्पण भाव से काम कर रहे हैं। लोकसभा चुनाव में उन्होंने हरसंभव परिश्रम किया, जिससे आइएनडीआइ गठबंधन (आम आदमी पार्टी व कांग्रेस) के उम्मीदवार को हराने में पार्टी सफल रही।



भाजपा प्रदेश कार्यालय ● जागरण आर्काइव

**नए जिला प्रभारियों में भी कई असंतुष्ट:** लोकसभा चुनाव प्रभारी की भूमिका निभाने वाले राजकुमार भाटिया के साथ ही दिनेश प्रताप सिंह, डा. अनिल गुप्ता, राजेश भाटिया, जय प्रकाश और राजीव बब्बर को अब जिला प्रभारी की जिम्मेदारी दी गई है। इससे कई नेता असंतुष्ट हैं। उनका कहना है कि एक लोकसभा क्षेत्र में दो जिले आते हैं। इसमें से सिर्फ एक जिले की जिम्मेदारी ही उनके पास रह गई है। बहरहाल आगामी विधानसभा चुनावों को देखते हुए भारतीय जनता पार्टी ने जो संगठनात्मक बदलाव किया है, उसके कितने सार्थक परिणाम आएंगे, यह समय बताएगा।

**दिल्ली भाजपा में इन्हें दी गई है जिम्मेदारी**

| जिला | प्रभारी | सह प्रभारी |
|---|---|---|
| केशवपुरम | मनोज शौकीन | नरेश कुमार एरन |
| चांदनी चौक | राजेश भाटिया | सुरेश शर्मा |
| उत्तर पूर्वी | दिनेश प्रताप सिंह | सारिका जैन |
| नवीन शाहदरा | लता गुप्ता | विक्रम बिधूड़ी |
| मयूर विहार | योगिता सिंह | नरेश वशिष्ठ |
| शाहदरा | डा. अनिल गुप्ता | किशन शर्मा |
| करोलबाग | विनय रावत | विनोद बछेती |
| नई दिल्ली | श्याम शर्मा | रोहताश कुमार |
| उत्तर पश्चिमी | अशोक कुमार देवराहा | वीरेंद्र बब्बर |
| बाहरी दिल्ली | योगेश आत्रेय | संजीव शर्मा |
| पश्चिमी दिल्ली | राजकुमार भाटिया | सोना कुमारी |
| नजफगढ़ | गजेंद्र यादव | भूपेंद्र गोठवाल |
| महरौली | राजीव बब्बर | विजय सोलंकी |
| दक्षिणी दिल्ली | जय प्रकाश | आदित्य झा |


**किच्छा शुगर कम्पनी, लिमिटेड, किच्छा जनपद ऊधमसिंहनगर (उत्तराखण्ड)**
Mob. No. 8392928226/8392928209
E-mail purchasekichha@gmail.com

**ई-निविदा सूचना ( Re-Tender )**

वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए विभिन्न स्टोर सामग्री एवं जॉब कार्य, गन्ना परिवहन ... GST के अन्तर्गत पंजीकृत निर्माता/अधिकृत विक्रेता/सक्षम ठेकेदारों से, उत्तराखण्ड अधि. प्राप्ति (प्रोक्योरमेन्ट) नियमावली 2017 में निहित प्राविधानों के अन्तर्गत दो निविदा प्रणाली (Two Bid System) के अन्तर्गत ई-निविदायें www.uktenders.gov.in पर आमंत्रित की जाती है। www.uktenders.gov.in पर प्राप्त निविदा ही मान्य होगी, अन्य माध्यम से प्राप्त निविदा स्वीकार्य नहीं होंगी। आवश्यकता होने पर नेगोशिएसन L-1 (प्रथम न्यूनतम) एवं सामग्री विक्रय हेतु H-1 (प्रथम उच्चतम) दर दाता से किया जायेगा। विस्तृत सूचना मिल की वेबसाइट www.kichhasugar.com पर भी उपलब्ध है।

अधिशासी निदेशक


# पूजा आयोजित करने पर पार्टी की मान्यता रद करना कठोर कदम

- आम आदमी पार्टी की मान्यता रद करने की मांग वाली याचिका पर हाई कोर्ट ने की टिप्पणी
- इसे धर्मनिरपेक्षता या जन प्रतिनिधित्व अधिनियम का उल्लंघन नहीं कहा जा सकता है

**जागरण संवाददाता, नई दिल्ली:** दिल्ली सरकार द्वारा गणेश चतुर्थी समारोह आयोजित करने व इसका मीडिया में प्रचार करने के लिए आम आदमी पार्टी की मान्यता रद करने की मांग वाली जनहित याचिका पर राहत देने से दिल्ली हाई कोर्ट ने मंगलवार को इन्कार कर दिया। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति तुषार राव गेडेला की पीठ ने कहा कि राज्य सरकार लोगों को किसी भी धर्म में परिवर्तित होने के लिए नहीं कह रही है, बल्कि केवल पूजा आयोजित कर रही है और इसके लिए एक राजनीतिक दल की मान्यता रद करना एक कठोर कदम होगा।

अदालत ने कहा कि सरकार यह नहीं कह रही है कि हिंदू धर्म या बौद्ध धर्म अपना लें। राज्य केवल यह कह रहा है कि त्योहार मनाएं। अदालत ने कहा कि प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति और मुख्यमंत्री दीपावली और ईद जैसे त्योहारों पर शुभकामनाएं देते हैं, लेकिन इसे धर्मनिरपेक्षता या जन प्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा 29ए(5) का उल्लंघन नहीं कहा जा सकता है। अदालत ने यह टिप्पणी वर्ष 2021 में अधिवक्ता एमएल शर्मा द्वारा दायर एक याचिका पर सुनवाई करते हुए की।

हालांकि, इस दौरान याचिकाकर्ता की अचानक तबियत खराब होने पर अदालत ने सुनवाई स्थगित कर दी। याचिकाकर्ता ने तर्क दिया था कि भारत एक धर्मनिरपेक्ष देश है और इसलिए कोई भी सरकार धार्मिक समारोह आयोजित नहीं कर सकती है और न ही ऐसे उद्देश्य के लिए सार्वजनिक धन का उपयोग कर सकती है। वर्ष 2021 में दिल्ली सरकार द्वारा गणेश पूजा के आयोजन और प्रसारण का जिक्र करते हुए शर्मा ने कहा कि यह आप व दिल्ली सरकार का एक संयुक्त प्रयास था। निर्वाचन आयोग की तरफ से पेश हुए अधिवक्ता सिद्धांत कुमार ने याचिका का विरोध करते हुए कहा कि जनहित याचिका सुनवाई योग्य नहीं है। सरकार ने भीड़भाड़ से बचने को महामारी के दौरान गणेश पूजा का आयोजन किया था। कोर्ट ने याचिका में संशोधन करने की अनुमति दे दी।

# डीएमई पर दूध टैंकर में ट्रक ने टक्कर मारी, चालक की मौत

**टक्कर लगने से क्षतिग्रस्त हुए दूध टैंकर से रिसाव देख लोगों ने पलीथिन और बोतलों में भरा दूध, चार घंटे बाद हटाया टैंकर**

**जासं, गाजियाबाद:** मंगलवार तड़के डीएमई पर कांटीनेंटल कार्बन फैक्ट्री के सामने दिल्ली-मेरठ लेन पर खराब खड़े के दूध के टैंकर में ट्रक ने पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में ट्रक चालक की मौत हो गई और हेल्पर घायल हो गया। चालक की पहचान झारखंड निवासी प्रेम सागर (54) के रूप में और हेल्पर की पहचान हापुड़ निवासी दीनू के रूप में हुई। वर्तमान में प्रेम सागर क्रासिंग रिपब्लिक थाना क्षेत्र के बिहारीपुरा में रह रहे थे। दोनों ट्रक लेकर दिल्ली से मेरठ जा रहे थे। टक्कर लगने से क्षतिग्रस्त हुए दूध टैंकर से दूध रिसता देख लोग पालीथिन और बोतलों में दूध भरकर ले गए।

# मंत्री ने कुशक नाला डिपो का किया निरीक्षण

**राब्यू, जागरण ● नई दिल्ली:** परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत ने मंगलवार को कुशक नाला डिपो में मोहल्ला बसों के लिए तैयार किए जा रहे इलेक्ट्रिक चार्जिंग सुविधाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान मंत्री गहलोत ने कहा कि हम नौ मीटर वाली मोहल्ला बसों की पहली खेप को शामिल करने की तैयारी कर रहे हैं। कहा कि यहां एक छोटी सी झलक है कि हमारे इलेक्ट्रिक बस बेड़े में सबसे छोटी बसें यहां रखी जाएंगी।

# विधानसभा अध्यक्ष को सौंपा पत्र



विजेंद्र गुप्ता को भाजपा विधायक दल का नेता चुने जाने से संबंधित पत्र दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष रामनिवास गोयल को सौंपते हुए भाजपा विधायक ● सौ.: भाजपा विधायक

**वि, नई दिल्ली:** भाजपा विधायकों ने विधानसभा अध्यक्ष रामनिवास गोयल मुलाकात की। उन्हें विजेंद्र गुप्ता को भाजपा विधायक दल का नेता चुने जाने से संबंधित पत्र सौंपा। उन्हें नेता प्रतिपक्ष की मान्यता देने की मांग की। दक्षिणी दिल्ली के सांसद चुने जाने के बाद रामवीर सिंह बिधूड़ी ने नेता प्रतिपक्ष के पद से त्यागपत्र दे दिया था। उसके बाद से पद रिक्त था। सोमवार को दिल्ली प्रदेश भाजपा के सह प्रभारी अल्का गुर्जर, अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा और संगठन मंत्री पवन राणा की उपस्थिति में भाजपा विधायकों की बैठक हुई थी। विधायकों ने सर्वसम्मति से विजेंद्र गुप्ता को भाजपा विधायक दल का नेता चुना है।



PR- 005408 (BCD) 2024-25

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार।



## हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | वोर्ड /निगम/ प्राधिकरण का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खोलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रुपये में | वोर्ड/ निगम/ प्राधिकरण की वेबसाइट | नोडल अधिकारी/ संपर्क विवरण/ ईमेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर परिषद बहादुरगढ़ | नगर परिषद बहादुरगढ़ में ड्रेन पार्ट-1 (यूसी आईडी- 10361) के निकट परनाला एक्सटेंशन में नागरिक सुविधाएं प्रदान करना +2 कार्य | CLOSING DATE 10.08.2024 | 3.54 CRORES | https:// etenders.hry.nic.in | 9416188946 eo-bahadurgarh@ulbharyana.gov.in |

PRDH-13/2025/40/28618/I/67/7 — आगामी जानकारी के लिए कृपया वेबसाइट पर जाएं : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in



## हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | वोर्ड /निगम/ प्राधिकरण का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खोलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रुपये में | वोर्ड/ निगम/ प्राधिकरण की वेबसाइट | नोडल अधिकारी/ संपर्क विवरण/ ईमेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर परिषद मंडी डबवाली | जवाहर नगर वार्ड सं.20 में आईपीबी गली सं.1 एवं गली सं.3 का निर्माण +5 कार्य। | 01.08.2024 09.08.2024 | 1.08 CRORES | https://etenders.hry.nic.in | 7015438905 secymcdabwali@gmail.com |
| 2 | नगर परिषद मंडी डबवाली | लिगेसी वेस्ट की बायो रिमिडएशन। | 03.08.2024 26.08.2024 | 8.79 CRORES | https://etenders.hry.nic.in | 7015438905 secymcdabwali@gmail.com |

PRDH-13/2025/40/28616/I/67/7 — आगामी जानकारी के लिए कृपया वेबसाइट पर जाएं : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in



## MUNICIPAL COUNCIL PALWAL
### AUCTION NOTICE

| Sr. No | Name of department/ board/ corp./auth | Name of auction | Date and Time | Nodal officer/ Contact details/ Email |
|---|---|---|---|---|
| 1. | DULB, Panchkula | नगर परिषद पलवल द्वारा दिनांक 09.08.2024 को प्रात 11.00 बजे खुली बोली के माध्यम से नगर परिषद पलवल द्वारा नगर परिषद पलवल में शामिल किये गये गांव फिरोजपुर, किठवाडी, मेघपुर, आल्हापुर, रोनिजा एवं रायपुर की कृषि योग्य भूमि को पटटे पर छोड़ा जना है। | Date 09.08.2024 at 11.00 AM | Executive Engineer, Mobile No 9416410674 |

Executive Officer
Municipal Council Palwal.

PRDH-1078/11/528/2025/28604/C/67/7



## HARYANA STATE TECHNICAL EDUCATION SOCIETY (HSTES)

(Under the aegis of Department of Higher Education, Govt. of Haryana)
"Directorate of Technical Education"
Bay Nos.: 7-12, Sector-4, Panchkula, Haryana.
Website: hstes.org.in, techadmissionshry.gov.in
E-mail:-onlineadmissionhelp@gmail.com
Toll Free Admission Helpline No. - 1800-137-3735

### Revised Schedule for Admission to B.Arch. Course for the session 2024-25

It is for the information to all the admission seekers & general public that the registrations for admission to the B.Architecture Course in State of Haryana has been extended upto 08.08.2024 online at **http://techadmissionshry.gov.in**. Further, the admissions to the B.Arch. Course in Govt. University Departments and Self-Financing Institutions situated in the State of Haryana will be made on the basis of combined merit of valid NATA-2024 Score as declared by Council of Architecture (COA) or JEE-Main 2024 Paper-IIA conducted by NTA and marks secured in the qualifying examination in the ratio of 50:50.

For more details, please visit HSTES websites for admission time to time: **www.hstes.org.in and http: //techadmissionshry.gov.in.**

PRDH-1115/11/353/2025/28644/67/7

Joint Director , HSTES



## J.C. BOSE UNIVERSITY OF SCIENCE AND TECHNOLOGY, YMCA, FARIDABAD (HARYANA)

A State Government University (Accredited 'A+' Grade by NAAC)

Advt. No. Acd/02/2024

### ADMISSION NOTICE
### FOR LEFT OVER/VACANT SEATS FOR B.TECH/B.TECH (LEET) PROGRAMS

Online Application Forms are invited for Admissions to B.Tech from 08.08.2024 to 19.08.2024 and for B.Tech (LEET) from 02.09.2024 to 09.09.2024 {including Kashmiri Migrants (KM)/ Tuition Fee Waiver (TFW)/ EWS/ Haryana Govt. School Topper (HGST) categories} for Left Over / Vacant Seats after 2nd online counseling of HSTES Haryana through Institute Level Physical Counseling. The counseling schedule will be notified separately on the University Website.

**NOTE:**

1. Admission will be made on the basis of JEE (main) 2024 CRL Rank / Diploma Merit / KM Inter-se Merit of HSTES / HGST Inter-se Merit of HSTES.
2. Reservation Policy of Haryana Govt. will be followed for 1st Physical / Institute Level Counseling.
3. 2nd Physical Counseling / Institute Level Counseling will be conducted without any reservation.
4. Candidates are required to apply separately for KM / TFW / EWS / HGST categories.
5. Latest vacant seats in B.Tech / B.Tech (LEET) for all categories will be available / notified on the University Website.
6. PPP ID shall remain mandatory for Haryana students for taking admissions in B.Tech / B.Tech (LEET) Programs and during the applying online for these courses, the PPP ID must be filled by the Haryana Candidates. The details of the candidate like his/her name, Father name, Mother name, Annual family income, Category etc. will be fetched from their PPP ID which should be marked as verified in family information data repository (FIDR). The caste/reservation/annual income/financial benefits given to the candidate shall be on the basis of verified caste/income fetched through PPP as per the State Govt.
7. For detailed/updated information, please visit University website regularly and refer HSTES admission prospectus 2024-25 for B.Tech & B.Tech (LEET).

**For Online Application Form**
**please visit University Website:** https://jcboseust.ac.in
**Contact for any query: 74289 54273** (in Office Hours only)

REGISTRAR

PRDH-1311/11/38/2025/28609/C/67/7

NH- 2, SECTOR-6, MATHURA ROAD, FARIDABAD-121006, HARYANA (INDIA)


*********

# दिल्ली में ई-वाहनों की संख्या पहुंची दो लाख के पार

## एक लाख ई-दोपहिया, दो हजार ई-बसें हुई पंजीकृत, इलेक्ट्रिक वाहन नीति चार साल पहले हुई थी लागू

वी के शुक्ला ● जागरण

**नई दिल्ली:** दिल्ली में इलेक्ट्रिक वाहनों की संख्या दो लाख के पार पहुंच गई है, जो इस बात का संकेत है कि पर्यावरण को लेकर दिल्ली के लोग जागरूक हो रहे हैं। पिछले चार साल में दिल्ली में दो लाख 15 हजार इलेक्ट्रिक वाहन पंजीकृत हुए हैं। इसमें सबसे अधिक दोपहिया हैं जिनकी संख्या एक लाख के करीब है। अन्य वाहनों में दो हजार इलेक्ट्रिक बसें है तो 17 हजार तिपहिया और 57 हजार ई-रिक्शा हैं। सबसे अधिक वाहन 2023 में पंजीकृत हुए हैं।

बता दें कि आठ अगस्त को दिल्ली सरकार द्वारा लाई गई इलेक्ट्रिक वाहन नीति को चार साल पूरे हो रहे हैं। इस नीति को बढ़ावा देने के लिए सरकार कई तरह के कदम उठा रही है। दिल्ली सरकार का मानना है कि लक्ष्य के मुताबिक 2025 तक कुल वाहनों में ईवी की हिस्सेदारी 25 प्रतिशत तभी हो पाएगी जब दिल्ली में वाहन चार्जिंग के लिए बेहतर ढांचागत सुविधा होगी। इसके लिए, आधारभूत ढांचा को बढ़ाया जा रहा है।

इसके तहत पिछले साल अतिरिक्त 100 सार्वजनिक चार्जिंग स्टेशन स्थापित किए गए हैं। बैट्री स्वैपिंग की भी सुविधा भी शुरू की गई है। इनमें से अधिकांश चार्जिंग स्टेशन दिल्ली मेट्रो रेल निगम (डीएमआरसी) के मेट्रो स्टेशनों और दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी) डिपो पर लगाए गए हैं। राजधानी में अलग-अलग एजेंसियों व योजनाओं के अंतर्गत पांच हजार से अधिक चार्जिंग प्वाइंट बन गए हैं। इनमें 318 बैट्री स्वैपिंग स्टेशन भी हैं।

**8 अगस्त 2020 से 4 अगस्त 2024 तक कुल पंजीकृत वाहन**

| वाहन | संख्या | प्रतिशत हिस्सेदारी |
|---|---|---|
| ई-रिक्शा (सवारी) | 57,808 | 26.8% |
| कार्ट के साथ ई-रिक्शा | 10,992 | 5.1% |
| मोटरसाइकिल/स्कूटर | 1,02949 | 47.7% |
| मोटर कैब | 7,156 | 3.3% |
| मोटर कार | 14,238 | 6.6% |
| तीन पहिया (मालवाहक) | 17,131 | 7.9% |
| तीन पहिया (सवारी) | 2.292 | 1.1% |
| बस | 2,073 | 1.0% |
| अन्य | 972 | 0.5% |
| कुल | 2,15,611 | |

**किस साल कितने इलेक्ट्रिक वाहन दिल्ली में हुए पंजीकृत**

| वाहन | 2020 | 2021 | 2022 | 2,023 | 2024 |
|---|---|---|---|---|---|
| बस | 0 | 31 | 399 | 1,121 | 522 |
| दोपहिया | 597 | 7,565 | 34,588 | 37,570 | 22,871 |
| तिपहिया | 4,271 | 16,261 | 21,625 | 26,666 | 20,130 |
| चार पहिया | 321 | 1,952 | 5,629 | 8,253 | 5,239 |
| कुल | 5,189 | 25,809 | 62,241 | 71,610 | 48,752 |

राज्य सरकार मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की परिकल्पना के अनुसार दिल्ली को दुनिया की ईवी राजधानी बनाने के लिए काम कर रही है। दिल्ली इस लक्ष्य के करीब पहुंच रही है। सरकार का प्रयास शहर में चार्जिंग सिस्टम का जाल बिछा देना है कि जिससे लोगों को आने वाले समय में हर तीन किलोमीटर पर चार्जिंग और बैट्री स्वैपिंग की भी सुविधा मिल सके। जल्द इलेक्ट्रिक वाहन नीति को विस्तार दिया जाएगा और इन वाहनों पर सब्सिडी जारी रहेगी।

**कैलाश गहलोत**, परिवहन मंत्री-दिल्ली सरकार

# गाजियाबाद सांसद ने दैनिक जागरण की खबर पर संसद में उठाया कुत्तों का मामला

- आवारा कुत्तों से निजात को समिति बनाने का गर्ग ने किया अनुरोध
- लोस में बोलते हुए कहा, बच्चे कुत्तों के डर से खेल नहीं सकते हैं

**जागरण संवाददाता, गाजियाबाद :** गाजियाबाद के सांसद अतुल गर्ग ने मंगलवार को लोकसभा में बोलते हुए गाजियाबाद समेत पूरे देश में कुत्तों के काटने की बढ़ती समस्या को प्रमुखता से उठाया। सदन में उन्होंने दैनिक जागरण में प्रकाशित खबर का जिक्र करते हुए कहा कि आवारा कुत्ते ने खिचरा के रहने वाले 12 वर्षीय फैजान का पूरा कान काट दिया। सरकारी रिपोर्ट के हवाले से उन्होंने बताया कि पूरे देश में 30.50 लाख लोगों को कुत्तों ने काटा है। यह आंकड़ा सही है तो चिंताजनक है। 286 लोगों की रेबीज से मौत हुई है। पशु प्रेमी और कुत्तों के नियंत्रण को लेकर असंतुलन बना हुआ है। एबीसी सेंटर यदि काम कर रहे हैं तो कुत्ते के काटने के मामले क्यों बढ़ रहे हैं।

अतुल गर्ग ने सदन में अनुरोध किया कि मानवता को वरीयता पर रखते हुए एक उच्च स्तरीय समिति गठित करते हुए आवारा कुत्तों पर अंकुश के लिए ठोस प्रभावी कानून बनाया जाना चाहिए। बता दें कि दैनिक जागरण ने फैजान का कुत्ते द्वारा कान काटने की खबर प्रमुखता से प्रकाशित की थी। साथ ही कुत्तों के आतंक को लेकर प्रतिदिन सावधानी और सतर्कता को लेकर खबरें प्रकाशित की जा रही हैं। स्वास्थ्य विभाग की रिपोर्ट के अनुसार एक से 31 जुलाई तक शहरी क्षेत्र के 2,127 लोगों को कुत्तों ने काटा है।



सांसद अतुल गर्ग संसद में दैनिक जागरण की खबर का जिक्र किया ● वीडियो ग्रैब



दैनिक जागरण में प्रकाशित खबर ●

# कोर्ट में ठीक से रखा जाता पक्ष तो टूटने से बच जाते घर : कांग्रेस

**राब्यू, जागरण ● नई दिल्ली:** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने कहा है कि यदि आप सरकार हाई कोर्ट में ठीक से जनता का पक्ष रखती, तो गरीबों के घर टूटने से बचाए जा सकते थे। डीडीए और भूमि विकास विभाग द्वारा बिना वैकल्पिक व्यवस्था किए खैबर पास, सिविल लाइन में लगातार 15 दिनों से वहां 50 साल से अधिक समय से रह रहे लोगों के मकानों और दुकानों को उजाड़ा जा रहा है। यादव ने कहा कि एलजी के दौरे के बाद बारापुला ड्रेन के नजदीक चल रही 300 फल व सब्जी की दुकानों और मद्रासी कैंप की कुछ झुग्गियों को भी एमसीडी ने बिना नोटिस के ढहा दिया। यादव ने कहा कि रेहड़ी पटरी संरक्षण एक्ट के तहत दुकान लगाने वालों को उजाड़ा नहीं जाना चाहिए।

# दुबई जाकर चीनी ठगों को बैंक खाते बेचने वाला धरा

**2022** में काम की तलाश में दुबई गया था गुजरात के वडोदरा का रहने वाला युवक

- एक व्यक्ति ने चीन के ठगों से मिलवाया, एक खाते के एवज में मिलते थे साढ़े तीन लाख

**जागरण संवाददाता, गुरुग्राम:** भारत में लोगों से बैंक खातों का डाटा खरीदकर उसे दुबई में चीन के ठगों को बेचने वाला आरोपित को साइबर वेस्ट पुलिस की गिरफ्त में आ गया। मंगलवार को उसे गुजरात के वडोदरा से गिरफ्तार किया गया। तारिफ हुसैन मलिक नाम का यह जालसाज 2022 में अपने एक मित्र के जरिये दुबई में चीन के ठगों के संपर्क में आया था। तभी से वह देश के लोगों से उनके बैंक खातों का डाटा 15 से 20 हजार में खरीदकर दुबई में ठगों को बेचता था। सात बार वह दुबई जा चुका है। बैंक खातों का डाटा देने की एवज में ठगों से उसे साढ़े तीन लाख रुपये मिलते थे। चीन के ठग पहले साइबर क्राइम के जरिये ठगी धनराशि को भारत के लोगों के बैंक खातों में डिजिटल धनराशि क्रिप्टोकरेंसी डलवाते थे। इसके बाद क्रिप्टोकरेंसी को किसी भी देश में दूसरे खातों में ट्रांसफर कर देते थे। सारा खेल आनलाइन होता है। गिरफ्तार जालसाज गुजरात के वडोदरा का रहने वाला है।

एसीपी साइबर क्राइम प्रियांशु दीवान ने बताया कि नवंबर 2022 में एक व्यक्ति ने साइबर पश्चिम थाने में दस लाख रुपये की धोखाधड़ी की शिकायत दर्ज कराई थी। उससे स्टाक मार्केट में इन्वेस्ट कराने के बहाने पैसे ठगे गए। मामला दर्ज कर जांच के दौरान साइबर पुलिस ने वडोदरा के कांति लाल को गिरफ्तार किया। उसके खाते में क्रिप्टोकरेंसी का लेनदेन हुआ। पूछताछ में उसने अपने खाते का डाटा वडोदरा के तारिफ हुसैन को बेचने की बात स्वीकार की थी। उसने बताया था कि तारिफ दुबई में रहता है। बैंक खाते का डाटा देने की एवज में उसे पैसे दिए। साइबर पुलिस ने सोमवार को तारिफ को वडोदरा से गिरफ्तार किया।

पूछताछ में पता चला कि तारिफ 2022 में काम के लिए दुबई गया था। वहां उसकी मुलाकात एक व्यक्ति से हुई। कुछ ही समय में वह उसका मित्र बन गया। उसने तारिफ को दुबई में चीन के ठगों से मिलवाया। उसकी ठगों से रुपये के बदले बैंक खाते का डाटा उपलब्ध कराने की डील हुई। पहली बार 2022 में कांति लाल के बैंक खाते का डाटा खरीदकर दुबई में ठगों को बेचा। 2022 से मई 2024 के बीच वह सात बैंक खातों का डाटा बेचने सात बार दुबई गया। अंतिम बार जनवरी 2024 में दुबई गया था और मई में वापस भारत आया।

साइबर क्राइम के जरिये ठग लोगों से डिजिटल धनराशि जिसे क्रिप्टोकरेंसी भी कहते हैं, को भारतीयों के बैंक खातों में डलवाते थे। बाद में दूसरे देशों में अपने अथवा करीबी लोगों के बैंक खातों में इसे ट्रांसफर कर दिया जाता था। यह खेल आनलाइन ही होता है।



## केंद्रीय हिंदी संस्थान, आगरा
(शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार)
हिंदी संस्थान मार्ग, आगरा-282005

### विभिन्न अनुबंधित पदों हेतु आवेदन

केंद्रीय हिंदी संस्थान आगरा एवं क्षेत्रीय केंद्रों हेतु निम्नलिखित पदों को अनुबंधीय आधार पर भरा जाना है

| | पद | संख्या | मानदेय |
|---|---|---|---|
| 1. | अतिथि प्रवक्ता (पूर्णकालिक) (विषय-भाषाविज्ञान, हिंदी साहित्य, शिक्षा) | | रु. 35,000/- प्रतिमाह |
| 2. | अनुबंधित योग प्रशिक्षक (पूर्णकालिक) | 01 | रु. 35,000/- प्रतिमाह |
| 3. | अनुबंधित प्रशिक्षक (अंशकालिक) (विषय-गायन-1, वादन-1, नृत्य-1) | 03 | रु. 25,000/- प्रतिमाह |
| 4. | परियोजना सहायक | 01 | रु. 35,000/- प्रतिमाह |
| 5. | अकादमिक सहायक | 01 | रु. 35,000/- प्रतिमाह |
| 6. | डी.टी.पी. सहायक | 01 | रु. 35,000/- प्रतिमाह |
| 7. | तकनीकी सहायक | 01 | रु. 25,000/- प्रतिमाह |
| 8. | आशुलिपिक | 01 | रु. 25,000/- प्रतिमाह |
| 9. | प्रूफ रीडर | 01 | रु. 25,000/- प्रतिमाह |
| 10. | लेखाधिकारी | 01 | रु. 40,000/- प्रतिमाह |
| 11. | ऑडिटर | 01 | रु. 20,000/- प्रतिमाह |
| 12. | विश्वकोश परियोजना सहायक | 01 | रु. 40,000/- प्रतिमाह |
| 13. | खंड सहायक (विश्वकोश परियोजना) | 01 | रु. 20,000/- प्रतिमाह |

उक्त पदों हेतु ऑनलाइन आवेदन की सुविधा विज्ञापन प्रकाशन से 15 दिन तक के लिए खुली रहेगी। संपूर्ण विवरण संस्थान की वेबसाइट https://www.hindisansthan.in/ पर उपलब्ध है।

— डॉ. चंद्रकांत त्रिपाठी
कुलसचिव

विज्ञापन संख्या : 06/2024





इलाहाबाद उच्च न्यायालय में
सिविल साइड — अध्याय XII, नियम 1 और 7
विविध अनुप्रयोग
सिविल विविध, समीक्षा याचिका — 2023 की संख्या 374
द्वितीय अपील क्रमांक में — 1981 की संख्या 937
अशोक कुमार अडलाखा एवं अन्य
बनाम
कौशलेंद्र सिंह व अन्य

प्रति,
आर1 1/1 श्रीमती उर्मिला सिंह पत्नी कौशलेंद्र सिंह की
आर1 1/2 – मेहर भान सिंह पुत्र कौशलेंद्र सिंह के
आर1 1/3– सुधांशु प्रताप सिंह पुत्र कौशलेंद्र सिंह के
आर1 2/1– श्रीमती सुषमा सिंह पत्नी उदयभान सिंह की
आर1 2/2– उज्जवल सिंह पुत्र उदयभान सिंह के
आर1 2/3– अनुपमा सिंह पुत्र उदयभान सिंह के
आर1 2/3 – नेहा सिंह पुत्री उदयभान सिंह के
आर1 2/4– मेहर भान सिंह पुत्र विश्वनाथ सिंह के

निवासी ग्राम मुकीमपुर, परगना बरन, जिला बुलन्दशहर, उ.प्र.

जबकि उपर्युक्त आवेदन ने समीक्षा आवेदन के लिए आवेदन किया है, आवेदन मामले में आपको 11 सितंबर 2024 को या उससे पहले उपस्थित होने के लिए नोटिस दिया जाता है और कारण बताएं कि आवेदन क्यों मंजूर नहीं किया जाए। आपको आवेदन पर उपस्थित होने की जरूरत हो सकती है। ध्यान रखें कि व्यक्तिगत रूप से या अधिवक्ता या आपकी ओर से कार्य करने के लिए कानून द्वारा अधिकृत किसी व्यक्ति द्वारा उल्लिखित दिन या उससे पहले उपस्थित न होने पर, आवेदन पर आपकी अनुपस्थिति में सुनवाई और निर्णय लिया जाएगा।

आवेदन की एक प्रति और आवेदन द्वारा दायर शपथ पत्र की एक प्रति यहां संलग्न है।

यह मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुहर से 24 जुलाई 2024 को दिया गया है।

वकील किशन गौतम — उपनिबंधक
तारीख 24.07.2024 — इलाहाबाद





## श्री माता शीतला देवी पूजा स्थल बोर्ड गुरुग्राम

### विज्ञापन (सूचना)

श्री माता शीतला देवी पूजा स्थल बोर्ड, गुरुग्राम में आने वाले श्रद्धालुओं को मुंडन की सुविधा देने हेतु मुंडन हाल का ठेका देने का निर्णय लिया गया है। जिसकी नीलामी दिनांक 09.08.2024 (शुक्रवार) को दोपहर 01:00 बजे मंदिर परिसर में की जाएगी। जो भी बोलीदाता इस बोली में भाग लेने का इच्छुक हो वो मंदिर प्रशासन द्वारा निर्धारित की गई प्रतिभूति राशि रु0 50,00,000/-(पचास लाख केवल) मंदिर कार्यालय में बैंक ड्राफ्ट/पे-आर्डर/बैंकर चैक के रूप में श्री माता शीतला देवी पूजा स्थल बोर्ड, गुरुग्राम के पक्ष में जमा करवाएगा और केवल वह ही उक्त बोली देने का अधिकारी होगा। प्रतिभूति राशि जमा करवाने का अंतिम समय दिनांक 09.08.2024 (शुक्रवार) को प्रातः 11:00 बजे तक रहेगा।

| क्रमांक | नीलाम किये जाने वाले कार्य का विवरण | सिक्योरिटी राशि वापिसी योग्य। | ठेके की अवधि |
|---|---|---|---|
| 1. | मुंडन हाल का ठेका | रु0 50,00,000/-(पचास लाख रुपये) जो की बैंक ड्राफ्ट/पे-आर्डर/बैंकर चैक के रूप में श्री माता शीतला देवी पूजा स्थल बोर्ड, गुरुग्राम के पक्ष में देय होगा। | दिनांक 18-08-2024 से दिनांक 17-08-2025 तक। |

**मुंडन हाल के ठेके की नीलामी के लिए नियम एवं शर्तें निम्न प्रकार से है:-**

1. मुंडन हाल का ठेका लेने के लिए इच्छुक बोलीदाता मंदिर प्रशासन द्वारा निर्धारित की गई प्रतिभूति राशि 50,00,000/- (पचास लाख रुपये) मंदिर कार्यालय में बैंकड्राफ्ट/पे-आर्डर/बैंकर चैक द्वारा श्री माता शीतला देवी पूजा स्थल बोर्ड, गुरुग्राम के पक्ष में जमा करवाएगा एवं केवल वही बोली देने का हकदार होगा। उक्त प्रतिभूति राशि दिनांक 31-12-2024 से पहले Refund नहीं की जाएगी। इच्छुक बोलीदाता प्रतिभूति राशि दिनांक 09-08-2024 (शुक्रवार) को प्रातः 11:00 बजे तक या उससे पहले किसी भी कार्य दिवस में मंदिर कार्यालय में जमा करवा सकते है। इसके साथ ही इच्छुक बोलीदाता को प्रतिभूति राशि के साथ अपना पहचान पत्र मंदिर प्रशासन को साथ देना होगा। इच्छुक बोलीदाता को बोली के समय अपने साथ केवल एक ही प्रतिभागी बोली स्थान पर लाने का अधिकार होगा।
2. मुंडन हाल के ठेके की नीलामी दिनांक 09-08-2024 (शुक्रवार) को दोपहर 01:00 बजे मंदिर परिसर में की जाएगी।
3. मुंडन हाल का कार्यक्षेत्र केवल मंदिर भवन के सामने वाला वह Designated Area (निर्धारित स्थान) होगा जो बोली के समय साथ दिये गये Map में दर्शाया गया है। यदि सफल बोलीदाता उस ऐरिया के बाहर काम करता पाया गया, तो उसका सामान जब्त कर लिया जाएगा एवम् उसकी प्रतिभूति राशि जब्त कर ली जाएगी।
4. जो बोलीदाता एक भी बोली नहीं देगा उसकी प्रतिभूति राशि 50,00,000/- (पचास लाख रुपये) जब्त कर ली जाएगी।
5. मुंडन हाल के उच्चतम बोलीदाता को ठेके की कुल राशि का 25 प्रतिशत भाग ठेका छूटने पर 72 घंटे के अन्दर मंदिर कार्यालय में उक्त राशि जमा करवानी होगी।
6. सफल बोली दाता को ठेके की कुल राशि का अगला 25 प्रतिशत भाग दिनांक 31-10-2024 तक जमा करवाना होगा।
7. सफल बोली दाता को ठेके की कुल राशि का अगला 25 प्रतिशत भाग दिनांक 25-02-2025 तक जमा करवाना होगा।
8. सफल बोली दाता को ठेके की कुल राशि का अंतिम 25 प्रतिशत भाग दिनांक 15-04-2025 तक जमा करवाना होगा।
9. यदि सफल बोलीदाताओं में से प्रथम उच्चतम बोली दाता ठेके की 25 प्रतिशत राशि निर्धारित समय सीमा में जमा नहीं करवाता है तो बगैर किसी नोटिस उसकी प्रतिभूति राशि रु0 50,00,000/- जब्त कर ली जाएगी तथा यदि उसके बाद की उपरोक्तानुसार राशि उक्त तिथियों पर जमा नहीं करवाता तो उसकी तब तक की जमा राशि जब्त कर ली जाएगी और नियमानुसार अगले बोलीदाताओं को इसी प्रकार मौका दिया जाएगा। यदि अन्य बोलीदाता भी ठेका लेने के इच्छुक नहीं हो, तो उनकी प्रतिभूति राशि भी जब्त कर ली जाएगी एवं मंदिर प्रशासन को हक होगा कि वह इस बोली को रद्द करके पुनः बोली करवा लेवें।
10. मुंडन हाल के ठेके के लिए आरक्षित मूल्य रु0 6,00,00,000/- रु0 (छह करोड़ रुपये) होगी। पिछली बोली से दो लाख रुपये से कम अगली बोली मान्य नहीं होगी। सफल बोलीदाता को ठेके के अंतिम निर्णय के उपरान्त रु0 100/- रु0 के स्टाम्प पेपर पर क्षतिपूर्ति बन्धक पत्र सत्यापित करवाकर 15 दिन के अन्दर मंदिर कार्यालय में देना होगा।
11. सफल बोलीदाता को धरोहर राशि के अतिरिक्त रु0 2 लाख रुपये की प्रतिभूति राशि मंदिर कार्यालय में मंदिर परिसर को साफ सुथरा रखने, टूट-फूट की मरम्मत करवाने व बिजली के बिल की बकाया राशि की पूर्ति के लिए दिनांक 15-09-2024 तक जमा करवानी होगी।
12. इसके अतिरिक्त यह स्पष्ट रूप में लिखा जाता है कि मुंडन ठेकेदार कोई मंदिर/मूर्ति नहीं लगाएगा, कोई बाबा पुजारी नहीं बैठायेगा, कोई प्रसाद नहीं बेचेगा। श्रद्धालुओं द्वारा दी गई दान या चढ़ावा, चाहे वह मुंडन हाल के कार्यक्षेत्र में हो या बाहर, उस पर मुंडन ठेकेदार का कोई हक नहीं होगा। यदि मुंडन ठेकेदार ऐसा करता पाया गया, तो उसका सामान, जो इस नियम का उल्लंघन करता है, जब्त कर लिया जाएगा तथा ऐसे बाबा पुजारी को जो उस मंदिर या अवैध स्थान पर बैठा है, के खिलाफ पुलिस कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। इस नियम का उल्लंघन करने पर ठेकेदार के खिलाफ ठेका रद्द करने की तथा प्रतिभूति राशि को जब्त करने जैसी की कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। मंदिर को यह पूरा अधिकार होगा कि इस स्थिति में पुनः मुंडन हाल के ठेके की नीलामी करे।
13. मुंडन ठेकेदार अपने कार्य क्षेत्र में साफ-सफाई भी रखेगा।
14. यदि करोना महामारी या किसी अन्य आपदा या किसी अन्य कारण से मंदिर बंद हो जाता है तो जितने दिन मंदिर बंद रहेगा। उस समयावधि का किराया ठेकेदार से नहीं लिया जाएगा।

**सरकारी नियमों की पालना बारे अतिरिक्त शर्तें:-**

15. मुख्य प्रशासक श्री माता शीतला देवी पूजा स्थल बोर्ड, गुरुग्राम को ठेके की राशि स्वीकार/अस्वीकार करने का अधिकार एवं शर्तों में संशोधन करने का अधिकार सुरक्षित है।
16. मंदिर प्रशासन के पास यह अधिकार सुरक्षित होगा कि यदि ठेकेदार की गतिविधियां मंदिर प्रशासन के अहित में एवं निर्धारित नियम एवं शर्तों के विरूद्ध पाई जाती है तो बिना किसी नोटिस के ठेकेदार का ठेका रद्द कर दिया जाएगा तथा धरोहर राशि जब्त कर ली जाएगी।
17. ठेकेदार एवं सफल बोलीदाता को ठेके की पूर्ण रकम आयकर विभाग को निर्धारित दर से अपने स्तर पर आयकर जमा करवाना होगा।

**ठेके के सम्बन्ध में अन्य शर्तें :-**

18. ठेकेदार को मुंडन हाल में अलग से सब-मीटर बिजली की खपत के लिए लगवाना होगा व बिजली की खपत का भुगतान बिजली निगम को करने के लिए स्वयं जिम्मेदार होगा। बिजली खपत के भुगतान अथवा अन्य किसी प्रकार की अनियमितता की स्थिति में मंदिर प्रशासन द्वारा ठेका रद्द करके नियमानुसार कार्यवाही करने का अधिकार होगा।
19. ठेकेदार द्वारा मुंडन के लिए रखे गये कर्मचारियों की पुलिस जाँच करवानी होगी, अन्यथा ठेका रद्द कर दिया जाएगा।
20. ठेकेदार मुंडन हाल में किसी भी प्रकार का स्थाई/अस्थाई निर्माण नहीं करेगा। यदि करेगा तो मंदिर प्रशासन के पास उसे जब्त करने एवं तोड़ने का पूर्ण अधिकार होगा।
21. ठेकेदार अथवा उसके कर्मचारी द्वारा मंदिर प्रशासन की किसी सम्पदा को क्षति पहुंचाई गई तो उसकी भरपाई ठेकेदार की प्रतिभूति राशि में से कर ली जाएगी।
22. ठेकेदार मुंडन हाल में किसी भी तरह की मूर्ति स्थापना नहीं करेगा तथा वहाँ पर किसी भी जानवर पक्षी इत्यादि नहीं रखेगा।
23. मुंडन का सरकारी रेट केवल 200/-रूपये (दो सौ रुपये मात्र) होगा। चाहे मुंडन कैंची से हो उस्तरे से या मशीन से सभी cases मे सरकारी रेट 200/- (दो सौ रुपये मात्र) Applicable होगा। इसके अतिरिक्त मुंडन ठेकेदार को कोई अलग चार्ज लेने का अधिकार नहीं होगा। जैसा कि देखा गया है कि Achall ने मुंडन करने की एवज में श्रद्धालुओं से सरकारी रेट से ज्यादा चार्ज किया जाता है ऐसा करना प्रतिबन्धित है। किसी भी बहाने/अतिरिक्त सुविधाओं के एवज में ठेकेदार सरकारी रेट 200/- रूपये से अधिक चार्ज नहीं कर सकता। इस आदेश की अवहेलना करने पर मंदिर के पास पूर्ण अधिकार होगा कि वह ठेकेदार की प्रतिभूति राशि को जब्त करने तथा कानूनी कार्यवाही अमल में लाएँ।
24. किसी भी विवाद की स्थिति में क्षेत्राधिकार गुरुग्राम होगा।
25. मंदिर के किसी बकाया ठेकेदार को प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से बोली देने का अधिकार नहीं होगा।

मुख्य कार्यकारी अधिकारी
श्री माता शीतला देवी पूजा स्थल बोर्ड
गुरुग्राम।





## ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण
प्लॉट संख्या-1, सेक्टर-नॉलेज पार्क-4, ग्रेटर नोएडा सिटी, जिला-गौतमबुद्ध नगर
वेबसाइट: www.greaternoidaauthority.in, ई-मेल : authority@gnida.in

पत्रांक/1695/भूलेख/2024 — दिनांक 30/07/2024

### सार्वजनिक सूचना

ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण के अधिसूचित क्षेत्र के ग्राम घंघोला की अर्जित भूमि के सापेक्ष आबादी भूखण्ड की पात्रता हेतु अवशेष कृषकों द्वारा प्रस्तुत किये गये प्रार्थना पत्रों का विवरण निम्नवत है-

| क्र0 सं0 | आवेदक/कृषक का नाम व पता | खाता संख्या | खसरा संख्या | अर्जित क्षेत्रफल (है0 में) | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्रीमती विमला पत्नी मंशाराम नि0 ग्राम | 246 | 5 | 0.1686 में निहित क्षेत्रफल | 6% |
| 2 | श्रीमती श्रीरमती पत्नी मांगे राम | 62 | 14 | 0.1679 में निहित क्षेत्रफल | 6% |
| 3 | श्रीमती विमला पत्नी मंशा राम लखपुरा | 62 | 14 | 0.1686 में निहित क्षेत्रफल | 6% |
| 4 | हरवीर सिंह पुत्र अशरफ सिंह लखपुरा | 38 | 15 | 0.3373 में निहित क्षेत्रफल | 6% |
| 5 | श्रीमती संतरा देवी पत्नी गिर्राज सिंह | 38 | 15 | 0.8276 में निहित क्षेत्रफल | 6% |
| 6 | रंजीत पुत्र फकीरा | 38 | 15 | 0.3360 में निहित क्षेत्रफल | 6% |
| 7 | सुरेशचंद पुत्र दिलवाली, बालेशचंद पुत्र दिलवाली, महेशचंद पुत्र दिलवाली | 288 | 28 | 0.1238 में निहित क्षेत्रफल | 6% |
| 8 | जयपाल शर्मा पुत्र सुखवी निवासी ग्राम लखपुरा | 58 | 58 | 0.4260 में निहित क्षेत्रफल | 6% |
| 9 | महेन्द्री पत्नी ऋषिपाल | 234 | 91 | 0.0600 में निहित क्षेत्रफल | 6% |
| 10 | श्रीमती मुनेश पत्नी बिशंभर सिंह | 55 | 101 | 0.0378 में निहित क्षेत्रफल | 6% |
| 11 | संगतराम पुत्र छज्जू | 142 | 124 | 0.8370 में निहित क्षेत्रफल | 6% |
| 12 | बसंती पुत्री खड़क सिंह | 158 | 129 | 0.8580 में निहित क्षेत्रफल | 6% |
| 13 | अंजू पुत्री श्री निवास गुप्ता | 121 | 144 | 0.8276 में निहित क्षेत्रफल | 6% |
| 14 | राजेंद्र पुत्र मुसद्दीलाल | 121 | 144 | 0.1404 में निहित क्षेत्रफल | 6% |
| 15 | चंदर पुत्र देवचंद, प्रताप पुत्र देवचंद, | 107 | 188 | 0.1286 में निहित क्षेत्रफल | 6% |
| 16 | जस्सू पुत्र रतन, शिवदत्त पुत्र रतन | 121 | 196 | 0.0630 में निहित क्षेत्रफल | 6% |
| 17 | धर्मवीर पुत्र भूले | | 206 | 0.1160 में निहित क्षेत्रफल | 6% |
| 18 | धूम सिंह पुत्र प्रेमराज | 7 | 207 | 0.8250 में निहित क्षेत्रफल | 6% |
| 19 | गजेन्द्र पुत्र राजपाल | 7 | 207 | 0.1060 में निहित क्षेत्रफल | 6% |
| 20 | आजाद सिंह पुत्र रमेशचंद | 7 | 207 | 0.1060 में निहित क्षेत्रफल | 6% |
| 21 | विपती सिंह पुत्र गोपाल सिंह निवासी ग्राम | | 214 | 0.8640 में निहित क्षेत्रफल | 6% |
| 22 | केशवती पत्नी भूले | 68 | 229 | 0.0421 में निहित क्षेत्रफल | 6% |
| 23 | धर्मीला पत्नी यशपाल | 68 | 229 | 0.0421 में निहित क्षेत्रफल | 6% |
| 24 | सोनू पत्नी संजय सिंह | 68 | 229 | 0.0421 में निहित क्षेत्रफल | 6% |
| 25 | विकल सिंह, नरेंद्र सिंह पुत्र बीरू, रेवती पत्नी बीरू | 172 | 232 | 0.2580 में निहित क्षेत्रफल | 6% |
| 26 | राजू पुत्र कल्लू, मलखा पुत्र कल्लू | 15 | 235 | 0.3044 में निहित क्षेत्रफल | 6% |
| 27 | मनोज पुत्र विजेंदर सिंह, सोनू पुत्र विजेंदर | 15 | 235 | 0.0858 में निहित क्षेत्रफल | 6% |
| 28 | राजेश पुत्र मुकुट सिंह | 15 | 235 | 0.0688 में निहित क्षेत्रफल | 6% |
| 29 | विजेन्द्र सिंह पुत्र मेघ सिंह पतला खेड़ा | 15 | 235 | 0.0515 में निहित क्षेत्रफल | 6% |
| 30 | उदयवीर पुत्र धनपाल, धर्मवीर पुत्र धनपाल, कर्मवीर पुत्र धनपाल, सोना देवी पत्नी स्व. धनपाल | | 432 | 0.1000 में निहित क्षेत्रफल | 6% |
| 31 | तेज सिंह पुत्र करण सिंह | 125 | 449 | 0.1413 में निहित क्षेत्रफल | 6% |
| 32 | श्रीमती अतरकली पत्नी मामराज | 125 | 449 | 0.0314 में निहित क्षेत्रफल | 6% |
| 33 | हरेंद्र पुत्र धन्नू उर्फ धन सिंह, सुरेंद्र पुत्र धन्नू उर्फ धन सिंह, जयवती पत्नी धन्नू उर्फ धन सिंह | 108 | 454<br>484<br>489 | 2.8000 में निहित क्षेत्रफल | 6% |
| 34 | राजवती पत्नी रतिचंद | 72 | 483 | 2.5981 में निहित क्षेत्रफल | 6% |
| 35 | श्रीमती सुखवीरी पत्नी मदन | 72 | 463 | 0.0843 में निहित क्षेत्रफल | 6% |
| 36 | सुरेश, अजय, विनेश पुत्रगण जतन सिंह व चंद्रवती पत्नी जतन सिंह | 335 | 466 | 0.8545 में निहित क्षेत्रफल | 6% |
| 37 | अजब सिंह पुत्र मेहर सिंह, अजीपाल पुत्र मेहर सिंह | 33 | 477 | 0.5620 में निहित क्षेत्रफल | 6% |
| 38 | रन्धा सिंह पुत्र मोहर सिंह | 33 | 477 | 0.2810 में निहित क्षेत्रफल | 6% |
| 39 | श्रीमती रेखा पत्नी रविन्द्र | 8 | 482 | 0.3162 में निहित क्षेत्रफल | 6% |
| 40 | भूले पुत्र शाहमल | 275 | 513 | 0.1404 में निहित क्षेत्रफल | 6% |
| 41 | करतार पुत्र वेदराम | 275 | 513 | 0.1404 में निहित क्षेत्रफल | 6% |
| 42 | श्रीमती कृष्णा देवी पत्नी कुंवरपाल | 275 | 513 | 0.1404 में निहित क्षेत्रफल | 6% |
| 43 | श्रीमती राजबाला पुत्री होराम सिंह | | 526 | 0.3190 में निहित क्षेत्रफल | 6% |
| 44 | तीरथ पुत्र हुकम सिंह | 75 | 537 | 0.0524 में निहित क्षेत्रफल | 6% |
| 45 | यामवती पत्नी लेखराम, अजय पुत्र लेखराम, सुरेंद्र पुत्र लेखाराम, श्यामवती पत्नी लेखराम | | 571 | 0.8970 में निहित क्षेत्रफल | 6% |
| 46 | दलवीर सिंह पुत्र भवर सिंह | 208 | 579 | 0.2530 में निहित क्षेत्रफल | 6% |
| 47 | सतेंद्र पुत्र ओम प्रकाश, अशोक पुत्र ओम प्रकाश, अजय पुत्र ओम प्रकाश | | 586 | 0.5044 में निहित क्षेत्रफल | 6% |
| 48 | महेन्द्र पुत्र मुंशी निवासी ग्राम पचायतन इनायतपुर | 213 | 608 | 0.3995 में निहित क्षेत्रफल | 6% |
| 49 | इन्द्राज पुत्र मुंशी निवासी ग्राम पचायतन इनायतपुर | 213 | 608 | 0.3995 में निहित क्षेत्रफल | 6% |
| 50 | बिरदाराम पुत्र शोभाराम | | 609 | 0.3970 में निहित क्षेत्रफल | 6% |
| 51 | श्रीमती जगरोशनी पत्नी ओमप्रकाश | 192 | 624 | 0.1660 में निहित क्षेत्रफल | 6% |
| 52 | बब्लू पुत्र देशराज निवासी ग्राम | 319 | 631 | 0.2170 में निहित क्षेत्रफल | 6% |
| 53 | जसराम पुत्र नत्थू, सुरेश कुमार पुत्र पीतांबरसरन | | 634 | 0.2160 में निहित क्षेत्रफल | 6% |
| 54 | श्रीमती लखमीरी पत्नी रामफूल | 270 | 650 | 0.1050 में निहित क्षेत्रफल | 6% |
| 55 | विजय कुमार शर्मा पुत्र सत्यवान शर्मा निवासी ग्राम बैरंगा | 127 | 668 | 0.3480 में निहित क्षेत्रफल | 6% |
| 56 | श्रीमती स्वरूपी देवी पत्नी प्रहलाद | | 667 | 0.3940 में निहित क्षेत्रफल | 6% |
| 57 | जिलेराम पुत्र सिरगा सिंह | 74 | 675 | 1.0260 में निहित क्षेत्रफल | 6% |
| 58 | केशवती पत्नी शिव नारायण | | 681<br>683<br>684 | 0.0510 में निहित क्षेत्रफल | 6% |
| 59 | सहदेव पुत्र श्यामसुन्दर | 84 | 685 | 0.0807 में निहित क्षेत्रफल | 6% |
| 60 | रामकुमार पुत्र बोदल निवासी ग्राम | | 664 | 0.1260 में निहित क्षेत्रफल | 6% |
| 61 | रामनिवास पुत्र हरिश्चंद | 314 | 108<br>125 | 0.0721 में निहित क्षेत्रफल | 6% |
| 62 | बाली पुत्र चेता निवास ग्राम मुर्शदपुर | 211 | 115<br>114 | 0.8265 में निहित क्षेत्रफल | 6% |
| 63 | रविन्द्र पुत्र राजे, पवन पुत्र राजे, श्रीमती सती देवी पत्नी राजे | 63 | 139ए<br>141 | 0.3546 में निहित क्षेत्रफल | 6% |
| 64 | नेतराम पुत्र मामराज, बलराज पुत्रगण मामराज व श्रीमती अतरकली पत्नी मामराज | 34 | 159<br>472<br>536<br>449 | 1.0694 में निहित क्षेत्रफल | 6% |
| 65 | मुनीराम पुत्र धर्मा, श्रीनिवास पुत्र धर्मा | 236 | 182<br>172 | 1.0613 में निहित क्षेत्रफल | 6% |
| 66 | नरेन्द्र कुमार पुत्र मंशाराम, संजीव कुमार पुत्र मंशाराम नि0 दिल्ली | | 173मि | 0.3074 में निहित क्षेत्रफल | 6% |
| 67 | गौरव सिंह पुत्र राजेंद्र सिंह | | 200<br>231 | 2.1160 में निहित क्षेत्रफल | 6% |
| 68 | प्रमोद पुत्र तारा, जगरोशनी पत्नी तारा, श्रीचन्द, विरेन्द्र, हरेन्द्र, पुत्रगण फोहन | | 222<br>684 | 1.1060 में निहित क्षेत्रफल | 6% |
| 69 | सुखेराम पुत्र रामचंदर | 145 | 247<br>116<br>629 | 0.5158 में निहित क्षेत्रफल | 6% |
| 70 | रामानंद पुत्र हरिराम | 236 | 31<br>182<br>172 | 0.1685 में निहित क्षेत्रफल | 6% |
| 71 | नरेन्द्र, महेन्द्र पुत्रगण महाराज सिंह | 236 | 31<br>182<br>172 | 0.2170 में निहित क्षेत्रफल | 6% |
| 72 | केशराम पुत्र रामरिख | | 32<br>175 | 0.7100 में निहित क्षेत्रफल | 6% |
| 73 | चमन सिंह, नरेंद्र कुमार, संजीव कुमार पुत्रगण मांगेराम निवासी ग्राम | | 34<br>163<br>164<br>165<br>173मि<br>193<br>166<br>167 | 7.0765 में निहित क्षेत्रफल | 6% |
| 74 | मुक्कड़ सिंह पुत्र रामचरण सिंह | 159 | 448<br>475 | 0.2906 में निहित क्षेत्रफल | 6% |
| 75 | श्रीमती रीता पत्नी संजीव कुमार | 159 | 448<br>475 | 0.2906 में निहित क्षेत्रफल | 6% |
| 76 | रकम सिंह, देवेन्द्र, कमल सिंह पुत्रगण स्योराज सिंह, स्योराज सिंह पुत्र शिवलाल | 157<br>294 | 488/3 | 0.6000 में निहित क्षेत्रफल | 6% |
| 77 | राहुल, विपुल नाबालिग उम्र 07 वर्ष माता मधुबाला पत्नी अजब सिंह | 157<br>294 | 488/3 | 0.0384 में निहित क्षेत्रफल | 6% |
| 78 | वीर सिंह, राजू, जुगनू, जितेन्द्र भाटी, लक्ष्मण पुत्रगण दर्शन, इंद्रवती पत्नी दर्शन, | | 484<br>489 | 2.5500 में निहित क्षेत्रफल | 6% |
| 79 | जगदीश उर्फ जग्गी पुत्र प्रहलाद सिंह निवासी ग्राम | | 484<br>489 | 2.5500 में निहित क्षेत्रफल | 6% |
| 80 | श्रीमती शांती देवी पत्नी रामेश्वर | 33 | 477<br>481 | 5.3310 में निहित क्षेत्रफल | 6% |
| 81 | किरनपाल पुत्र रामेश्वर | 34 | 159<br>472 | 3.1530 में निहित क्षेत्रफल | 6% |
| 82 | ज्ञानेन्द्र पुत्र रामेश्वर | 34 | 159<br>472 | में निहित क्षेत्रफल | 6% |
| 83 | अजीत उर्फ रणजीत पुत्र रामेश्वर | 34 | 159<br>472 | में निहित क्षेत्रफल | 6% |
| 84 | मुखराम पुत्र नत्थू, सुखराम पुत्र नत्थू | 34 | 51<br>52 | 0.0484 में निहित क्षेत्रफल | 6% |
| 85 | जयकिशन पुत्र प्रेमराज, सुरेंद्र पुत्र प्रेमराज, विजेंद्र पुत्र प्रेमराज, श्रीमती रामो देवी पत्नी प्रेमराज | | 546<br>581 | 0.1910 में निहित क्षेत्रफल | 6% |
| 86 | आलोक पुत्र पैम सिंह | 324 | 582<br>630 | 0.0596 में निहित क्षेत्रफल | 6% |
| 87 | रमेश, धन सिंह, सुखे, सुरेश, मुकेश पुत्रगण रामबल | 276 | 619<br>511<br>114 | 2.5750 में निहित क्षेत्रफल | 6% |
| 88 | बब्लू पुत्र देशराज | 324 | 631<br>582<br>630 | 0.0651 में निहित क्षेत्रफल | 6% |
| 89 | जग्गो पत्नी रामेश्वर | | 670<br>671 | 0.3120 में निहित क्षेत्रफल | 6% |
| 90 | गजराज सिंह पुत्र भोजा | 318 | 667<br>716 | 0.5064 में निहित क्षेत्रफल | 6% |
| 91 | विजेन्द्र सिंह पुत्र गोपीचंद | 176 | 740<br>741 | 0.0825 में निहित क्षेत्रफल | 6% |
| 92 | जगदीश पुत्र शीशपाल निवासी ग्राम मायचा | 342 | 95 | 2.6210 में निहित क्षेत्रफल | 6% |
| 93 | ईश्वे राम पुत्र शीशपाल | 342 | 95 | 2.6210 में निहित क्षेत्रफल | 6% |
| 94 | विशंभर पुत्र शीशपाल | 342 | 95 | 2.6210 में निहित क्षेत्रफल | 6% |
| 95 | रजनी पत्नी अनिल | | 639क | 0.1284 में निहित क्षेत्रफल | 6% |
| 96 | जग्गो पत्नी गोपी | | 670<br>671 | 0.3120 में निहित क्षेत्रफल | 6% |

उपर्युक्त भूमि के सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति है तो वह लिखित रूप में 15 दिवस के अन्दर विशेष कार्याधिकारी, ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है। प्राधिकरण में उपलब्ध प्रार्थना पत्रों के सम्बन्ध में अभिलेखों की जानकारी ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण के भू लेख विभाग से किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है।

विशेष कार्याधिकारी

Follow Us On / OfficialGNIDA



*********

संपादकीय जागरण
बुधवार, 7 अगस्त, 2024 : श्रावण शुक्ल – 3 वि. 2081

सच्चा मित्र मिलना सौभाग्य की बात है

# भारत की बढ़ती चुनौतियां

**बांग्लादेश की** प्रधानमंत्री शेख हसीना के पलायन के बाद कूटनीतिक मोर्चे पर भारत की चुनौतियां बढ़ती दिख रही हैं। मोदी सरकार ने शेख हसीना को शरण देकर अच्छा किया, लेकिन इसके नतीजे में बांग्लादेश में भारत विरोधी भावनाएं और बढ़ सकती हैं। वहां भारत विरोधी तत्व पहले से ही सक्रिय थे। शेख हसीना उन पर लगाम लगा रही थीं, लेकिन उनके भारत आने और बांग्लादेश लौटने की संभावनाएं शून्य होने के साथ ही पश्चिम ने जिस प्रकार उनसे मुंह मोड़ा, उससे साफ है कि भारत को बांग्लादेश में अपने हित सुरक्षित करना और कठिन हो सकता है। ब्रिटेन शेख हसीना को शरण देने को तैयार नहीं और अमेरिका ने तो न केवल उनका वीजा रद कर दिया, बल्कि वहां की सेना को यह जानते हुए भी सलाम किया कि वह अंतरिम सरकार में कट्टरपंथी तत्वों को भागीदारी के लिए भी तैयार है। फिलहाल यह कहना कठिन है कि बांग्लादेश में सेना के वर्चस्व वाली अंतरिम सरकार का भारत के प्रति मित्रवत रवैया होगा। इस सरकार में घोर भारत विरोधी कट्टरपंथी संगठन जमाते इस्लामी के शामिल होने के साथ ही विपक्षी नेता एवं उन पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया की भी भागीदारी हो सकती है, जिनसे भारत के संबंध कभी सहज नहीं रहे। यदि इस अंतरिम सरकार में उन तत्वों की भागीदारी बढ़ी, जो शेख हसीना को नई दिल्ली की कठपुतली बताते थे, तो भारत की चुनौतियां और बढ़ जाएंगी।

बांग्लादेश में भारत के नजरिये से असहमत पश्चिमी देशों के साथ चीन का भी दखल बढ़ने का अंदेशा है। चीन पहले से ही मालदीव एवं नेपाल में अपना प्रभाव बढ़ा चुका है और पाकिस्तान तो उसकी गोद में ही बैठा है। वह श्रीलंका में भी अपना दबदबा बढ़ाने की ताक में है। एक अन्य पड़ोसी देश म्यांमार भी अस्थिरता से जूझ रहा है और वहां भी चीन का दखल साफ दिख रहा है। भारत की समस्या केवल यह नहीं है कि वह बांग्लादेश में अपने हितों की रक्षा कैसे करे, बल्कि यह भी है कि वहां के अल्पसंख्यकों और विशेष रूप से हिंदुओं को कैसे बचाए? आरक्षण विरोध के बहाने शेख हसीना को सत्ता से हटाने के आंदोलन के दौरान हिंदुओं पर छिटपुट हमले हो ही रहे थे, लेकिन तख्तापलट के बाद तो उनकी शामत ही आ गई है। बांग्लादेश का शायद ही कोई ऐसा इलाका हो, जहां से हिंदुओं के घरों, दुकानों और मंदिरों को निशाना बनाए जाने की खबरें न आ रही हों। शेख हसीना के शासन में बांग्लादेश के जो हिंदू खुद को थोड़ा-बहुत सुरक्षित महसूस करते थे, वे फिलहाल असहाय-निरुपाय दिख रहे हैं। चिंता की बात यह है कि सेना उनकी रक्षा को उतनी तत्पर नहीं दिख रही, जितना उसे दिखना चाहिए। भारत को बांग्लादेश के हिंदुओं को बचाने के लिए कुछ करना होगा, अन्यथा उनका वैसा ही बुरा हाल होगा, जैसे अफगानिस्तान में हुआ और पाकिस्तान में हो रहा है।

# नाराजगी उचित

**गाजीपुर में** महिला को बच्चे के साथ मौत हो जाने के मामले में अब तक जवाबदेही तय न करने को लेकर हाई कोर्ट का सख्त होना अत्यंत उचित है। अदालत ने इस मामले में जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए एमसीडी अधिकारियों को जमकर फटकार लगाई। अदालत ने बेहद सख्त लहजे में कहा कि एमसीडी अधिकारियों में अपने नीचे काम करने वाले अधिकारियों पर कार्रवाई करने का साहस नहीं है। आखिरकार, एक साल से अधिक समय से नाले की सफाई कराने और निगरानी कराने में विफल रहे अधिकारी अब भी नौकरी पर क्यों हैं? इससे पहले ओल्ड राजेंद्र नगर में कोचिंग सेंटर में हुई घटना को लेकर भी हाई कोर्ट ने सख्त नाराजगी दिखाई थी। अब गाजीपुर मामले में भी जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही तय न किया जाना और उनपर कार्रवाई न होना अदालत को खटकना स्वाभाविक ही है।

दिल्ली पुलिस को भी एमसीडी के जिम्मेदार अधिकारियों पर केस दर्ज करना चाहिए, ताकि एक उदाहरण प्रस्तुत किया जा सके

दुर्भाग्यपूर्ण यह है कि अब तक यह भी स्पष्ट नहीं हो पाया कि जिस नाले में हादसा हुआ, वो डीडीए का था या एमसीडी का। एमसीडी ने इसे अपना नाला मानने से इन्कार कर दिया था, इसके बाद डीडीए की ओर से कहा गया कि यह नाला उसके पास था, लेकिन कुछ माह पूर्व ही इसे एमसीडी को सौंप दिया गया था। यदि नाला एमसीडी का है तो निश्चित तौर पर एमसीडी अधिकारियों की जवाबदेही तय की जानी चाहिए और उनपर सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। दिल्ली पुलिस को भी इस मामले में जिम्मेदार अधिकारियों पर केस दर्ज करना चाहिए, ताकि एक उदाहरण प्रस्तुत किया जा सके और भविष्य में इस तरह के हादसे होने से रोके जा सकें।

## कह के रहेंगे

माधव जोशी




## जागरण जनमत

कल का परिणाम

**क्या बांग्लादेश का घटनाक्रम भारत की चिंता बढ़ाने वाला है?**




**आज का सवाल**
क्या बांग्लादेश के हिंदुओं को बचाने के लिए भारत को हस्तक्षेप करना चाहिए?

परिणाम जागरण इंटरनेट संस्करण के पाठकों का मत है। सभी आंकड़े प्रतिशत में।

# अराजकता में डूबा बांग्लादेश



दिव्य कुमार सोती

**अस्थिरता से बुरी तरह घिरे बांग्लादेश में अवामी लीग के साथ हिंदुओं का भी भविष्य खतरे में है**



अवधेश राजपूत

बड़े पैमाने पर विरोध-प्रदर्शन के बाद बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना को अपना देश छोड़कर भारत आना पड़ा। पिछले कुछ दिनों से बांग्लादेश की सड़कों पर हिंसा का जो नंगा-नाच चल रहा था और बांग्लादेशी फौज में इन प्रदर्शनकारियों को लेकर जैसी सहानुभूति दिखाई दे रही थी, उसे देखते हुए शेख हसीना के पास अधिक विकल्प नहीं बचे थे। अगर वह सही समय पर देश नहीं छोड़तीं तो संभवतः उनका हाल उनके पिता शेख मुजीबुर्रहमान जैसा होता, जिनकी उनके अधिकांश परिवारजनों के साथ बांग्लादेश निर्माण के चार साल के भीतर ही फौजी कट्टरपंथी तत्वों द्वारा हत्या कर दी गई थी। यह भी अच्छा रहा कि शेख हसीना ने अपने ही रिश्तेदार को सेना प्रमुख नियुक्त किया था। संभवतः इस कारण भी उन्हें देश से बाहर निकलने का सुरक्षित रास्ता मिल सका। बांग्लादेश में जो हुआ, वह देर-सबेर होना ही था। करीब 15 वर्षों से शासन कर रहीं शेख हसीना देश को पंथनिरपेक्ष बनाने का प्रयास कर रही थीं। एक समय वह इसमें कुछ सफल होती भी दिख रही थीं। अपने शासन में वह बांग्लाभाषी मुसलमानों और अल्पसंख्यक हिंदुओं का पाकिस्तानी फौज के साथ मिलकर नरसंहार करने वाले जमात-ए-इस्लामी के रजाकार नेताओं को फांसी की सजा दिलाने में सफल रहीं। उनकी इस मुहिम के विरोध में विपक्षी और इस्लामी कट्टरपंथी तत्वों से गहरे संबंध रखने वाली खालिदा जिया की बीएनपी भी कोई बड़ा आंदोलन नहीं कर सकी थी।

बांग्लादेश में पिछले एक साल में हालात बहुत तेजी से बदले। शेख हसीना ने अमेरिका की रणनीतिक योजनाओं में मोहरा बनने से इन्कार कर दिया। उन्होंने सार्वजनिक तौर पर कहा भी कि एक पश्चिमी देश उनसे बांग्लादेश के एक द्वीप पर सैन्य अड्डा बनाने की अनुमति मांग रहा है। उन्होंने यह रहस्योद्घाटन भी किया कि उस पश्चिमी देश की योजना बांग्लादेश, म्यांमार और भारत के ईसाई बाहुल्य पूर्वोत्तर क्षेत्र को एकीकृत कर पूर्वी तिमोर की भांति एक अलग ईसाई देश बनाने की है। उनका इशारा भारत के मिजोरम, मणिपुर, म्यांमार के चिन प्रदेश और बांग्लादेश के एक छोटे से क्षेत्र को मिलाकर कुकीलैंड या जालेनगाम बनाने के लिए चल रहे सशस्त्र आंदोलन की तरफ था। इस सबके चलते वह नागरिक विरोध-प्रदर्शनों के नाम पर 'रंगीन क्रांतियां' कराकर सरकारों का तख्तापलट कराने में माहिर अमेरिकी खुफिया एजेंसियों के निशाने पर आ गई थीं, क्योंकि यह सच है कि अकेले इस्लामिक तत्व उनका तख्तापलट करने में सफल नहीं हो पा रहे थे। यही कारण रहा कि उनके विरोध में अलग-अलग मुद्दों को छेड़कर नागरिक विरोध-प्रदर्शनों का स्वरूप दिया गया। इस कड़ी में कई महीनों तक बांग्लादेश में भारत विरोधी प्रदर्शन हुए जिनमें भारत के बहिष्कार का आह्वान किया गया। शेख हसीना को भारत का मोहरा बताया गया। इसके बाद छात्रों के माध्यम से 1971 के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिवारों को मिलने वाले आरक्षण के विरोध में प्रदर्शन शुरू किए गए। इसका उद्देश्य सरकारी तंत्र में सेक्युलर प्रवृत्ति रखने वाले शेख मुजीब समर्थकों की संख्या को घटाना था। यह ध्यान देने योग्य है कि यह आरक्षण पिछले पांच दशकों से दिया जा रहा था, परंतु इसके विरोध में प्रदर्शन तभी शुरू हुए जब शेख हसीना ने अमेरिका के इशारों पर काम करने से इन्कार कर दिया। उन्होंने चीन के इशारे पर भी चलने से इन्कार किया। चीन ने इस्लामाबाद के जरिये ढाका में पाकिस्तानपरस्त तत्वों की मदद की हो तो कोई हैरानी की बात नहीं।

आरक्षण विरोध वास्तव में आरक्षण को लेकर नहीं था। इसे इससे समझा जा सकता है कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा आरक्षण को घटाकर दो प्रतिशत करने के बावजूद प्रदर्शन नहीं रुके। कोर्ट द्वारा आरक्षण का मुद्दा सुलझाने के बावजूद प्रदर्शन और उग्र हो गए। प्रधानमंत्री के इस्तीफे की मांग की जाने लगी। इन प्रदर्शनों के दौरान ही हिंदू अल्पसंख्यकों के धर्म स्थलों और घरों पर व्यापक हमले भी शुरू हो गए। बड़ी बात नहीं कि विरोध प्रदर्शनों के पीछे अमेरिकी एजेंसियों और इस्लामी कट्टरपंथियों का गठजोड़ भी काम कर रहा हो और जिसका उद्देश्य शेख हसीना सरकार का तख्तापलट करना हो। यह इससे लगता है कि शेख हसीना के देश छोड़ने के बाद प्रदर्शनकारियों ने बांग्लादेश के राष्ट्रपिता माने जाने वाले शेख मुजीब से जुड़े स्मृति चिह्नों को निशाना बनाना शुरू किया।

शेख हसीना सरकार अपदस्थ होने के बाद बांग्लादेश घोर हिंसा और अराजकता में डूब गया है। इस्लामिक कट्टरपंथी अवामी लीग के नेताओं-समर्थकों और हिंदू अल्पसंख्यकों को निशाना बना रहे हैं। वहां से विचलित करने वाली तस्वीरें आ रही हैं। बांग्लादेश जब 1971 में बना था, तब वहां हिंदू जनसंख्या 22 प्रतिशत थी जो आज घटकर 7-8 प्रतिशत के बीच रह गई है। आज भी बांग्लादेश में 1.3 करोड़ हिंदू रहते हैं। उनका अस्तित्व खतरे में है। शेख हसीना के जाने के बाद भी सेना ने हिंदुओं की हत्याओं को रोकने के लिए कोई कड़ी कार्रवाई नहीं की है। वह उन्हीं तत्वों को अंतरिम सरकार बनाने के लिए बुला रही है, जो हिंसा कर रहे हैं। ऐसे में उनके सत्ता में आने पर हिंदुओं की सुरक्षा को और खतरा बढ़ाना तय समझिए। ऊपर से बीएनपी और जमात इस फिराक में हैं कि अवामी लीग का कोई नामोनिशान बांग्लादेश में न बचे। अगर यह हिंसा का दौरा लंबा चलता है तो भारत सरकार हिंदुओं एवं भारत समर्थक अवामी लीग के कार्यकर्ताओं के 1970-71 सरीखे नरसंहार में मूकदर्शक नहीं बनी रह सकती। फिलहाल यही आवश्यक है कि बांग्लादेश सेना पर दबाव बनाया जाए कि वह हिंसाग्रस्त इलाकों में फंसे हिंदुओं और लीग समर्थकों को वहां से निकाल कर भारतीय सीमा के निकट बांग्लादेशी भूमि पर ही राहत शिविरों में लाए ताकि किसी बड़ी हिंसा की सूरत में उन्हें त्वरित सहायता पहुंचाई जा सके।

बांग्लादेश के भयावह दिख रहे भविष्य को देखते हुए वहां के हिंदू अल्पसंख्यकों की दूरगामी सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक है कि भारत के निकट उनके घनी आबादी वाले क्षेत्र स्थापित किए जाएं। इस मामले में हमें रूस से सीखना चाहिए, जिसने यूक्रेन के डोनस्क और लुहांस्क को रूसी भाषियों के लिए सुरक्षित क्षेत्र बना दिया। अगर हम यह नहीं कर सके तो बांग्लादेश में घटती हिंदुओं की संख्या को विलुप्त होते देखेंगे। संभवतः उनकी सुरक्षा में हमारे समूचे पूर्वोत्तर के भविष्य की सुरक्षा भी निहित है।

(लेखक काउंसिल आफ स्ट्रैटेजिक अफेयर्स से संबद्ध सामरिक विश्लेषक हैं)

response@jagran.com

# कौआ कान ले गया वाला रवैया



राजीव सचान

**वक्फ अधिनियम में बदलाव की पहल का विरोध अंधविरोध की राजनीति का नया प्रमाण ही है**

लोकतांत्रिक देशों में सुधार की कोई पहल या नई नीति का निर्माण अथवा नया काम शुरू करना आसान नहीं होता। भारत भी इसका अपवाद नहीं। 1853 में जब अंग्रेजों ने देश में पहली बार रेल चलाई थी तो उसका यह कहकर विरोध हुआ था कि लोहे पर लोहा चलाना अपशकुन को निमंत्रण देना है। स्वतंत्र भारत में हिंदू कोड बिल का विरोध हुआ। इसी विरोध के चलते उस पर अमल में देरी हुई। हाल के इतिहास पर गौर करें तो पाएंगे कि नागरिकता संशोधन कानून यानी सीएए और तीन कृषि कानूनों का बड़े पैमाने पर विरोध किया गया। बांग्लादेश के हालात और वहां हिंदुओं पर बड़े पैमाने पर हमलों को देखते हुए तो अब यह आवश्यक हो गया है कि नागरिकता कानून को और अधिक उदार बनाया जाए, ताकि 2014 के बाद भी भारत आए तीन पड़ोसी देशों के अल्पसंख्यकों को आसानी से शरण एवं नागरिकता दी जा सके। ऐसा करते हुए पीड़ित और आक्रांता में भेद किया ही जाना चाहिए।

यह किसी से छिपा नहीं कि तीन तलाक खत्म करने की पहल पर किस तरह आसमान सिर पर उठा लिया गया था। इस पहल का विरोध यह कहते हुए किया जा रहा था कि यह प्रथा गलत तो है, लेकिन इसे खत्म करने का काम सुप्रीम कोर्ट या सरकार को नहीं करना चाहिए। जब भी समान नागरिक संहिता की चर्चा छिड़ती है, कई मुस्लिम नेता और तथाकथित सेक्युलर-लिबरल तत्व उसका आंख मूंदकर विरोध करना शुरू कर देते हैं, बिना यह जाने-समझे कि इस संहिता के क्या प्रविधान होंगे? यह कौआ कान ले गया वाला रवैया है। इसी रवैये का परिचय वक्फ अधिनियम में सुधार के मामले में दिया जा रहा है। विरोध करने वाले वही जाने-पहचाने ओवैसी जैसे मुस्लिम नेता और नकली सेक्युलर, लिबरल और वोक तत्व हैं। कुछ मुस्लिम नेता सुधार के पक्ष में भी हैं, लेकिन क्या मुस्लिम समाज उनकी सुनेगा? अभी तक सभी सूत्रों के हवाले से इतना भर पता चला है कि वक्फ अधिनियम में करीब 40 संशोधन होंगे और इसके तहत वक्फ बोर्ड के असीमित अधिकार खत्म किए जाएंगे। सरकार के अलावा शायद ही किसी को पता हो कि इसके अलावा अन्य संशोधन क्या होंगे, लेकिन विरोध करने वालों को जानकारी के इस अभाव से कोई फर्क नहीं। वे तरह-तरह के कुतर्क देने में लगे हुए हैं। सबसे बड़ा कुतर्क यह है कि सरकार की नीयत ठीक नहीं। इस कुतर्क के आगे कोई भी तर्क रखना बेकार है, क्योंकि शक का इलाज हकीम लुकमान के पास भी नहीं। शक करने वालों की तरह अंधविरोध से ग्रस्त लोगों का भी कोई इलाज नहीं।



वक्फ एक्ट में बदलाव से सहमत मजहबी नेता ● फाइल

किसी भी सरकार के फैसलों और उसकी नीतियों का विरोध या समर्थन उनके गुण-दोष के आधार पर होना चाहिए, लेकिन अपने देश की राजनीति में ऐसा नहीं होता। विरोध के लिए विरोध हमारे सभी दलों की प्रिय नीति है। कई विपक्षी दल इसी नीति का परिचय वक्फ अधिनियम में बदलाव पर देने के लिए उतावले हो रहे हैं। ऐसे में सरकार के लिए उचित यही है कि वह वक्फ अधिनियम में जो भी संशोधन करने जा रही है, उन पर संसद में व्यापक बहस कराए, ताकि विपक्षी नेताओं को यह कहने का बहाना नहीं मिले कि सरकार ने बिना बहस आनन-फानन संशोधन विधेयक पारित करा लिया। व्यापक बहस का एक परिणाम यह भी होगा कि आम जनता और विशेष रूप से मुस्लिम समाज में भ्रांतियों के लिए कोई गुंजाइश नहीं रहेगी। वक्फ अधिनियम में संशोधन की आवश्यकता केवल इसलिए नहीं है, क्योंकि वक्फ बोर्डों को मनमाने अधिकार मिले हुए हैं। आवश्यकता इसलिए भी है ताकि वक्फ संपत्तियों का निर्धन मुस्लिम समाज की भलाई के लिए सदुपयोग हो और इन संपत्तियों का दुरुपयोग एवं उन पर अवैध कब्जे का सिलसिला थमे। कट्टरपंथी नेता कुछ भी कहें, खुद वक्फ बोर्ड के पदाधिकारी यह मानते हैं कि उनकी छवि जमीन हड़पने वालों की बन गई है। इस छवि के लिए वक्फ बोर्डों की कार्यप्रणाली ही जिम्मेदार है। वे किस मनमाने तरीके से काम करते हैं, इसका उदाहरण पिछले सप्ताह ही जबलपुर हाई कोर्ट के उस आदेश से मिला, जिसमें उसने शाहजहां की बहू के मकबरे समेत तीन अन्य मुगलकालीन संपत्तियों पर उसका दावा इसलिए खारिज कर दिया, क्योंकि ये संपत्तियां भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग के संरक्षण में होनी चाहिए थीं। वक्फ बोर्डों को कैसे मनमाने अधिकार हासिल हैं, इसका प्रमाण तमिलनाडु का वह गांव भी है, जिसके मंदिर की जमीन पर वक्फ बोर्ड ने अपना दावा ठोक दिया, जबकि यह मंदिर 1500 साल पुराना यानी इस्लाम के उदय के पहले का है।

वक्फ बोर्ड की संपत्तियों पर आमतौर पर सियासी और मजहबी रसूख वाले नेता काबिज रहते हैं। वे उसकी संपत्तियों का दुरुपयोग ही नहीं करते, बल्कि उन पर कब्जे कराने के साथ उन्हें बेचते भी हैं। प्रयागराज में वक्फ की 50 करोड़ से अधिक की जमीन पर माफिया अतीक अहमद का कब्जा था। 2023 में योगी सरकार ने उसे खाली कराया और अब वहां वक्फ बोर्ड की ओर से एक क्लीनिक का संचालन हो रहा है। कुछ वर्ष पहले कर्नाटक अल्पसंख्यक आयोग ने एक रिपोर्ट जारी कर कहा था कि वक्फ बोर्ड के पदाधिकारियों, सरकारी अधिकारियों और कांग्रेस नेताओं की मिलीभगत से वक्फ की करोड़ों की संपत्ति बेच दी गई। इस रिपोर्ट पर न तो कोई जांच हुई और न ही कार्रवाई। महाराष्ट्र में वक्फ बोर्ड के एक पदाधिकारी को इस आरोप में हटाया गया कि उसने वक्फ की संपत्तियां बिल्डरों को बेच दी थीं। देश भर के करीब 30 वक्फ बोर्डों के पास सेना और रेलवे के बाद सबसे अधिक संपत्तियां हैं, लेकिन किसी को और कम से कम गरीब मुसलमानों को नहीं पता कि उनसे उन्हें क्या लाभ मिल पा रहा है।

(लेखक दैनिक जागरण में एसोसिएट एडिटर हैं)

response@jagran.com

## ऊर्जा

### आत्मज्ञान

पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु और आकाश से मिलकर बना हमारा यह शरीर नश्वर है, परंतु इस शरीर को चलायमान रखने वाला आत्मा नश्वर नहीं है। आत्मा चैतन्य है। यह परमात्मा का ही अंश है। सर्वव्यापी चेतना है। अजर और अमर है। छांदोग्य उपनिषद में 'तत्त्वमसि' के माध्यम से ब्रह्म और जीव का संबंध समझाया है। तत्त्वमसि से आशय है 'तुम वही ब्रह्म हो' अर्थात तुम (जीव) परमात्मा का अंश हो। इसी प्रकार, प्रत्येक चेतन वस्तु परमात्मा का अंश है। यदि संसार के समस्त प्राणियों में उसी परमात्मा का अंश है तब फिर विभेद कहां है? फिर सभी समान हुए। एक छोटे से कीट पतंगे से लेकर सिंह या मनुष्य तक सभी एकसमान हुए, यही अद्वैतवाद की अवधारणा है।

शुद्ध मन, सात्विक आचरण तथा निरंतर अभ्यास द्वारा इच्छाओं एवं भौतिक सुख को तिरोहित कर आत्मज्ञान प्राप्त किया जा सकता है। आत्मज्ञान की उपलब्धि के पश्चात हम संसार के समस्त तत्वों में परमात्मा का निवास अनुभव कर सकते हैं। जब हमें अद्वैत की अनुभूति हो जाए तो यह आत्मज्ञान की परम अवस्था है। इस प्रकार, आत्मज्ञान की प्राप्ति जीवन का परम लक्ष्य होनी चाहिए। इसके उपरांत हम सभी जीवों में परमात्मा के अंश को पहचानते हैं और सर्वत्र एकत्व का अनुभव करते हैं। एकत्व का अनुभव हो जाए तो मन में सर्वश्रेष्ठ होने का अहंकार नहीं रह जाता। इस अहंकार भाव से मुक्ति मोक्ष की ओर उन्मुख करती है।

आत्मज्ञान की राह में मन की चंचलता और अस्थिरता एक बड़ा अवरोध बनती हैं। ये अवरोध हमें आत्मा के सत्य से साक्षात्कार नहीं करने देते। इन अवरोधों से पार पाने के लिए निरंतर अभ्यास और सात्विक आचरण के माध्यम से मन को स्थिर करना चाहिए। जब मन शुद्ध और अनुशासित होता है तब ध्यान और साधना के द्वारा बुद्धि को एकाग्र कर आत्मज्ञान की गहराइयों में प्रवेश किया जा सकता है। यही आनंद का एकमात्र उपाय और जीवन को सार्थक बनाने का सर्वोत्तम मार्ग है।

सोमा सुर

## पाठकनामा

pathaknama@nda .jagran.com

### जल निकासी की हो समुचित व्यवस्था

'जल निकासी में असहाय शहर' शीर्षक से प्रकाशित आलेख में विवेक देवराय और आदित्य सिन्हा ने महत्वपूर्ण बातें कही हैं। इस कड़ी में कुछ बिंदु जोड़ना चाहता हूं। जैसे कि हमें जल निकासी से संबंधित अवसरंचना को समग्रता में देखने की आवश्यकता है। शहरों में जलजमाव की बहुत चिंता की जाती है, जबकि ग्रामीण क्षेत्र भी इस समस्या से दो-चार होते हैं, जिसकी तपिश मुख्य रूप से किसानों को झेलनी पड़ती है। ऐसे में बेहतर यही होगा कि हम पूरे राष्ट्र को एक इकाई मानकर जलापूर्ति और जल निकासी तंत्र के बारे में विचार करें। वाटर इन्फ्रास्ट्रक्चर के लिए पर्याप्त संसाधन जुटाने होंगे। ड्रेनेज के क्षेत्र में उदाहरण प्रस्तुत करने वाले नीदरलैंड और जल संरक्षण में इजरायल के अनुभव का सहयोग लेकर निवेश करना उपयोगी हो सकता है। जल निकासी की समस्या का निदान समेकित हो न कि शहरी और गैर-शहरी क्षेत्र को अलग रखकर। दीर्घकालिक योजनाओं से ही टिकाऊ समाधान संभव है। जैसे हर घर को नल से जल और हर खेत को जल सुनिश्चित किया जा रहा है वैसे ही हर घर और खेत से समुचित जल निकासी का सोच विकसित करना होगा। तभी स्थितियां सुधरेंगी।

प्रो. मान सिंह, पूर्व परियोजना निदेशक-आइसीएआर, नई दिल्ली

### एमएसपी गारंटी से खेती को प्रोत्साहन

हरियाणा में चुनाव आचार संहिता लगने में लगभग एक महीने का समय रहते हुए आंदोलनकारी किसानों को शांत करने एवं अन्नदाताओं को रिझाने के लिए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने राज्य में 24 फसलों को न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदने एवं नहरी पानी के बकाया सिंचाई शुल्क में 133 करोड़ रुपये की माफी योजना लागू करने की सराहनीय पहल की है। हरियाणा सरकार को अन्ततः समझ आ गई कि अन्नदाता की लंबे समय तक उपेक्षा हितकारी नहीं होगी। प्रदेश में भाजपा सरकार ने कृषक हितैषी योजनाओं के कार्यान्वयन में अन्य कई राज्य सरकारों को पीछे छोड़ दिया है। शंभू बार्डर एवं अन्य जगहों पर किसान संगठनों द्वारा धरना प्रदर्शन का अब कोई औचित्य नहीं रह गया है।

युगल किशोर शर्मा, फरीदाबाद

### बांग्लादेश में तख्तापलट

पड़ोसी देश बांग्लादेश में तख्तापलट और प्रधानमंत्री पद से शेख हसीना का सत्ता से बेदखल होना भारत के लिए अशुभ खतरों का संकेत हैं। तख्तापलट आंदोलन के पिछले कई दिनों से शेख हसीना की गलत नीतियों और नैतिकता के विरुद्ध देश के छात्रवर्ग और आरक्षण विरोधी आंदोलनकारियों में सरकार के प्रति असंतुष्ठता और आक्रोश मुख्य कारण हैं। हैरानी इस बात की है कि लगातर चौथी बार सत्तारूढ़ होने और अपने लंबे शासनकाल में देश की आर्थिक स्थिति सुधारक कोशिशों के बावजूद शेख हसीना को अपने देश से पलायन करने के पीछे भारत को चारों-तरफ से घेरने में चीन की कुंठाग्रस्त नीति और पाकिस्तान की वैमनस्य बदनीयती है। बांग्लादेश में उथल-पुथल का मुखय कारण अमेरिका, चीन और पाकिस्तान की दखलंदाजी हो सकती है। बांग्लादेशी हिंदुओं की दर्दनाक दशा और पूजास्थलों की सुरक्षा हमारी चिंता है।

कृष्ण खन्ना, नई दिल्ली

### हादसे से सबक जरूरी

दिल्ली में सिविल सेवा की परीक्षा तैयारी कराने वाले तीन छात्रों की मौत पर उच्चतम न्यायालय ने कहा है कि मौत के घर बन गए हैं यह कोचिंग सेंटर। अदालत ने कोचिंग सेंटर हादसे का स्वयं संज्ञान लिया और उसके पश्चात न्यायालय ने जो उद्गार प्रकट किया, उनके शब्दों को सकारात्मक रूप में लेने की जरूरत है। ओल्ड राजेंद्र नगर में आइएएस कोचिंग सेंटर के बेसमेंट में तीन सिविल सर्विस अभ्यर्थियों की मौत कोई सामान्य घटना नहीं है। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति उज्जवल मुखिया की पीठ ने इस मामले की सुनवाई हुई। दिल्ली उच्च न्यायालय द्वारा भी कोचिंग हादसे की जांच दिल्ली पुलिस से लेकर केंद्रीय जांच ब्यूरो से करने के आदेश दिए जा चुके हैं। इसलिए जांच पर जनता को किसी भी प्रकार का संदेह नहीं किया जाना चाहिए। न्यायपालिका भी चाहती है कि दूध का दूध और पानी का पानी होना चाहिए क्योंकि अक्सर इन कोचिंग संस्थानों के संचालन की नीति बनाने में विभिन्न प्रकार की मूलभूत सुविधाएं भी होनी चाहिए। जिसमें सुरक्षित निकालने का रास्ता, हवादार परिसर उचित प्रकाश व्यवस्था, अग्निकांड जैसी घटनाओं से निपटने की पूरी तैयारी शामिल होनी चाहिए। अग्निशमन विभाग से अनापत्ति प्रमाण पत्र भी लिया जाना होना चाहिए। उच्चतम न्यायालय और उच्च न्यायालय द्वारा की गई इस तरह की टिप्पणियों से ऐसा लगता है कि अब देश के विभिन्न स्थानों पर चल रहे कोचिंग सेंटर पर आवश्यक रूप से लगाम कसी जा सकेगी।

मीना धानिया सिरसपुर

## X पोस्ट

जिन बंगबंधु मुजीब ने बांग्लादेश निर्माण में अहम भूमिका निभाई वहां उन्हीं की मूर्ति तोड़ दी गई। जिस जिन्ना ने पाकिस्तान बनाया, वह एंबुलेंस में पड़े-पड़े सड़क पर ही मर गए थे। अनुपम सिंह@anupamnawada

शेख हसीना से विरोध था तो चलो उन्हें हटा दिया। यह ठीक है, लेकिन आखिर लगभग आधे बांग्लादेश में हिंदुओं के खिलाफ हिंसा और आगजनी क्यों हो रही है?
अमिताभ अग्निहोत्री@Aamitabh2



कुछ समय पहले रफाह में लोगों की स्थिति को लेकर अभियान चलाने वाले बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों पर हो रहे हमलों को लेकर मुखर नहीं दिख रहे। उनकी आंखों पर किसी ने पट्टी बांध दी या फिर किसी ने स्क्रिप्ट नहीं थमाई?
रुबिका लियाकत@RubikaLiyaquat

शेख हसीना पर सबसे बड़ा आरोप निरंकुशता का है, पर वहां आंदोलन की दूसरी लहर ने यह साबित किया कि इस आंदोलन के पीछे छात्रों को ढाल बनाकर दूसरों ने अपना उल्लू सीधा किया। प्रमोद जोशी@pjoshi23

अंग्रेजों ने बांटो और राज करो की नीति के तहत भारत में हिंदू-मुसलमानों को लड़ाया और अब उन्हें खुद अपने देश में मुस्लिम अराजकता से जूझना पड़ रहा है। सब कर्मों का खेल है। प्रकाश सिंह@singh_prakash

## जनपथ

जारी है अंतर्कलह जलता बंगलादेश,
पर हिंदू समुदाय हित बेमतलब का क्लेश।
बेमतलब का क्लेश द्वेष में जाते मारे,
ज्यों दांतों बिच जीभ फंसे बैठे बेचारे।
जहां रहे इस्लाम वहां पर बारी-बारी,
हिंदू जन पर जुल्म हमेशा रहता जारी।
– ओमप्रकाश तिवारी

संस्थापक-स्व. पूर्णचन्द्र गुप्त, पूर्व प्रधान संपादक-स्व.नरेन्द्र मोहन, नॉन एग्जीक्यूटिव चेयरमैन-महेन्द्र मोहन गुप्त, प्रधान संपादक-संजय गुप्त, नीतेन्द्र श्रीवास्तव द्वारा जागरण प्रकाशन लि. के लिए डी-210, 211, सेक्टर-63 नोएडा से मुद्रित एवं 501, आई.एन.एस. बिल्डिंग, रफी मार्ग, नई दिल्ली से प्रकाशित, संपादक (दिल्ली एनसीआर)-विष्णु प्रकाश त्रिपाठी, स्थानीय संपादक-प्रदीप कुमार शुक्ल* दूरभाष : नई दिल्ली कार्यालय : 011-43166300, नोएडा कार्यालय : 0120-4615800, E-mail: delhi@nda.jagran.com, R.N.I. No 50755/90 * इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद दिल्ली न्यायालय के अधीन ही होंगे। हवाई शुल्क अतिरिक्त। वर्ष 35 अंक 21

********

# 'क्या ताजमहल व लाल किला समेत देश की सारी संपत्ति को वक्फ प्रापर्टी घोषित कर दें'

## मप्र में बेगम बिलकिस के मकबरे समेत तीन इमारतों के मामले में हाई कोर्ट की टिप्पणी



- वक्फ ने अपनी संपति बताते भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण पर लगाया था अतिक्रमण का आरोप
- मप्र हाई कोर्ट ने दस्तावेजी प्रमाण देने को कहा तो बगलें झांकने लगे वक्फ के वकील

**नईदुनिया प्रतिनिधि, जबलपुर:** मध्य प्रदेश हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति गुरपाल सिंह अहलूवालिया ने मुगल बादशाह शाहजहां के बेटे शाह शुजा की पत्नी बेगम बिलकिस के बुरहानपुर स्थित मकबरे समेत तीन ऐतिहासिक इमारतों पर मध्य प्रदेश वक्फ बोर्ड द्वारा लगाए गए अतिक्रमण के आरोप के मामले में सुनवाई करते हुए तल्ख टिप्पणी की। कोर्ट ने कहा कि क्या ताजमहल और लाल किला सहित देश की सारी संपत्ति को वक्फ प्रापर्टी घोषित कर दें? जिस संपत्ति पर अतिक्रमण का आरोप लगाया जा रहा है, वह वक्फ की संपत्ति ही है, इसका दस्तावेजी प्रमाण क्या है, यदि है तो पेश करें। यह सुनकर वक्फ बोर्ड के वकील निरुत्तर हो गए। कोर्ट ने भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआइ) के वकील से भी कहा कि एएसआइ क्या कर रही है? ऐसे तो हर दूसरी संपत्ति को वक्फ की संपत्ति निरूपित कर अतिक्रमण हटवाने की याचिका दायर की जाती रहेगी। निजी जमीन या सरकारी जमीन का विवाद तो समझ में आता है, किंतु वक्फ की प्रापर्टी बोलकर दावा करने का रवैया समझ के परे है। यह शोध का विषय बन गया है। इसे हल्के में नहीं लिया जाना चाहिए। न्यायमूर्ति अहलूवालिया ने साफ किया कि यदि कोई संपत्ति ऐतिहासिक स्मारक के रूप में अधिसूचित है तो उसे वक्फ की संपत्ति साबित करने की कवायद बेमानी है। वह सरकार के संस्कृति विभाग के अंतर्गत धरोहर की श्रेणी में आती है।

बता दें कि हाई कोर्ट ने 31 जुलाई को इस मामले में सुनवाई करते हुए कहा था कि बुरहानपुर स्थित बिलकिस बेगम का मकबरा, फारुकी शासक नादिर शाह का मकबरा व फारुकी शासनकाल में बादशाह आदिल शाह फारुकी की बेगम रुकैया द्वारा बनाई मस्जिद (बीबी की मस्जिद) वक्फ की नहीं, सरकार की संपत्ति हैं। वक्फ बोर्ड ने इसे अपनी संपत्ति बताते हुए एएसआइ का आधिपत्य हटाने के लिए याचिका दायर की थी। हाई कोर्ट ने कहा था कि वक्फ की अधिसूचना इन संपत्तियों पर केंद्र का स्वामित्व नहीं छीनेगी। यह आदेश कोर्ट ने एएसआइ की उस दलील पर दिया था, जिसमें कहा गया था कि प्राचीन स्मारक संरक्षण अधिनियम-1904 के तहत तीनों स्मारक विधिवत अधिसूचित हैं। इसी मामले में एएसआइ ने स्पष्ट आदेश की प्रार्थना की थी, जिस पर कोर्ट ने मंगलवार को दोनों पक्षों के तर्क सुने और कहा कि यह वक्फ नहीं, सरकार की संपत्ति है। हाई कोर्ट के निर्णय के बाद अब बुरहानपुर की तीनों ऐतिहासिक इमारतों पर एएसआइ का संरक्षण बना रहेगा।

### वक्फ बोर्ड कानून में संशोधन का सूफी काउंसिल ने किया समर्थन

**जासं, नई दिल्ली:** केंद्र सरकार द्वारा वक्फ बोर्ड कानून में संशोधन के निर्णय का अखिल भारतीय सूफी सज्जादानशीं परिषद (एआइएसएससी) ने समर्थन करते हुए पृथक दरगाह बोर्ड की मांग की है। एआइएसएससी के प्रतिनिधिमंडल ने एक दिन पहले राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल और केंद्रीय अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरण रिजिजू से मुलाकात में भी अपनी चिंताओं से अवगत कराया। उधर, जमीयत उलेमा-ए-हिंद व मुस्लिम पर्सनल ला बोर्ड जैसे संगठनों ने संशोधन के निर्णय का विरोध किया है। इंडिया इस्लामिक कल्चरल सेंटर में आयोजित कार्यक्रम में एआइएसएससी अध्यक्ष सैयद नसीरुद्दीन चिश्ती ने कहा कि वक्फ बोर्ड तानाशाही तरीके से काम कर रहे हैं, जिसमें पारदर्शिता नहीं है। बोर्ड दरगाह की परंपराओं को मान्यता नहीं देते, इसलिए हम अलग दरगाह बोर्ड की मांग करते हैं।

# 'कोचिंग संस्थानों से जुड़े दिशानिर्देशों पर राज्य दिखाएं सख्ती'

- केंद्र ने जनवरी में कोचिंग संस्थानों को ले जारी किया था दिशानिर्देश
- सुप्रीम कोर्ट के कड़े रुख के मद्देनजर राज्यों को किया सतर्क

**जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली :** दिल्ली के कोचिंग सेंटर में हादसे के बाद केंद्र सरकार ने कोचिंग संस्थानों से जुड़े दिशा-निर्देशों की राज्यों को फिर से याद दिलाई है। केंद्र ने सभी से इन दिशा-निर्देशों का पालन करने व कोचिंग संस्थानों की जांच पड़ताल करने के निर्देश दिए हैं। केंद्र सरकार ने इसी साल जनवरी में कोचिंग संस्थानों को लेकर यह दिशा-निर्देश जारी किया था। दिशा-निर्देश में कोचिंग संस्थानों को 16 साल से कम उम्र के छात्रों को दाखिला न देने का निर्देश दिया गया था। साथ ही कोचिंग में प्रति छात्र कम से कम एक वर्ग मीटर क्षेत्र आवंटित करने को भी कहा है।

कोचिंग संस्थानों के मनमाने रवैये पर अंकुश लगाने के लिए उठाए गए इस कदम में केंद्र ने कोचिंग के रजिस्ट्रेशन से लेकर फीस, इन्फ्रास्ट्रक्चर आदि को लेकर विस्तृत दिशा-निर्देश दिए थे। इस बीच, दिल्ली में हुए हादसे के बाद कोचिंग संस्थानों को लेकर सुप्रीम कोर्ट के सख्त रुख को देखते हुए केंद्र ने फिर से राज्यों को इसे लेकर सतर्क किया है। शिक्षा मंत्रालय से जुड़े अधिकारियों के अनुसार, नया शैक्षणिक सत्र शुरू होने के साथ ही देश में हर साल नए-नए कोचिंग संस्थान अस्तित्व में आ जाते हैं। ऐसे में इस समय इन पर नजर रखना बेहद जरूरी है।

गौरतलब है कि कोचिंग संस्थानों से जुड़े इन दिशा-निर्देशों का पालन न करने पर एक लाख तक का जुर्माना या फिर उसका रजिस्ट्रेशन रद करने की व्यवस्था भी की गई है। हाल ही में दिल्ली के एक कोचिंग सेंटर में हुए हादसे में तीन छात्रों की बेसमेंट में डूबकर मौत हो गई थी।

# तीन वर्षीय बच्ची के दुष्कर्मी ताऊ को फांसी की सजा

**जागरण संवाददाता, हरदोई :** तीन वर्ष की मासूम बच्ची के साथ दुष्कर्म करने वाले उसके सगे ताऊ (पिता के बड़े भाई) को अदालत ने फांसी की सजा सुनाई है। 28 जुलाई, 2020 को दुष्कर्मी ने मासूम को कुछ खिलाने के बहाने ले जाकर यह घृणित कार्य किया था। अपर सत्र न्यायाधीश (पाक्सो) मोहम्मद नसीम ने आदेश में रामचरित मानस की चौपाई का भी उल्लेख किया, 'अनुज बधू भगिनी सुत नारी। सुनु सठ कन्या सम ए चारी।। इन्हहि कुदृष्टि बिलोकई जोई। ताहि बधे कछु पाप न होई'। यानी छोटे भाई की स्त्री, बहन, पुत्र की स्त्री और कन्या ये चारों समान हैं। इनको जो कोई बुरी दृष्टि से देखता है, उसे मारने में कुछ भी पाप नहीं होता। कोर्ट ने कहा, बच्ची के साथ ऐसा कुकृत्य करने वाला आदमी नहीं नर-पिशाच है और इसे तब तक फंदे पर लटकाए रखा जाए, जब तक उसके प्राण न निकल जाएं। अपने सगे भाई की तीन वर्षीय बेटी के साथ ऐसा करने वाले अविवाहित दोषी की पैरवी के लिए कोई नहीं आया।

दुष्कर्म के बाद मरणासन्न मिली बच्ची को पुलिस ने एंबुलेंस को स्कार्ट कर लखनऊ तक पहुंचाकर उसकी जान बचा ली थी। उपचार से बच्ची की जान तो बच गई थी, लेकिन उसकी जिंदगी नर्क बन गई। वह जिंदगी और मौत की लड़ाई लड़ रही है। घटना के बाद बच्ची का मल-मूत्र द्वार एक हो जाने से वह पाइप के जरिये ही नित्यक्रिया करती है। पिता उसे लेकर दिल्ली में मजदूरी कर रहा है। फोन पर उसने कहा, मेरी बिटिया आज भी बिस्तर पर पड़ी रहती है और घाव में कीड़े पड़ जाते हैं। दुष्कर्मी को पुलिस ने एक मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया था। पीड़िता की मां द्वारा दर्ज कराई गई एफआइआर की विवेचना कर छह अक्टूबर, 2020 को अदालत में आरोप-पत्र दाखिल किया गया था।

### कोर्ट की टिप्पणी

'ऐ भेड़िया, नरपिशाच ....। तूने तो ऐसा कृत्य किया है, जिसे सोचकर भी मैं रातभर सो नहीं पाया। बस यही सोचता रहा कि हमारे समाज को क्या हो गया है। डायन भी कम से कम सात घर छोड़कर अपना शिकार करती है। तूने तो ऐसी मासूम बच्ची को अपना शिकार बनाया, जोकि तुझे बड़े पापा कहती थी। यह हवस नहीं दरिंदगी है। तूने ऐसी बच्ची को अपना शिकार बनाया, जिसका वजन मात्र 11 किलो था और तीन फीट लंबाई थी। उस लड़की का जर्रा-जर्रा जालिम तेरा शिकार हुआ। मेरी निगाह में इससे बड़ा कोई और अपराध नहीं होगा।'

## मथुरा के जन्मभूमि विवाद में हिंदुओं ने सुप्रीम कोर्ट में दायर की कैविएट

**नई दिल्ली, प्रेट्र:** मथुरा के कृष्ण जन्मभूमि विवाद को लेकर हिंदू पक्षकारों ने सुप्रीम कोर्ट में कैविएट दाखिल की है जिसमें मांग की गई है कि अगर मुस्लिम पक्ष इलाहाबाद हाई कोर्ट के हालिया आदेश को चुनौती देता है तो उनका पक्ष भी सुना जाए। हाई कोर्ट ने इस मुद्दे से जुड़े 18 मामलों की पोषणीयता (सुनवाई योग्य होने) के विरुद्ध याचिका को खारिज कर दिया था।

अधिवक्ता विष्णु शंकर जैन के जरिये कैविएट यह सुनिश्चित करने को दाखिल की गई है कि अगर दूसरा पक्ष शीर्ष अदालत में आता है तो हिंदू पक्षकारों के विरुद्ध कोई एकपक्षीय आदेश जारी नहीं किया जाए। एक अगस्त को हाई कोर्ट ने उस याचिका को खारिज कर दिया था जिसमें कृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह विवाद से जुड़े 18 मामलों की पोषणीयता को चुनौती दी गई थी।

# सर्वोच्च न्यायालय के आदेश वास्तविकता से अधिक 'सर्वोच्च'

अवमानना आदेश पर रोक लगाने को लेकर पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट के जस्टिस राजबीर ने सुप्रीम कोर्ट पर किया कटाक्ष

दयानंद शर्मा, जागरण

**चंडीगढ़:** पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट की एकल पीठ के आदेश का पालन नहीं करने के लिए अवमानना केस में पारित आदेश पर सुप्रीम कोर्ट ने रोक लगा दी है। हाई कोर्ट के जज ने सुप्रीम कोर्ट पर कटाक्ष करते हुए कहा, सर्वोच्च न्यायालय के ऐसे आदेश सर्वोच्च न्यायालय को वास्तविकता से अधिक 'सर्वोच्च' मानने तथा हाई कोर्ट को संवैधानिक रूप से उससे कम उच्च मानने की प्रवृत्ति को दर्शाते हैं। हाई कोर्ट के जज ने कहा, अवमानना कार्यवाही पर रोक लगाने के ऐसे आदेशों के कितने कठोर और नुकसानदायक परिणाम हो सकते हैं, इसकी कल्पना सुप्रीम कोर्ट ने अपनी व्यापक कल्पना में भी नहीं की होगी।

जस्टिस राजबीर सेहरावत की अध्यक्षता वाली एकल पीठ हाई कोर्ट की खंडपीठ के आदेशों पर रोक नहीं होने के बावजूद अवमानना आदेशों के खिलाफ अपील पर सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिए गए स्थगन आदेशों से आहत थी। जस्टिस राजबीर सेहरावत ने कहा, इस कोर्ट की विनम्र राय में सुप्रीम कोर्ट को भी अपने आदेश के माध्यम से कानूनी परिणाम उत्पन्न करने में अधिक विशिष्ट होने के लिए सावधानी बरतनी चाहिए। जस्टिस सेहरावत के अनुसार, सुप्रीम कोर्ट का आदेश संविधान के अनुच्छेद 215 और कोर्ट की अवमानना अधिनियम के तहत हाई कोर्ट की शक्तियों पर रोक लगाने की प्रकृति का है। यह अत्यधिक संदिग्ध है कि क्या सर्वोच्च न्यायालय के पास संविधान के अनुच्छेद 215 और कोर्ट की अवमानना अधिनियम के संचालन को रोकने की कोई शक्ति है।

## 'सत्ता का ईमानदारी से इस्तेमाल, भले ही वह गलत हो, सत्ता का दुरुपयोग नहीं'

**राज्य ब्यूरो, चंडीगढ़:** पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट ने लुधियाना जिले के जगराओं नगर परिषद के अध्यक्ष जतिंदर पाल को हटाने का आदेश रद करते हुए टिप्पणी की कि सत्ता का ईमानदारी से प्रयोग, भले ही वह त्रुटिपूर्ण हो, सत्ता का दुरुपयोग नहीं है। नगर परिषद अध्यक्ष को चयनित संविदा कर्मचारियों को नियुक्ति-पत्र वितरण के लिए तय कार्यक्रम से पहले ही नियुक्ति-पत्र जारी करने व सत्ता का दुरुपयोग करने के आरोप में हटाया गया था। कोर्ट ने कहा, आरोप यह नहीं है कि जिन व्यक्तियों को नियुक्ति-पत्र जारी किए गए थे, वे इसे प्राप्त करने के पात्र या हकदार नहीं थे बल्कि यह है कि नियुक्ति-पत्र ऐसे कार्यक्रम में वितरित किए गए जो अभी तय नहीं हुआ था। याचिकाकर्ता पर आरोप है कि उसने अधिक से अधिक चयनित संविदा कर्मचारियों को पहले नियुक्ति-पत्र जारी करने का श्रेय लेने का प्रयास किया था। पीठ ने कहा, याचिकाकर्ता का यह कृत्य, प्रशंसा व प्रसिद्धि पाने के लिए जल्दबाजी में लिया गया निर्णय हो सकता है, परंतु इसे सत्ता का दुरुपयोग नहीं कहा जा सकता। कोर्ट ने कहा, भले ही इस कृत्य को सत्ता का दुरुपयोग माना जाए, परंतु इससे सरकारी खजाने को नुकसान नहीं हुआ है। निर्विवाद है कि सफाई सेवकों का विधिवत चयन किया गया था। उन्हें नियुक्ति-पत्र जारी होने के बाद अपनी सेवा में शामिल होना था। इसलिए, याचिकाकर्ता के उक्त कृत्य को सत्ता का दुरुपयोग नहीं कहा जा सकता, जिससे उसे पद से हटाया जाए।

# लखनऊ में दुष्कर्म पीड़िता का गर्भपात कराया, डीएनए टेस्ट को लिया सैंपल

**अयोध्या दुष्कर्म प्रकरण**



भदरसा से भरतकुंड जाने वाले मार्ग पर तैनात पुलिसकर्मी • जागरण

**जागरण संवाददाता, लखनऊ :** अयोध्या में सामूहिक दुष्कर्म की पीड़िता का मंगलवार को डाक्टरों ने अस्पताल में गर्भपात कराया। इसके साथ ही डीएनए टेस्ट के लिए भ्रूण और किशोरी का सैंपल ले लिया गया है। सूत्रों के मुताबिक, सैंपल दुष्कर्म की जांच कर रहे विवेचक को सौंप दिया गया है।

दुष्कर्म पीड़िता को सोमवार को अयोध्या से लखनऊ के लिए रेफर किया गया था। उसके साथ सीएमओ के साथ ही अन्य अधिकारी भी आए थे। लखनऊ में डाक्टरों की टीम ने उसका परीक्षण किया तथा सब जांचें सामान्य होने पर मंगलवार को उसका गर्भपात कराया। पीड़िता की उम्र 18 वर्ष से कम थी और उसको 12 सप्ताह का गर्भ था, इसलिए गर्भ समापन में कोई कानूनी अड़चन नहीं थी। सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइन के मुताबिक 24 सप्ताह तक गर्भपात किया जा सकता है। अस्पताल प्रशासन ने स्वजन की सहमति के बाद गर्भपात करने का फैसला किया था। गर्भपात के बाद किशोरी की हालत सामान्य है और जल्द ही उसे अस्पताल से छुट्टी दे दी जाएगी। आरोप है कि अयोध्या के भदरसा में सपा नेता मोईद खान और उसके नौकर राजू खान ने किशोरी को बेकरी में ले जाकर उसे बिस्किट खिलाया था, जिसे खाने के बाद वह बेसुध हो गई थी। इसके बाद दुष्कर्म कर वीडियो क्लिप बनाई गई और प्रसारित करने का भय दिखाकर उसके साथ कई बार दुष्कर्म किया गया। उसके गर्भवती होने पर मामला खुला और स्वजन ने दोनों आरोपितों के खिलाफ 30 जुलाई मुकदमा दर्ज कराया। दोनों आरोपित जेल में हैं।


Govt. of Haryana

# HSIIDC Announces e-Auction of INDUSTRIAL PLOTS in its various Industrial Estates

(under General Category)



| Registration/ EMD Payment Start Date : | Registration/EMD Payment End Date & Time: | Tentative e-Auction Date: |
|---|---|---|
| 01.08.2024 From 9.00 AM | 16.08.2024 At 11.59 PM | w.e.f. 21.08.2024 |

| District | Industrial Estate | Tentative Plot Sizes (SQM)* | Reserve Price (Rs. per sqm) (Tentative)* |
|---|---|---|---|
| Sonipat | IE Barhi | 4500 to 8300 | Rs. 27200/- psm |
| Sonipat | Mega Food Park IE Barhi | 1800 to 4275 | Rs. 27200/- psm |
| Rewari | IMT Bawal | 13300 to 86850 | Rs. 16300/- psm |
| Sirsa | IE Sirsa | 300 to 1012.50 | Rs. 19400/- psm |
| Jind | IE Narwana | 450 to 2800 | Rs. 14850/- psm |
| Rewari | IE Dharuhera | 4050 to 15000 | Rs. 29600/- psm |
| Sonipat | Mega Food Park IE Rai | 1800 to 3000 | Rs. 33250/- psm |
| Panipat | IE Panipat | 4050 to 78165 | Rs. 19300/- psm |
| Faridabad | IMT Faridabad | 7600 to 15000 | Rs. 35900/- psm |
| Rohtak | IMT Rohtak | 2400 to 15000 | Rs. 21600/- psm |
| Rohtak | Mega Food Park IMT Rohtak | 450 to 4050 | Rs. 21600/- psm |
| Karnal | IE Karnal Sector-37 | 1012.50 to 3300 | Rs. 21900/- psm |
| Jhajjar | IE Bahadurgarh | 1800 to 6000 | Rs. 42450/- psm |
| Gurugram | Pace City Gurugram | 3800 | Rs. 72400/- psm |

** Tentative Reserve Price for FY 2024-25.*

**e-Auction Portal: http://hsiidc.bidx.in**

10% rebate on lumpsum payment of plot cost within 45 days of issuance of Regular Letter of Allotment; 5% rebate on lumpsum payment of plot cost within 90 days of issuance of Regular Letter of Allotment; 3% rebate on lumpsum payment of plot cost within 120 days of issuance of Regular Letter of Allotment; 1.5% rebate on lumpsum payment of plot cost within 150 days of issuance of Regular Letter of Allotment; there will be no rebate upon lump sum payment after 150 days

Provision for 20% rebate on plot cost (Industrial) to SC Category allottees

Wherever the basic minimum infrastructure is yet to be developed, the allotment shall be without offer of possession

**Criteria for decision regarding H-1 bids received may be referred at website www.hsiidc.org.in (https://hsiidc.org.in/acts-rules-and-policies/estate-management-procedure) as well as e-Auction portal/website - https://hsiidc.bidx.in**

**Remarks** *(i) Plots at Mega Food Park IE Barhi would be allotted for setting up Food Processing units only and also governed by norms of Ministry of Food Processing Industries, Government of India (MOFPI) as well as the lending bank/institution NABARD, as applicable from time to time* ***(ii)*** *Plots at Mega Food Park Rai would be allotted for setting up units for food processing and related products only* ***(iii)*** *Mega Food Park IMT Rohtak project is being set-up/established by HAFED. Marketing and allotment to be undertaken by HSIIDC/HAFED as per HSIIDC allotment norms/policy or as decided by HAFED. Plots would be allotted for setting up Food Processing units only and also governed by norms of Ministry of Food Processing Industries, Government of India (MOFPI), lending bank/institution, HAFED, as applicable from time to time*

**RESERVE PRICE AND BID PRICE ON THE E-AUCTION PORTAL WOULD BE INDICATED ON PER SQUARE METER BASIS**

The name of the bidder to be given at the time of registration shall be the same as in PAN Card

#For further details, the intended bidders may refer the updated 'e-Auction Brochure' available on website of the Corporation at **www.hsiidc.org.in / e-Auction portal http://hsiidc.bidx.in**

**Haryana State Industrial & Infrastructure Development Corporation**

Regd. Office: **C-13 & 14, Sector-6, Panchkula**, Ph. **0172-2590481-83**, E-mail: **contactus@hsiidc.org.in**, Website: **hsiidc.org.in**

********

संसेक्स 78,593.07 ↓ 166.33 | सराफा दिल्ली के भाव | सोना ₹ 71,700 10 ग्राम ↓₹ 1,100 | चांदी ₹ 82,000 1 किलो ↓₹2,200 | डालर ($) ₹83.92 ₹ ↓ 0.17

## एक नजर में

### 19.3 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ शाओमी शीर्ष पर

**नई दिल्ली:** 2024 की दूसरी तिमाही में सैमसंग को पछाड़कर चीनी कंपनी शाओमी 19.3 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ भारतीय स्मार्टफोन बाजार में शीर्ष पर रही है। साइबर मीडिया रिसर्च के अनुसार, अप्रैल-जून तिमाही के दौरान भारत के स्मार्टफोन बाजार में चार प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई और कुल मोबाइल बिक्री में साल-दर-साल आधार पर तीन प्रतिशत की गिरावट आई है। (प्रेट्र)

### राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने 1,000 करोड़ बचाए

**नई दिल्ली:** राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआइ) ने 15,700 करोड़ के बैंक ऋण का समय पूर्व भुगतान करके एक हजार करोड़ रुपये के ब्याज की बचत की है। अब उसकी बकाया ऋण देनदारी घटकर 3,20,000 करोड़ रह गई है। वित्त वर्ष 2023-24 में इनविट से 15,700 करोड़ रुपये की राशि जुटाई थी। इनविट की आय का उपयोग केवल कर्ज भुगतान के लिए किया जा सकता है। (प्रेट्र)

### जियो फाइनेंस की पेरिस में डिजिटल पेमेंट सेवा शुरू

**नई दिल्ली:** रिलायंस इंडस्ट्रीज की सब्सिडियरी जियो फाइनेंशियल सर्विसेज ने फ्रांस की राजधानी पेरिस में डिजिटल पेमेंट सेवाएं शुरू कर दी हैं। कंपनी ने मंगलवार को एक बयान में कहा कि इससे पेरिस जाने वाले भारतीय पर्यटकों को डिजिटल लेनदेन करने में मदद मिलेगी। अब भारतीय पर्यटक जियो फाइनेंस एप के जरिये एफिल टावर की टिकट बुक कर सकेंगे। (प्रेट्र)

### यूपीआइ के जरिये 10,000 करोड़ का कर्ज वितरण

**मुंबई:** भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआइ) के यूपीआइ प्लेटफार्म की क्रेडिट कार्ड से जुड़ी सुविधा में वृद्धि देखी जा रही है। इसमें एक महीने में लगभग 10,000 करोड़ रुपये का लेनदेन हो रहा है। एनपीसीआइ के सीईओ दिलीप अस्बे ने कहा कि यूपीआइ पर पहले से स्वीकृत कर्ज सुविधा भी जोर पकड़ रही है और हर महीने 200 करोड़ रुपये दिए किए जा रहे हैं। (प्रेट्र)

# तनाव लंबा चला तो व्यापार प्रभावित होने की आशंका

## पड़ोसी देश की स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं भारतीय निर्यातक, वहां के कारोबारियों से संपर्क की भी कर रहे कोशिश

**बांग्लादेश में तख्तापलट**

- तनाव लंबे समय तक जारी रहने पर भारत के गारमेंट निर्यातकों को हो सकता है फायदा
- निर्यातक बोले-सरकार ज्यादा दिनों तक बंद नहीं रख सकती है गारमेंट व लेदर उत्पादों के कारखाने



**जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली:** भारतीय निर्यातकों का कहना है कि बांग्लादेश में तनाव का माहौल लंबे समय तक जारी रहता है तो निश्चित रूप से उनका निर्यात कुछ हद तक प्रभावित होगा। अभी वे बांग्लादेश की स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं और वहां के कारोबारियों से संपर्क की कोशिश कर रहे हैं ताकि वे अपने बकाये का भुगतान हासिल कर सकें। तनाव लंबे समय तक जारी रहने पर भारत के गारमेंट निर्यातकों को फायदा हो सकता है, क्योंकि बांग्लादेश से गारमेंट मंगाने वाले देश अन्य देशों से अपनी मांग की पूर्ति करेंगे और कुछ आर्डर भारत के हिस्से में भी आ सकता है।

लेदर आइटम के सबसे बड़े निर्यातक फरीदा समूह के चेयरमैन रफीक अहमद ने बताया कि उनकी एक यूनिट ढाका के पास भी है और लंबे समय तक बांग्लादेश में तनाव जारी रहा तो वे भारत स्थित अपनी यूनिट से वहां की यूनिट के आर्डर की पूर्ति करेंगे। बांग्लादेश में आरक्षण आंदोलन की शुरुआत में 10 दिनों तक उनकी यूनिट बंद थी, लेकिन फिर खुल गई थी और अब फिर से कुछ दिनों से बंद है। उन्होंने बताया कि आगामी शुक्रवार के बाद वहां हालात सामान्य हो सकते है। वहां की सरकार काफी दिनों तक गारमेंट और लेदर आइटम की फैक्ट्रियां बंद नहीं रख सकती हैं।

बांग्लादेश के जीडीपी में टेक्सटाइल सेक्टर का योगदान 20 प्रतिशत से अधिक है। बांग्लादेश में भारतीय कंपनियां या दुनिया के अन्य गारमेंट ब्रांड इसलिए यूनिट लगाती हैं क्योंकि अति पिछड़े देश की श्रेणी में आने की वजह से बांग्लादेश से होने वाले निर्यात पर कोई शुल्क नहीं लिया जाता है। दूसरा, बांग्लादेश में श्रमिक अन्य देशों की तुलना में सस्ते हैं। इसलिए बांग्लादेश से गारमेंट निर्यात की लागत काफी कम हो जाती है। तभी भारत से तीन गुना अधिक बांग्लादेश गारमेंट निर्यात कर पाता है।

“कई भारतीय टेक्सटाइल कंपनियों की यूनिट बांग्लादेश में हैं और वहां जारी तनाव से उनकी चिंता बढ़ गई है। बांग्लादेश में यार्न और फेबरिक सप्लाई करने वाले भारतीय निर्यातक भी हालात पर लगातार नजर रख रहे हैं।
**-चंद्रिमा चटर्जी,** महासचिव, कन्फेडरेशन आफ इंडियन टेक्सटाइल इंडस्ट्रीज



भारतीय गारमेंट निर्यातक हमेशा ही अपने उत्पाद की गुणवत्ता के दम पर निर्यात आर्डर हासिल करना चाहते हैं, लेकिन यह सही है कि बांग्लादेश में तनाव कुछ समय तक जारी रहने पर शार्ट टर्म में गारमेंट निर्यात के कुछ आर्डर भारत के पास आ सकते हैं।
**-मिथिलेश्वर ठाकुर,** महासचिव, अपैरल एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल

स्थिर और मजबूत बांग्लादेश में भारत की रणनीति रुचि है। हम गेहूं, चावल, दाल, प्याज, मसाले, चीनी, खली और बिजली का बांग्लादेश को निर्यात करते हैं। अगर इन सामानों की आपूर्ति में किसी तरह का व्यवधान आता है तो वहां इनकी कीमतों में वृद्धि होगी और लोगों की परेशानी बढ़ेगी। यदि राजनीति उथल-पुथल की स्थिति लंबे समय तक बनी रहती है तो यह भारतीय व्यवसायों को वैकल्पिक बाजार तलाशने के लिए मजबूर कर सकती है।
**-अजय श्रीवास्तव,** संस्थापक, ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव



बांग्लादेश के साथ निर्यात और आयात गतिविधियां कमोवेश ठप हैं। व्यवधान पिछले पखवाड़े से ही दिखाई देने लगे थे, जिससे कुछ हद तक निर्यात प्रभावित हुआ है। हालांकि जल्द खराब होने वाले उत्पादों का निर्यात हमेशा की तरह जारी थी, लेकिन सोमवार की घटना के बाद उसे भी रोक दिया गया है। अनियमित इंटरनेट बैंकिंग चुनौती बन रहा है और इससे भी निर्यात पर असर पड़ा है।”
**-अजय सहाय,** महानिदेशक और सीईओ, फियो

### भारत के व्यापार संतुलन पर असर पड़ने की संभावना नहीं : एसएंडपी

**नई दिल्ली, प्रेट्र:** एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स के मुताबिक, भारत एक विविध निर्यातक देश है और बांग्लादेश से निर्यात में गिरावट से समूचे वित्त वर्ष की उसकी समग्र व्यापार स्थिति पर कोई असर पड़ने की आशंका नहीं है।

सावरेन एंड इंटरनेशनल पब्लिक फाइनेंस रेटिंग्स के निदेशक (एशिया-प्रशांत) एंड्रयू वुड ने कहा, 'एसएंडपी को उम्मीद है कि इस दौरान बांग्लादेश में घरेलू मांग की स्थिति कमजोर रहेगी और संभवतः भारत सहित अन्य देशों से बांग्लादेश को होने वाले निर्यात में कमी आएगी।' उन्होंने यह भी कहा कि अगर भारत का राजकोषीय घाटा कम रहता है तो हम रेटिंग को अपग्रेड कर सकते हैं। बांग्लादेश दक्षिण एशिया में भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है, जबकि भारत एशिया में पड़ोसी देश का दूसरा सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है।

### जुलाई में ईवी की बिक्री 55.2 प्रतिशत बढ़ी

**नई दिल्ली, प्रेट्र:** जुलाई में कुल इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) की बिक्री 55.2 प्रतिशत बढ़कर 1,79,038 इकाई रही। इस दौरान ई-दोपहिया वाहनों की बिक्री में 96 प्रतिशत का जोरदार उछाल दर्ज किया गया। फेडरेशन आफ आटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन (फाडा) के मासिक बिक्री आंकड़ों के अनुसार, जुलाई 2023 में कुल इलेक्ट्रिक वाहनों की बिक्री 1,16,221 इकाई रही थी। पिछले महीने इलेक्ट्रिक वाहनों की बिक्री 1,07,016 इकाई रही। यह जुलाई, 2023 में बेची गई 54,616 इकाई से 95.94 प्रतिशत अधिक है। इलेक्ट्रिक तिपहिया वाहनों की बिक्री भी जुलाई में 18.18 प्रतिशत बढ़कर 63,667 इकाई हो गई, जो एक साल पहले 58,873 इकाई थी।

जुलाई में वाणिज्यिक वाहनों की बिक्री भी बढ़ी और यह साल-दर-साल आधार पर दोगुनी होकर 816 इकाई हो गई है, जबकि जुलाई, 2023 में 364 वाणिज्यिक वाहन बेचे गए थे। जुलाई में यात्री वाहनों की बिक्री 2.92 प्रतिशत घटकर 7,541 इकाई रह गई।

## महंगे टमाटर से जुलाई में 11% बढ़ी शाकाहारी थाली की लागत

- जून की तुलना में मांसाहारी थाली भी छह प्रतिशत महंगी हुई
- वार्षिक आधार पर शाकाहारी थाली चार प्रतिशत सस्ती हुई

**मुंबई, प्रेट्र:** टमाटर की कीमतों में वृद्धि के चलते जून की तुलना में जुलाई में शाकाहारी थाली की कीमत में 11 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। क्रिसिल मार्केट इंटेलिजेंस एंड एनालिसिस की मासिक 'रोटी चावल रेट' रिपोर्ट में कहा गया है कि जून, 2024 की तुलना में जुलाई में मांसाहारी थाली भी छह प्रतिशत महंगी हुई है।

रिपोर्ट के अनुसार, रोटी, सब्जियां (प्याज, टमाटर और आलू), चावल, दाल, दही और सलाद वाली शाकाहारी थाली की कीमत जुलाई, 2024 में बढ़कर 32.6 रुपये प्रति प्लेट हो गई। जून, 2024 में इसकी कीमत 29.4 रुपये प्रति प्लेट थी। महंगे टमाटर के चलते जुलाई में शाकाहारी थाली की कीमत में 11 प्रतिशत की वृद्धि हुई। शाकाहारी थाली की कीमत में हुई 11 प्रतिशत की बढ़ोतरी में से सात प्रतिशत का योगदान महंगे टमाटर ने दिया। मांसाहारी थाली की कीमत जुलाई 2024 में छह प्रतिशत बढ़कर 61.4 रुपये प्रति प्लेट हो गई, जबकि इसी साल जून में यह 58 रुपये प्रति प्लेट थी। वार्षिक आधार पर शाकाहारी थाली की कीमत में चार प्रतिशत की कमी आई है। जुलाई 2023 में इसकी कीमत 34.1 रुपये प्रति प्लेट थी। दरअसल, पिछले साल जुलाई में टमाटर कीमतें इस बार की तुलना में ज्यादा थीं। जुलाई, 2024 में टमाटर की कीमत 66 रुपये प्रति किलोग्राम थी, जो जुलाई, 2023 के 110 रुपये प्रति किलोग्राम से बहुत कम है। रिपोर्ट में कहा गया है कि पिछले साल की समान अवधि की तुलना में प्याज की कीमतों में 65 प्रतिशत और आलू की कीमतों में 55 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है, जिससे थाली की लागत में कुल कमी सिर्फ चार प्रतिशत रह गई।

### खाद्य वस्तुओं की महंगाई को देखते हुए बैंक दर में कटौती संभव नहीं

**जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली:** खाद्य वस्तुओं की बढ़ती महंगाई को देखते हुए आरबीआइ की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) द्वारा नीतिगत दरों (रेपो रेट) में किसी तरह की कटौती करने की संभावना नहीं है। इस साल जून में खुदरा महंगाई दर 5.08 प्रतिशत दर्ज की गई थी। जुलाई में भी सब्जी के भाव में तेजी की वजह से खाद्य वस्तुओं की खुदरा महंगाई दर में राहत की उम्मीद नहीं है। इसका प्रभाव कुल खुदरा महंगाई दर पर दिख सकता है।

आरबीआइ ने खुदरा महंगाई दर को चार प्रतिशत तक लाने का लक्ष्य रखा है। आठ अगस्त को मौद्रिक नीति समिति के फैसले का एलान किया जाएगा। वर्ष 2023 के फरवरी में आरबीआइ ने आखिरी बार रेपो रेट में बढ़ोतरी की थी और तब से रेपो रेट 6.5 प्रतिशत पर स्थिर है। वैश्विक हालात में विकास दर में गिरावट की आशंका पैदा हो रही है और इसलिए बैंक दर में राहत फिलहाल संभव नहीं दिख रही है।

## तीन दिनों में 3,273 अंक गिरा सेंसेक्स



- मंदी की आशंका के चलते मंगलवार को भी शुरुआती तेजी कायम नहीं रख सके शेयर बाजार

**166** अंक की गिरावट के साथ 78,593.07 पर बंद हुआ बीएसई का मानक सूचकांक

**मुंबई, प्रेट्र:** अमेरिका में मंदी की आशंका और जापान में नीतिगत दरों के बढ़ाए जाने के बाद पिछले तीन कारोबारी दिनों में सेंसेक्स 3,273 अंक गिरा है। वहीं एनएसई के निफ्टी में भी 1,918 की गिरावट आई है। तीन दिनों के दौरान दोनों ही सूचकांक में चार प्रतिशत से अधिक की गिरावट दर्ज की गई है। मंगलवार को जब बाजार खुले तो उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में अपनी शुरुआती तेजी कायम नहीं रख सके और 30 शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 166.33 अंक यानी 0.21 प्रतिशत की गिरावट के साथ 78,593.07 अंक पर बंद हुआ।

सेंसेक्स सुबह बढ़त के साथ खुला और निवेशकों की लिवाली से एक समय यह 1,092.68 अंक तक चढ़कर 79,852.08 अंक तक चला गया था। हालांकि, बाद में आरबीआइ की मौद्रिक समीक्षा से पहले बैंक शेयरों में बिकवाली से इसमें गिरावट आई और यह 78,496.57 अंक के निचले स्तर तक आया। नेशनल स्टाक एक्सचेंज का निफ्टी भी 63.05 अंक यानी 0.26 प्रतिशत की गिरावट के साथ 24,000 अंक के नीचे 23,992.55 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह एक समय 327 अंक चढ़कर 24,382.60 अंक तक चला गया था, लेकिन इसकी तेजी कायम नहीं रह पाई। सेंसेक्स और निफ्टी चार प्रतिशत से अधिक नीचे आ चुके हैं। वहीं, आरबीआइ के संभावित हस्तक्षेप के कारण मंगलवार को रुपया अपने सर्वकालिक निचले स्तर से उबरता हुआ कारोबार के अंत में 16 पैसे की तेजी के साथ 83.93 प्रति डालर पर बंद हुआ।

### नौ प्रतिशत से ज्यादा बढ़ा जापान का निक्केई

जापान का प्रमुख सूचकांक निक्केई 225 मंगलवार को 3,217.04 अंक या 9.28 अंक की वृद्धि के साथ 34,675.46 के स्तर पर बंद हुआ। सोमवार को इसमें 12.4 प्रतिशत या 4,451.28 अंक की गिरावट रही थी। भारतीय समयानुसार रात करीब एक बजे अमेरिका के सभी प्रमुख बाजार 1.25 से 1.75 की तेजी के साथ कारोबार कर रहे थे।

### सोने में 1,100 की गिरावट, चांदी 2,200 रुपये लुढ़की

आभूषण विक्रेताओं की कमजोर मांग के कारण स्थानीय सराफा बाजार में मंगलवार को सोने का भाव 1,100 रुपये लुढ़ककर 71,700 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। अखिल भारतीय सराफा संघ ने कहा कि चांदी की कीमतों में लगातार चौथे सत्र में गिरावट जारी रही और यह 2,200 रुपये लुढ़ककर 82,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई।



## कालेज में हिजाब पर प्रतिबंध के खिलाफ कोर्ट में होगी सुनवाई

**नई दिल्ली, प्रेट्र :** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को कहा कि उसने बांबे हाई कोर्ट के फैसले के खिलाफ दायर याचिकाओं को सूचीबद्ध करने का आदेश दिया है। कालेज में हिजाब, बुर्का पर प्रतिबंध को बरकरार रखने वाले बांबे हाई कोर्ट के फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिकाएं दायर की गई हैं। जैनब अब्दुल कय्यूम सहित अन्य याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश वकील अबीहा जैदी ने कहा कि तत्काल सुनवाई करने की जरूरत है क्योंकि कालेज में यूनिट टेस्ट बुधवार से शुरू होने की संभावना है।

मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस जेबी पार्डीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की पीठ ने कहा कि उसने पहले ही मामले के लिए एक पीठ नियुक्त कर दी है और इसे जल्द ही सूचीबद्ध किया जाएगा।

बीती 26 जून को हाई कोर्ट ने चेंबूर ट्रांबे एजुकेशन सोसाइटी के एनजी आचार्य और डीके मराठे कालेज के परिसर में हिजाब-बुर्के पर प्रतिबंध लगाने के फैसले का समर्थन किया था।

हाई कोर्ट ने कहा था कि हिजाब-बुर्के पर प्रतिबंध लगाना छात्रों के मौलिक अधिकारों का उल्लंघन नहीं है। हाई कोर्ट ने कहा कि स्कूल-कालेज में ड्रेस कोड अनुशासन बनाए रखने के लिए है।

### स्कूल भर्ती मामले में बंगाल की याचिका पर सितंबर में सुनवाई करेगा सुप्रीम कोर्ट



**नई दिल्ली, प्रेट्र:** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को कहा कि वह बंगाल सरकार और अन्य की उन याचिकाओं पर सितंबर में सुनवाई करेगा, जिसमें कलकत्ता हाई कोर्ट के आदेश को चुनौती दी गई है। हाई कोर्ट ने राज्य सरकार के स्कूलों और सहायता प्राप्त स्कूलों में 25,753 शिक्षकों, गैर-शिक्षण कर्मचारियों की नियुक्तियों को अवैध ठहरा दिया था।

सीजेआइ डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस जेबी पार्डीवाला व जस्टिस मनोज मिश्रा की पीठ ने पक्षकारों को याचिकाओं पर जवाब दाखिल करने के लिए 16 अगस्त तक का समय दिया। पीठ ने नोडल अधिवक्ता को इलेक्ट्रानिक प्रारूप में रिकार्डों का साझा संकलन तैयार करने का निर्देश दिया और यह सुनिश्चित करने को कहा कि पक्षकारों द्वारा उल्लेखित फैसले पीडीएफ दस्तावेजों के एक सेट का हिस्सा हों। अदालत इस मामले में कलकत्ता हाई कोर्ट के 22 अप्रैल के फैसले के विरुद्ध 33 याचिकाओं पर सुनवाई कर रही है।

## नदी तटों पर प्लास्टिक कचरे की डंपिंग से सुप्रीम कोर्ट चिंतित

**नई दिल्ली, आइएएनएस:** सुप्रीम कोर्ट ने देश में नदी तटों और जलाशयों में प्लास्टिक कचरे की डंपिंग पर चिंता जताई है। कोर्ट ने अपने बयान में कहा कि जिन क्षेत्रों को प्रदूषणकारी उत्पादों से मुक्त रखा जाना चाहिए, वहां प्लास्टिक का व्यापक उपयोग हो रहा है। प्लास्टिक की डंपिंग से पर्यावरण को भारी नुकसान हो रहा है और देश की नदियों व जलाशयों में जलीय जीवन पर भी इसका असर पड़ रहा है।

जस्टिस ऋषिकेश राय की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा, ''जब तक जिम्मेदार प्राधिकरणों द्वारा जनता के सहयोग से ठोस प्रयास नहीं किए जाते, तब तक गंगा समेत सभी नदियों और जलाशयों के जल की गुणवत्ता में अपेक्षित सुधार अधूरा ही रहेगा।''

पीठ ने यह टिप्पणी एक याचिका पर सुनवाई के दौरान की, जिसमें पटना में गंगा तट पर अतिक्रमण और अवैध निर्माण को हटाने की मांग की गई है। पीठ में शामिल जस्टिस एसवीएन भट्टी ने केंद्र सरकार, राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन और बिहार सरकार को याचिका में उठाए गए मुद्दों और इसके साथ ही उच्चतम न्यायालय की ओर से नदी तटों और तलाशयों में प्लास्टिक कचरे की डंपिंग पर जताई गई चिंता पर चार सप्ताह में हलफनामा देने को कहा है। यह याचिका एक पटना निवासी की ओर से दी गई है।

## वकील के बार-बार जल्द सुनवाई के अनुरोध पर नाराज हुए सीजेआइ

**मुख्य न्यायाधीश ने कहा- आप एक दिन यहां आकर क्यों नहीं बैठते और कोर्ट मास्टर को बता देते कि आपको कौन सी तारीख चाहिए**

**नई दिल्ली, प्रेट्र :** शिवसेना के विधायकों को अयोग्य करार देने से संबंधित मामले की जल्द सुनवाई के लिए एक वकील के बार-बार अनुरोध करने से नाराज सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने उनसे कहा कि आप एक दिन के लिए यहां बैठिए। हम विश्वास के साथ कह सकते हैं कि आप अपनी जान छुड़ाकर भागेंगे।

चीफ जस्टिस चंद्रचूड़, जस्टिस जेबी पार्डीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की पीठ महाराष्ट्र के राजनीतिक विवादों से संबंधित दो अलग-अलग याचिकाओं पर सुनवाई की तारीखें तय कर रही थी। उद्धव ठाकरे गुट ने महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर के उस आदेश को चुनौती दी है, जिसमें जून 2022 में शिवसेना में विभाजन के बाद मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाले गुट को असली राजनीतिक दल घोषित किया गया है। दूसरी याचिका राकांपा के शरद पवार गुट द्वारा दायर की गई है, जिसमें नार्वेकर के उस फैसले को चुनौती दी गई है, जिसमें उपमुख्यमंत्री अजित पवार के नेतृत्व वाले गुट को असली राकांपा घोषित किया गया था। हाल में शीर्ष कोर्ट ने शरद पवार गुट की याचिका पर अजित पवार और उनके 40 विधायकों को नोटिस जारी किया था।

शुरुआत में सीजेआइ ने कहा कि शिवसेना के मामले में दलीलें पूरी हो चुकी हैं। राकांपा से जुड़े विवाद मामले को सूचीबद्ध करते समय पीठ ने अजित पवार गुट की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता एनके कौल की इस दलील पर गौर किया कि शरद पवार समूह की याचिका पर जवाब दाखिल करने के लिए तीन हफ्ते का समय दिया जाना चाहिए। शीर्ष अदालत ने अंततः अजित पवार गुट और उसके 40 विधायकों को जवाब दाखिल करने के लिए 10 दिन का समय दिया तथा कहा कि इसके बाद याचिका पर सुनवाई की जाएगी। इस बीच, उद्धव ठाकरे गुट की ओर से पेश हुए एक वकील ने नजदीक की तारीख देने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव करीब हैं और मामले को जल्द सूचीबद्ध किया जाना चाहिए। वकील ने कहा कि दस्तावेजों का संकलन दो-तीन दिनों में तैयार किया जा सकता है। इस पर सीजेआइ ने कहा- 'कृपया कोर्ट को आदेश न दें।' उन्होंने कहा-'आप एक दिन के लिए यहां आकर क्यों नहीं बैठते और कोर्ट मास्टर को बता देते कि आपको कौन सी तारीख चाहिए। आप देख सकते हैं कि न्यायालय पर काम का कितना बोझ है, कृपया एक दिन के लिए यहां आकर बैठिए। मैं विश्वास के साथ कह सकता हूं कि आप अपनी जान छुड़ाकर भागेंगे।'

## किसानों के लिए ब्याज सहायता योजना जारी रखने को मंजूरी

**मुंबई, प्रेट्र:** सरकार ने चालू वित्त वर्ष के दौरान किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) के माध्यम से लिए गए कृषि और संबद्ध गतिविधियों के लिए तीन लाख रुपये तक के अल्पकालिक कर्ज के लिए ब्याज सहायता योजना जारी रखने को मंजूरी दी है। इसके तहत किसानों को सात प्रतिशत की रियायती ब्याज दर पर ऋण मिलता है। समय पर कर्ज चुकाने वाले किसानों को तीन प्रतिशत वार्षिक की अतिरिक्त ब्याज सहायता प्रदान की जाती है।

आरबीआइ ने कहा, 'इसका यह भी अर्थ है कि उपरोक्त समय पर ऋण चुकाने वाले किसानों को वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान चार प्रतिशत सालाना की दर से अल्पकालिक फसल ऋण या पशुपालन, डेरी, मत्स्य पालन, मधुमक्खी पालन आदि सहित संबद्ध गतिविधियों के लिए अल्पकालिक ऋण मिलेगा।' केंद्रीय बैंक ने कहा, ऋण देने वाली संस्थाओं को ब्याज सहायता की दर 2024-25 के लिए 1.5 प्रतिशत होगी। आरबीआइ ने कहा, उत्पादों को गोदाम में संग्रहित करने को प्रोत्साहित करने के लिए ब्याज छूट का लाभ फसल की कटाई के बाद छह महीने तक की अवधि के लिए छोटे किसानों को उपलब्ध होगा। प्राकृतिक आपदाओं से प्रभावित किसानों को राहत देने के लिए, उस वर्ष के लिए लागू ब्याज छूट दर पुनर्गठित ऋण पर पहले वर्ष के लिए बैंकों को उपलब्ध कराई जाएगी।

## नई हज नीति पेश, सरकारी कोटा घटाकर 70 प्रतिशत किया गया

**2025** में प्राइवेट हज ग्रुप आर्गनाइजर को मिलेगा 30 प्रतिशत कोटा

**65** वर्ष से अधिक उम्र के हजयात्रियों के साथ एक सहयोगी का होना जरूरी होगा

**नई दिल्ली, प्रेट्र :** सरकार ने नई हज नीति पेश कर दी है। इसके तहत सरकारी कोटा घटाया गया है। वर्ष 2025 के लिए पेश नई नीति के तहत भारत को आवंटित कुल हज यात्रियों के कोटे में से 70 प्रतिशत कोटा भारतीय हज कमेटी के पास होगा। प्राइवेट हज ग्रुप आर्गनाइजर (एचजीओ) को 30 प्रतिशत कोटा आवंटित किया जाएगा। वर्ष 2024 में सरकारी कोटा 80 प्रतिशत था, जिसे 10 प्रतिशत कम किया गया है। नई हज नीति में 65 से अधिक उम्र के आवेदकों को प्राथमिकता दी गई है, इसके बाद बिना मेहरम वाली महिलाओं (एलडब्ल्यूएम) और फिर सामान्य श्रेणी को प्राथमिकता दी गई है।

नई नीति के तहत 65 वर्ष और उससे अधिक के हजयात्रियों को आरक्षित श्रेणी के तहत पंजीकृत किया जाएगा। इसमें कहा गया है, हजयात्रा मुश्किल होती है, इसलिए 65 या उससे अधिक उम्र के हजयात्रियों के लिए एक सहयोगी होना जरूरी है। 65 या उससे अधिक उम्र के किसी भी हजयात्री को अकेले पंजीकृत नहीं किया जाएगा। 2024 की नीति में 70 से अधिक उम्र के हजयात्रियों के लिए एक सहयोगी का होना जरूरी था। 65 या उससे अधिक आयु की एलडब्ल्यूएम हजयात्रियों के मामले में, 45-60 वर्ष की एक महिला साथी का साथ होना जरूरी होगा। 65 वर्ष या उससे अधिक आयु के गैर-एलडब्ल्यूएम हजयात्रियों के लिए एक साथी को अनुमति दी जाती है, जो नजदीकी रिश्तेदार होना चाहिए। पति, पत्नी, भाई, बहन, बेटा, बेटी, दामाद, बहू, पोता, पोती, भतीजे और भतीजी को साथी के रूप में यात्रा करने की अनुमति दी जाएगी।

भारतीय हज यात्रियों के लिए सुगम हजयात्रा सुनिश्चित करने के लिए हज-2024 के दौरान 'हज सुविधा' एप लांच किया गया। सभी हजयात्रियों से अपेक्षा की जाती है कि वे इस एप से वाकिफ हों। एप की कार्यक्षमता पर भारतीय हज कमेटी समय-समय पर सलाह जारी करेगी। हज आवेदन पत्र हजयात्रियों द्वारा भारतीय हज कमेटी की वेबसाइट के माध्यम से भरे जा सकते हैं, जिसे फोन पर भी एक्सेस किया जा सकता है। भारत सरकार और सऊदी अरब हर साल हज समझौते पर हस्ताक्षर करते हैं, जिसमें भारत को आवंटित हज सीटों की संख्या शामिल होती है। भारत और सऊदी अरब ने पिछले साल एक द्विपक्षीय समझौते पर हस्ताक्षर किए थे, जिसके तहत नई दिल्ली को 2024 में वार्षिक हज यात्रा के लिए 1,75,025 तीर्थयात्रियों का कोटा आवंटित किया गया।

**जागरण विशेष**
**प्रथम गांव**

## सीमा पर बसे बालाकोट में बह रही विकास की बयार

### जम्मू संभाग में नियंत्रण रेखा से सटे पुंछ के गांव की बदल गई तस्वीर

गगन कोहली • जागरण

**राजौरी:** एक समय था जब जम्मू संभाग में नियंत्रण रेखा से सटे पुंछ के बालाकोट व आसपास के गांवों में सुविधाओं की कल्पना करना भी बेमानी था। न ही खेतों में ठीक से काम होता था और न ही लोग अपने बच्चों को स्कूल भेजते थे, लेकिन अनुच्छेद-370 हटने के बाद आए बदलाव के कारण सीमा पर बसे गांवों में विकास की गति तेज हुई है। स्थितियां सुधरीं, स्कूल बेहतर हुए तो बच्चे पढ़ने भी जाने लगे हैं। खेतों में फसलें लहलहाने लगीं तो आर्थिक स्थिति भी सुधर रही है।

**बदला माहौल:** ग्रामीण जुल्फिकार बताते हैं कि अब माहौल पूरी तरह बदल चुका है। अब बंद की घोषणाएं नहीं होतीं। इससे स्कूल पूरे समय खुले रहते हैं। बच्चों को सुरक्षित माहौल में पढ़ाई करने का अवसर मिल रहा है। अब लगता है कि इनका बचपन लौट आया है। हम चाहते हैं कि जो दर्द हमने देखा है, वह हमारे बच्चे न देखें। ग्रामीण काला खान कहते हैं कि एक दौर था जब हम अपने बच्चों को घर से बाहर नहीं निकलने देते थे, लेकिन जब से इस क्षेत्र में शांति आई है, एलओसी के करीब खेतों और मैदान में बच्चे खेलते दिखते हैं।

**बिजली से रोशन गांव:** अब बालाकोट गांव तक बिजली भी पहुंच रही है। एक समय था जब बालाकोट गांव को कहने को तो बिजली आपूर्ति से जोड़ दिया गया था, लेकिन इससे जुड़ा पूरा ढांचा ध्वस्त था। बिजली आती नहीं थी। अब बालाकोट ही नहीं, आसपास के मंजाकोट, पंज गराई और बसुनी गांव भी बिजली से रोशन हैं।

**पर्यटन बढ़ाने की योजना:** बालाकोट व इसके आसपास स्थित गांवों में पर्यटन को प्रोत्साहित करने की योजना पर कार्य हो रहा है। इस क्रम में सड़क सुरक्षा संगठन बालाकोट को सड़क नेटवर्क से जोड़ चुका है। जहां कार्य लंबित है, उसे पूरा किया जा रहा है।

### लोग कह रहे-बनी रहे व्यवस्था

जम्मू में अब हर सीमावर्ती गांव तक सड़क पहुंच रही है। दिन रात सड़क बनाने का कार्य चल रहा है, जिससे इन क्षेत्रों के लोगों को सुविधा हुई है। पहले लोगों को कई किलोमीटर पैदल सफर तय करना पड़ता था, लेकिन अब ऐसा नहीं है। सीमावर्ती क्षेत्रों में रहने वाले लोग दिन रात प्रार्थना करते हैं कि ऐसी ही व्यवस्था बनी रहे और लोगों का जीवन बेहतर होता जाए।



जम्मू संभाग में बालाकोट के पास दराटी गांव में बन रही है सड़क ताकि विकास के साथ जीवन की राह भी आसान हो • सौ. डीडीसी सदस्य



“हमारा पूरा ध्यान लोगों की समस्याओं का समाधान खोजने पर है। प्रयास है कि हमारे गांव तक भी पर्यटक आएं। इसके लिए अभी काफी कार्य करने बाकी हैं। हमारे गांव तक पहुंचने के लिए कई प्रकार की कानूनी प्रक्रिया से गुजरना पड़ता है। कश्मीर के गांवों में यह सुविधाएं आरंभ हुई हैं और हम उम्मीद करते हैं कि जम्मू संभाग में भी ये सुविधाएं जल्द मिलेंगी।
**खालिद हुसैन,** सदस्य, जिला विकास परिषद, ढुंगी

अतिरिक्त सामग्री पढ़ने के लिए स्कैन करें।

## आम के लिए बच्चों की लड़ाई 40 साल बाद सुप्रीम कोर्ट में निपटाई

**सर्वोच्च अदालत ने उम्रकैद की सजा को सात साल कैद में बदला, कहा-यह जघन्य हत्या का मामला नहीं था, यह हत्या भी नहीं**

**नई दिल्ली, प्रेट्र :** उत्तर प्रदेश के एक गांव में बच्चों के बीच आम को लेकर हुई लड़ाई में लाठी से सिर पर किए वार में एक ग्रामीण की मौत हो गई। उस हत्या के 40 साल के बाद उम्रकैद की सजा पाए तीन दोषियों की सजा को सुप्रीम कोर्ट ने कम करते हुए महज सात साल की कैद कर दिया है।

1984 में गोंडा के एक गांव में आम खाने को लेकर हुई लड़ाई में एक गांव वाले के सिर पर लाठी मारकर उसकी हत्या करने के आरोप में तीन लोगों पर केस दर्ज किया गया था। गोंडा की अदालत ने 1986 में उन तीनों को हत्या के आरोप में उम्रकैद की सजा सुना दी। इसे 2022 में इलाहाबाद हाई कोर्ट में बरकरार रखा गया। जस्टिस सुधांशु धूलिया और अहसानुद्दीन अमानतुल्लाह की खंडपीठ ने तथ्यों को परखते हुए कहा कि मारे गए व्यक्ति की चोटों की प्रकृति और हथियार के रूप में लाठी को देखकर लगता है कि यह गैर इरादतन हत्या का मामला है और यह जानबूझकर की गई हत्या नहीं है, बल्कि यह हत्या ही नहीं है। लिहाजा, सर्वोच्च अदालत ने उम्रकैद की सजा को कम करके महज सात साल कैद की पुष्टि की है।

## 'जिस वजह से मुझे निकाला, उसी ने हसीना को देश छुड़वाया



तसलीमा नसरीन ● फाइल फोटो

- निर्वासित लेखिका तस्लीमा नसरीन ने ली पूर्व पीएम की चुटकी
- हसीना ने कट्टरपंथियों को खुश करने को मुझे देश से निकाला

**नई दिल्ली, प्रेट्र :** 1999 में बांग्लादेश से निष्कासित लेखिका तस्लीमा नसरीन ने पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना की चुटकी लेते हुए कहा कि जिन इस्लामी कट्टरपंथियों के कारण मुझे अपने देश से निकाला गया था, आज उन्हीं इस्लामी कट्टरपंथियों के कारण शेख हसीना का भी देश निकाला हुआ है।

पूर्व प्रधानमंत्री हसीना की स्थिति को अपने जैसा ही मानते हुए तस्लीमा नसरीन ने कहा कि उनकी किताब 'लज्जा' के विरोध के चलते ही वह बांग्लादेश से निकाले जाने के बाद से भारत में रह रही हैं। तस्लीमा नसरीन ने एक्स पर पोस्ट में कहा कि शेख हसीना सोमवार को आनन-फानन में अपने पद से इस्तीफा देकर भारत आ गईं हैं। बांग्लादेशी लेखिका तस्लीमा नसरीन ने अपनी पोस्ट में लिखा, 'हसीना ने इस्लामी कट्टरपंथियों को खुश करने के लिए मुझे बांग्लादेश से बाहर कर दिया था। जब 1999 में मैं देश गई तो मुझे बांग्लादेश में घुसने ही नहीं दिया गया। उसके बाद मुझे कभी भी बांग्लादेश जाने की अनुमति नहीं दी गई। आज वही इस्लामिक कट्टरपंथी छात्र आंदोलन का हिस्सा बनकर शेख हसीना को देश छोड़ने को मजबूर कर चुके हैं।' उल्लेखनीय है कि तस्लीमा नसरीन वर्ष 1994 से बांग्लादेश से निष्कासन झेल रही हैं।

## खासी स्वतंत्रता सेनानी की प्रतिमा खंडित करने का विरोध

**शिलांग, प्रेट्र :** मेघालय के मुख्यमंत्री कानराड के.संगमा ने बांग्लादेश की राजधानी ढाका में खासी स्वतंत्रता सेनानी यू.टिरोट सिंह की प्रतिमा को खंडित किए जाने का कड़ा विरोध किया है। सिंह ने 200 साल पहले अंग्रेजों के खिलाफ खासी हिल्स में आजादी की लड़ाई लड़ी थी।

भाजपा के सत्तारूढ़ सहयोगी दल नेशनल पीपुल्स पार्टी (एनपीपी) ने भी अल्पसंख्यकों और उनके पूजास्थलों पर हमले के कृत्य की कड़ी भर्त्सना की है। इंटरनेट मीडिया में टिरोट सिंह की प्रतिमा खंडित किए जाने की घटना प्रसारित हो चुकी है, जिसकी विभिन्न धड़ों ने कड़ी आलोचना की है। संगमा ने एक्स पर पोस्ट में कहा कि वह वीर टिरोट सिंह की प्रतिमा को तोड़े जाने की कड़ी निंदा करते हैं। खासी जनजाति के इस वीर की प्रतिमा को ढाका के भारतीय कल्चरल सेंटर में ध्वस्त कर दिया गया है।

भारत सरकार के खर्च से स्थापित इस प्रतिमा का इसी साल फरवरी में अनावरण किया गया था। खाली हिल्स के हीरो के नाम से विख्यात टिरोट सिंह के आदिवासी प्रमुख थे। उन्होंने अप्रैल, 1829 में खासी हिल्स में अंग्रेजों के खिलाफ युद्ध छेड़ा था। उन्हें चार साल के बाद गिरफ्तार कर ढाका की सेंट्रल जेल में भेजा गया था, जहां उनकी मृत्यु 17 जुलाई, 1835 में हुई थी।



ढाका में मंगलवार को प्रदर्शनकारियों द्वारा फूंके गए आवामी लीग पार्टी कार्यालय के सामने उठता धुआं ● एएफपी

### एक नजर में

**हसीना को लेकर आया विमान बांग्लादेश पहुंचा**

**ढाका, एएनआइ:** बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना को लेकर आया वायुसेना का सी-130जे विमान वापस बांग्लादेश पहुंच चुका है। इस दौरान विमान में सात बांग्लादेशी सैन्यकर्मी सवार थे। रक्षा सूत्रों ने बताया कि सुरक्षा एजेंसियों द्वारा भारत में उड़ान के दौरान विमान की निगरानी की गई। सूत्रों के अनुसार, बांग्लादेश वायु सेना के सी-130 जे ने मंगलवार सुबह करीब नौ बजे हिंडन एयरबेस से उड़ान भरी। बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री फिलहाल भारत में ही मौजूद हैं। इससे पहले पांच अगस्त को देश में बिगड़े हालात के बाद शेख हसीना इस्तीफा देने के बाद सोमवार शाम को भारत पहुंची थीं।

**सीमा पर खड़े 3000 ट्रक, 20 करोड़ का नुकसान**

**जागरण संवाददाता, सिलीगुड़ी :** बांग्लादेश में तख्तापलट के बाद व्यवसाय और उद्योग प्रभावित है। बांग्लादेश से लगी विभिन्न सीमाओं पर करीब 3000 माल लोड ट्रक खड़े हैं। उत्तर बंगाल एक्सपोर्ट एसोसिएशन के मुताबिक बांग्लादेश की वर्तमान स्थिति के कारण हर दिन 20 करोड़ रुपये के अधिक का नुकसान हो रहा है। सभी अंतरराष्ट्रीय चेक पोस्ट से व्यापार बंद है। बांग्लादेश में आंदोलन के चलते जुलाई महीने में ही कारोबार ठप हो गया था। नार्थ बंगाल एक्सपोर्टर्स एसोसिएशन के सचिव बृजकिशोर प्रसाद ने कहा कि जो माल बांग्लादेश को निर्यात हुआ है, उसका बिल फंसा हुआ है।

**खालिदा पहले रिहा हो जातीं तो हसीना बनी रहतीं पीएम**

**कोलंबो, प्रेट्र :** श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे ने मंगलवार को शेख हसीना के बांग्लादेश की सत्ता छोड़कर देश से बाहर जाने पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि यदि पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया को पहले ही जेल से रिहा कर दिया गया होता तो शेख हसीना अभी भी बांग्लादेश की प्रधानमंत्री होतीं। उन्होंने कहा कि हालांकि, मैं बांग्लादेश की आंतरिक राजनीति पर ज्यादा टिप्पणी नहीं करना चाहता। वह एक मित्र देश है। हमें याद रखना चाहिए कि शेख हसीना ने सबसे कठिन समय में हमारे देश को आर्थिक सहायता दी थी। उस समय हमारा देश गंभीर आर्थिक संकट के दौर से गुजर रहा था।

# बांग्लादेश की कमान अब मुहम्मद यूनुस के हाथ

## तीनों सेनाध्यक्षों और छात्र नेताओं से वार्ता के बाद हुआ एलान, देश छोड़कर जाते पूर्व विदेश मंत्री हसन महमूद हुए गिरफ्तार

- 84 वर्षीय यूनुस ने कहा, हसीना के जाने से दूसरी आजादी मिली
- बांग्लादेश में संसद भंग हुई, पूर्व पीएम खालिदा जिया हुई रिहा



खालिदा जिया ● फाइल/एएफपी

**ढाका, प्रेट्र :** बांग्लादेश में मंगलवार रात अंतरिम सरकार के मुखिया के तौर पर नोबेल पुरस्कार विजेता मुहम्मद यूनुस की नियुक्ति हो गई। राष्ट्रपति मुहम्मद शहाबुद्दीन ने छात्र आंदोलन के समन्वयक मंडल के 13 सदस्यों और तीनों सेना प्रमुखों से लंबी वार्ता के बाद यूनुस की नियुक्ति का फैसला किया। इससे पहले राष्ट्रपति ने देश की संसद (जातीय संसद) को भंग कर दिया जिससे अब नए आम चुनाव के लिए रास्ता साफ हो गया है। मंगलवार को ही मुख्य विपक्षी नेता व पूर्व प्रधानमंत्री बेगम खालिदा जिया भी रिहा हो गईं।

आंदोलनकारी छात्रों ने अंतरिम सरकार के प्रमुख के पद के लिए नोबेल पुरस्कार विजेता मुहम्मद यूनुस का नाम प्रस्तावित किया था। छात्र आंदोलन के समन्वयक मंडल में शामिल नाहिद इस्लाम ने बताया था कि मुहम्मद यूनुस को अंतरिम सरकार का प्रमुख बनाए जाने पर छात्रों में सहमति बनी है। बांग्लादेश को बचाने के लिए 84 वर्षीय यूनुस जिम्मेदारी संभालने के लिए तैयार हो गए हैं। दो अन्य समन्वयकों-आसिफ महमूद और अबू बकर मजूमदार के साथ नाहिद ने बताया कि सेना और सभी दलों से साफ कह दिया गया था कि यूनुस के नेतृत्व वाली सरकार के अतिरिक्त अन्य कोई सरकार छात्रों को स्वीकार्य नहीं है। देश में न हम सैन्य सरकार चाहते हैं और न ही फासिस्ट सरकार।

मुहम्मद यूनुस ने हसीना सरकार को हटाए जाने का स्वागत किया है। कहा है कि यह बांग्लादेश के लिए दूसरी आजादी की तरह है। ग्रामीण बैंक के जरिये गरीबी दूर करने के प्रयास के लिए यूनुस को 2006 में नोबेल शांति पुरस्कार दिया गया था। 2009 में शेख हसीना के सत्ता में आने के बाद यूनुस के खिलाफ दर्जनों मामले दर्ज किए गए थे। इनमें से श्रम कानून का उल्लंघन करने के एक मामले में उन्हें छह महीने के कारावास की सजा भी हुई थी। एक अन्य घटनाक्रम में देश छोड़कर जा रहे पूर्व विदेश मंत्री डा. हसन महमूद और एक अन्य पूर्व मंत्री जुनैद अहमद पलक को ढाका हवाई अड्डे से गिरफ्तार कर लिया गया है।

### हजारों छात्रों को रिहाई के लिए जमानत मिली

जुलाई और अगस्त में छात्र आंदोलन के दौरान गिरफ्तार हुए हजारों युवाओं को मंगलवार को जमानत दी गई। जुलाई में हुए आरक्षण विरोधी आंदोलन के दौरान हिंसा में लिप्त करीब 11 हजार छात्रों को गिरफ्तार किया गया था। कई हजार लोग अगस्त में गिरफ्तार हुए थे। राजधानी ढाका में कुछ कार्यालय मंगलवार को खुले और उनमें अधिकारी-कर्मचारी भी पहुंचे।

## शेख हसीना के मुखर विरोधी रहे हैं मुहम्मद यूनुस

**मुहम्मद यूनुस ने बांग्लादेश में अंतरिम सरकार की बागडोर संभाल ली है। शेख हसीना सरकार का तख्तापलट करने वाले प्रदर्शनकारी छात्र चाहते थे कि वह ही बांग्लादेश की अगुआई करें। आइये जानते हैं कि मुहम्मद यूनुस कौन हैं और भारत को लेकर उनका नजरिया क्या है।**



बांग्लादेश में गबन के एक मामले में जमानत पर हैं मुहम्मद यूनुस, समर्थकों का आरोप, हसीना के साथ खराब रिश्तों की वजह से बनाया गया निशाना

### कौन हैं मुहम्मद यूनुस

मुहम्मद यूनुस ने बांग्लादेश में 1983 में ग्रामीण बैंक की स्थापना की। यह बैंक गरीबों और छोटे कारोबारियों को छोटे लोन देता था, जिनको आम तौर पर बैंकों से लोन नहीं मिल पाता था। 83 वर्षीय मुहम्मद यूनुस को छोटे लोन के जरिये करोड़ों लोगों को गरीबी से बाहर निकालने का श्रेय दिया जाता है। इसके लिए उनको 2006 में नोबेल पुरस्कार भी मिल चुका है। बाद में उनके इस माइक्रोफाइनेंस बैंकिंग के माडल को दूसरे देशों में भी अपनाया गया।

### राजनीतिक महत्वाकांक्षा

माइक्रोफाइनेंस माडल की सफलता और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सुर्खियां बटोरने के साथ यूनुस ने राजनीति में स्थापित होने के लिए हाथ पांव मारे। 2007 में उन्होंने अपना राजनीतिक दल बनाने का प्रयास किया। हालांकि उनका यह प्रयास सफल नहीं हो सका। बांग्लादेश और दूसरे देशों में उनके आलोचकों का कहना है कि वे ज्यादा ब्याज वसूलते हैं और गरीबों से पैसा कमाते हैं। हालांकि यूनुस का कहना है कि ब्याज विकासशील देशों में उस समय की स्थानीय ब्याज दरों की तुलना में काफी कम था।

### 2011 में प्रबंध निदेशक पद से हटाए गए

2008 में शेख हसीना प्रशासन ने उनके खिलाफ जांच शुरू की। जांच के दौरान हसीना ने यूनुस पर ग्रामीण बैंक के प्रमुख के तौर पर गरीब ग्रामीण महिलाओं से लोन की वसूली के लिए बल प्रयोग और दूसरे तरीके अपनाने का आरोप लगाया। 2011 में हसीना सरकार ने बैंक की गतिविधियों की समीक्षा शुरू की और सरकारी नियमों का उल्लंघन करने के लिए यूनुस को प्रबंधन निदेशक के पद से हटा दिया गया। इसके बाद उनके खिलाफ और कई मामले दर्ज किए गए।

**शेख हसीना के विरोधी:** मुहम्मद यूनुस पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के मुखर आलोचक और विरोधी रहे हैं। उन्होंने शेख हसीना के इस्तीफे को दूसरा मुक्ति दिवस बताया है। मुहम्मद यूनुस शेख हसीना को बांग्लादेश में लोकतंत्र का कातिल बताते हैं। उनका कहना है कि बांग्लादेश में लोकतंत्र की हत्या के लिए भारत भी जिम्मेदार है। मुहम्मद यूनुस का कहना है कि शेख हसीना भारत के समर्थन से ही चुनाव के बजाय तानाशाही के जरिए बांग्लादेश की सत्ता पर काबिज रही हैं।

जागरण रिसर्च

## बांग्लादेश की आर्थिकी को नई ऊंचाइयों तक ले गईं हसीना

**जेएनएन, नई दिल्ली :** बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना अपने देश की आर्थिकी को नई ऊंचाइयों तक ले गईं। बांग्लादेश को स्वतंत्रता दिलाने वाले क्रांतिकारी शेख मुजीबुर्रहमान की बेटी हसीना ने अमेरिकी राजनेता हेनरी किसिंजर की उस बात को झुठला दिया जिसमें उन्होंने किसी समय बांग्लादेश की अर्थव्यवस्था को अपूर्णीय 'बास्केट केस' बताया था। किसिंजर ने कहा था कि बांग्लादेश की आर्थिकी इतनी खराब है कि चाहे कुछ कर लो, इसका कुछ होने वाला नहीं है।

1971 में पाकिस्तान से आजादी मिलने के बाद दुनिया के सबसे गरीब देशों में से एक बांग्लादेश की अर्थव्यवस्था 2009 में हसीना के सत्ता संभालने के बाद से हर साल औसतन छह प्रतिशत से ज्यादा की दर से बढ़ी है। गरीबी में भारी गिरावट आई है। देश के 170 मिलियन लोगों में से 95 प्रतिशत से ज्यादा लोगों के पास अब बिजली है। हाल के वर्षों में बांग्लादेश की प्रति व्यक्ति आय में जोरदार बढ़ोतरी हुई है। और तो और 2021 में प्रति व्यक्ति आय भारत से आगे निकल गई। स्वास्थ्य, शिक्षा और अन्य सामाजिक सूचकांकों में भी बांग्लादेश ने भारत की तुलना में बेहतर प्रदर्शन किया है। हसीना को म्यांमार में 2017 में सैन्य कार्रवाई से भागकर आए रोहिंग्या शरणार्थियों के लिए दरवाजे खोलने को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रशंसा मिली।

## हसीना को हटाने के एजेंडे पर था आंदोलन

प्रथम पृष्ठ से आगे

इस अंतर्निहित नींव को जून में शुरू हुए छात्र आंदोलन ने और बढ़ा दिया एवं जुलाई महीने तक हिंसा जारी रही। विदेश मंत्री ने कहा कि इस दौरान भारत ने बार-बार संयम बरतने की सलाह दी और आग्रह किया कि बातचीत के जरिये स्थिति को शांत किया जाए। इसी तरह के आग्रह वहां की विभिन्न राजनीतिक ताकतों से किए गए, जिनके साथ हम संपर्क में थे।

आरक्षण कोटा विवाद पर तीखे हुए आंदोलन के संबंध में विदेश मंत्री ने कहा कि 21 जुलाई को सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बावजूद सार्वजनिक आंदोलन में कोई कमी नहीं आई और आंदोलन प्रधानमंत्री शेख हसीना को हटाने के एक सूत्रीय एजेंडे के इर्द-गिर्द एकजुट हो गया। विदेश मंत्री ने कहा कि हम बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों की सुरक्षा और कल्याण सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न समूहों और संगठनों की पहल का स्वागत करते हैं। जयशंकर ने कहा कि पांच अगस्त को कर्फ्यू के बावजूद प्रदर्शनकारी ढाका में एकत्र हुए। हमारी समझ यह है कि सुरक्षा प्रतिष्ठान के नेताओं के साथ बैठक के बाद शेख हसीना ने प्रधानमंत्री पद से स्पष्ट रूप से इस्तीफा देने का फैसला किया। बहुत कम समय में उन्होंने भारत आने के लिए मंजूरी मांगी। हमें उसी समय बांग्लादेश के अधिकारियों से उड़ान की मंजूरी के लिए अनुरोध प्राप्त हुआ। वह सोमवार शाम दिल्ली पहुंच गईं। जयशंकर ने कहा कि बांग्लादेश में उभर रहे हालात के बीच सेना प्रमुख जनरल वकार-उज-जमां ने पांच अगस्त को राष्ट्र को संबोधित करते हुए जिम्मेदारी संभालने और अंतरिम सरकार के गठन के बारे में बात की।

**बांग्लादेश में हैं लगभग 19 हजार भारतीय नागरिक :**

जयशंकर ने कहा कि हम अपने राजनयिक मिशनों के माध्यम से बांग्लादेश में भारतीय समुदाय के साथ निकट और निरंतर संपर्क में हैं। वहां अनुमानित 19,000 भारतीय नागरिक हैं, जिनमें से लगभग 9,000 छात्र हैं। उच्चायोग की सलाह पर जुलाई में अधिकांश छात्र पहले ही भारत लौट चुके हैं। विदेश मंत्री के बयान के बाद उच्च पदस्थ सूत्रों ने बताया कि भारत ने बांग्लादेश में रह रहे 10,000 से अधिक भारतीयों की सुरक्षा के लिए ढाका के नए शासन तंत्र से संपर्क किया है।



### ढाका में पीएम आवास की सफाई...

ढाका में उपद्रव के बाद मंगलवार को प्रधानमंत्री आवास के प्रवेश द्वार की सफाई करते सैनिक ● रायटर

## बांग्लादेश के हालात भारत के लिए खतरनाक : कर्नल तारा

**जागरण संवाददाता, नोएडा:** पड़ोसी देश बांग्लादेश में तख्तापलट के साथ माहौल तनावपूर्ण है। 1971 के युद्ध में शेख हसीना परिवार की जान बचाने वाल नोएडा सेक्टर-28 निवासी सेवानिवृत्त कर्नल अशोक कुमार तारा ने पूरे घटनाक्रम को कुछ देशों की साजिश करार दिया है।



सेवानिवृत कर्नल अशोक कुमार तारा ● सौ. : स्वयं

उन्होंने कहा कि बांग्लादेश के वर्तमान हालात कुछ देशों की साजिश है। वह दक्षिण पूर्व एशिया को अस्थिर कर भारत को नुकसान पहुंचाना चाहते हैं। बांग्लादेश में जो हालात बन रहे हैं। वह एक पड़ोसी के तौर पर भारत के लिए खतरनाक है। भारत को आर्थिक, सामरिक और सुरक्षा तीनों मोर्चे पर सबसे ज्यादा प्रभावित करेगा। इस मामले को लेकर हम सब भारतीयों को एकजुट होने की जरूरत है।

2012 में बांग्लादेश के फ्रेंड्स आफ लिबरेशन वार आनर्स पुरस्कार से सम्मानित हो चुके कर्नल तारा ने 1971 युद्ध के दौरान पाकिस्तान सेना के हमले से शेख परिवार की रक्षा की थी। इसके लिए उन्होंने दो जवानों के साथ जान दांव पर लगाते हुए परिवार को सुरक्षित निकाला था। लगभग 25 मिनट तक उनकी पाक जवानों से वार्ता चलती रही। पाक कमांडर ने फायरिंग का आदेश भी दिया, लेकिन वह डटे रहे।

## ब्रिटेन ने फंसाया पेंच, अभी भारत में रहेंगी हसीना, विकल्पों पर विचार

**नई दिल्ली, प्रेट्र :** ब्रिटेन द्वारा शरण देने में हिचकिचाहट के बाद बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना की लंदन जाने की योजना अटक गई है और अगले कुछ दिनों तक उनके भारत से बाहर जाने की संभावना नहीं है। जानकारों ने यह जानकारी दी। बताया कि हसीना अब संयुक्त अरब अमीरात, बेलारूस, कतर, सऊदी अरब और फिनलैंड सहित कई विकल्पों पर विचार कर रही हैं।

प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा देने के बाद सोमवार को सी-130जे सैन्य परिवहन विमान से हिंडन एयरबेस पर उतरीं हसीना को अज्ञात स्थान पर ले जाया गया है। सूत्रों ने बताया कि हसीना बहन रेहाना के साथ अस्थायी शरण के लिए भारत से लंदन जाने वाली थीं, लेकिन ब्रिटेन की ओर से पेंच फंसाने के बाद वह अब दूसरे विकल्पों पर विचार कर रही हैं। ब्रिटेन सरकार ने संकेत दिया है कि हिंसक प्रदर्शन के मद्देनजर किसी भी जांच के खिलाफ ब्रिटेन में कानूनी सुरक्षा नहीं मिल सकती है।

सोमवार को ब्रिटेन के विदेश मंत्री डेविड लैमी ने लंदन में कहा-' बांग्लादेश में बीते कुछ सप्ताह से जबरदस्त हिंसा का दौर देखा गया। देश के लोग संयुक्त राष्ट्र के नेतृत्व में पूर्ण और स्वतंत्र जांच के हकदार हैं।' एक विशेषज्ञ ने कहा कि ब्रिटेन का जरूरतमंद लोगों को सुरक्षा प्रदान करने का रिकार्ड है, लेकिन साथ ही इसके आव्रजन नियमों में साफ है कि किसी को शरण या अस्थायी शरण लेने के लिए ब्रिटेन की यात्रा करने की अनुमति देने का कोई प्रविधान नहीं है। असल में हसीना ने लंदन जाने का फैसला इसलिए किया था क्योंकि रेहाना की बेटी ट्यूलिप सिद्दीक ब्रिटिश संसद की सदस्य हैं। हसीना ने भारत को अपने संभावित भावी कदमों के बारे में जानकारी दे दी है। यह भी पता चला है कि हसीना के परिवार के सदस्य फिनलैंड में भी हैं और उन्होंने उत्तरी यूरोपीय देश जाने पर भी विचार किया है।




गाजियाबाद के हिंडन स्थित एयर फोर्स स्टेशन ● एपी

### बांग्लादेश की स्थिति पर 'करीबी' नजर रख रहा चीन

**बीजिंग, प्रेट्र :** बांग्लादेश के संकटपूर्ण हालात को लेकर चीन ने मंगलवार को सधी हुई प्रतिक्रिया दी। चीनी विदेश मंत्रालय ने कहा, चीन बांग्लादेश के घटनाक्रम पर करीब से नजर रख रहा है। मंत्रालय ने कहा, बांग्लादेश के पड़ोसी और रणनीतिक भागीदार के रूप में चीन को पूरी उम्मीद है कि देश में स्थिरता जल्द ही बहाल हो जाएगी। गौरतलब है कि शेख हसीना आठ से 10 जुलाई तक चीन यात्रा पर गई थीं। इस दौरान चीन ने उनका भव्य स्वागत किया था। इस दौरान चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग के साथ शेख हसीना की बातचीत हुई थी। दोनों देशों ने 21 समझौतों पर हस्ताक्षर किए थे।

## शेख हसीना के कई विश्वासपात्र भी अब बांग्लादेश छोड़कर भागे

**ढाका, प्रेट्र:** बांग्लादेश में संकट के बीच शेख हसीना के विश्वासपात्र कई मंत्री देश छोड़ कर चले गए या छोड़ने की फिराक में हैं। ढाका ट्रिब्यून की रिपोर्ट में दावा किया गया था कि अवामी लीग के कई शीर्ष नेता, सांसद और कैबिनेट मंत्री हसीना के बांग्लादेश छोड़ने से पहले ही देश छोड़कर चले गए। अवामी लीग के महासचिव और सड़क परिवहन एवं पुल मंत्री ओबैदुल कादिर रविवार रात देश छोड़कर चले गए। उनके निजी सहयोगी ने कहा कि पूर्व कानून मंत्री अनीसुल हक, हसीना के इस्तीफे से पहले देश छोड़कर अज्ञात स्थान पर चले गए। शेख हसीना के निजी उद्योग और निवेश सलाहकार और कानूनविद् सलमान एफ. रहमान भी रविवार रात देश छोड़कर भाग गए। ढाका साउथ सिटी कारपोरेशन के मेयर और हसीना के भतीजे शेख फजले नूर तपोश शनिवार सुबह 'बिमान' फ्लाइट से ढाका से रवाना हुए। विमानन सूत्रों ने बताया कि वे सिंगापुर जाने वाले विमान में सवार हुए। विवादास्पद विधायक शमीम उस्मान पिछले सप्ताह ही देश छोड़कर भाग गए थे। पूर्व शिक्षा मंत्री मोहिबुल हसन चौधरी और ग्रामीण विकास और सहकारिता मंत्री मोहम्मद तजुल इस्लाम भी देश से चले गए हैं।

## हसीना को हटाने में अमेरिकी हाथ पर भी चर्चा

- अमेरिका ने अपदस्थ प्रधानमंत्री हसीना का वीजा कैंसिल किया, चीन व पाक की भूमिका पर संदेह
- हसीना सरकार को हाल ही में अमेरिका ने प्रतिबंध झेलने तक की भी दी थी धमकी

**जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली :** क्या बांग्लादेश की पूर्व पीएम शेख हसीना को सत्ता से बेदखल करने में अमेरिकी एजेंसियों का हाथ है? दुनियाभर में इस बात की जबरदस्त चर्चा है। खासतौर पर जिस तरह से अमेरिका व उसके पश्चिमी सहयोगी देशों ने हसीना के तख्तापलट पर ठंडी प्रतिक्रिया दी है, उससे उक्त चर्चा को बल मिला है। अमेरिका के एक प्रमुख सांसद चक शुमर ने हसीना के खिलाफ चल रहे आंदोलन को वैध करार दिया है और आंदोलनकारियों की तारीफ भी की है। अमेरिका की तरफ से हसीना की तरफ से शरण मांगे जाने को लेकर भी कोई सकारात्मक जवाब नहीं दिया गया है। बल्कि सूत्रों के हवाले से बताया तो यह जा रहा है कि अमेरिका ने हसीना का वीजा कैंसिल कर दिया है जबकि ब्रिटेन में ठंडी प्रतिक्रिया दी जा रही है।

कुछ लोगों ने पूर्व में अमेरिकी व बांग्लादेश की सैन्य सरकार के बीच बेहतर संबंधों का भी हवाला दिया है। देश के प्रमुख रणनीतिकार ब्रह्मा चेलानी का कहना है कि लोकतांत्रिक व्यवस्था को स्थापित करने में मदद करने के बहाने अमेरिका के पहले भी बांग्लादेश की सैन्य सरकार या सैन्य समर्थित व्यवस्थाओं के साथ अच्छे संबंध रहे हैं। हसीना सरकार को हाल ही में अमेरिका ने प्रतिबंध झेलने की भी धमकी दी थी। अब अमेरिका कह रहा है कि वह बांग्लादेश के लोगों की लोकतांत्रिक इच्छाओं का आदर करते हुए अंतरिम सरकार के साथ काम करेगा। यह बात जगजाहिर है कि अमेरिका के साथ हसीना सरकार के रिश्ते आम चुनाव (जनवरी, 2024) से पहले से ही खराब हो गए थे। बाइडन प्रशासन का एक धड़ा विपक्षी पार्टियों के दमन को लेकर हसीना सरकार की तरफ से उठाए जाने वाले कदमों को लेकर नाराज था। यह वही धड़ा है तो मानवाधिकार व लोकतंत्र के नाम पर दूसरी सरकारों पर दबाव बनाता है। भारत ने हसीना को सीधे राष्ट्रपति जो बाइडन से मिलाने में अहम भूमिका निभाई थी। हसीना को जी-20 शिखर सम्मेलन में विशेष मेहमान के तौर पर बुलाया गया था। नई दिल्ली में बाइडन व हसीना की मुलाकात हुई थी।

जनवरी में चुनाव जीतने के बाद हसीना ने एक सार्वजनिक सभा में कहा था कि गोरी चमड़ी वालों ने उन्हें आसानी से आम चुनाव जीतने का प्रलोभन दिया था। इसके बदले हसीना को उक्त देश को बांग्लादेश व म्यांमार के कुछ हिस्सों को मिलाकर एक ईसाई देश बनाने में मदद करनी थी। माना जाता है कि यह आरोप हसीना ने अमेरिका पर ही लगाया था। हसीना ने यह भी कहा था कि उक्त देश ने बांग्लादेश में एक एयरबेस बनाने का प्रस्ताव भी किया था और अगर उन्होंने यह मांग स्वीकार कर ली होती तो उनके साथ कोई समस्या पैदा नहीं होती। इसके कुछ ही हफ्तों बाद जून, 2024 में छात्र आंदोलन शुरू हो गया था। इसकी परिणति हसीना के तख्तापलट के तौर पर हुई है। जिस तरह बांग्लादेश में कट्टरपंथियों का हौसला बढ़ा है, वह पाकिस्तान की ओर इशारा करता है जबकि चीन भी हसीना के पतन से खुश है।

********

## गुमशुदा की तलाश


नीता

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक महिला (फोटो में दिखायी गयी है) जिसका नाम: नीता पिता: कृष्णा निवासी: मकान नं0–5&6, बी–ब्लॉक, गली नं0–7/6, गुरु नानक देव कॉलोनी, भलस्वा डेयरी, दिल्ली उम्र: 44 वर्ष, जो कि जो कि अपने घर से दिनांक 01.08.2024 प्रातः 10.00 बजे से लापता होने की सूचना मिली है। GD No. 86A दिनांक 01.08.2024 के तहत पुलिस स्टेशन भलस्वा डेयरी, दिल्ली में पंजीकृत किया गया।

उनका शारीरिक विवरण इस प्रकार है:–

रंग: सांवला, कद: 5'3", चेहरा: लम्बा, शरीर: पतला, पहनावा: गुलाबी रंग का सूट सलवार और पैरों में चप्पल पहनी है।

स्थानीय पुलिस द्वारा हर संभव कोशिश के बाद भी इस लापता महिला के बारे में कुछ मालूम नहीं हो पाया है। अगर किसी को भी इस लापता महिला के बारे में कोई जानकारी मिले तो कृपया निम्नलिखित पर सूचित करें।

थाना प्रभारी,
पुलिस स्टेशन भलस्वा डेयरी,
जिला बाहरी उत्तरी, दिल्ली
मो0: 9213062116

Website: http://cbi.nic.in
DP/10362/ON/2024

## कार्यालय गन्ना विकास परिषद, अनूपशहर (बुलन्दशहर)।

पत्रांक 146/सी/निर्माण दिनांक 05–08–2024

**निविदा आमंत्रण सूचना (ई–प्रोक्योरमेन्ट सूचना)**

गन्ना आयुक्त महोदय, उ0प्र0 लखनऊ की ओर से परिषद बजट वर्ष 2024–25 के अन्तर्गत गन्ना विकास परिषद–अनूपशहर, जनपद–बुलन्दशहर के (एक कार्य) हेतु गन्ना विकास विभाग एवं राज्य / केन्द्र सरकार के समस्त राजकीय विभाग में सडक निमार्ण कार्यों के 'ए' एवं 'बी' श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निर्माण हेतु प्रतिशत दर पर आनलाईन http://etender.up.nic.in के माध्यम से निविदा आमंत्रित की जाती हैं जो दिनांक 06.08.2024 प्रातः 10:00 बजे से दिनांक 16.08.2024 दोपहर 12.00 बजे तक उपरोक्त वेबसाइट पर देखी व अपलोड की जा सकती है। उपरोक्त कार्य से सम्बन्धित नियम व शर्त सम्बन्धित परिषद कार्यालय एवं उपरोक्त साईट पर उपरोक्त दिनांक में देखी जा सकती है।

अवर अभियन्ता, गन्ना विकास विभाग, जनपद–बुलन्दशहर। — मंत्री, गन्ना विकास परिषद, अनूपशहर–बुलन्दशहर।

## उत्तर रेलवे

**ई–निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से, मुख्य कार्यशाला प्रबंधक, उत्तर रेलवे। सी एंड डब्ल्यू वर्कशॉप, जगाधरी वर्कशॉप/यमुना नगर निम्नलिखित कार्य के लिए खुली ई–निविदा आमंत्रित करते हैं:

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | सी एंड डब्ल्यू वर्कशॉप उत्तर रेलवे जगाधरी वर्कशॉप में एक वर्ष के लिए स्ट्रिपिंग, सफाई, बफिंग, पॉलिशिंग और पाउडर रबिंग और वॉश बेसिन की फिटिंग और ड्रेन पाइप की फिटिंग का कार्य |
| 2 | कार्यस्थल | सी एंड डब्ल्यू वर्कशॉप, जगाधरी वर्कशॉप, उत्तर रेलवे |
| 3 | निविदा मूल्य | ₹ 2348200.00 |
| 4 | मात्रा | कार्यक्षेत्र के अनुसार |
| 5 | निविदा प्रपत्र की लागत | Nil |
| 6 | बिड सिक्यूरिटी | ₹ 66000.00 |
| 7 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | स्वीकृति पत्र जारी होने की तारीख से 12 महिना |
| 8 | निविदा फार्म जमा करने की तिथि और समय | 28.08.2024 को 15:30 बजे तक |
| 9 | टेंडर खोलना | 28.08.2024 को 15:35 बजे तक रेलवे। निविदा बंद करने के बाद किसी भी समय निविदा खोलने का अधिकार रखता है। |
| 10 | वेबसाईट विवरण | www.ireps.gov.in |

निविदा सं.: 8-8/12/Tender/2024-25 दिनांक: 06.08.2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 2419/24

## उत्तर रेलवे

**निविदा रद्द करना**

प्रशासनिक कारण के कारण एन आई टी संख्या 1–डब्ल्यू–व.मं.अभि.–टी.एम.सी.–ला.–आईओएच-11-24-25, 12-24-25 और ई.एल.ई.सी-10-24-25 को रद्द कर दिया गया है। जिसे 20.08.2024 को खोला जाना है।

काम के नाम और विटेल्स निचे दिये गए है :–

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का विवरण और स्थान | 1. उप मुख्य अभियंता/टी.एम.सी./ला. उत्तर रेलवे स्टेट एन्ट्री रोड, नई दिल्ली के अधिकार क्षेत्र के तहत टीएमएमडी/एलकेओ और एमबी में आईओएच और ट्रैक मशीनों की प्रमुख मरम्मत का कार्य। अनुमानित लागत:– ₹ 34932904.32 |
| | | 2. उप मुख्य अभियंता/टी.एम.सी./ला. उत्तर रेलवे स्टेट एन्ट्री रोड, नई दिल्ली के अधिकार क्षेत्र के तहत टीएमएमडी/टीकेडी, केकेडीई और बीटीबीआई में आईओएच और ट्रैक मशीनों की प्रमुख मरम्मत का कार्य। अनुमानित लागत:– ₹ 32277046.85 |
| | | 3. उप मुख्य अभियंता/टी.एम.सी./एन.आर के अधीन टीएमएमडी/टीकेडी, केकेडीई, बीटीआई, एलकेओ और एमबी में आईओएच/पीओएच के दौरान विभिन्न प्रकार के विद्युत कार्यों की फिटिंग और साथ–साथ कार्य स्थल पर ट्रैक मशीनों की प्रमुख मरम्मत प्रदान करना। अनुमानित लागत:– ₹ 31056003.23 |

No. 1-W/Dy.CE/TMC/L/NDLS/Tender Corresp. Dated : 06.08.2024 2408/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## U.P. RAJYA VIDYUT UTPADAN NIGAM LTD.

PARICHHA THERMAL POWER PROJECT
PARICHHA JHANSI

**E- TENDER NOTICE**

1. E-Tender- T-04/OMCII/BMDII/BTPS/PTPP/2024-25 "Major Overhauling of Bowl Mills XRP-803 of 2x210 MW PTPP Parichha Jhansi." Estimated Cost Rs. 6,03,715.00 EMD Rs. 11,000.00 e-bid Submission dt.: 16.08.2024 up to 12:00 PM.
2. E-Tender- N-PAR/C/OMC4/EMD2/6000006077_00 "Repairing of LED lights and other miscellaneous work of EMD-II, CTPS, PTPP, Parichha Jhansi." Estimated Cost Rs. 2,96,095.00 EMD Rs.6,000.00 e-bid Submission dt.: 27.08.2024 up to 04:00 PM.
3. E-Tender- N-PAR///CMD2/6000005936_00 "Third party monitoring testing of stack emission ambient air water effluents and preparation of annual Environmental Audit Report for Parichha Thermal Project Parichha Jhansi." Estimated Cost Rs.7,17,347.00 EMD Rs.14,000.00 e-bid Submission dt.: 13.08.2024 up to 12:00 PM.
4. E-Tender- N-PAR/B/SE(HQ)/ITD/6000006014_00 "Engagement of One No. Data Operator for Data Entry Services and official day-to-day work in the office of CGM PTPP, Parichha, Jhansi." Estimated Cost Rs. 1,67,780.00 EMD Rs.3,400.00 e-bid Submission dt.: 17.08.2024 up to 12:00 PM.
5. E-Tender- S-PAR/C/MMC2/PD1/6000005992_00 "Supply of PVC Fills Pack for cooling Tower of CAMD, 2x250 MW PTPP Parichha." Estimated Cost Rs. 23,70,640.00 EMD Rs. 23,700.00 e-bid Submission dt.: 29.08.2024 up to 04:00 PM.
6. E-Tender- N-PAR/B/MMC1/PD1/6000005856 "Supply of various types of ERW MS Pipe of PTPP Parichha." Estimated Cost Rs.14,00,600.00 EMD Rs.25,000.00 e-bid Submission dt.: 20.08.2024 up to 04:00 PM.
7. E-Tender- N-PAR/B/MMC1/PD1/6000006001 "Supply of various electrical spares and consumables in PTPP." Estimated Cost Rs.8,70,000.00 EMD Rs.10,000.00 e-bid Submission dt.: 28.08.2024 up to 09:00 AM.
8. E-Tender- N-PAR/B/MMC1/PD1/6000005958 "Supply of various exhaust fan in PTPP, Parichha, Jhansi (UP)-284305." Estimated Cost Rs.6,70,000.00 EMD Rs.10,000.00 e-bid Submission dt.: 28.08.2024 up to 09:00 AM.

NOTE:- Total Quality of work, tender specification and other terms & conditions is as per tender document available on the e-tender portal our website www.etender.up.nic.in & uprvunl.org. Bidders are advised to visit the website regularly for updated information from time to time.

सं0 167/टी0,सा0वि0–30/पीटीपीपी/ दिनांक : 06.08.2024

"Save Electricity for Nation"

## तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम, तिरुपति

निविदा आमंत्रण सूचना

Proc. Roc. No.TTD - 12025 (31)/27/2018 तिथि: 31.07.2024

श्री वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर नई दिल्ली हेतु एक वर्ष की अवधि हेतु प्रावधानों की आपूर्ति हेतु मुहरबंद निविदा आमंत्रित की जाती हैं। निर्धारित निविदा 14.08.2024 से 27.08.2024 को 10:00 बजे से 05.00 बजे के मध्य सभी कार्य दिवस के दौरान, सहायक अधि. अधिकारी, एस.वी. मंदिर, टीटीडी उद्यान मार्ग, कालीबाड़ी रोड, नई दिल्ली के कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता हैं। भरे हुए निविदा फॉर्म 28.08.2024 को 10.30 बजे तक या पूर्व प्रस्तुत करना चाहिए। निविदाएं उसी दिन 11.30 बजे खुलेंगी। आगामी विवरणों हेतु कृपया 011-23745248/3568862170 पर संपर्क करें।

TTD-40021 (31)/1/2024 PRO SEC (Adv. No. 104) तिथि : 06.08.2024 अधिशासी अधिकारी

## राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, राजस्थान

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, स्वास्थ्य भवन, तिलक मार्ग, राजस्थान, जयपुर फोन नं. 0141-2225736, E-Mail ID: cemhraj@gmail.com

क्रमांक: 1655 दिनांक : 31.07.24

**ई - निविदा सूचना संख्या: 01/ 2024-25**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से पोटेंशियल एसेसमेन्ट पद्धति से चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग में 02 निर्माण कार्यों राशि रू. 833.00 लाख हेतु उपयुक्त श्रेणी में सार्वजनिक निर्माण विभाग/राज्य सरकार/केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों/केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग/डाक एवं दूरसंचार विभाग/रेलवे इत्यादि में पंजीकृत अनुभवी संवेदकों, जो कि राजस्थान सरकार के उपयुक्त श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो, से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूरमेंट निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। निविदा से सम्बन्धित विवरण DIPR की वेबसाईट www.dipronline.org, www.sppp.raj.nic.in, http://eproc.rajasthan.gov.in व विभागीय वेब साईट http://rajswasthya.nic.in पर देखा जा सकता है।

UBN

| S.NO. | UBN |
|---|---|
| 1. | NRH2425WSOB00604 |
| 2. | MHS2425WSOB01959 |

मुख्य अभियंता,
चिकित्सा एवं स्वास्थ्य,राजस्थान, जयपुर
DIPR/C/7027/2024

## उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि., विद्युत वितरण मण्डल, रुद्रपुर (ऊधमसिंहनगर)

**ई–निविदा तिथि विस्तारित सूचना**

इस कार्यालय की ई–निविदा संख्याः विविम (रू.) 02/2024-25 में विस्तारित तिथि तक कोई भी निविदा प्राप्त न होने के कारण निविदा तिथि का पुनः विस्तार कर निविदा आन लाईन /ऑफ लाईन प्राप्त करने की तिथि 13.08.2024 को 12.00 बजे तक तथा निविदा का प्रथम भाग (Technical Bid) खुलने की तिथि 14.08.2024 को 14.00 बजे की जाती है। अन्य शर्तें एवं नियम पूर्ववत् रहेंगे। कार्य, मदें एवं शर्ते विभागीय वैब साईट www.uktenders.gov.in पर देखी जा सकती है।

राष्ट्रहित में बिजली बचायें

विद्युत बिलों के 24X7 ऑनलाईन भुगतान हेतु www.upcl.org पर जाएं

Customer Toll Free No- 18004190495

अधीक्षण अभियन्ता
विद्युत वितरण मण्डल, रुद्रपुर।

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 CrPC देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त (1) अमित शर्मा उर्फ गंगा, पुत्रः रणबीर शर्मा, निवासीः सी–1/92, जसवन्त कॉलोनी, बुध विहार, फेस–2, दिल्ली और (2) राकेश उर्फ मदन उर्फ रैनकू, पुत्रः छोटेलाल निवासीः प्लॉट नं0–46, खसरा–71/1, शर्मा कॉलोनी, बुध विहार, फेस–2, दिल्ली, ने FIR No. 2929/15, U/s 379/411/34 IPC, पुलिस स्टेशन दक्षिण रोहिणी, दिल्ली के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किया गया गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त (1) अमित शर्मा उर्फ गंगा (2) राकेश उर्फ मदन उर्फ रैनकू मिल नहीं रहे है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त (1) अमित शर्मा उर्फ गंगा (2) राकेश उर्फ मदन उर्फ रैनकू फरार हो गये है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहे है)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि FIR No. 2929/15, U/s 379/411/34 IPC, पुलिस स्टेशन दक्षिण रोहिणी, दिल्ली के उक्त अभियुक्त (1) अमित शर्मा उर्फ गंगा (2) राकेश उर्फ मदन उर्फ रैनकू से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक 25.09.2024 को या इससे पहले हाज़िर हो।

आदेशानुसार
सुश्री रितिका कंसल
मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट–07, (उत्तर पश्चिम)
कमरा नं0 208, द्वितीय तल, रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/10168/RD/2024 (Court Matter)

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 सीआरपीसी देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त (1) विनय यादव उर्फ बब्लू पुत्र राजू यादव निवासी म.नं. 53, वार्ड नं. 5, विकास नगर, लोनी, गाजीयाबाद, यू.पी. (2) विरेन्द्र साहू पुत्र राम खिलावन निवासी एफ–118, ग्रीन पार्क, डिबडिबा, रामपुर, यू.पी. ने case FIR No. 74/2018 U/s 420/467/468/471/120B IPC, थाना मधु विहार, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उन्होनें किया है) और उन पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया है कि उक्त (1) विनय यादव उर्फ बब्लू (2) विरेन्द्र साहू मिल नहीं रहे है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त (1) विनय यादव उर्फ बब्लू (2) विरेन्द्र साहू फरार हो गये है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहे है।)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि case FIR No. 74/2018 U/s 420/467/468/471/120B IPC, थाना मधु विहार, दिल्ली के उक्त अभियुक्त (1) विनय यादव उर्फ बब्लू (2) विरेन्द्र साहू से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए 19.10.2024 को या उससे पूर्व हाज़िर हो।

आदेशानुसार
श्री उदभव कुमार जैन
मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट–04
कमरा नं. 13, शाहदरा
कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली

DP/9848/ED/2024(Court Matter)

## सार्वजनिक सूचना

### हरियाणा सरकार
### आबकारी एवं कराधान विभाग

**आबकारी नीति वर्ष 2024-25 हेतु हरियाणा राज्य के जिला रोहतक के शेष एक खुदरा शराब क्षेत्र के आवंटन के लिए आम जनता से ई-निविदाएं आमंत्रण सूचना**

1. आम जनता की जानकारी के लिए अधिसूचित किया जाता है कि आबकारी नीति वर्ष 2024-25 के लिए हरियाणा राज्य के जिला रोहतक में देशी शराब तथा भारत निर्मित विदेशी शराब की दुकानों (एल-2/एल-14ए) के एक खुदरा शराब जोन के आवंटन के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। ई-बोली के लिए उपलब्ध जोन का विवरण निम्नानुसार है:-

| Sr. No. | Name of District | Zone Code |
|---|---|---|
| 1 | Rohtak | ZRTK18 |

2. इन क्षेत्रों के लिए ई-बोलियां जमा करने और उसका मूल्यांकन करने की अनुसूची निम्नानुसार होगी

| | |
|---|---|
| ई- निविदा डालने की आरंभिक तिथि और समय | 8 अगस्त, 2024 (सुबह 9.00 बजे) से |
| ई-निविदा डालने की निर्धारित अंतिम तिथि और समय | 8 अगस्त, 2024 (शाम 04.00 बजे) तक |
| ई-निविदा का मूल्यांकन | 8 अगस्त, 2024 (शाम 5.00 बजे) |

3. ई-टेंडरिंग के उद्देश्य से इस जोन का आरक्षित मूल्य और कोटा हरियाणा आबकारी नीति 2024-25 के खंड 2.16 और अन्य प्रासंगिक प्रावधानों के अनुसार तय किया गया है। इस जोन के आरक्षित मूल्य और कोटे का विवरण आबकारी व्यवस्था में प्रदर्शित किया जाएगा।
4. इस जोन के लिए ई-टेंडर विभाग की आधिकारिक वेबसाइट यानी www.haryanatax.gov.in के माध्यम से ऑनलाइन जमा किए जा सकते हैं। ई-टेंडर और जोनों के आवंटन के शेष नियम और शर्तें वही रहेंगी, जैसा कि हरियाणा राज्य के सभी जिलों के खुदरा शराब क्षेत्रों के आवंटन के लिए ई-टेंडर आमंत्रित करने के लिए 18 मई, 2024 को प्रमुख समाचार पत्रों में प्रकाशित सार्वजनिक सूचना के माध्यम से सूचित किया गया है। 18 मई, 2024 की सार्वजनिक सूचना की प्रति विभाग की आधिकारिक वेबसाइट यानी www.haryanatax.gov.in पर भी उपलब्ध है। आवंटन प्रक्रिया में भाग लेने और ई-टेंडर जमा करने के लिए पंजीकरण की विस्तृत प्रक्रिया भी आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध है।
5. इस जोन की आबकारी व्यवस्था जिसमें दुकानों की संख्या, शराब का कोटा, दुकानों का स्थान, लागू होने वाला कमांड क्षेत्र और उसका आरक्षित मूल्य, साथ ही ई-टेंडरों के मूल्यांकन का स्थान शामिल है, संबंधित जिले के डीईटीसी (आबकारी) और डीईटीसी (एसटी) के कार्यालय में स्पष्ट रूप से प्रदर्शित किया जाएगा। ये विवरण आधिकारिक वेबसाइट यानी www.haryanatax.gov.in पर भी उपलब्ध होंगे।
6. लाइसेंस का आवंटन और अनुदान हरियाणा आबकारी अधिनियम, 1914, उसके तहत बनाए गए नियमों, सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी आदेशों/निर्देशों और वर्ष 2024-25 के लिए आबकारी नीति के प्रावधानों के अधीन होगा। प्रक्रिया के बारे में कोई भी स्पष्टीकरण किसी भी जिले में डीईटीसी (आबकारी) के कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। वर्ष 2024-25 के लिए हरियाणा आबकारी नीति की प्रति विभाग की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध है।
7. लाइसेंसों के सभी आवंटन आबकारी एवं कराधान आयुक्त (वित्तीय आयुक्त) की मंजूरी के अधीन हैं। ईटीसी (एफसी) आवंटन की तारीख से 10 दिनों के भीतर, सार्वजनिक हित में किसी भी आवंटन को बिना कोई कारण बताए अस्वीकार कर सकता है। यदि दस दिनों की निर्धारित अवधि के भीतर आबकारी एवं कराधान आयुक्त (एफसी) का कोई निर्णय नहीं बताया जाता है, तो आवंटन को ईटीसी (एफसी) द्वारा अनुमोदित माना जाएगा।

आबकारी एवं कराधान आयुक्त,
हरियाणा

PRDH-1037/11/242/2025/28640/67/7

## हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग

बेज़ सं. 67-70, सेक्टर-2, पंचकूला-134151
(www.hssc.gov.in)

**सार्वजनिक सूचना**

अभ्यर्थियों की जानकारी के लिए यह बताया जाता है कि प्रशासनिक कारणों से आयोग ने ग्रुप 56 और ग्रुप 57 के लिए लिखित परीक्षा 10.08.2024 और 11.08.2024 के बजाय क्रमशः 17.08.2024 और 18.08.2024 को आयोजित करने का निर्णय लिया है, जैसा कि 31.07.2024 की घोषणा के माध्यम से पहले ही अधिसूचित किया गया था। सभी अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे अपनी तैयारी उसी के अनुसार रखें।

हस्ता./-
उप सचिव
हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग
दिनांक : 05.08.2024

PRDH-1159/13/661/2025/28610/67/7

## गुमशुदा की तलाश


राकेश कुमार

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक व्यक्ति जिसका नाम राकेश कुमार, पिता : मनोहर महतो पता: वी.पी.ओ. खानपुर, जिला समस्तीपुर, बिहार, जोकि दिनांक 29.07.2024 रात : 08.00 बजे प्लेटफार्म नं. 8, नई दिल्ली से गुमशुदा है। इस संदर्भ में DD No. 44A dated 01.08.2024 पुलिस थाना, नई दिल्ली रेलवे स्टेशन, दिल्ली में रिपोर्ट दर्ज है। नीचे गुमशुदा व्यक्ति की पहचान दी गई है:

नाम: राकेश कुमार, वर्ष : 24, कद: 5'5", रंग: सांवला, शरीर : सामान्य, चेहरा : गोल, पहनावा : मेहरून रंग की चेकदार कमीज और काली रंग की पैंट

अगर किसी को इस गुमशुदा व्यक्ति के बारे में कोई जानकारी मिले कृप्या पुलिस थाना नई दिल्ली रेलवे स्टेशन, दिल्ली को सुचित करने की कृपा करें।

वेबसाइट: http://cbi.nic.in, ई–मेल: cic@cbi.gov.in
फोन: 011-24368638/24368641 Fax: 011-24368639

थाना प्रभारी
पुलिस थाना
नई दिल्ली रेलवे स्टेशन, दिल्ली
फोन: 011-23363622, 8750871305

DP/10384/RLY/2024

## कार्यालय पुलिस अधीक्षक, करनाल।

मुकद्दमा नंबर 246 दिनांक 30.07.2024 धारा 127 (6) भा.न्या.सं. थाना कुन्जपुरा, जिला करनाल।

### गुमशुदा की तलाश



हुलिया- रंग सांवला, गोल चेहरा, पतला शरीर, कद 5 फुट, उम्र करीब 22 वर्ष, नीले रंग का सूट व सलवार और पैरों में चप्पल पहने हुए हैं।

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि कोमल पुत्री सुरेश वासी गांव चुरनी, थाना कुन्जपुरा, करनाल, दिनांक 29.07.2024 को बिना किसी को कुछ बताए सुबह करीब 10.00 बजे घर से कहीं चली गई है जो कि अभी तक भी अपने घर वापिस नहीं आई है। जिसकी हर जगह तलाश की गई है, लेकिन वह कहीं भी नहीं मिली है। आमजन से निवेदन है कि अगर किसी व्यक्ति को इसके बारे में कोई सुराग पता चलता है तो वह व्यक्ति कृपया नीचे दिए गए फोन नंबरों पर सूचित करें।

प्रबंधक थाना कुंजपुरा-9729990718
अनुसंधान अधिकारी-9996291007
कंट्रोल रूम करनाल-112, 0184-2208222, 23

प्रवक्ता करनाल पुलिस
कृते : पुलिस अधीक्षक,
करनाल।

PRDH-1084/11/2595/2025/28608/67/7

## MAHARSHI DAYANAND UNIVERSITY ROHTAK

UNIVERSITY INSTITUTE OF ENGINEERING AND TECHNOLOGY
(A State University established under Haryana Act No. 25 of 1975)
NAAC Accredited 'A+' Grade

### ADMISSION NOTICE
**SESSION- (2024-25)**
**B.Tech. (1st year) (Advt. PR No. 17 of 2024)**

Online applications are invited from the interested and eligible candidates along with fee of Rs. 1000/- for General category and Rs. 700/- for all reserved Categories (SC/ SCD/BC/PH/FF/ESM/KM/Girls) from 09.08.2024 to 15.09.2024 for admission to B.Tech. 1st year through online link available at www.mdu.ac.in and www.uiet-mdu.com against remaining vacant/left over seats of all categories in Artificial Intelligence & Machine Learning, Biotechnology, Civil Engineering, Computer Science & Engineering, Electrical Engineering, Electronics & Communication Engineering and Mechanical Engineering branches of B.Tech. courses for the session 2024-25. **The counselling will be conducted on 23rd, 28th August, 03rd, 10th, 14th & 15th September, 2024.**

For detailed information please visit the university website www.mdu.ac.in and www.uietmdu.com and mobile numbers 8222880106 and 9050607001.

DIRECTOR (UIET)
M.D.UNIVERSITY, ROHTAK

PRDH-1235/11/137/2025/28639/C/67/7

## महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय, रोहतक

(1975 के हरियाणा अधिनियम सं. XXV के अंतर्गत स्थापित)
एनएएसी द्वारा "ए+" ग्रेड विश्वविद्यालय

### ADMISSION NOTICE (Advt. PR No. 16 of 2024)
**DEB-UGC Approved Programmes**

Online Applications are invited for admission to the following Programmes for the Academic Session 2024-25 (First Year):

**A. Open and Distance Learning Mode Programmes**

| S. No. | Name of Programmes |
|---|---|
| 1. | Bachelor of Arts (B.A.) |
| 2. | Bachelor of Commerce (B.Com.) |
| 3. | Master of Arts ): (i) Hindi (ii) English (iii) Sanskrit (iv) Political Science (v) Public Administration (vi) Economics (vii) History (viii) Journalism & Mass Communication. |
| 4. | Master of Library & Information Science |
| 5. | Master of Commerce (M.Com.) |
| 6. | Master of Science in Mathematics |

**B. Online Mode Programmes**

| S. No. | Name of Programmes |
|---|---|
| 1. | Master of Science in Mathematics |
| 2. | Master of Commerce (M.Com) |
| 3. | Bachelor of Arts (B.A.) |
| 4. | Master of Arts (i) Hindi (ii) Political Science (iii) Public Administration (iv) Economics (v) History |

| Admission Schedule | Date |
|---|---|
| Last date for submission of online application (without late fee) | 31.08.2024 |
| Last date for submission of online application (with late fee Rs.1,000/-) | 10.09.2024 |
| Last date for submission of online application (with late fee Rs.2,000/-) | 20.09.2024 |
| Last date for submission of online application (with late fee Rs.3,000/-) | 30.09.2024 |

Visit University Website (www.mdu.ac.in) for Online Admission and Prospectus.

PRDH-1235/11/136/2025/28598/C/67/7 REGISTRAR

## गुमशुदा/अपहृत की तलाश


कोमल

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक लड़की (फोटो में दर्शायी गई) जिसका नाम कोमल पुत्री प्रताप सिंह निवासी म. नं. बी–388, गली नं. 2/2, राजबीर कालोनी, दिल्ली जो अपने घर से दिनांक 13.06.2018 को शाम करीब 4:00 बजे से लापता/अपहृत है। इस संदर्भ में एक एफआईआर नं. 233/2018 दिनांक 14.06.2018 अन्तर्गत धारा 363 आईपीसी थाना गाजीपुर, दिल्ली में दर्ज है। स्थानीय पुलिस ने इस लड़की का पता लगाने के लिए गंभीर प्रयास किए लेकिन अब तक कोई सुराग नहीं मिला है।

जिसका हुलिया नीचे दिया गया है:–

लिंग: स्त्री, आयु: 16 वर्ष, कद: 5' 3" फीट, रंग: गोरा, चेहरा: गोल, शरीर: पतला, पहनावा: आसमानी रंग का टॉप व काले रंग की पजामी और पैरों में नीले रंग के स्लीपर्स पहने हुए है।

अगर किसी को इस गुमशुदा/अपहृत लड़की के बारे में कोई जानकारी मिले तो निम्नलिखित पते पर सूचित करें:–

वेबसाइट: http://cbi.nic.in
ई–मेल: cic@cbi.gov.in
टेली. न.: 011-24368638/24368641
फैक्स नं.: 011-24368639

थाना प्रभारी
थाना: गाजीपुर, दिल्ली
फोन: 011–22610068
मोबाइल: 8750870625

DP/10300/ED/2024

## पहचान की अपील



सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि एक बच्ची जिसका नाम अज्ञात पुत्री अज्ञात निवासी अज्ञात, जो PF नंबर 6–7 नई दिल्ली रेलवे स्टेशन से दिनांक. 30.07.2024 को प्राप्त हुई है। इस बाबत FIR/DD No. 59A दिनांक. 30.07.2024 थाना: नई दिल्ली रेलवे स्टेशन, दिल्ली में दर्ज है। इस बच्ची का शारीरिक ब्यौरा इस प्रकार है।

उम्र- 2 वर्ष, रंग- साँवला, कद- 2'0", चेहरा: गोल, शरीर: मध्यम, पहनावा- क्रीम रंग का फ्रॉक और नीले रंग का पैंट और पैरों में गुलाबी सैंडल पहने है। स्थानीय पुलिस द्वारा हर संभव कोशिश के बाद भी इस बच्ची के माता–पिता का कोई सुराग नहीं मिल पाया है। अगर किसी व्यक्ति को इस बच्ची के माता–पिता तथा पते के बारे में कोई जानकारी मिले तो थाना: नई दिल्ली रेलवे स्टेशन, दिल्ली निम्नलिखित ई-मेल: cic/cbi.gov.in और वेबसाइट http://cbi.nic.in पर सूचित करे।

फोन: 011-24368638,24368641
फैक्स नं. 011- 24368639
DP/10163/RLY/2024

हस्ता/- थानाध्यक्ष
नई दिल्ली रेलवे स्टेशन, दिल्ली,
फोन: 011-9717129741

## पहचान के लिए अपील



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक अज्ञात व्यक्ति जिसका नाम: अज्ञात, पुत्र: अज्ञात, पता: अज्ञात जोकि दिनांक 17.06.2024 को पीरागढ़ी डी.आई.पी.ओ. के बाहर मृत पाया गया। इस सन्दर्भ में DD No. 0021A, दिनांक 17.06.2024, पुलिस थाना पश्चिम विहार ईस्ट, दिल्ली में रिपोर्ट दर्ज है। नीचे अज्ञात मृत व्यक्ति की पहचान दी गई है:

नाम: अज्ञात, उम्र: लगभग 50+ वर्ष, कद: 5'2", रंग: गोरा, चेहरा: लंबा, बाल: सफेद, पहनावा: काला नीला रंग की टी–शर्ट और ग्रे रंग की पैंट।

अगर किसी को इस मृत व्यक्ति के बारे में कोई जानकारी मिले कृपया नीचे दिए गए नंबर पर संपर्क करें।

थाना प्रभारी
पुलिस थाना पश्चिम विहार ईस्ट, दिल्ली

DP/10350/OD/2024 फोन: 011–25263471, 7065036131

## गुमशुदा की तलाश


रेशमी खातून

सर्व साधारण को सुचित किया जाता है की एक लड़की नाम रेशमी खातून पुत्री राजबुल अंसारी निवासी झुग्गी नंबर ई/84/15, टी हट्स, जेजे कैंप, चित्रा विहार, शकरपुर, दिल्ली। उक्त लड़की दिनांक 24.07.2024 से बलदेव पार्क, जगतपुरी, दिल्ली से गुमशुदा है। इस संबंध में मुकदमा संख्या 443/24 दिनांक 25.07.2024 पुलिस थाना जगतपुरी, दिल्ली में दर्ज है। स्थानीय पुलिस द्वारा इस गुमशुदा लड़की की तलाश करने की कोशिश की गयी है लेकिन अभी तक कोई सुराग नहीं मिल पाया।

इस गुमशुदा लड़की का विवरण इस प्रकार है:

नाम: रेशमी खातून, लिंग: लड़की, उम्र: 15 वर्ष, कद: 4'10' रंग: गेहुँआ, शरीर: मध्यम, चेहरा: गोल, पहनावा: क्रीम कलर की टी शर्ट, हल्के नीले रंग की जींस और पैरों में चप्पल, पहचान: बाएं गाल पर तिल। यदि किसी के पास इस गुमशुदा लड़की के संबंध में कोई जानकारी है, तो कृपया थाना प्रभारी / जगतपुरी, दिल्ली को सूचित करें।

ई–मेल : cic@cbi.gov.in
फोन : 011-24368638, 24368641
फैक्स : 011-24368639
DP/8892/SHD/2024

थाना प्रभारी
थाना, जगतपुरी, दिल्ली
Tel.No. 8595868063

## गुमशुदा की तलाश


चिराग बधोक

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है की एक पुरुष नाम चिराग बधोक पुत्र बलबीर सिंह निवासी टी-90ए सिंह साहब गुरुद्वारा के पास, बलजीत नगर, दिल्ली। उक्त पुरुष दिनांक 02.08.2024 से अपने घर से गुमशुदा है। इस संबंध में डीडी नं 059ए दिनांक 03.08.2024 पुलिस थाना पटेल नगर, दिल्ली में दर्ज है। स्थानीय पुलिस द्वारा इस गुमशुदा पुरुष की तलाश करने की कोशिश की गयी है लेकिन अभी तक कोई सुराग नहीं मिल पाया। इस गुमशुदा पुरुष का विवरण इस प्रकार है:

नाम: चिराग बधोक, लिंग: पुरुष, उम्र: 24 वर्ष, कद: 5'8", रंग: गोरा, शरीर: पतला, चेहरा: गोल, पहनावा: सफेद रंग की टी-शर्ट और नीले रंग की जींस और पैरों में स्पोर्ट्स जूते। यदि किसी के पास इस गुमशुदा पुरुष के संबंध में कोई जानकारी है, तो कृपया प्रभारी/पटेल नगर दिल्ली को सुचित करें।

ई–मेल : cic@cbi.gov.in
फोन : 011-24368638, 24368641
फैक्स : 011-24368639
DP/10329/CD/2024

थाना प्रभारी
थाना, पटेल नगर, दिल्ली
Tel.No. 011-25872637, 8750870434

## कार्यालय पुलिस उपायुक्त, मुख्यालय सोनीपत

मु. सं. 275 दिनांक 19.07.2024 धारा 127(6) बी.एन.एस. थाना सदर गोहाना जिला सोनीपत

**गुमशुदा की पहचान**



| | |
|---|---|
| नाम | रामनिवास |
| पिता का नाम | रामधारी |
| पता | गांव मुडलाना थाना सदर गोहाना जिला सोनीपत। |
| उम्र | 67 वर्ष |
| कद | 5 फुट 6 इंच |
| हुलिया | रंग गेहूंआ, गोल चेहरा, हष्ट-पुष्ट वृद्ध शरीर |
| पहनावा | सफेद रंग का कुर्ता पायजामा पहने हुए हैं। |

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 19.07.2024 को रामनिवास पुत्र रामधारी निवासी गांव मुडलाना थाना सदर गोहाना जिला सोनीपत जो कि दवाई लेने के लिए अपनी मर्जी से घर से गया था जो उसी दिन से गायब है। जो अब तक वापिस नहीं आया है। जिस संबंध में उपरोक्त मुकदमा थाना में दर्ज रजिस्टर है। अगर किसी को उपरोक्त गुमशुदगी बारे कोई सूचना मिलती है तो निम्नलिखित नंबरों पर सूचित करें।

प्रबंधक थाना मो. नं. : 7419410545
अनुसंधानकर्ता मो. नं. : 7419410665
कंट्रोल रुम सोनीपत : 0130-2222903, 100

अपराध अभिलेख अधिकारी,
कृते पुलिस उपायुक्त
मुख्यालय, सोनीपत

PRDH-1084/11/2590/2025/28600/67/7

## बांग्लादेश में अब हिंदुओं के लिए जगह नहीं, देश छोड़ने को मजबूर

रजनी घोष • जागरण

**नई दिल्ली:** 'बांग्लादेश में अब हम हिंदुओं के लिए कोई जगह नहीं है...अधिकांश परिवार देश छोड़ने की तैयारी कर चुके हैं। सैकड़ों हिंदू परिवार सीमा की ओर निकल पड़े हैं, लेकिन बार्डर सील होने की वजह से वह पार नहीं कर पा रहे हैं। वहीं अन्य जिलों में भी सक्षम हिंदू परिवार देश छोड़ने की तैयारी में हैं। हमें नहीं पता कि हम पलायन भी कर पाएंगे या नहीं...या फिर उससे पहले ही जमातियों और उपद्रवियों के हाथों मारे जाएंगे।'

यह दर्दनाक आपबीती है बांग्लादेश में रह रहे उन लाखों हिंदू परिवारों की, जिन्होंने वर्ष 1971 में बांग्लादेश को आजाद करने में भूमिका निभाई। देश आजाद होने के बाद भी कई बार ऐसे हालात बने, हिंदुओं पर अत्याचार हुए, मंदिर तोड़े गए, लेकिन इन परिवारों ने देश छोड़ने से इन्कार कर दिया था...मगर इस बार सब्र का बांध टूट रहा है। वे कहते हैं, अब हमारे पास पलायन के अलावा कोई विकल्प नहीं है। यह कहना है बागोड़ा जिले के रहने वाले ख्यात गायक सुशीलचंद्र सरकार का। दैनिक जागरण से फोन पर चर्चा करते हुए वह कहते हैं, हमने कई बार हमले देखे, लेकिन इस बार जैसी स्थिति पहले कभी नहीं थी। 1971 में हम मिलकर पाकिस्तान के खिलाफ लड़े थे, लेकिन इस बार जमातियों के निशाने पर सिर्फ हिंदू और अल्पसंख्यक समुदाय ही हैं। किसी भी समय हमारे घर पर हमला हो सकता है। अवामी लीग नेता और त्रान व समाज कल्याण कमेटी के उपसदस्य अजय कुमार सरकार बताते हैं, बांग्लादेश के कुल 64 जिले में से 21 जिलों में हिंदू आबादी है। 1986 का दौर था, जब मैं और मेरे गांव के बच्चे मुसलमान आबादी को देखने के लिए गांव से 10 किमी दूर जाते थे, क्योंकि अधिकांश हिस्सा हिंदुओं के पास था। आज चंद घर बचे हैं। इस बार ये घर भी नहीं बचेंगे। दूपचाचिया, आदेमदिघी में तो परसों रात से ही हिंदू परिवारों के घरों पर हमले हो रहे हैं। थाने जलाने की सूचना आने के बाद से ग्रामीण अंचलों के कई थाने खाली हो गए हैं। पुलिसकर्मी थाने छोड़कर चले गए हैं। अब सुरक्षा मांगने हम लोग कहां जाएं?

एक निजी कंपनी में नौकरी करने वाले निखलेन हालदार बीते एक सप्ताह से दफ्तर में ही कैद हैं। वह कहते हैं– दफ्तर की खिड़की से हम लोग सब टूटते-बिखरते देख रहे हैं। खौफनाक मंजर है। मोबाइल नेटवर्क बंद कर दिया गया था। अवामी लीग नेता शेख हसीना के तख्तापलट के बाद मोबाइल नेटवर्क शुरू हुआ। उसके बाद जो तस्वीरें सामने आईं, वह दिल दहलाने वाली हैं। गांव-गांव में हिंदुओं के मंदिर और घर जलाए जा रहे हैं। बार्डर खुलते ही तीन से चार लाख हिंदू पलायन कर जाएंगे।

- असुरक्षित माहौल में जीने के लिए मजबूर हैं हजारों हिंदू परिवार
- लोग बोले- अब यहां जिंदा रहना मुश्किल, थाना छोड़ भागी पुलिस

### हिंदुओं व अन्य अल्पसंख्यकों की सुरक्षा सुनिश्चित हो : विहिप

**जासं, नई दिल्ली:** विहिप ने बांग्लादेश में अनिश्चितता व अराजकता के साथ ही हिंदुओं पर होते हमलों, उनके घरों, कारोबारी प्रतिष्ठानों व मंदिरों को निशाना बनाए जाने पर चिंता व्यक्त की। विहिप के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष व वरिष्ठ अधिवक्ता आलोक कुमार ने दावा किया कि पिछले सोमवार की रात तक अकेले पंचगढ़ जिले में 22 घर, झीनैदाह में 20 घर व जैसोर में 22 दुकानें कट्टरपंथियों के निशाने पर बने। मंदिर व गुरुद्वारों को क्षति पहुंचाई गई है। उन्होंने कहा, ऐसा ही हिंदू, सिख व अल्पसंख्यक हिंसा का निशाना न बने हों। उन्होंने भारत सरकार से हर संभव कदम उठाने का आग्रह किया।



आलोक कुमार

### दंगाइयों से बचने के लिए खुद ही घर-दुकान तोड़ रहे हैं लोग

हमले के दौरान घर से भागकर जान बचाने वाले सातखीरा के डा. सुब्रत घोष का कहना है– मैं घर नहीं जा पा रहा हूं, क्योंकि दंगाई कभी भी पहुंच सकते हैं। हमारे इलाके में यह हालत है कि अपना व्यवसाय या घर बचाने के लिए लोग खुद ही उसमें आग लगाकर वीडियो प्रसारित कर रहे हैं, ताकि दंगाई उनके घर तक नहीं पहुंचें। क्योंकि यदि वे घर तक पहुंच गए तो उनके परिवार व महिलाओं को बचाना मुश्किल हो सकता है।

## हिंदू समुदाय बन रहा निशाना : भय्याजी जोशी

**नागपुर, प्रेट्र:** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के पूर्व सरकार्यवाह भय्याजी जोशी ने मंगलवार को कहा कि संगठन ने बांग्लादेश में राजनीतिक उथल-पुथल से जूझ रहे हिंदुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सरकार से अनुरोध किया है। उन्होंने कहा, बांग्लादेश में हिंदू समुदाय को निशाना बनाए जाने की खबरें आ रही हैं।

बांग्लादेश में हिंदुओं की स्थिति के बारे में पूछे जाने पर भय्याजी जोशी ने कहा कि बांग्लादेश एक अलग देश है। यहां से स्वैच्छिक संगठन क्या कर सकते हैं, हमारी सीमाएं हैं। लेकिन हम भारत सरकार से वहां के हिंदुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने का अनुरोध कर रहे हैं। हमें विश्वास है कि सरकार इस दिशा में कदम उठाएगी। इस सवाल पर कि क्या व्यापक अशांति और प्रधानमंत्री शेख हसीना के इस्तीफे के बाद पड़ोसी देश में हिंदुओं को निशाना बनाया जा रहा है, जोशी ने कहा कि हां ऐसा है। ऐसी घटनाओं के बारे में खबरें सामने आ रही हैं।

### बांग्लादेश इस्कान मंदिर के महासचिव ने भारत सरकार से मांगी मदद

**नई दिल्ली, आइएएनएस :** बांग्लादेश में तख्तापलट के साथ ही हिंदुओं पर जारी अत्याचार को लेकर बांग्लादेश इस्कान के महासचिव चारू चंद्रदास ब्रह्मचारी ने भारत सरकार से मदद की अपील की है। उन्होंने हिंसा की घटनाओं में हिंदुओं को निशाना बनाए जाने पर चिंता जताते हुए भारत सरकार से उन्हें बचाने आगे आने को कहा है।

बांग्लादेश में इस्कान महासचिव ब्रह्मचारी ने मंगलवार को एक इंटरव्यू में बताया कि हिंदू बहुत डरे हुए हैं। उन पर कभी भी हमला हो सकता है। ऐसा लगता है क्योंकि हिंदू विद्यार्थियों, व्यापारियों और उनके घरों पर हमले हो रहे हैं। अगर यह जारी रहा तो हिंदू यहां नहीं रुकेंगे। उन्होंने साधु-संतों और भक्तों पर हमले की प्रबल आशंका जताते हुए कहा कि मंदिरों में रहते हुए यहां लोगों के बीच गेरुए वस्त्रों में कभी भी हमला हो सकता है। ब्रह्मचारी ने कहा कि बांग्लादेश के दूसरे सबसे बड़े शहर चटगांव में देश के सबसे बड़े इस्कान मंदिर में फिलहाल कोई हमला नहीं हुआ है, लेकिन हमें नहीं पता कि हम यहां कितनी देर सुरक्षित रह पाएंगे। उन्होंने बताया कि मंदिर परिसर में फिलहाल 150 श्रद्धालु हैं। उन्होंने कहा, वह भगवान श्रीकृष्ण की आस लगाए हैं और उनसे प्रार्थना करते हैं। उन्हें उम्मीद है कि बांग्लादेशी हिंदुओं की भारत सरकार रक्षा करेगी। ब्रह्मचारी ने कहा कि भारत यहां के अल्पसंख्यक के लिए कुछ कर सकता है।

- इस्कान महासचिव ब्रह्मचारी बोले–हमला हो सकता है
- उम्मीद है कि बांग्लादेशी हिंदुओं की भारत सरकार रक्षा करेगी

### एअर इंडिया ने ढाका के लिए बहाल की उड़ान सेवा

**जागरण संवाददाता, नई दिल्ली:** एअर इंडिया ने मंगलवार को बांग्लादेश के लिए अपनी सेवा बहाल कर दी। बांग्लादेश में सोमवार को तख्तापलट के बाद एअर इंडिया ने ढाका के लिए अपनी उड़ानों को रद करने की बात कही थी। कंपनी ने एक उड़ान को शाम को रवाना करने की प्रक्रिया शुरू की, जिसे शाम 7.03 बजे रवाना किया गया। उधर, ढाका जाने वाली इंडिगो की उड़ान संख्या 6ई 1103 रद हो रही। विस्तारा ने अपनी उड़ान को सुबह रद किया। विस्तारा ने आधिकारिक तौर पर आगे के लिए घोषणा नहीं की है। स्थिति स्पष्ट हो जाने के बाद ही एयरपोर्ट के लिए निकलें। बांग्लादेश में उपजे वर्तमान हालात में यात्रियों के पास ढाका जाने और आने के लिए दो विकल्प हैं।

एअर इंडिया की आवाजाही शुरू होने के साथ ही यात्री बांग्लादेशी एयरलाइंस बिमान से यात्रा कर सकते हैं। बिमान अभी एकमात्र ऐसी एयरलाइंस है, जिसने ढाका से नई दिल्ली के बीच की आवाजाही कायम रखी है।

### गुरुद्वारों व मंदिरों की सुरक्षा के लिए रवनीत सिंह बिट्टू का अनुरोध

**नई दिल्ली, प्रेट्र:** रेलवे एवं खाद्य प्रसंस्करण राज्यमंत्री रवनीत सिंह बिट्टू ने बांग्लादेश में गुरुद्वारों एवं मंदिरों पर हमलों को लेकर मंगलवार को गंभीर चिंता व्यक्त की और विदेश मंत्री एस. जयशंकर से यह मामला बांग्लादेश के सैन्य या अंतरिम सरकार के अधिकारियों के समक्ष उठाने का अनुरोध किया।

जयशंकर को लिखे पत्र में बिट्टू ने कहा, 'चूंकि बांग्लादेश में सिख आबादी कम है, कुछ भारत-विरोधी तत्व धार्मिक स्थलों में उत्पात मचा रहे हैं, लिहाजा सिख समुदाय बांग्लादेश में गुरुद्वारों की सुरक्षा के प्रति चिंतित है।' बिट्टू ने कहा, 'मैं अनुरोध करता हूं कि आप मंदिरों के साथ-साथ गुरुद्वारों की सुरक्षा का मुद्दा बांग्लादेश के सैन्य या अंतरिम सरकार के समक्ष उठाएं।

# अल्पसंख्यकों की सुरक्षा पर सरकार–विपक्ष एकमत

- राहुल ने हिंदुओं और मंदिरों पर हो रहे हमलों पर जताई चिंता
- जयशंकर ने दी हसीना से लेकर बांग्लादेश के हालात की जानकारी
- हसीना के साथ उनकी बहन ही नहीं, कई करीबी रिश्तेदार भी आए हैं

संजय मिश्र • जागरण



बांग्लादेश के घटनाक्रम पर मंगलवार को नई दिल्ली में सर्वदलीय बैठक के दौरान विदेश मंत्री एस जयशंकर। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह तथा स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा भी बैठक में उपस्थित रहे • एएनआइ

**नई दिल्ली :** बांग्लादेश की अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना के भविष्य को लेकर भारत उनसे बातचीत कर रहा है, मगर रणनीतिक वजहों से इसे उजागर नहीं किया जा सकता। बांग्लादेश में हो रहे गंभीर हिंसक आंदोलन के पीछे चीन-पाकिस्तान और अमेरिका की भूमिका से जुड़े पहलुओं का भी भारत गहराई से आकलन कर रहा है। इसके मद्देनजर ही भारत ने बांग्लादेश के ताजा हालात पर रणनीतिक निगाह रखते हुए अपनी सेना और केंद्रीय सुरक्षा बलों को सीमा पर हाई अलर्ट पर रखा है। तख्तापलट के बाद भारत पहुंची शेख हसीना के साथ उनकी बहन रेहाना ही नहीं, बल्कि करीबी रिश्तेदार भी आए हैं। बांग्लादेश के घटनाक्रम पर मंगलवार को बुलाई गई सर्वदलीय बैठक में विपक्षी नेताओं की चिंताओं और सवालों पर इन तथ्यों से रूबरू कराते हुए सरकार ने उन्हें भरोसे में लिया।

बांग्लादेश में तख्तापलट से फैली अराजक स्थिति के बीच शेख हसीना के भारत आने के एक दिन बाद ही केंद्र सरकार ने इस मुद्दे पर राष्ट्रीय आम सहमति बनाने के लिए सर्वदलीय बैठक बुलाई जिसमें विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने ताजा हालात से विपक्षी नेताओं को रूबरू कराया। सूत्रों के अनुसार, विदेश मंत्री ने बांग्लादेश के घटनाक्रम के भारत पर पड़ने वाले संभावित प्रभावों के लेकर वहां बाहरी हस्तक्षेप की स्थिति की भी संक्षिप्त रूप से चर्चा की। लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी ने बांग्लादेश के हिंसक घटनाक्रमों के रणनीतिक पहलुओं से जुड़ा सवाल पूछते हुए कहा कि क्या सरकार को इस तरह की उथल-पुथल का कुछ पूर्वानुमान था और क्या इसके पीछे ढाका से बाहर की ताकतों विशेष रूप से चीन-पाकिस्तान की भूमिका के बारे में कोई जानकारी है। सूत्रों के अनुसार, जयशंकर ने कहा कि भारत स्थिति पर लगातार नजर रख रहा है और जहां तक बाहरी ताकतों की बात है तो अभी पाकिस्तान के एक राजनयिक के मोबाइल में बदली हुई डीपी के बारे में जानकारी है जो विद्रोह को समर्थन देने के उनके रुझान को दर्शाता है, जिसकी हम पड़ताल कर रहे हैं। बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदुओं के साथ-साथ मंदिरों पर हमलों पर चिंता जताते हुए नेता विपक्ष ने पूछा कि भारत सरकार की इसे रोकने की क्या रणनीति है? विदेश मंत्री ने कहा, कि अल्पसंख्यकों पर हमले हो रहे हैं व उनकी संपत्तियों को नष्ट किया जा रहा है और सरकार उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए उचित कदम उठाएगी। बांग्लादेश के सेना प्रमुख से लेकर उनके अधिकारी के साथ संपर्क बना हुआ है।

बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री के भारत में रहने से लेकर राजनीतिक शरण को लेकर भी सवाल हुए। राहुल गांधी ने पूछा कि शेख हसीना से उनके भविष्य को लेकर सरकार की क्या बातचीत हुई है? जयशंकर ने इस पर कहा कि हसीना से उनके भविष्य की योजनाओं के बारे में बातचीत हुई है, मगर इसे उजागर नहीं किया जा सकता। हसीना के साथ हिंडन एयरफोर्स बेस पहुंचे उनके करीबी लोगों के बारे में भी सवाल हुए तो विदेश मंत्री ने कहा कि कुछ करीबी रिश्तेदार उनके साथ आए हैं, मगर इनकी संख्या उजागर करना उचित नहीं होगा। भारत के एनएसए उनकी सुरक्षा के लिए उचित कदम उठा रहे हैं। बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री के ब्रिटेन, फिनलैंड और दुबई में राजनीतिक शरण लेने को लेकर चर्चाओं पर भी सवाल हुए जिस पर विदेश मंत्री ने कहा कि हसीना की इन देशों से बातचीत चल रही है। साथ ही कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री सदमे की स्थिति में हैं और सरकार भविष्य की योजनाओं सहित विभिन्न मुद्दों पर उनसे बात करने से पहले उन्हें इससे उबरने का समय दे रही है। सूत्रों ने बताया कि विपक्षी नेताओं को जो संकेत दिए गए उसके मुताबिक ब्रिटेन में राजनीतिक शरण में अभी कुछ अवरोधक हैं जिसमें हसीना को कानूनी बचाव का कवच देने का मसला है। बांग्लादेश में उनके विरुद्ध अंतर्राष्ट्रीय मंचों की निगरानी में जांच की संभावनाओं को देखते हुए कानूनी कवच देने की गारंटी देने के लिए ब्रिटेन अभी राजी नहीं हुआ है। ऐसे में राजनीतिक शरण का फैसला होने में थोड़ा वक्त लग सकता है एवं हसीना अभी भारत में कुछ दिन और रह सकती हैं। वर्तमान चर्चाओं के हिसाब से शेख हसीना को फिलहाल दुबई में राजनीतिक शरण मिलने की संभावनाएं ज्यादा हैं।

सर्वदलीय बैठक में राहुल समेत विपक्षी नेताओं ने बांग्लादेश मुद्दे पर राजनीतिक लाइन से इतर सरकार को पूरा समर्थन देने का भरोसा दिया और कहा कि राष्ट्रीय हित के मामले में सब एक साथ हैं। तृणमूल कांग्रेस के नेता सुदीप बंद्योपाध्याय ने कहा कि उनकी पार्टी केंद्र के हर निर्णय के साथ है, मगर उनका आग्रह है कि बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को बांग्लादेश से जुड़े मामले की जानकारी देकर उनको भरोसे में लिया जाए। सर्वदलीय बैठक में बांग्लादेश के घटनाक्रम पर राजनीतिक दलों से मिले समर्थन को विदेश मंत्री ने पहले एक्स पर पोस्ट किया और फिर संसद में दिए बयान में खुले रूप में स्वीकार किया कि सर्वसम्मति से मिले समर्थन और समझ की वह सराहना करते हैं।

## बांग्लादेश की स्थिति को लेकर शाह ने की बैठक

**जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली:** बांग्लादेश में राजनीतिक उठापटक के बाद भारत में प्रत्येक स्तर पर उच्च सतर्कता बरती जा रही है। केंद्र सरकार की चिंता बांग्लादेश में फंसे लगभग 19 हजार भारतीयों के साथ ही वहां के अल्पसंख्यक हिंदुओं पर लगातार हो रहे हमले को लेकर भी है। इससे बांग्लादेश से भारत की ओर पलायन बढ़ने की आशंका है। पड़ोस में अस्थिरता के चलते पूर्वी सीमा पर फिर से उग्रवादी संगठनों के सक्रिय होने का भी खतरा है। इन्हीं सारे मुद्दों के साथ बांग्लादेश की मौजूदा स्थिति पर चर्चा के लिए गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को संसद भवन में विदेश मंत्री एस जयशंकर एवं सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल के साथ उच्च स्तरीय बैठक की। इस दौरान गृह सचिव भी मौजूद थे।

आपात स्थिति में बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के अपना देश छोड़कर भारत आने के बाद पूर्वी सीमा पर अराजकता बढ़ने की आशंका है, जिससे सुरक्षा एजेंसियों की चुनौती बढ़ गई है। यही कारण है कि प्रत्येक गतिविधि पर नजर रखी जा रही है और छोटी से छोटी घटनाओं की भी समीक्षा की जा रही है। बांग्लादेश में एक करोड़ 30 लाख से ज्यादा हिंदू आबादी है। घटना के बाद उन पर हमले बढ़ गए हैं। कट्टरपंथियों द्वारा हिंदू मंदिरों में तोड़फोड़ किया जा रहा है। अराजकता ऐसी फैली हुई है कि बांग्लादेश की पुलिस एवं सेना कुछ करने की स्थिति में नहीं है। पड़ोसी देश में कट्टरपंथी ताकतें जब-जब हावी हुई हैं, तब बड़ी संख्या में वहां के नागरिकों ने भारत में शरण ली है। इतनी संख्या में आए लोगों की व्यवस्था भारत के लिए बड़ी चुनौती होगी। इस बार तो अवामी लीग के नेताओं को भी कट्टरपंथी निशाना बना रहे हैं। उनके घर जलाए जा रहे हैं, हिंसा हो रही है। ऐसी स्थिति में वे भी भारत में शरण मांग सकते हैं।

भारत और बांग्लादेश की सीमा लगभग चार हजार किमी से अधिक लंबी है। बताया जाता है कि ऐसी समीक्षा बैठक लगभग रोजाना स्तर पर होगी। सुरक्षा बलों को सतर्क रहने को कहा गया है। दुनिया की यह पांचवीं सबसे बड़ी स्थल सीमा है, जो नदी-पहाड़ एवं जंगलों से होकर गुजरती है।

### शाह और नड्डा से मिले सुवेंदु अधिकारी

**राब्यू, जागरण • कोलकाता :** बांग्लादेश में जारी अशांति के बीच बंगाल विधानसभा में विपक्ष के नेता सुवेंदु अधिकारी ने मंगलवार को अचानक बिना किसी पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के दिल्ली जाकर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से अलग-अलग मुलाकात की। सुवेंदु के साथ सीमावर्ती मालदा जिले से भाजपा की विधायक श्रीरूपा मित्रा चौधरी भी दिल्ली पहुंची। शाह-नड्डा से मुलाकात के दौरान वह भी मौजूद रहीं। सुवेंदु ने कहा कि उन्होंने गृह मंत्री के साथ बैठक में बांग्लादेश संकट व वहां हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार पर बातचीत की। सुवेंदु ने गृह मंत्री से हिंदुओं पर अत्याचार रोकने के लिए कदम उठाने को कहा।



सुवेंदु अधिकारी

### वर्तमान ही नहीं, भविष्य को लेकर भी पूरी तरह सतर्क है भारत सरकार

**जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली:** शेख हसीना से भारत की पूरी सहानुभूति है और यह आगे भी जारी रहेगी, लेकिन उनकी सलामती को दुरुस्त रखते हुए इसकी भी तैयारी शुरू हो गई है कि पड़ोसी देश के साथ भारत के हित बरकरार रहें। इसकी उम्मीद जताई जा रही है हसीना बहुत जल्द किसी यूरोपीय देश में शरण लेंगी। यह भारत के भी हित में है, क्योंकि उनका लंबे समय तक यहां रहना बांग्लादेश की भविष्य की सरकार के साथ संबंधों को प्रभावित करेगा। लेकिन भारत इसमें अपनी ओर से कोई हड़बड़ी नहीं दिखाएगा। एक तरह से यह संदेश होगा की भारत अपने मित्रों के साथ पूरी दोस्ती निभाता है।

विदेश मंत्री जयशंकर ने अपने बयान में कहा है की भारत वहां के सैन्य अधिकारियों के संपर्क में है। फिलहाल वहां अल्पसंख्यक हिंदुओं की जान माल की रक्षा के लिए लगातार संपर्क हो रहा है। पड़ोस में जो हो रहा है उसने सीधा हस्तक्षेप संभव नहीं। लिहाजा बदलते हुए हालत के साथ इस तरह सामंजस्य बनाने की कोशिश होगी की हितों की ज़्यादा बलि ना देनी पड़े। खास तौर पर तब जब न सिर्फ निजी भारतीय कंपनियों ने अरबों डालर का निवेश वहां कर रखा हो और पूर्वोत्तर राज्यों के साथ वैकल्पिक कनेक्टिविटी परियोजना लगाने में भी भारत सरकार ने तीन अरब डालर का कर्ज दे रखा हो। हसीना के परिवार की तरफ से बांग्लादेश की राजनीति से हमेशा के लिए विदा देने संबंधी बयान आया है, इससे भी भारत के लिए अवामी लीग पर दांव लगाने का विकल्प खत्म हो गया है। वहां अवामी लीग के नेताओं पर भी हमले हो रहे हैं। यह भी लगभग तय माना जा रहा है कट्टरपंथी गुट पार्टी पर ही प्रतिबंध लगा दे। यह भारत और विश्व के लिए अच्छी बात नहीं होगी लेकिन पड़ोस नहीं बदला जा सकता है। ऐसे में उसी तरह आगे बढ़ने की कोशिश होगी जैसे अफगानिस्तान की तालिबान सरकार के साथ हो रही है।

## बांग्लादेश में फंसे उत्तर प्रदेश बिहार और ओडिशा के लोग

- जौनपुर सहित पूर्वांचल के करीब 25 कर्मचारी भी इनमें शामिल
- भारतीय उच्चायोग से नहीं मिल पा रही है किसी तरह की सहायता

**जागरण टीम, नई दिल्ली :** बांग्लादेश में तख्तापलट के बाद वहां उत्तर प्रदेश, बिहार व ओडिशा के लोग भी फंसे हुए हैं। एक भारतीय कंपनी में कार्यरत उत्तर प्रदेश के जौनपुर सहित पूर्वांचल के करीब 25 कर्मचारी भी इनमें शामिल हैं।

बांग्लादेश में फंसे जौनपुर के मनोज सिंह ने इंटरनेट काल के जरिये दैनिक जागरण प्रतिनिधि को बताया कि वे लोग बहुत परेशान और डरे हुए हैं। भारतीय उच्चायोग से सहायता न मिलने की शिकायत करते हुए उन्होंने मदद की गुहार लगाई है। उन्होंने बताया कि शेख हसीना के भारत पहुंचने पर आंदोलनकारी पूरी तरह से भारतीयों के विरुद्ध हो गए हैं। वे सभी एक बिल्डिंग में फंसे हैं, जिसका बाहर से गेट बंद है। कुछ राशन स्टाक में है, जिससे काम चल रहा है। यहां की पुलिस भी भाग चुकी है। बात करते समय मनोज सिंह काफी घबरा रहे थे और यही कह रहे थे कि 'भैया किसी तरह यहां से निकलवाओ।''

**कंपनी के गेस्ट हाउस में लिए हैं शरण :** बिहार के हाजीपुर के अजय कुमार सिंह अब भी बांग्लादेश में फंसे हुए हैं। फोन पर बातचीत में उन्होंने बताया कि उनके साथ बिहार के पांच-छह लोगों के अलावा उत्तर प्रदेश और ओडिशा के करीब 15 लोग भी फंसे हैं। वे लोग बीएसआरएम स्टील कंपनी में काम करते हैं। ढाका के आरामबाग में स्थित कंपनी के गेस्ट हाउस में अभी शरण लिए हुए हैं। चार मंजिला गेस्ट हाउस के चारों ओर सुरक्षा बल के जवान तैनात हैं। इसके बावजूद उन्हें डर लग रहा है। वे इंतजार कर रहे हैं कि कब अपने देश, अपने गांव लौट सकें।

### बीएचयू में पढ़ रहे बांग्लादेश के छात्र यहां चिंतित

बीएचयू में पढ़ रहे 84 बांग्लादेशी छात्र और 42 बांग्लादेशी छात्राओं के बीच बांग्लादेश की स्थिति को लेकर चिंता है। बीएचयू के डीन प्रो. अनुपम कुमार नेमा ने बताया कि लगभग 200 बांग्लादेशी छात्र बीएचयू के विभिन्न विभागों में अध्ययनरत हैं। वे अंतरराष्ट्रीय छात्रावास में रह रहे हैं। सभी बांग्लादेशी छात्रों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए बीएचयू में उचित कदम उठाए जा रहे हैं। बांग्लादेश के छात्र अंतूर घोष व विद्युत ने बताया कि वह अपने घर और परिवार के लोगों से संपर्क नहीं कर पा रहे हैं। वह परिवार की सुरक्षा को लेकर विचलित भी हैं।

## हिंसा से बंगाल में चौड़ी हो सकती है 'विभाजन' की रेखा

जयकृष्ण वाजपेयी • जागरण

- कट्टरपंथियों के हमले से पीड़ित हिंदू बंगाल की ओर करेंगे रुख
- बंगाल की राजनीति व आर्थिक क्षेत्र पर पड़ सकता है व्यापक प्रभाव

**कोलकाता:** यूं तो बांग्लादेश में उपजी स्थिति ने पूरे देश को सशंकित कर दिया है, लेकिन बंगाल के लिए इसका अलग अर्थ है। एक आशंका यह जताई जा रही है कि इस घटना के बाद राज्य में 'विभाजन' की रेखा और चौड़ी हो सकती है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को भी अब इसका अहसास हो रहा है। इसीलिए, उनकी ओर से ज्यादा सतर्क और संवेदनशील बयान आया है। 21 जुलाई को पीड़ितों को शरण देने की बात कहने वाली ममता ने बांग्लादेश में तख्तापलट के बाद कहा-'मैं बंगाल के लोगों से शांति बनाए रखने की अपील करती हूं। अफवाहों पर ध्यान न दें। केंद्र जो भी फैसला लेगा, हम उसका समर्थन करेंगे।'

बांग्लादेश और बंगाल की राजनीति पर पैनी नजर रखने वाले कोलकाता स्थित सेंटर फार रिसर्च इन इंडो-बांग्लादेश रिलेशंस के निदेशक बिमल प्रमाणिक ने कहा कि बांग्लादेश में जो हो रहा है, उसका असर व्यापक होने वाला है, क्योंकि कट्टरपंथी ताकतों की मदद से सेना सरकार चलाएगी। कट्टरपंथियों के हमले से पीड़ित बहुत से आवामी लीग समर्थक मुस्लिम भी आ सकते हैं। इससे बंगाल में सांप्रदायिक विभाजन की रेखा चौड़ी होगी। यहां के राजनीति और आर्थिक, दोनों ही क्षेत्रों पर बड़ा दुष्प्रभाव पड़ेगा। पहले ही वहां अल्पसंख्यक हिंदुओं पर हमले हो रहे थे। रवींद्र भारती विश्वविद्यालय के राजनीति विज्ञान के प्रो. विश्वनाथ चक्रवर्ती ने कहा, बांग्लादेश की स्थिति का बंगाल पर व्यापक प्रभाव होगा। बंगाल की राजनीति में भाजपा व तृणमूल के बीच राजनीति का अलग मोर्चा खुल सकता है। कलकत्ता विश्वविद्यालय के अधीन बंगोबासी कालेज में राजनीति विज्ञान के प्रोफेसर व बंगाल के स्कूल शिक्षा विभाग की सिलेबस कमेटी के चेयरमैन उदयन बनर्जी ने ममता के शरण देने वाले बयान को मानवीय बताया।

## शरीर तो भारत में है, लेकिन दिल और दिमाग लगा है बांग्लादेश में

**जागरण संवाददाता, सिलीगुड़ी/जलपाईगुड़ी:** बांग्लादेश में हिंसा और तख्ता पलट के बाद इस समय क्या हो रहा है? इसको लेकर वहां से कुछ दिन पहले तमाम वजहों से बाहर निकले लोग खासे परेशान हैं, वह वहां की पल-पल की जानकारी जुटाने में लगे हैं। यह सभी तत्काल अपने देश वापस लौटना चाहते हैं। कुछ तो इसी उम्मीद में भारत-बांग्लादेश सीमा पर जमे हुए हैं। बांग्लादेश के लालमुनीहाट जिले के रहने वाले अबु हसनत काफी बेचैन हैं। बार-बार किसी को फोन लगाते हैं। संपर्क नहीं हो पाता है तो परेशान हो जाते हैं। ऐसी स्थिति और भी कई बांग्लादेशियों की है, जो कुछ दिनों पहले इलाज कराने के लिए बंगाल के सिलीगुड़ी आए और यहीं फंस गए। इनकी बेचैनी बढ़ी हुई है। इनका शरीर भारत में है लेकिन दिल और दिमाग बांग्लादेश में। कुछ समझ में नहीं आ रहा, क्या करें? सभी वहां की स्थिति से काफी चिंतित हैं।

# बांग्लादेश के हालात ने पूर्वी सीमा की सुरक्षा चिंताओं को बढ़ाया

**जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली:** बांग्लादेश में सोमवार को शेख हसीना की सरकार का तख्तापलट किया गया और उसी दिन देर रात प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में सुरक्षा पर मंत्रिमंडलीय समिति की बैठक में देश की पूरी पूर्वी सीमा की मौजूदा स्थिति की समीक्षा की गई। भारत पूर्वी सीमा के हालात को लेकर पहले से ही चिंतित था और अब बांग्लादेश के हालात ने उसकी चिंताओं को और बढ़ा दिया है। पूर्वी सीमा पर चीन के साथ भारत के रिश्ते पहले ही काफी तनावपूर्ण है और विगत चार वर्षों से पूर्वी लद्दाख में चीनी सेना की घुसपैठ से शुरू हुए विवाद का अभी तक समाधान नहीं निकल पाया है। दूसरी तरफ म्यांमार की आंतरिक स्थिति दिन प्रतिदिन बिगड़ती जा रही है। हाल के महीनों में भारत ने वहां की सैन्य सरकार के साथ संबंध सुधारने के प्रयास तेज किए थे, लेकिन वहां से जो खबरें आ रही हैं उसके मुताबिक सैन्य सरकार की पकड़ भी ढीली पड़ने लगी है और विद्रोहियों के संगठन ने देश के अधिकांश हिस्से पर कब्जा कर लिया है।

सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के सूत्रों ने बताया कि रविवार को ढाका में हालात बिगड़ने के संकेत के साथ ही समूची अंतरराष्ट्रीय सीमा पर चौकसी बढ़ा दी गई है। बीएसएफ के नवनियुक्त डीजी दलजीत सिंह चौधरी स्वयं पूर्वी कमान में मौजूद थे। बीएसएफ के अधिकारियों से किसी भी अप्रत्याशित घटनाक्रम से निपटने के लिए तैयार रहने को कहा गया है। बंगाल के अलावा त्रिपुरा, असम, मेघालय व मिजोरम बांग्लादेश के साथ 4,096 किमी लंबी सीमा साझा करते हैं। ढाका में भारत के पूर्व उच्चायुक्त पवन शरण का कहना है, ''बांग्लादेश का भविष्य इस बात पर निर्भर करेगा कि वह भारत के साथ कितना सहयोगात्मक रिश्ता बनाकर रखता है।''



कोलकाता से लगभग 100 किलोमीटर उत्तर स्थित पेट्रापोल में भारत-बांग्लादेश सीमा पर गश्त करते सीमा सुरक्षा बल के जवान • एएफपी

### बीएसएफ ने स्थानीय लोगों से कहा, अनावश्यक सीमा पर न जाएं

सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने बांग्लादेश से लगती 4,096 किलोमीटर की सीमा के नजदीक रहने वाले स्थानीय लोगों से कहा है कि वह अनावश्यक रूप से सीमावर्ती इलाकों में न जाएं, खासकर रात में। बीएसएफ के महानिदेशक (कार्यवाहक) दलजीत सिंह चौधरी ने मंगलवार को लगातार दूसरे दिन सीमा का अपना दौरा जारी रखा और पेट्रापोल में इंटीग्रेटेड चेक पोस्ट (आइपीसी) भी गए। बीएसएफ प्रवक्ता ने बताया कि महानिदेशक ने बेहद संवेदनशील राणाघाट सीमा चौकी का भी दौरा किया और घुसपैठ एवं तस्करी से निपटने की रणनीति पर चर्चा की। उन्होंने एक 'सैनिक सम्मेलन' को भी संबोधित किया जिसमें बांग्लादेश की वर्तमान स्थिति पर चर्चा की गई और किसी भी स्थिति से निपटने के लिए तैयारियों के स्पष्ट निर्देश दिए गए। एक अधिकारी ने बताया कि भारत-बांग्लादेश सीमा पर स्थिति सामान्य है।

*********

# ओलिंपिक से दक्षिण अमेरिकी चैंपियन तक विनेश के आगे चित

## प्री-क्वार्टर फाइनल में गत चैंपियन सुसाकी, क्वार्टर में लिवाक और सेमीफाइनल में लोपेज को हराया


सेमीफाइनल के दौरान क्यूबाई पहलवान लोपेज के विरुद्ध दांव लगाती विनेश फोगाट • रायटर

**जागरण न्यूज नेटवर्क, नई दिल्ली:** 'कौन कहता है कि आसमान में सुराख हो नहीं सकता, एक पत्थर तो तबीयत से उछालो यारों।' यह केवल एक प्रेरणादायक वाक्य नहीं है। यह जज्बा है भारत की शेरनी विनेश फोगाट का, जिन्होंने वह कर दिखाया है जो अब तक अंतरराष्ट्रीय कुश्ती में किसी भारतीय महिला पहलवान ने नहीं किया था। महिलाओं की 50 किग्रा वर्ग फ्रीस्टाइल कुश्ती के प्री-क्वार्टर फाइनल में विनेश ने सर्वप्रथम गत ओलिंपिक चैंपियन और अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों में 82 बार की अजेय पहलवान शीर्ष वरीय युई सुसाकी को हराया, फिर क्वार्टर फाइनल में यूक्रेन की ओसाना लिवाक को और दिन के तीसरे और ओलिंपिक के अपने पहले सेमीफाइनल में दक्षिण अमेरिकी चैंपियन क्यूबा की लोपेज गुजमैन को हराकर ओलिंपिक में अपना पहला पदक पक्का कर लिया।

**अंतिम छह सेकेंड में गत चैंपियन को किया चित:** ओलिंपिक में पहली बार कुश्ती में जब वरीयता मिली तो इसमें केवल दो भारतीय थे, पर विनेश उनमें शामिल नहीं थीं। अर्थात् अन्य पहलवानों की तरह उन्हें कोई आसान प्रतिद्वंद्वी नहीं मिलने वाला था। पिछले दो वर्षों में जीवन के सबसे कठिन दौर से गुजरीं विनेश ने जब तब हार नहीं मानी तो अब क्या मानतीं। तीन बार की ओलिंपियन ने यह सोच मैट के बाहर ही छोड़ दी कि जिनसे वह भिड़ने जा रही हैं वह अजेय हैं। 82-0 के अंतरराष्ट्रीय रिकार्ड लिए जापान की सुसाकी भी बहुत सजग थीं, पर छह मिनट के इस मुकाबले में वह विनेश के विरुद्ध एक भी सफल दांव नहीं लगा सकीं। विनेश ने जो दो अंक शुरुआती पांच मिनट 54 सेकेंड में गंवाए वह दोनों उनके रक्षात्मक रवैया के कारण रेफरी द्वारा पैसिविटी (खेल को धीरे करने की मंशा) की चेतावनी के बाद दिए गए 30 सेकेंड में अंक नहीं अर्जित करने के कारण गंवाए थे, पर विनेश इससे विचलित नहीं हुईं क्योंकि यह उनकी रणनीति का ही हिस्सा था।

वह सही समय की प्रतीक्षा करती रहीं और जब केवल अंतिम छह सेकेंड बचे थे उन्होंने अपना रुख ऐसा बदला कि जापानी पहलवान जो बढ़त बनाए हुई थीं, वह संभल नहीं सकीं और विनेश ने अपना दांव लगाकर दो अंक प्राप्त कर लिए। समय की समाप्ति पर दोनों पहलवानों के दो-दो अंक थे, पर क्योंकि विनेश ने बड़े अंक का दांव लगाया था वह विजेता बनीं। जापानी पहलवान को यह हार बर्दाश्त नहीं हुई और उन्होंने रेफरी के निर्णय को चुनौती दे दी। हालांकि, चुनौती उनके पक्ष में नहीं गई और विनेश को एक और अतिरिक्त अंक मिल गया जिससे वह 3-2 से जीतकर जापानी पहलवान को अंतरराष्ट्रीय मंच पर पहली बार हराने वाली पहलवान बन गईं। यह जीत विनेश के लिए कितना महत्वपूर्ण थी यह उनकी भावनाओं में स्पष्ट रूप से प्रदर्शित हो रहा था। वह अपनी भावनाओं को नियंत्रित नहीं रख सकीं, विगत दो वर्षों का उनका संघर्ष उनकी आंखों के सामने आ गया, जहां विरोध प्रदर्शन से लेकर अवसाद और अब पदक विजेता तक का सफर उन्होंने तय किया।

**82** अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों में अजेय गत चैंपियन जापान की युई सुसाकी को प्री-क्वार्टर, यूक्रेन की लिवाक को क्वार्टर और क्यूबा की लोपेज को सेमीफाइनल में हराकर पक्का किया पदक

**क्वार्टर फाइनल में शुरू से बनाई बढ़त:** विनेश यहीं नहीं रुकीं, केवल एक घंटे के अंतराल में हुए क्वार्टर फाइनल मुकाबले में उन्होंने यूक्रेन की ओसाना लिवाक को भी हराया और पहली बार ओलिंपिक के सेमीफाइनल में पहुंच गईं। यूक्रेन की पहलवान के विरुद्ध विनेश ने पहले मुकाबले के विपरीत आक्रामक रवैया अपनाया और शुरू से ही बढ़त बनाए रखी। यूक्रेन की पहलवान ने अंतिम क्षणों में बेचैनी दिखाई और आक्रामक हुईं पर विनेश ने उनके प्रयास विफल कर दिए और 6-4 से मैच अपने नाम कर लिया। अंत में लिवाक ने भी रेफरी के निर्णय को चुनौती दी, पर यह उनके पक्ष में नहीं गया और विनेश 7-4 के अंतर से मुकाबला जीत गईं।

**सेमीफाइनल में दक्षिण अमेरिकी चैंपियन पर पड़ीं भारी:** दिन का अपना तीसरा मुकाबला खेल रहीं विनेश फोगाट ने प्री-क्वार्टर और क्वार्टर फाइनल में अर्जित किया फार्म सेमीफाइनल में भी जारी रखा। उन्होंने क्यूबा की गुजमैन लोपेज के विरुद्ध भी शुरू से ही सचेत होकर खेला और उनके सभी अटैक विफल कर दिए। उन्होंने अटैक भी किया पर तब क्यूबा की पहलवान बचती दिखीं। रेफरी ने उन्हें चेतावनी दी और विनेश के पक्ष में पैसिविटी के अंक मिल गए। इसके बाद विनेश को भी उन्होंने चेतावनी दी पर उन्होंने अटैक कर चार अंक लेकर फाइनल में पहुंच गईं।

## प्रदर्शन से आलोचकों को दिया करारा जवाब

**नई दिल्ली, जेएनएन :** बजरंग पूनिया और साक्षी मलिक के साथ मिलकर भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआइ) के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के विरुद्ध विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व करने वाली विनेश फोगाट देश में सबसे अधिक नफरत की जाने वाली खिलाड़ियों में से एक बन गई थीं। उन्हें इंटरनेट मीडिया पर प्रतिदिन दुर्व्यवहार का सामना करना पड़ रहा था। मंगलवार को हरियाणा की 29 वर्षीय पहलवान ने अपने शानदार प्रदर्शन से अपने आलोचकों और दुर्व्यवहार करने वालों को चुप करा दिया। पेरिस ओलिंपिक खेलों से पहले का जीवन विनेश के लिए बहुत कठिन था क्योंकि उनके हर कदम पर सवाल उठाए जाते थे और विवाद होता था क्योंकि वह शासन के विरुद्ध खड़ी थीं और युवा महिला पहलवानों के कथित यौन उत्पीड़न के लिए बृजभूषण शरण सिंह के विरोध में पहलवानों का समर्थन किया था।

विनेश 2016 के रियो ओलिंपिक में तब सुर्खियों में आईं जब वह महिलाओं के 48 किग्रा क्वार्टर फाइनल में चीन की सुन यानान से आगे चल रही थीं, लेकिन उनके घुटने में करियर के लिए खतरा पैदा करने वाली चोट के कारण उन्हें अश्रुपूर्ण विदाई देनी पड़ी। हालांकि, विनेश अपनी चोट से उबर गईं और 2018 राष्ट्रमंडल खेलों और एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतने वाले प्रदर्शन के बाद इसके लिए योग्य हो गईं। टोक्यो ओलिंपिक खेल जिन्हें एक साल के लिए स्थगित कर दिया गया और 2021 में आयोजित किया गया। हालांकि, ओलिंपिक में उनका दूसरा अभियान निराशाजनक रहा क्योंकि वह जल्दी बाहर हो गईं।

टोक्यो ओलिंपिक में महिलाओं के 53 किग्रा में भाग लेते हुए वह क्वार्टर फाइनल में वेनेसा कलादजिंस्काया से हार गईं। विनेश फिर से फोकस में आ गईं जब उन्होंने बेलग्रेड में विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में कांस्य पदक और बर्मिंघम में राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण पदक जीता। एक दशक से अधिक के करियर में, विनेश ने देश के लिए कई पदक और खिताब जीते हैं, जिनमें 2019 और 2022 विश्व चैंपियनशिप में कांस्य पदक, लगातार तीन राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण पदक, इंचियोन में 2014 एशियाई खेलों में कांस्य और चार साल बाद जकार्ता में स्वर्ण पदक शामिल हैं।


विनेश की जीत के बाद ससुराल में मिठाई खिलाकर मनाया गया जश्न • जागरण

## सास-ससुर ने हनुमान जी को मनाया

नंदकिशोर भारद्वाज • जागरण

स्वजन सुबह कुश्ती शुरू होने से पहले ही जींद के पैतृक गांव बख्ता खेड़ा पहुंच गए थे

**सोनीपत:** हरियाणा की बेटी विनेश फोगाट का मेडल पक्का होते ही देशभर में उनके लिए शुभकामनाओं का दौर शुरू हो गया। मंगलवार सुबह से विनेश के ससुर राजपाल राठी और सास सरोज देवी हनुमान जी की पूजा करते रहे। परिवार के लोग सुबह से ही अपने पैतृक गांव जींद के बख्ताखेड़ा पहुंच गए थे। विनेश की पहली कुश्ती शुरू होने से पूर्व सास-ससुर गांव के शिव मंदिर में पहुंचे और उन्होंने भगवान भोलेनाथ और बजरंग बली की पूजा करना की, कामना की कि उनकी बहू देश का नाम रोशन करते हुए ओलिंपिक में स्वर्ण पदक जीते। वहीं, पेरिस में विनेश पर मंगल शुभ रहा। अब उनका पदक पक्का है।

विनेश के पति सोमवीर राठी उनके साथ पेरिस में हैं। ससुर राजपाल और सरोज सुबह ही गांव के शिव मंदिर पहुंचे और वहां पर भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक किया और बजरंग बली की पूजा करते हुए विनेश की जीत की कामना की। इसके बाद राजपाल व सरोज गांव में अपने पैतृक घर पर पहुंचे। दोनों ने परिवार के अन्य सदस्यों के साथ टीवी पर विनेश के मुकाबले देखे। विनेश के फाइनल में पहुंचते ही बधाइयों का दौर शुरू हो गया।

**कोच ने किया हवन, पहलवानों ने मनाई खुशी:** विनेश के कोच ओमप्रकाश दहिया ने बताया कि मंगलवार को उन्होंने विनेश की जीत कामना करते हुए, स्कूल में पहलवानों के साथ हवन किया। उन्हें पूरा विश्वास है कि विनेश स्वर्ण जीतेंगी।

### पुरुष टेबल टेनिस टीम बाहर

**पेरिस, प्रेट्र :** अचंता शरत कमल, मानव ठक्कर और हरमीत देसाई की भारतीय पुरुष टीम मंगलवार को यपेरिस ओलिंपिक में टेबल टेनिस टीम स्पर्धा के प्री क्वार्टर फाइनल में शीर्ष वरीय चीन के खिलाफ एकतरफा मुकाबले में हार के साथ प्रतियोगिता से बाहर हो गई।

### सेमीफाइनल से चूकीं किरण

**पेरिस :** भारत की किरण पहल मंगलवार को महिलाओं की 400 मीटर दौड़ के रेपेचेज में अपनी हीट में छठे स्थान पर रहने के बाद फाइनल में जगह नहीं बना पाईं। किरण ने अपनी हीट में 52.59 सेकेंड के समय के साथ छह खिलाड़ियों में अंतिम स्थान और कुल 23वें स्थान पर रहीं।

### आज के कार्यक्रम

**एथलेटिक्स :** मैराथन रेस वाक, सुबह 11 बजे (**सूरज पंवार, प्रियंका**), पुरुष ऊंची कूद क्वालिफिकेशन, दोपहर 1:35 बजे (**सर्वेश अनिल कुशारे**), महिला 100 मीटर बाधा दौड़ राउंड 1, दोपहर 1:45 बजे (**ज्योति याराजी**), पुरुष त्रिकूद क्वालिफिकेशन, रात 10:45 बजे (**एन. अब्दुल्ला, प्रवीण चित्रावल**)

**गोल्फ :** राउंड 1, दोपहर 12:30 बजे (**अदिति अशोक, दीक्षा डागर**)

**भारोत्तोलन :** महिला 49 किग्रा, रात 11 बजे (**मीराबाई चानू**)

**टेबल टेनिस :** महिला टीम क्वार्टर फाइनल, दोपहर 1:30 बजे, **भारत vs जर्मनी**

**कुश्ती :** महिला 53 किग्रा, दोपहर 2:30 बजे (**अंतिम vs जेनेव येतगिल**)

### तालिका

| देश | सोना | चांदी | कांस्य | कुल |
|---|---|---|---|---|
| 1 चीन | 22 | 20 | 15 | 57 |
| 2 अमेरिका | 21 | 30 | 28 | 79 |
| 3 आस्ट्रेलिया | 14 | 12 | 9 | 35 |
| 4 फ्रांस | 13 | 16 | 19 | 48 |
| 5 ग्रेट ब्रिटेन | 12 | 14 | 18 | 44 |
| 6 द. कोरिया | 11 | 8 | 7 | 26 |
| 7 जापान | 11 | 6 | 11 | 28 |
| 8 इटली | 9 | 10 | 6 | 25 |
| 9 नीदरलैंड्स | 8 | 5 | 6 | 19 |
| 10 जर्मनी | 8 | 5 | 4 | 17 |
| 60 भारत | 0 | 0 | 3 | 3 |

पदक तालिका *रात 12:00 बजे तक

## जर्मनी से अंतिम मिनटों में पिछड़ी भारतीय हाकी टीम


सेमीफाइनल मुकाबले में गोल खाने के बाद निराश भारतीय खिलाड़ी • एपी

**सेमीफाइनल में जर्मनी ने 3-2 से किया पराजित, आज स्पेन से होगा कांस्य के लिए सामना**

**पेरिस, प्रेट्र :** टोक्यो ओलिंपिक में कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय हाकी टीम मंगलवार को जब सेमीफाइनल में उतरी तो उसकी नजरें 44 वर्ष बाद फाइनल में पहुंचकर पदक का रंग बदलने पर थी। हरमनप्रीत सिंह की अगुआई वाली हाकी टीम ने जर्मनी के विरुद्ध शुरुआत भी शानदार की और सातवें मिनट में गोल दागा। लेकिन जर्मन टीम के अटैक के आगे भारतीय डिफेंडर थोड़े फीके पड़ गए, जिससे तीसरे क्वार्टर तक मुकाबला 2-2 से बराबर रहने के बाद अंतिम मिनटों में टीम पिछड़ गई और जर्मनी ने तीसरा गोल दाग भारत का फाइनल में पहुंचने का सपना तोड़ दिया। भारत ने पिछली बार जर्मनी को हराकर ही टोक्यो में कांस्य जीता था।

इस मुकाबले में भारत के मुख्य डिफेंडर अमित रोहिदास की कमी बहुत खली, जिन्हें क्वार्टर फाइनल में रेड कार्ड दिखाए जाने के बाद एक मैच के लिए निलंबित किया गया था। अब भारतीय टीम के पास कांस्य पदक जीतने का अवसर है। कांस्य पदक के लिए उसका सामना स्पेन से होगा।

## नीरज चोपड़ा ने फाइनल के लिए बचाया सर्वश्रेष्ठ

**89.34** मीटर का थ्रो गत चैंपियन ने फेंककर क्वालीफिकेशन दौर में शीर्ष स्थान प्राप्त किया, ग्रेनेडा के पीटर्स 88.63 मीटर के थ्रो के साथ दूसरे स्थान पर रहे

**पेरिस, आइएएनएस :** भारत की शान गत चैंपियन नीरज चोपड़ा ने मंगलवार को स्टेड डी फ्रांस में पेरिस ओलिंपिक में सत्र का सर्वश्रेष्ठ 89.34 मीटर के थ्रो के साथ पुरुषों की भाला फेंक क्वालीफिकेशन में शीर्ष पर रहने के बाद कहा कि उन्होंने अपना सर्वश्रेष्ठ फाइनल के लिए बचा लिया है। नीरज ने अपने खिताब की रक्षा शुरू करने के अपने पहले प्रयास में दोनों समूहों में क्वालीफिकेशन का सर्वश्रेष्ठ थ्रो फेंका। उन्होंने टोक्यो 2020 ओलिंपिक में 87.58 मीटर थ्रो के साथ स्वर्ण पदक जीता था और ट्रैक एवं फील्ड स्पर्धा में व्यक्तिगत ओलिंपिक स्वर्ण पदक जीतने वाले पहले भारतीय बने थे।

क्वालीफिकेशन राउंड की समाप्ति के बाद नीरज ने कहा, 'यह केवल क्वालीफिकेशन राउंड है, फाइनल में मानसिकता और स्थिति अलग होती है। मुझे अच्छी शुरुआत के बाद फाइनल की तैयारियों पर ध्यान देना चाहिए।' 26 वर्षीय खिलाड़ी ने कहा कि 84 मीटर के स्वचालित क्वालीफिकेशन मार्क के साथ क्वालीफाई करने वाले सभी थ्रोअर के बीच फाइनल में कड़ी प्रतिस्पर्धा होगी। हालांकि, उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि उन्होंने पदक स्पर्धा के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ बचाकर रखा है।

नीरज ने कहा, 'मैं फाइनल के लिए सर्वश्रेष्ठ बचा रहा हूं और उस पर ध्यान केंद्रित कर रहा हूं। मैं फाइनल के लिए तैयार हूं। मैं यहां अभ्यास में अच्छा नहीं कर रहा था लेकिन जब क्वालीफिकेशन शुरू हुआ, तो मैंने पहले थ्रो में क्वालीफाई करने का लक्ष्य रखा था। मेरी फिटनेस अब बेहतर है और मैंने पहला प्रयास करने से पहले अच्छी तरह से वार्मअप किया था।' नीरज के अलावा, आठ एथलीटों ने स्वचालित योग्यता अंक के साथ फाइनल के लिए क्वालीफाई किया। इनमें ग्रेनेडा के एंडरसन पीटर्स (88.63 मीटर), जर्मनी के जूलियन वेबर (87.76 मीटर), पाकिस्तान के अरशद नदीम (86.59 मीटर) और केन्या के जूलियस येगो (85.97 मीटर) शीर्ष पांच में शामिल हैं।

अपनी मानसिकता के बारे में बात करते हुए, नीरज ने कहा कि वह पहले थ्रो में अपना सर्वश्रेष्ठ देने की कोशिश करते हैं। उन्होंने कहा, 'मैं पहली थ्रो से ही अच्छा प्रदर्शन करने की कोशिश करता हूं लेकिन ऐसा हर बार नहीं होता। अगर मैं पहली थ्रो में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने में असफल रहता हूं तो मैं हर थ्रो में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने की कोशिश करता हूं।' जब उनसे वर्ष की शुरुआत में लगी एडक्टर मांसपेशियों में चोट के बारे में पूछा गया, तो नीरज ने कहा, 'मैं बेहतर महसूस कर रहा हूं और थ्रो से पहले उचित वार्म-अप के साथ सभी सावधानियां बरत रहा हूं।'

भारत के किशोर जेना पहले प्रयास में 80.73 मीटर के सर्वश्रेष्ठ प्रयास के बाद फाइनल में पहुंचने में असफल रहे। तीसरे प्रयास में 80.21 मीटर थ्रो करने से पहले दूसरे थ्रो में फाउल कर दिया। नीरज गुरुवार को दूसरा स्वर्ण जीतने उतरेंगे।


नीरज चोपड़ा • प्रेट्र

## अंतिम पंघाल को अकेले करना पड़ रहा अभ्यास

**नई दिल्ली, जेएनएन :** भारत की युवा चौथी वरीयता प्राप्त पहलवान अंतिम पंघाल के लिए पेरिस में मुश्किलें बढ़ गई हैं। बुधवार को उन्हें 53 किग्रा वर्ग के फ्रीस्टाइल स्पर्धा में अपने अभियान की शुरुआत करनी है, परंतु उनकी अंतिम तैयारी नहीं हो सकी है। इसका कारण है कि उनके व्यक्तिगत कोच और अभ्यास के साझेदार को उनके अभ्यास के दौरान प्रवेश की मान्यता नहीं मिली है। तीन अगस्त को अंतिम व उनके सहयोगी पेरिस पहुंच गए, परंतु अब तक मान्यता नहीं मिलने से उनका अभ्यास प्रभावित हो रहा है।

दरअसल, अंतिम और उनके कोचिंग स्टाफ जिनमें व्यक्तिगत कोच भगत सिंह, अभ्यास के सहायक विकास भारद्वाज और फिजियो शामिल हैं, तीन अगस्त की शाम को पेरिस पहुंचे। इसके बाद अंतिम के अभ्यास सहायक विकास भारद्वाज भारत के मिशन प्रमुख गगन नारंग समेत अन्य अधिकारियों से भी मिले, पर उन्हें कुश्ती स्पर्धाओं की मेजबानी कर रहे स्टेडियम में प्रवेश की मान्यता नहीं मिली। मंगलवार को अंतिम के अभ्यास सहायक भारद्वाज ने बताया कि अंतिम का अभ्यास सही से नहीं हो पा रहा है।

## पोल वाल्ट में आर्मंड डुप्लांटिस जैसा कोई नहीं

**ओलिंपिक में विश्व**

**6.25** मीटर की कूद लगाकर नौवीं बार बनाया विश्व रिकार्ड


पुरुष पोल वाल्ट के फाइनल के दौरान स्वीडन के आर्मंड डुप्लांटिस • रायटर

**पेरिस, एपी :** स्वीडन के आर्मंड डुप्लांटिस ने अपना करिश्माई प्रदर्शन जारी रखते हुए पोल वाल्ट में नौवीं बार विश्व रिकार्ड बनाकर पेरिस ओलिंपिक में स्वर्ण पदक अपने नाम किया। एथलेटिक्स में जब सोमवार की प्रतियोगिताएं समाप्त होने के कगार पर थी तब डुप्लांटिस ने स्टेड डी फ्रांस में 80,000 दर्शकों के सामने 6.25 मीटर की कूद लगाकर अपना ही विश्व रिकार्ड तोड़ा। ओलिंपिक खेलों में उन्होंने पहली बार यह कारनामा किया।

लुइसियाना में जन्मे 24 वर्षीय डुप्लांटिस अपनी मां के मूल देश स्वीडन के लिए प्रतिस्पर्धा करते हैं। स्वीडन के राजा और रानी भी डुप्लांटिस की इस उपलब्धि के गवाह बने। लगातार दूसरा स्वर्ण पदक जीतकर और एक सेंटीमीटर के अंतर से नौवीं बार रिकार्ड तोड़कर डुप्लांटिस अब महान खिलाड़ी सर्गेई बुबका के करीब पहुंच गए हैं।

**केन्या की चेबेट बनीं चैंपियन:** केन्या की बीट्राइस चेबेट ने महिलाओं की 5000 मीटर दौड़ का स्वर्ण पदक जीता। चेबेट ने 14 मिनट 28.56 सेकेंड में रेस पूरी की। वहीं नीदरलैंड्स की सिफन हुसैन ने 14 मिनट 30.61 सेकेंड के साथ दूसरे स्थान पर रहीं और रजत पदक अपने नाम किया।

### स्पेन और फ्रांस के बीच होगा फुटबाल फाइनल

**मार्सिले:** स्पेन ने पहले हाफ में पिछड़ने के बाद सब्स्टिट्यूट खिलाड़ी जुआनलू सांचेज के गोल की मदद से मोरक्को को 2-1 से हराकर ओलिंपिक में रिकार्ड पांचवीं बार हराकर फुटबाल प्रतियोगिता के फाइनल में प्रवेश किया। स्पेन फाइनल में मेजबान फ्रांस से भिड़ेगा, जिसने सेमीफाइनल में मिस्र को 3-1 से पराजित किया। पिछले 32 वर्षों में यह पहला अवसर होगा जबकि यूरोप की कोई टीम स्वर्ण पदक जीतेगी। सांचेज ने स्टेड डे मार्सिले में 85वें मिनट में गोल करके स्पेन को फाइनल में पहुंचाया। बार्सिलोना ओलिंपिक 1992 में स्वर्ण पदक जीतने वाला स्पेन टोक्यो में फाइनल में ब्राजील से हार गया था।

## श्रीलंका में 27 साल बाद सीरीज गंवाने से बचने की चुनौती

- भारत और श्रीलंका के बीच तीन मैचों की वनडे सीरीज का अंतिम मुकाबला आज
- सीरीज बराबर करने के लिए भारतीय बल्लेबाजों को स्पिनरों पर होना होगा हावी



मुख्य कोच गौतम गंभीर के साथ भारतीय कप्तान रोहित शर्मा • प्रेट्र

**कोलंबो, प्रेट्र:** पहले दो मैच में बल्लेबाजों के निराशाजनक प्रदर्शन से आहत भारतीय टीम को अगर श्रीलंका में 27 साल बाद सीरीज गंवाने से बचना है तो उसे बुधवार को होने वाले तीसरे और अंतिम वनडे मैच में स्पिनरों पर हावी होकर खेलना होगा। विशेष रूप से विराट कोहली और कप्तान रोहित शर्मा को श्रीलंकाई स्पिनरों के विरुद्ध रन बनाने होंगे। सीरीज का पहला मुकाबला जहां टाई रहा था तो दूसरे मैच में श्रीलंका ने 32 रन से हार मिली थी। भारत यहां से सीरीज तो नहीं जीत पाएगा, लेकिन उसके सामने सीरीज बराबर करने का अवसर है। गौतम गंभीर के मुख्य कोच बनने के बाद यह उनका पहली वनडे सीरीज है और वह हार से शुरुआत करना नहीं चाहेंगे।

भारत को श्रीलंका के विरुद्ध अंतिम बार 1997 में वनडे सीरीज में हार मिली थी, तब अर्जुन रणतुंगा की कप्तानी वाली श्रीलंकाई टीम ने भारत को हराया था। इसके बाद भारत और श्रीलंका के बीच 11 वनडे द्विपक्षीय सीरीज खेली हैं, जिनमें हर बार भारतीय टीम विजयी रही है। भारत बल्लेबाजों के लचर प्रदर्शन के कारण इस स्थिति में पहुंचा है। कोलंबो के आर प्रेमदासा स्टेडियम की पिच से स्पिनरों को काफी मदद मिल रही है और कप्तान रोहित शर्मा को छोड़कर भारत का कोई भी अन्य बल्लेबाज श्रीलंका के स्पिनरों का डटकर सामना नहीं कर पाया है। दो मैचों में विराट कोहली समेत बाकी बल्लेबाजों ने निराश किया है। कोहली को रोहित से मिली आक्रामक शुरुआत को ही आगे बढ़ाने की आवश्यकता है, लेकिन अभी तक वह इसमें विफल रहे हैं। उन्हें संघर्षरत मध्यक्रम के बल्लेबाजों के साथ मिलकर पारी को संवारना होगा। इसके लिए उन्हें और अन्य बल्लेबाजों को रोहित की तरह स्पिनरों पर हावी होकर खेलना होगा।

श्रीलंका के स्पिनर भारत के अन्य बल्लेबाजों के लिए भी अबूझ पहेली बने हुए हैं। स्पिनरों के विरुद्ध अच्छा प्रदर्शन करने वाले शिवम दुबे पिछले मैच में जैफ्री वेंडर्से की आसान लेग स्पिन को भी नहीं समझ पाए। श्रेयस अय्यर और केएल राहुल भी अभी तक श्रीलंका के स्पिनरों को खेलने में असफल रहे हैं। हालांकि रोहित ने पिछले मैच में 44 गेंद पर 64 रन की पारी खेली थी। भारत के अन्य बल्लेबाजों को भी उनसे सीख लेने की आवश्यकता है।

### टीमें इस प्रकार हैं

**भारत:** रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, विराट कोहली, केएल राहुल, श्रेयस अय्यर, शिवम दुबे, रिषभ पंत, कुलदीप यादव, मोहम्मद सिराज, वाशिंगटन सुंदर, अर्शदीप सिंह, रियान पराग, अक्षर पटेल, खलील अहमद, हर्षित राणा।

**श्रीलंका:** चरिथ असलंका (कप्तान), पाथुम निसांका, अविष्का फर्नांडो, कुसल मेंडिस, सदीरा समाराविक्रमा, कामिंदु मेंडिस, जनिथ लियांगे, निसान मधुशंका, दुनिथ वेलालागे, चमिका करुणारत्ने, अकीला धनंजय, मोहम्मद शिराज, असिथा फर्नांडो, इशान मलिंगा, जेफ्री वेंडर्से।

********

नई पहल

# नान-टेक्निकल छात्रों के लिए भी अप्रेंटिसशिप का अवसर

**इंडस्ट्री** की जरूरत के अनुसार कौशल नहीं होने के कारण आज बड़ी संख्या में युवाओं को नौकरी नहीं मिल पा रही है। केंद्र सरकार ऐसे युवाओं को अब अप्रेंटिसशिप के जरिए नौकरी के लायक बनाना चाहती है। इसके लिए शिक्षा मंत्रालय ने बीते दिनों अपने नेशनल अप्रेंटिसशिप ट्रेनिंग स्कीम में कुछ संशोधन किया है। इस संशोधन के बाद अब बीए, बीकाम और बीएससी डिग्रीधारक युवा भी इस साल से इस अप्रेंटिसशिप के लिए आवेदन कर सकते हैं। इस स्कीम के तहत अब ऐसे डिग्रीधारकों को भी विभिन्न कंपनियों में छह माह से लेकर डेढ़ साल की अवधि तक अप्रेंटिसशिप मिलेगी। शिक्षा मंत्रालय की यह नेशनल अप्रेंटिसशिप ट्रेनिंग स्कीम अभी तक केवल बीई/बीटेक या पालिटेक्निक छात्रों के लिए ही थी।

**पहले मिलेगी ट्रेनिंग, फिर अप्रेंटिसशिप:** सरकार बीए, बीकाम तथा बीएससी जैसे नान-टेक्निकल डिग्रीधारकों को अप्रेंटिसशिप दिलाने से पहले उन्हें एक माह से लेकर छह माह की अवधि तक कामन सर्विस सेंटर (सीएससी) के माध्यम से स्किल ट्रेनिंग दिलाएगी। यह स्किल ट्रेनिंग इंडस्ट्री की जरूरतों के अनुसार ही प्रदान की जाएगी, जो बाद में नौकरियों में काम आ सके। यह स्किल ट्रेनिंग पूरी कर लेने के बाद शिक्षा मंत्रालय से संबद्ध विभिन्न कंपनियों में ऐसे युवाओं को अप्रेंटिसशिप के लिए आवेदन करना होगा, जहां वे अप्रेंटिसशिप लेना चाहते हैं। इस समय देश में विभिन्न जगहों पर करीब पांच लाख सीएससी हैं, जहां आने वाले दिनों में डिग्रीधारी युवाओं को इस तरह की स्किल ट्रेनिंग दी जाएगी।

**सीधे खाते में आएगा पैसा:** इस स्कीम के तहत डिग्रीधारकों को कंपनियों में काम सीखने के साथ-साथ हर महीने जो नौ हजार रुपये वेतन भत्ता मिलेगा, उसमें से आधा पैसा शिक्षा मंत्रालय की ओर से प्रदान किया जाएगा। इसके लिए मंत्रालय सीधे लाभार्थियों के खाते में पैसा भेजेगा। वेतन भत्ते का बाकी साढ़े चार हजार रुपये वह कंपनी आपको देगी, जहां पर अप्रेंटिसशिप के लिए चयन हुआ है।

**अप्रेंटिसशिप के फायदे:** सरकारी विभागों में वैसे तो अप्रेंटिसशिप की व्यवस्था पहले से है, लेकिन अब निजी कंपनियों में भी यह अप्रेंटिसशिप मिलेगी। अप्रेंटिसशिप लेने से फायदा यह होगा कि आपको इंडस्ट्री की जरूरतों के अनुसार स्वयं को तैयार करने का अवसर मिलेगा। साथ ही अप्रेंटिसशिप के दौरान आपको कंपनियों के सीनियर्स के साथ काम करने और सीखने का मौका मिलेगा।

**धीरेंद्र पाठक**

### कैसे करें रजिस्ट्रेशन

शिक्षा मंत्रालय की ओर से नेशनल अप्रेंटिसशिप ट्रेनिंग स्कीम को ध्यान में रखकर बीते दिनों एक नया पोर्टल लांच किया गया है, जिसके होम पेज पर जाकर पहले आपको रजिस्ट्रेशन करना होगा। इसी पोर्टल पर आपको उन सभी कंपनियों/प्रतिष्ठानों तथा उनके यहां अप्रेंटिसशिप की रिक्तियों के बारे में भी जानकारी मिल सकेगी। इस बारे में अधिक जानकारी के लिए वेबसाइट https://nats.education.gov.in/student_login.php देखें।

हेल्थकेयर में करियर

नीट पिछले कुछ समय से लगातार चर्चा में है, पर जो युवा नीट दिए बिना मेडिकल सेक्टर में करियर बनाना चाहते हैं, उनके लिए भी अनेक विकल्प हैं। 12वीं के बाद कुछ ऐसे ही तेजी से उभरते करियर विकल्पों के बारे में बता रहे हैं धीरेंद्र पाठक...



फोटो: फ्रीपिक

# नीट के अलावा मेडिकल में और भी हैं मौके

**ने**शनल एलिजिबिलिटी कम एंट्रेंस टेस्ट (नीट यूजी-2024) का परिणाम इन दिनों लगातार चर्चा में है। इस परीक्षा के माध्यम से ही हर साल देश के सभी सरकारी और निजी मेडिकल कालेजों के अंडरग्रेजुएट कोर्स में प्रवेश दिया जाता है। इस साल भी नीट यूजी के लिए करीब 24 लाख छात्रों ने रजिस्ट्रेशन कराया था, लेकिन लगभग 11.45 लाख छात्र ही इसे उत्तीर्ण कर सके। ऐसे में जो छात्र इस परीक्षा को क्लियर नहीं कर पाते हैं, वे मेडिकल फील्ड से संबंधित अन्य करियर विकल्पों की राह पर आगे बढ़ सकते हैं। यदि आप भी नीट (यूजी) के बिना मेडिकल फील्ड में करियर बनाना चाहते हैं, तो यहां दिए गए विकल्पों में से किसी को चुन कर आगे बढ़ने पर विचार कर सकते हैं...

**पैरा टेक्निशियन:** स्वास्थ्य सेवाओं की मांग को देखते हुए इनदिनों पैथोलाजी, रेडियोग्राफी, सोनोग्राफी, सीटी स्कैन, एमआरआइ तथा ओटी से संबंधित पैरामेडिकल टेक्निशियन की काफी जरूरत देखी जा रही है। इसमें आप भी अपनी रुचि के अनुसार कोर्स करके एक्सरे/अल्ट्रासाउंड टेक्निशियन, रेडियो थेरेपी टेक्निशियन, ओटी टेक्निशियन तथा मेडिकल लैब टेक्निशियन जैसे जाब के अवसर पा सकते हैं। देश भर में विभिन्न संस्थानों द्वारा इस तरह के कोर्स संचालित हो रहे हैं, जिसे 12वीं के बाद किया जा सकता है।

**नर्सिंग स्टाफ:** हेल्थकेयर में नर्सिंग हमेशा से एक सदाबहार क्षेत्र रहा है, जहां सरकारी से लेकर निजी अस्पतालों/नर्सिंग होम आदि में पुरुष और महिला दोनों के लिए बड़ी संख्या में जाब के अवसर हैं। यह कोर्स करने के तुरंत बाद किसी सरकारी अस्पताल, सामुदायिक केंद्र, निजी अस्पताल, नर्सिंग होम जैसी जगहों पर नौकरी मिल सकती है। अभी बहुत से संस्थान पीसीबी विषयों से 12वीं उत्तीर्ण उम्मीदवारों के लिए चार वर्षीय बीएससी इन नर्सिंग जैसे कोर्स करा रहे हैं।

**जीएनएम:** जनरल नर्सिंग एंड मिडवाइफरी (जीएनएम) तीन वर्षीय डिप्लोमा कोर्स है, जिसे पीसीबी विषयों से 12वीं के बाद किया जा सकता है। इस कोर्स को पूरा करने के बाद भी सरकारी और निजी क्षेत्र के अस्पतालों में आसानी से नौकरी मिल सकती है। 12वीं के बाद एएनएम का कोर्स भी किया जा सकता है।

**फिजियोथेरेपिस्ट:** आज के समय में जीवनशैली से जुड़ी परेशानियां बढ़ गई हैं। इससे हड्डियों, जोड़ों, गर्दन, पैरों आदि में दर्द जैसी परेशानियां सामने आती हैं। आमतौर पर ये परेशानियां उपचार के बजाय विभिन्न तरह के कसरत और बाडी मूवमेंट के आधार पर ठीक हो सकती हैं, जो फिजियोथेरेपिस्ट की देखरेख में की जा सकती है। आज लगभग हर अस्पताल में फिजियोथेरेपिस्ट की सेवाएं ली जा रही हैं। बड़ी संख्या में ऐसे प्रोफेशनल खुद का फिजियोथेरेपी सेंटर खोलकर भी लोगों को इस तरह की सेवाएं दे रहे हैं। पीसीबी विषयों से 12वीं के बाद आप भी बैचलर आफ फिजियोथेरेपी (बीपीटी) या डिप्लोमा जैसा कोर्स कर सकते हैं।

### हास्पिटल मैनेजमेंट में अवसर

जिस तरह से देश में सरकारी व निजी अस्पतालों की संख्या तेजी से बढ़ रही है, उसे देखते अस्पताल प्रबंधन/प्रशासन के जानकारों की मांग भी बढ़ी है। किसी भी अस्पताल में मरीजों को समुचित चिकित्सा सेवा उपलब्ध कराने से लेकर उसकी निगरानी आदि से जुड़े कार्य की देखरेख में ये प्रोफेशनल कुशल होते हैं। यदि आप भी इसमें रुचि रखते हैं, तो हास्पिटल मैनेजमेंट/एडमिनिस्ट्रेशन कोर्स के माध्यम से अपने करियर को आगे बढ़ा सकते हैं।

### जुड़ रहे नए-नए क्षेत्र



**प्रो. यतीश अग्रवाल**
चिकित्सा शिक्षा मामलों के जानकार

मेडिकल सेक्टर में बहुत सारे वैकल्पिक क्षेत्र हैं, जो अलग पहचान दिला सकते हैं। मेडिकल इंजीनियरिंग भी ऐसा ही क्षेत्र है। जैसे-जैसे आयुर्विज्ञान में मशीनों और तकनीकों पर निर्भरता बढ़ रही है, इन मशीनों को ठीकठाक रखना भी एक बहुत बड़ी जिम्मेदारी हो गई है। ऐसे में इसके लिए बड़ी संख्या में बायोमेडिकल इंजीनियर चाहिए, जिनकी अभी मार्केट में पर्याप्त उपलब्धता नहीं है। मेडिकल एजुकेशन भी ऐसा ही विकल्प है। इसके साथ ही हेल्थकेयर में कई नए क्षेत्र भी खुलते जा रहे हैं, जैसे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मेडिसिन से जुड़ा क्षेत्र, बायो टेक्नोलाजी, बायो केमिस्ट्री, फारेंसिक मेडिसिन, फिजियोलाजी, फार्माकोलाजी आदि। इन सब क्षेत्रों से आप बीएससी, एमएससी और पीएचडी करके जुड़ सकते हैं। इसके अलावा पैरामेडिकल के आप्शंस तो हैं ही। कुल मिलाकर, मेडिसिन ही केवल एक करियर नहीं है, यदि आप मेडिसिन से जुड़े क्षेत्रों में ही रहना चाहते हैं, तो उपरोक्त में से कोई भी क्षेत्र आपके लिए उपयुक्त हो सकता है। ये सारे क्षेत्र उतने ही महत्वपूर्ण हैं, जितना कि मेडिसिन का। बस, जो भी करें, उसमें औरों से बेहतर करने की कोशिश करें। यदि आपमें यह उत्कृष्टता होगी तो आप लगातार आगे बढ़ेंगे।

### फार्मेसी का बढ़ा आकर्षण

जो युवा एमबीबीएस करके सीधे-सीधे मेडिकल प्रोफेशन में नहीं जा पा रहे, उनके लिए फार्मेसी एक बेहतर करियर हो सकता है। इसमें भारत जिस तेजी से आगे बढ़ रहा है, करियर की संभावनाएं भी उसी तरह से बढ़ रही हैं। विश्व की करीब 20 प्रतिशत जेनरिक दवाओं का निर्यात अभी भारत कर रहा है। इंडिया ब्रांड इक्विटी फाउंडेशन (आइबीईएफ) के अनुसार, देश का फार्मा मार्केट लगातार तेजी से आगे बढ़ रहा है। वर्ष 2030 तक यह मार्केट 130 बिलियन यूएस डालर के लगभग हो जाएगी। यदि इस सेक्टर में नौकरियों की बात करें, तो अभी देश के फार्मा सेक्टर में करीब दो करोड़ 70 लाख लोग कार्यरत हैं। माना जा रहा है कि वर्ष 2030 तक यह कार्यबल बढ़कर करीब साढ़े तीन करोड़ तक हो जाएगा। फार्मा सेक्टर के इस तेज विकास के कारण ही इस समय फार्मा मैन्यूफैक्चरिंग, रिटेल और क्लिनिकल फार्मेसी के क्षेत्र में युवाओं के लिए अवसर लगातार बढ़ रहे हैं। आप भी डीफार्म, बीफार्म, एमफार्म, पीएचडी करके इस सेक्टर में अपने करियर को बेहतर दिशा दे सकते हैं। बीफार्म कोर्स करके आप विभिन्न फार्मा कंपनियों में क्लिनिकल फार्मासिस्ट, मेडिकेशन सेफ्टी आफिसर, फार्मेसी इंफोमेटिक्स स्पेशलिस्ट, रेगुलेटरी अफेयर्स स्पेशलिस्ट, फार्मा रिसर्च स्पेशलिस्ट, मेडिकेशन सेफ्टी आफिसर के रूप में जाब पा सकते हैं। सरकारी और निजी अस्पतालों में फार्मासिस्ट के रूप में नौकरी पा सकते हैं। यह कोर्स करके खुद का मेडिकल बिजनेस या मेडिकल स्टोर भी शुरू कर सकते हैं। 12वीं साइंस विषयों से करने वाले युवा बैचलर आफ फार्मेसी (बीफार्म) का कोर्स कर सकते हैं।

### प्रमुख संस्थान

- आल इंडिया इंस्टीट्यूट आफ मेडिकल साइंसेज, नई दिल्ली www.aiims.edu
- आइपी यूनिवर्सिटी, दिल्ली http://www.ipu.ac.in
- दिल्ली पैरामेडिकल एंड मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट, नई दिल्ली www.dpmiindia.com

काउंसलर



अरुण श्रीवास्तव
counselor@nda.jagran.com

## घर पर भी कर सकती हैं तैयारी

**मैं बीए द्वितीय वर्ष की विद्यार्थी हूं। जाब की तैयारी के लिए बाहर नहीं जा पा रही हूं। घर पर ही यूपीएससी की तैयारी कैसे करूं। किन पुस्तकों से तैयारी करूं? मानिका जांगड़ा**

यूपीएससी की सिविल सेवा परीक्षा के लिए यह कतई आवश्यक नहीं है कि आप बाहर जाकर ही अच्छी तैयारी कर सकती हैं। आप घर पर रहते हुए भी इसकी अच्छी तैयारी कर सकती हैं और सफल हो सकती हैं। आज की आनलाइन दुनिया में विभिन्न वेबसाइट्स पर आवश्यक पुस्तकें उपलब्ध हैं और अन्य आवश्यक अध्ययन सामग्री भी। आपको इन तक अपनी पहुंच बनाते हुए इन्हें सहेजना होगा और अपनी तैयारी के लिए उपयोग में लाना होगा। इस दिशा में आगे बढ़ने से पहले आप सर्वप्रथम यूपीएससी की साइट से सिविल सेवा परीक्षा के पाठ्यक्रम को डाउनलोड करके उसका अच्छी तरह अवलोकन करें। इससे आपको पता चल सकेगा कि आपको अपनी तैयारी किस तरह से आगे बढ़ानी है और इसके लिए किस तरह की किताबों/अध्ययन सामग्री की आवश्यकता होगी। इसके उपरांत आप उन पुस्तकों को जुटाने पर ध्यान दें, जिनसे पाठ्यक्रम कवर हो रहा हो। प्रारंभिक और मुख्य परीक्षा के सामान्य अध्ययन खंड की तैयारी के लिए एनसीईआरटी की छठीं से बारहवीं तक की पुस्तकों को आधार बनाएं। समसामयिक घटनाक्रम के लिए राष्ट्रीय स्तर के समाचार पत्र नियमित रूप से पढ़ें।

**मैं अभी दसवीं में हूं। अपनी इस बोर्ड परीक्षा में मैं कैसे एक अच्छी रैंक ला सकता हूं। ऋषभ**

यदि आप इस बात के लिए दृढ़ संकल्पित हैं कि आपको बोर्ड परीक्षा में अच्छा प्रदर्शन करते हुए ऊंची रैंक लानी है, तो आपको रैंक के बजाय विषयों को अच्छी तरह से समझते हुए पढ़ना होगा। इस बात का कोई मतलब नहीं है कि आप हर दिन कितने घंटे पढ़ते हैं, सबसे महत्वपूर्ण यह है कि आप जितनी देर, जो भी पढ़ते हैं, उसमें कितना डूबते हैं। आप अभी से योजना बनाकर पढ़ाई करें। नियम से सुबह या शाम कुछ देर पढ़ें।

### वीआइटी का 39वां वार्षिक दीक्षा समारोह

**वेल्लोर** (तमिलनाडु) स्थित वेल्लोर प्रौद्योगिकी संस्थान (वीआइटी) में बीते दिनों आयोजित 39वें वार्षिक दीक्षा समारोह में 8,205 स्नातक एवं स्नातकोत्तर विद्यार्थियों तथा 357 पीएचडी स्नातकों को डिग्री प्रदान की गई। साथ ही 65 अभ्यर्थियों को स्वर्ण पदक दिए गए। इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में एनईटीएफ (एनएएसी/एनबीए) के अध्यक्ष प्रो. अनिल डी. सहस्रबुद्धे तथा एसोचैम कर्नाटक राज्य विकास परिषद के अध्यक्ष टीआर परशुरामन उपस्थित रहे। अपने दीक्षा भाषण में प्रो. अनिल डी. सहस्रबुद्धे ने युवा स्नातकों को निरंतर सीखने और अपनी रोजगार क्षमता में सुधार करने का प्रयास करने का आह्वान किया। वीआइटी के संस्थापक और कुलाधिपति डा. जी. विश्वनाथन ने समारोह की अध्यक्षता की। समारोह में वीआइटी के उपाध्यक्ष शंकर विश्वनाथन, डा. जीवी सेल्वम, कधंबरी एस. विश्वनाथन, वीआइटी की कुलपति प्रो. कंचना भास्करन वीएस, प्रो. पार्थ सारथी मलिक, प्रो. त्यागराजन टी आदि रहे।

SHRI MATA VAISHNO DEVI UNIVERSITY
Kakryal, Katra – 182320 (J&K)
(Approved by UGC u/s 2 (f) & 12 (B) as State University; Estd. through J&K State Legislature Act in 1999)
SPOT ROUND ADMISSIONS
SPOT Round Admissions for the left-over seats in following programs for the Academic Session 2024-25 shall be conducted on 12th and 17th August 2024

| Name of Program | Date |
| --- | --- |
| MBA, M.Sc. (Physics, Mathematics), M.Tech. (CSE, ECE, Energy Systems and ME (Smart Manufacturing)), M.A. (English, Economics, Philosophy, Sanskrit (Vedic Studies), Hindi, and Dogri) | 12-08-2024 (from 9:00 A.M to 1:00 P.M) |
| B.Tech. (CSE, ECE, ME, EE, CE, Biotechnology, Mathematics & Computing) and B.Arch., B. Design | 17-08-2024 (from 9:00 A.M to 1:00 P.M) |

For details regarding eligibility criteria, Scholarship Process etc. visit University website https://admission.smvdu.ac.in/
For assistance contact: B.Tech/B.Arch.-8899950267, PG-8899243533 & MBA-8899930387
SMVDU/AA/24/561
Dated: 06-08-2024
Sd/-
Registrar



## कोई भी राज्य बंगाल माडल को नहीं लागू करना चाहेगा : शाह

**नई दिल्ली, प्रेट्र:** लोकसभा में प्रश्नकाल के दौरान टीएमसी नेता सौगत राय ने कहा कि बंगाल सरकार वामपंथी उग्रवाद से निपटने में सफल रही है। उन्होंने पूछा कि क्या केंद्र राज्य के माडल का अध्ययन करेगी और इसे अन्य राज्यों में भी आजमाएगी। जवाब में गृह मंत्री अमित शाह ने कहा, मोदी सरकार को उन राज्यों के माडल को लागू करने में कोई समस्या नहीं है, जिन्होंने अच्छा प्रदर्शन किया है, लेकिन मुझे लगता है कि कोई भी राज्य बंगाल माडल को लागू करना पसंद नहीं करेगा।



अमित शाह

उधर, भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने लोकसभा में कहा कि कांग्रेस नेता की कोई जाति नहीं होती। अनुराग ठाकुर ने राहुल की जाति के बारे में जो टिप्पणी की, उससे मैं पूरी तरह से सहमत नहीं हूं। वह (राहुल गांधी) कहते हैं कि मैं जैसा दिखता हूं वैसा नहीं हूं। इसलिए, वह एक साधु हैं। साधु की जाति नहीं पूछनी चाहिए।

# स्वास्थ्य और जीवन बीमा से जीएसटी वापस लेने को विपक्षी दलों का दबाव

**जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली :** विपक्षी गठबंधन आइएनडीआइए ने स्वास्थ्य और जीवन बीमा पर लगाए गए जीएसटी को लेकर सरकार की घेराबंदी तेज कर दी है। विपक्षी दलों ने इसको लेकर संसद भवन परिसर में विरोध प्रदर्शन किया। साथ ही स्वास्थ्य और जीवन बीमा पर लगाए गए 18 प्रतिशत जीएसटी को तुरंत वापस लेने की मांग की। विपक्षी दलों ने सरकार के इस फैसले को मध्यम वर्ग के खिलाफ बताया है और कहा कि यह उन पर एक बड़ा प्रहार है।

संसद भवन परिसर में मंगलवार को संसद की कार्यवाही शुरू होने से पहले विपक्ष के नेताओं ने मकर द्वार के सामने खड़े होकर सरकार के इस फैसले का विरोध किया। विपक्षी दलों ने 'टैक्स टेरर' की तख्तियां दिखाईं। कांग्रेस सदस्य राहुल गांधी ने 'एक्स' पर लिखा, 'जीवन में आने वाले 'स्वास्थ्य संकट' में किसी के आगे झुकना न पड़े, इसलिए पाई-पाई जोड़कर हर साल हेल्थ इंश्योरेंस का प्रीमियम भरने वाले करोड़ों आम हिंदुस्तानियों से भी मोदी सरकार ने 24 हजार करोड़ रुपये वसूल लिए।' जीएसटी को 'गब्बर सिंह टैक्स' बताते हुए कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने भी सरकार के रवैए पर विरोध जताया और कहा कि 'मध्यम वर्ग पहले से ही मोदी सरकार की टैक्स वसूली नीतियों के बोझ तले दबा हुआ है। 2024 में भारत का चिकित्सा महंगाई दर एशिया में सबसे अधिक 14 प्रतिशत पर है।' विपक्ष के इस विरोध प्रदर्शन में कांग्रेस पार्टी के साथ राकांपा (शरद पवार), सपा, आप, राजद, टीएमसी सहित सभी विपक्षी दल शामिल हैं। गौरतलब है कि स्वास्थ्य और जीवन बीमा पर लगाए जा रहे जीएसटी पर इससे पहले केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने आपत्ति जताई थी। साथ ही वित्त मंत्री को पत्र लिख इसे वापस लेने की मांग की थी। माना जा रहा है कि यदि सरकार इससे वापस ले लेती है तो इससे मध्यम वर्ग को बड़ी राहत मिलेगी।



स्वास्थ्य एवं जीवन बीमा पर जीएसटी के विरोध में संसद भवन परिसर में प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस नेता राहुल गांधी, राकांपा (एसपी) प्रमुख शरद पवार व अन्य ● प्रेट्र

## जन धन, बेसिक बचत खातों में न्यूनतम बैलेंस रखने की जरूरत नहीं

**नई दिल्ली, प्रेट्र:** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को राज्यसभा में कहा कि जन धन और बेसिक बचत खातों में न्यूनतम बैलेंस रखने की कोई आवश्यकता नहीं है। उन्होंने कहा कि बैंक केवल उन्हीं मामलों में जुर्माना लगाते हैं, जहां ग्राहक अपने खाते में अपेक्षित राशि बनाए रखने में असफल रहते हैं।

प्रश्नकाल के दौरान सार्वजनिक बैंकों की ओर बीते पांच वर्षों में खातों में न्यूनतम बैलेंस न रखने पर ग्राहकों से करीब 8,500 करोड़ रुपये का जुर्माना वसूलने के बारे में पूछे जाने पर वित्त मंत्री ने यह जवाब दिया। निर्मला सीतारमण ने राज्यसभा में बताया कि वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान धोखाधड़ी के मामलों में सरकारी बैंकों ने ग्राहकों को 140 करोड़ का मुआवजा दिया है। यह 2022-23 के 42.70 करोड़ रुपये के मुकाबले तीन गुना से ज्यादा है।

वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी ने लोकसभा में बताया कि खातों में औसत मासिक न्यूनतम बैलेंस नहीं बनाए रखने पर सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों ने पिछले महीने 2,331 करोड़ रुपये का जुर्माना वसूला है।

# कांग्रेस पर बिफरे प्रधान, बोले बच्चों के नाम पर राजनीति करना बंद करे

- कहा, एनसीईआरटी की पाठ्य पुस्तकों से संविधान की प्रस्तावना हटाने का आरोप निराधार
- नई पाठ्य पुस्तकों से संविधान की प्रस्तावना हटाने का कांग्रेस ने लगाया है आरोप

**जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली :** एनसीईआरटी की नई पाठ्य पुस्तकों से संविधान की प्रस्तावना को हटाने के कांग्रेस के आरोपों को केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने निराधार व झूठा बताया है। उन्होंने कहा कि शिक्षा जैसे विषय को भी अपनी झूठ की राजनीति के लिए इस्तेमाल करना और बच्चों का सहारा लेना कांग्रेस पार्टी की घृणित मानसिकता को दर्शाता है। उन्हें तुरंत ही बच्चों के नाम पर अपनी गंदी राजनीति को बंद कर देना चाहिए।

शिक्षा मंत्री प्रधान ने मंगलवार को कांग्रेस पर यह पलटवार तब किया, जब कांग्रेस ओर से एनसीईआरटी की एनईपी के तहत तैयार तीसरी और छठवीं की नई पाठ्य पुस्तकों से संविधान की प्रस्तावना को हटाने का आरोप लगाया जा रहा है। कांग्रेस प्रवक्ता डा. शमा मोहम्मद ने इस मुद्दे पर 'एक्स' के जरिये अभिभावकों से खड़े होने की अपील भी की है। इस बीच केंद्रीय शिक्षा मंत्री प्रधान ने कहा कि एनईपी के तहत पहली बार एनसीईआरटी की पाठ्यपुस्तकों में भारत के संविधान के विभिन्न पहलुओं, जिसमें प्रस्तावना, मौलिक कर्तव्य, मौलिक अधिकार, राष्ट्रगान को उचित महत्व और सम्मान देने का काम किया गया है। बच्चों के समग्र विकास के लिए एनईपी के दृष्टिकोण का पालन करते हुए इन सभी पहलुओं को बच्चों की उचित उम्र को ध्यान में रखते हुए विभिन्न चरणों की पाठ्य पुस्तकों में रखा जा रहा है। उन्होंने कहा कि बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने वाले और भारतीय शिक्षा व्यवस्था को बकवास बताने वालों को झूठ फैलाने से पहले सच जानने की कोशिश करनी चाहिए।



धर्मेंद्र प्रधान ● फाइल फोटो

कांग्रेस पार्टी को लेकर प्रधान की नाराजगी यहीं नहीं थमीं, बल्कि उन्होंने कहा कि मैकाले की विचारधारा से प्रेरित कांग्रेस शुरू से ही भारत के विकास और शिक्षा व्यवस्था से घृणा रखती है। यह तर्क कि केवल संविधान की प्रस्तावना ही संवैधानिक मूल्यों का प्रतिबिंब है, कांग्रेस की संविधान की समझ को उजागर करता है। कांग्रेस पार्टी का पाप का घड़ा भर चुका है। उन्होंने बगैर राहुल गांधी का नाम लिए कहा कि आजकल जो 'झूठे संविधान प्रेमी' बनकर घूम रहे हैं और संविधान की प्रति लहरा रहे हैं, इनके पूर्वजों ने ही बार-बार संविधान की मूल भावना की हत्या करने का काम किया था।

प्रधान ने कहा कि यदि कांग्रेस पार्टी में थोड़ी भी शर्म और आत्मग्लानि बची हो तो वह पहले संविधान, संवैधानिक मूल्यों और एनईपी को समझे।

## लोकसभा में विपक्षी सदस्यों का आरोप, बजट केवल उद्योगपतियों के लिए

**नई दिल्ली, प्रेट्र:** लोकसभा में मंगलवार को वित्त विधेयक 2024 पर चर्चा हुई। विपक्षी सदस्यों ने सरकार पर हमला करते हुए आरोप लगाया कि बजट में केवल उद्योगपतियों को राहत दी गई है। इसमें वेतनभोगी व मध्यम वर्ग के लिए कुछ भी नहीं है। भाजपा सदस्यों ने बजट को ऐतिहासिक बताया और दावा किया कि इसका उद्देश्य भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाना है।

वित्त विधेयक पर चर्चा की शुरुआत करते हुए कांग्रेस के अमर सिंह ने कहा, बजट से ऐसा लग रहा है कि केंद्र सरकार गरीबों पर टैक्स लगा रही है, जबकि उच्च आय वर्ग के लोगों को राहत दे रही है। इसमें मध्यम तथा निम्न आय वर्ग का खयाल नहीं रखा गया है। बजट में केवल उद्योगपतियों को राहत दी गई है। कांग्रेस के एक अन्य सदस्य दीपेंद्र हुड्डा ने कहा, देश में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश लगातार कम हो रहा है।

## लखनऊ में एक वर्ष के बेटे को सड़क पर बैठाकर महिला ने खुद को लगा ली आग

**जागरण संवाददाता, लखनऊ:** शिकायत के बावजूद उन्नाव के पुलिस अधिकारियों द्वारा कार्रवाई नहीं किए जाने का आरोप लगाकर एक महिला ने सड़क किनारे अपने एक साल के बेटे को बैठाकर खुद पर पेट्रोल छिड़ककर आग लगा ली। घटना मंगलवार सुबह लखनऊ के विक्रमादित्य मार्ग पर स्थित जनेश्वर मिश्र ट्रस्ट के गेट पर हुई। महिला का नाम अंजलि जाटव है। महिला को केजीएमयू में भर्ती कराया गया है। घटना पर सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सरकार को घेरा है। उन्होंने एक्स पर पोस्ट किया-उन्नाव से महिला मुख्यमंत्री के दरबार में न्याय के लिए आई थी, लेकिन सरकार की विफलता के कारण उसे मजबूरी में यह कदम उठाना पड़ा।

पुलिस के मुताबिक, अंजलि एक साल के बेटे को लेकर मुख्यमंत्री से शिकायत करने आई थी, लेकिन उनके न होने की बात पता चलने पर लौट गई। उसके पास लाल रंग का बैग था, जिसमें मुख्यमंत्री के नाम एक पत्र मिला है। पत्र में लिखा है उसके पति देशराज व अन्य ससुराल वालों ने मारपीट कर पैसा और मंगलसूत्र छीन लिया है, जो पुलिस वापस नहीं दिला रही है।



आत्मदाह करने से पहले अंजली जाटव अपने बच्चे के साथ ● इंटरनेट मीडिया

## 'छह वर्षों में राजनेताओं के खिलाफ मनी लांड्रिंग के 132 मामले दर्ज'

**नई दिल्ली, प्रेट्र:** सरकार ने मंगलवार को संसद में बताया कि पिछले छह वर्षों में मौजूदा और पूर्व सांसदों, विधायकों, विधान पार्षदों, राजनेताओं के खिलाफ मनी लांड्रिंग के कुल 132 मामले दर्ज किए गए हैं।

वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी ने राज्यसभा में कहा कि इन मामलों में अदालती सुनवाई तीन मामलों में - एक 2020 में और दो 2023 में पूरी हुई। इन मामलों में 2020 में केवल एक दोषसिद्धि की सूचना मिली थी। वित्त राज्यमंत्री ने लिखित उत्तर के हिस्से के रूप में ईडी द्वारा दर्ज ईसीआइआर, विचाराधीन मामलों व दोषसिद्धि से संबंधित आंकड़े साझा किए। वित्त राज्यमंत्री ने कहा, ईडी द्वारा मनी लांड्रिंग मामलों में दोषसिद्धि दर 93 प्रतिशत है। ईडी द्वारा 31 जुलाई तक कुल 7,083 ईसीआइआर या इन्फोर्समेंट केस इन्फार्मेशन रिपोर्ट्स दर्ज की गई हैं।

# लालू-तेजस्वी के खिलाफ पूरक आरोपपत्र दाखिल

जमीन के बदले नौकरी घोटाला

- ईडी ने 11 नए आरोपितों के नाम शामिल किए
- राउज एवेन्यू कोर्ट में इस मामले में अगली सुनवाई अब 13 अगस्त को होगी



लालू प्रसाद यादव



तेजस्वी यादव ●

**जागरण संवाददाता, नई दिल्ली :** जमीन के बदले नौकरी घोटाले से जुड़े मनी लांड्रिंग मामले में ईडी ने राउज एवेन्यू कोर्ट में पूर्व रेल मंत्री लालू प्रसाद यादव, बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव और अन्य आरोपितों के खिलाफ पूरक आरोप पत्र दाखिल किया। सौ पेज के पूरक आरोप पत्र में 96 पेज साक्ष्यों के हैं और इसमें 11 नए आरोपितों के नाम शामिल किए गए हैं। इसमें मुख्य रूप से ललन चौधरी, हजारी राय, धर्मेंद्र कुमार, अखिलेश्वर सिंह, रवींद्र कुमार, स्व. लाल बाबू राय, सोनमतिया देवी, स्व. किशुन देव राय और संजय राय के नाम हैं। अब मामले में 13 अगस्त को अगली सुनवाई होगी। इस मामले में बिहार की पूर्व सीएम राबड़ी देवी, उनकी बेटियों मीसा भारती व हेमा समेत अन्य आरोपितों पर ईडी पहले ही आरोप तय कर चुकी है।

सीबीआइ द्वारा दर्ज प्राथमिकी के आधार पर ईडी ने नौ जनवरी 2024 को घोटाले से जुड़े मनी लांड्रिंग मामले में शिकायत दर्ज की थी। ईडी के अनुसार, 2004 से 2009 तक लालू प्रसाद के रेल मंत्री रहने के दौरान मप्र के जबलपुर में रेलवे के पश्चिम मध्य क्षेत्र में ग्रुप-डी की नियुक्तियों में गड़बड़ी की गई। तब नौकरी पाने वालों की तरफ से लालू परिवार या सहयोगियों को जमीनें उपहार में दी गईं या हस्तांतरित की गईं। इस मामले में एके इंफो सिस्टम व एबी एक्सपोर्ट नाम की दो फर्मों को भी ईडी आरोपित बना चुकी है। ईडी के अनुसार 2006-07 में अमित कत्याल ने एके इंफो सिस्टम का गठन किया था। कंपनी की ओर से कोई व्यवसाय नहीं किया गया, बल्कि जमीनों के कई टुकड़े खरीदे गए। एक टुकड़ा जमीन के बदले नौकरी घोटाले के अपराध से संबंधित है। इस कंपनी को 2014 में एक लाख के बदले राबड़ी व तेजस्वी के नाम पर स्थानांतरित किया गया।

उधर, एबी एक्सपोर्ट को 1996 में निगमित किया गया था। 2007 में पांच कंपनियों के माध्यम से पांच करोड़ आए और न्यू फ्रेंड्स कालोनी में संपत्ति खरीदी गई। इस मामले में जमीन के सात टुकड़े शामिल हैं, जिनमें से राबड़ी, हेमा यादव व मीसा को जमीन के टुकड़े मिले। बाद में उन्होंने जमीन बेच दी।

## आप सांसद संजय सिंह की सजा बरकरार, नौ तक करना होगा सरेंडर

**जासं, सुलतानपुर:** आम आदमी पार्टी (आप) से राज्यसभा सदस्य संजय सिंह की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। कुछ दिनों पहले वह दिल्ली के शराब घोटाले में जेल से छूटे हैं और अब उप्र में सुलतानपुर के एमपी-एमएलए न्यायालय ने बीते वर्ष सुनाई गई डेढ़ माह कैद की सजा की अपील निरस्त कर दी है। उन्हें नौ अगस्त तक सरेंडर करना होगा।

एमपी-एमएलए जज एकता वर्मा ने मंगलवार को संजय सिंह तथा सपा के पूर्व विधायक अनूप संडा समेत छह दोषियों की अपील निरस्त कर दी। विशेष लोक अभियोजक वैभव पांडेय ने बताया कि 19 जून, 2001 को बिजली व्यवस्था की बदहाली के विरोध में पूर्व विधायक अनूप संडा के नेतृत्व में सब्जी मंडी के निकट फ्लाईओवर के पास धरना-प्रदर्शन हुआ था। इनके विरुद्ध कोतवाली नगर में एफआइआर लिखाई गई थी।

*********

# देश-विदेश जागरण

**विदेशी वस्तुओं का बहिष्कार करने के लिए शुरू हुआ स्वदेशी आंदोलन**
1905 में आज ही कलकत्ता (अब कोलकाता) के टाउनहाल में महात्मा गांधी ने स्वदेशी आंदोलन की घोषणा की थी। इसके तहत जनता से ब्रिटेन में बने सामान, कपड़े और मसालों का बहिष्कार करने का आह्वान किया गया। आंदोलन बंगाल के विभाजन की प्रतिक्रिया में हुआ था।



**अमेरिका में पेश किया गया दुनिया का पहला इलेक्ट्रानिक कैलकुलेटर**
1944 में आज ही हार्वर्ड यूनिवर्सिटी में दुनिया का पहला इलेक्ट्रानिक कैलकुलेटर हार्वर्ड मार्क 1 प्रदर्शित किया गया था। 51 फीट लंबे और पांच टन वजनी इस कैलकुलेटर से गुणा करने में छह और भाग करने में 15 सेकेंड लगते थे। हार्वर्ड छात्र हावर्ड एकेन ने इसे डिजाइन किया था।



**अपनी मधुर आवाज से संगीत प्रेमियों के दिलों पर राज करते हैं वाडकर**
ए जिंदगी गले लगा ले, तुमसे मिलके ऐसा लगा जैसे गीतों को गाने वाले सुरेश वाडकर का जन्म 1955 में आज ही कोल्हापुर में हुआ था। 10 साल की उम्र से संगीत की शिक्षा लेने वाले पहली फिल्म से बतौर पार्श्व गायक बालीवुड में अपनी शुरुआत की। 1978 में फिल्म गमन के गीत सीने में जलन ने खास पहचान दिलाई। राम तेरी गंगा मैली, प्रेम रोग, चांदनी और मासिस जैसी कई फिल्मों को अपने सुरों से सजाया। शिव गुणगान, तुलसी के राम सहित कई भक्ति एल्बम भी बनाए।



## इधर-उधर की

### अमेरिकी म्यूजियम ने बनाया सबसे लंबा शूलेस



2,729 फीट लंबे शूलेस को जूते में डालती महिला • इंटरनेट मीडिया

**वाशिंगटन, एजेंसी:** आमतौर पर शूलेस बांधने में आपको कुछ सेकेंड ही लगते होंगे लेकिन अमेरिका के एक म्यूजियम ने ऐसा शूलेस बनाया है जिसे बांधने में आपको शायद पूरा दिन लग जाए। इस शूलेस की लंबाई 2,729 फीट यानी आधे मील से भी अधिक है। इसी के साथ म्यूजियम ने दुनिया का सबसे लंबा शूलेस बनाने का गिनीज वर्ल्ड रिकार्ड अपने नाम कर लिया है। म्यूजियम ने इसे द शूलेस फैक्ट्री के साथ मिलकर बनाया है। इसे बुनने में लगभग 24 घंटे लगे। अमेरिका के ऐतिहासिक ईड्स ब्रिज पर बिछाकर शूलेस को मापा गया। म्यूजियम प्रबंधन के सदस्य ने बकायदा इस शूलेस को जूते में डालकर भी दिखाया।

## एक नजर में

### लालकृष्ण आडवाणी अस्पताल में हुए भर्ती



लालकृष्ण आडवाणी

**नई दिल्ली :** पूर्व उपप्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी को न्यूरोलाजी से संबंधित परेशानी के बाद मंगलवार को अपोलो अस्पताल में भर्ती किया गया है। न्यूरोलाजी के विशेषज्ञ डा. विनीत सूरी की देखरेख में उनका इलाज चल रहा है। अस्पताल प्रशासन का कहना है कि उन्हें नियमित फालोअप जांच और इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया है। उन्हें जल्द अस्पताल से छुट्टी दे दी जाएगी। (राब्यू)

### मुख्य न्यायाधीश को मारने की धमकी देने वाला गिरफ्तार, जेल भेजा गया

**बैतूल :** इंटरनेट मीडिया (फेसबुक) पर पोस्ट कर सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश को मारने की धमकी देने वाले भीम सेना के मध्य प्रदेश संयोजक पंकज अतुलकर को बैतूल में उसके घर से मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने उसे मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत में पेश किया, जहां से उसके जमानत आवेदन को निरस्त कर जेल भेज दिया गया। बता दें कि सर्वोच्च न्यायालय ने सोमवार को एससी-एसटी वर्ग के आरक्षण को लेकर फैसला दिया था। इसके विरोध में पंकज ने धमकी वाली पोस्ट की थी। (नईदुनिया प्रतिनिधि)

### शांति समझौते में यूक्रेन जितनी देर करेगा, उतना क्षेत्र खोएगा : रूस

**मास्को:** यूक्रेन में संघर्ष थामने की तमाम कोशिशों के बीच युद्ध जल्द थमने के आसार नहीं दिख रहे। रूस के पूर्व रक्षा मंत्री सर्गेई शोइगू ने यूक्रेन को चेतावनी देते हुए कहा कि यूक्रेन द्वारा शांति के लिए कड़ी शर्तें थोपना केवल समय की बर्बादी होगी। शांति समस्झौते में जितनी देरी होगी, यूक्रेन को उतना अधिक क्षेत्र खोना पड़ेगा। इस बीच, दोनों देशों के बीच जवाबी हमले जारी हैं। रूस के मिसाइल हमले में यूक्रेन के खार्कीव में पांच लोग घायल हुए हैं, वहीं यूक्रेन के ड्रोन हमले में रूस के कुर्स्क क्षेत्र में एक की मौत हो गई। (रायटर)

# राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु को फिजी का सर्वोच्च नागरिक सम्मान

- फिजी के राष्ट्रपति ने "कंपैनियन आफ द आर्डर आफ फिजी" से सम्मानित किया
- पीएम मोदी और अमित शाह ने राष्ट्रपति मुर्मु को सम्मानित होने पर दी बधाई



सुवा में मंगलवार को फिजी के राष्ट्रपति रातू विलियम मैवालिली ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु को 'कंपैनियन आफ द आर्डर आफ फिजी' प्रदान किया • एएनआइ

**सुवा, प्रेट्र :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु को फिजी के राष्ट्रपति रातू विलियम मैवालिली कटोनिवेरे ने सर्वोच्च नागरिक सम्मान ''कंपैनियन आफ द आर्डर आफ फिजी'' से सम्मानित किया। मुर्मु ने फिजी के सम्मान को स्वीकारते हुए कहा कि यह सम्मान भारत और फिजी के बीच मित्रता के गहरे संबंधों का परिचायक है।

पीएम मोदी ने राष्ट्रपति मुर्मु को बधाई देते हुए कहा कि यह हर भारतीय के लिए गर्व और हर्ष का विषय है। गृह मंत्री अमित शाह ने राष्ट्रपति को यह सम्मान मिलने पर शुभकामनाएं दी हैं। इस बीच, भारत की राष्ट्रपति मुर्मु ने फिजी की संसद को संबोधित करते हुए कहा कि इस देश के साथ हमारा 145 साल पुराना एक विशेष और स्थायी बंधन है और यहां सबसे मिलना, एक अत्यंत आनंददायक अनुभव है।

अपनी दो दिवसीय फिजी यात्रा के दौरान मंगलवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने वहां संसद को संबोधित कर कहा, '145 वर्ष से भी अधिक समय पूर्व, नियति ने हमारे दोनों देशों को एक साथ जोड़ा, जब 'गिरमिटिया' श्रमिक, पहली बार भारत से फिजी द्वीप के तट पर पहुंचे थे। यद्यपि उनका यहां आरंभिक जीवन खतरे और कठिनाई से भरा रहा, यह जानकर खुशी होती है कि कैसे 'गिरमिटिया' और उनके वंशजों को इस देश ने अपनाया है। उन्होंने अपनी कड़ी मेहनत और परिश्रम से अपनी नई मातृभूमि के निर्माण में व्यापक योगदान दिया है। मैं आपको आपके पूर्वजों की भूमि भारत के 1.4 अरब भाइयों और बहनों की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं देती हूं। पिछले 24 घंटों में जब से मैं यहां फिजी में हूं, इस खूबसूरत देश के लोगों की गर्मजोशी और स्नेह से मैं बहुत प्रभावित हुई हूं। हालांकि यह फिजी की मेरी पहली यात्रा है, हर जगह आपकी उपस्थिति के कारण, मुझे ऐसा लगता है जैसे मैं घर पर हूं।' उन्होंने फिजी के राष्ट्रपति रातू विलियम मैवालिली कटोनिवेरे को अपने पहले फिजी दौरे पर आमंत्रित करने के लिए आभार व्यक्त किया।

# 12 वर्ष बाद दर्शनार्थियों का आंकड़ा पांच लाख के पार

**अमरनाथ यात्रा**

**राज्य ब्यूरो, जागरण • जम्मू :** 12 वर्ष के बाद अमरनाथ यात्रा पर आने वाले श्रद्धालुओं का आंकड़ा पांच लाख के पार हो गया। आज तक के यात्रा के इतिहास में तीसरी बार इतनी संख्या में श्रद्धालु दर्शन करने आए हैं। इससे पूर्व वर्ष 2011 में 6.36 लाख श्रद्धालु यात्रा पर आए थे। उसके अगले ही साल 2012 में 6.20 लाख शिवभक्तों ने बाबा बर्फानी के दरबार में हाजिरी लगाई थी। मंगलवार को 2813 श्रद्धालुओं ने पवित्र गुफा के दर्शन किए। इसके साथ ही अब तक दर्शन करने वाले श्रद्धालुओं की संख्या 5,00,105 पहुंच गई। वहीं, जम्मू से 1873 श्रद्धालुओं का 39वां जत्था बालटाल के लिए रवाना हुआ। वहीं, बाबा अमरनाथ की यात्रा के लिए छड़ी मुबारक 14 अगस्त को श्रीनगर के दशनामी अखाड़ा से पवित्र गुफा के लिए रवाना होगी।

**अब सिर्फ बालटाल मार्ग से ही चलेगी अमरनाथ यात्रा:** श्री अमरनाथ यात्रा अब शेष बची अवधि के लिए सिर्फ बालटाल मार्ग से ही रवाना होगी। श्री अमरनाथ जी श्राइन बोर्ड ने मंगलवार को कहा कि पहलगाम मार्ग पर मरम्मत कार्यों की जरूरत है। इसलिए, बाबा अमरनाथ की यात्रा अब संपन्न होने तक बालटाल मार्ग से ही रवाना होगी।

# कमला ने हासिल किया नामांकन, वाल्ज को चुना अपना रनिंग मेट

## नवंबर में आयोजित राष्ट्रपति चुनाव में हैरिस का ट्रंप से होगा मुकाबला

- अमेरिका में हैरिस किसी प्रमुख दल से राष्ट्रपति प्रत्याशी बनने वाली पहली दक्षिण एशियाई-अमेरिकी बनीं
- मिनेसोटा के गवर्नर को उपराष्ट्रपति प्रत्याशी बनाकर ग्रामीण व श्वेत मतदाताओं को साधने की कोशिश



मिनेसोटा के गवर्नर टिम वाल्ज (बाएं) और अमेरिकी उपराष्ट्रपति कमला हैरिस दाएं • फाइल/एएफपी

**वाशिंगटन, प्रेट्र:** भारतवंशी अमेरिकी उपराष्ट्रपति कमला हैरिस ने मंगलवार को नवंबर में होने वाले राष्ट्रपति चुनाव के लिए डेमोक्रेटिक पार्टी का नामांकन हासिल कर लिया है। इस तरह वह अमेरिका में किसी प्रमुख दल से राष्ट्रपति पद की प्रत्याशी बनने वाली पहली दक्षिण-एशियाई-अमेरिकी व प्रथम अश्वेत महिला होंगी। इसके साथ ही उन्होंने मिनेसोटा के गवर्नर टिम वाल्ज को अपना रनिंग मेट चुना है। यानी वाल्ज डेमोक्रेटिक पार्टी की तरफ से उपराष्ट्रपति प्रत्याशी होंगे। प्रगतिशील नीति निर्माता के रूप में पहचान रखने वाले टिम के चयन से कमला को ग्रामीण व श्वेत मतदाओं पर पकड़ बनाने के साथ मध्य-पश्चिमी क्षेत्र को साधने में मदद मिलेगी।

राष्ट्रपति चुनाव में कमला हैरिस का मुकाबला रिपब्लिकन प्रत्याशी डोनाल्ड ट्रंप से होगा। इस अवसर पर हैरिस ने कहा, मैं अमेरिकी राष्ट्रपति पद के लिए डेमोक्रेटिक पार्टी का नामांकन हासिल कर सम्मानित महसूस कर रही हूं। मैं औपचारिक रूप से अगले सप्ताह नामांकन स्वीकार करूंगी। वहीं, उपराष्ट्रपति के प्रत्याशी वाल्ज अमेरिका के आर्मी नेशनल गार्ड में सेवाएं देने के साथ एक शिक्षक भी रहे हैं। 2018 में मिनेसोटा के गवर्नर चुने जाने से पहले वह 12 वर्ष तक अमेरिकी प्रतिनिधि सभा के सदस्य रहे। उनका मुकाबला रिपब्लिकन प्रत्याशी जेडी वेंस से होगा।

कमला ने कहा, मुझे यह घोषणा करते हुए गर्व हो रहा है कि मैंने गवर्नर टिम वाल्ज को रनिंग मेट बनने के लिए कहा है। गवर्नर, कोच, शिक्षक के रूप में उन्होंने अपने जैसे कामकाजी परिवारों के लिए काम किया है। मेरा मानना है कि एक साथ मिल हम यह चुनाव जीत सकते हैं।

वाल्ज ने एक्स पर पोस्ट किया, इस अभियान में कमला हैरिस के साथ जुड़ना जीवन भर का सम्मान है। उपराष्ट्रपति हैरिस हमें वह राजनीति दिखा रही हैं जो संभव है। यह मुझे कुछ हद तक स्कूल के पहले दिन की याद दिलाता है। तो, आइए इसे पूरा करें, दोस्तों! हमसे जुड़ें। हैरिस और वाल्ज फिलाडेल्फिया, पेंसिल्वेनिया में हजारों समर्थकों के साथ रैली से अपना संयुक्त अभियान शुरू करेंगे।

पिछले महीने राष्ट्रपति जो बाइडन ने राष्ट्रपति पद की दौड़ से अपना नाम वापस लेने के बाद कमला हैरिस का डेमोक्रेटिक प्रत्याशी के रूप में समर्थन किया था। हैरिस ने डेमोक्रेटिक पार्टी प्रत्याशी बनने के लिए सोमवार रात समाप्त हुए पांच दिवसीय आनलाइन वोटिंग में 99 प्रतिशत डेलीगेट का समर्थन प्राप्त किया है। देशभर से 4,567 डेलीगेट ने हैरिस के पक्ष में वोट किया। अब नौ अगस्त से 22 अगस्त तक चलने वाले डेमोक्रेटिक नेशनल कन्वेंशन में सेक्रेटरी जेसन रे रोल काल को प्रमाणित करेंगे। हैरिस और उनके रनिंग मेट नामांकन स्वीकार करेंगे। इसके बाद डेमोक्रेटिक नेशनल कन्वेंशन के अध्यक्ष मिनयोन मूर इसे प्रमाणित करेंगे।

मालूम हो कि कमला हैरिस का जन्म कैलिफोर्निया के ओकलैंड में भारतीय मां श्यामला गोपालन और जमैका मूल के पिता डोनाल्ड हैरिस के घर 1964 में हुआ था। इस बीच, प्रतिद्वंद्वी ट्रंप अभियान ने वाल्ज को कट्टरपंथी वामपंथी बताया। अपने समर्थकों को भेजे ईमेल में ट्रंप ने कहा कि वाल्ज अमेरिकी इतिहास के सबसे खराब उपराष्ट्रपति होंगे।

# रेस्क्यू कार्य पूरा, हेली सेवा से धाम की यात्रा आज से

**केदारघाटी आपदा**

- यात्रियों को किराये में 25 प्रतिशत की छूट मिलेगी, पैदल मार्ग की यात्रा फिलहाल स्थगित रहेगी
- 15 हजार तीर्थयात्री स्थानीय लोगों का किया गया रेस्क्यू, मंगलवार को 348 यात्रियों को निकाला

**जागरण टीम, नई दिल्ली :** केदारघाटी में 31 जुलाई को आई आपदा के बाद से केदारनाथ धाम और पैदल मार्ग के पड़ावों पर फंसे सभी तीर्थयात्रियों को सुरक्षित निकाल लिया गया है। मंगलवार को राहत और बचाव कार्य में जुटी विभिन्न एजेंसियों ने 348 यात्रियों को सुरक्षित निकाला। सर्च अभियान के दौरान चार शव भी निकाले गए हैं। उत्तराखंड के सीएम पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि सातवें दिन बचाव और राहत कार्य पूरा हो गया है। अब बुधवार से हेली सेवा के जरिये केदारनाथ यात्रा शुरू की जाएगी। यात्रियों को हेलीकाप्टर के किराये में 25 प्रतिशत तक की रियायत दी जाएगी। हालांकि जगह-जगह मार्ग ध्वस्त होने के कारण अभी पैदल यात्रा स्थगित रहेगी।

केदारघाटी में बादल फटने और भूस्खलन के बाद धाम का पैदल रास्ता कई जगह ध्वस्त हो गया था जिससे तीर्थयात्री केदारनाथ धाम और विभिन्न पड़ावों पर फंस गए थे। सेना, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, पुलिस और आपदा प्रबंधन विभाग की टीमें तीर्थयात्रियों को निकालने में जुटी रहीं। केंद्र सरकार ने भी चिनूक, एमआइ-17 समेत सात हेलीकाप्टर उपलब्ध कराए थे। मंगलवार को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी अतिवृष्टि से प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण करने पहुंचे। उन्होंने कहा कि भूस्खलन के कारण 29 स्थानों पर पैदल और सड़क मार्ग ध्वस्त हुआ है। इसे दुरुस्त करने का काम चल रहा है, जिससे यात्रा सुचारू हो सके। यह बड़ी उपलब्धि है कि रिकार्ड समय में 15 हजार से अधिक यात्रियों और स्थानीय लोगों को रेस्क्यू किया गया है।



उत्तराखंड में बादल फटने तथा भूस्खलन से क्षतिग्रस्त हुए केदारनाथ पैदल मार्ग को ठीक करने में जुटे श्रमिक • सूचना विभाग

### उत्तर प्रदेश और बिहार में उफान पर नदियां

उप्र में वर्षा और बैराज से छोड़े जा रहे पानी के चलते नदियों का जलस्तर फिर बढ़ने लगा है। गंगा और यमुना में तेजी से जलस्तर बढ़ रहा है, वहीं सरयू भी फिर डराने लगी है। बुंदेलखंड में केन नदी का जलस्तर खतरे के निशान को पार चुका है। पटना में भी गंगा नदी मंगलवार को खतरे के निशान को पार कर गई। बागमती, झीम नदी और लखनदेई नदी में भी जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है।

### किसी ने नहीं ली सुध तो ग्रामीणों ने स्वयं बनाए लकड़ी के पुल

कुल्लू जिले के तोष में बादल फटने से गांव को जोड़ने वाला पुल बह गया था। इसके बाद लोगों ने न तो सरकार का मुंह ताका और न ही कोई शिकायत की। ग्रामीण स्वयं ही कार्य में जुटे रहे और आने-जाने के लिए लकड़ी का पुल तैयार कर लिया। इसी तरह तिऊन में भी सड़क से जोड़ने वाला सलावरी पुल बाढ़ की भेंट चढ़ गया था, जिससे लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। लोगों ने बताया कि पिछले वर्ष भी बाढ़ से गांव को जोड़ने वाला पुल बह गया, लेकिन किसी ने सुध नहीं ली। ऐसे में ग्रामीणों ने लकड़ी का बैली ब्रिज तैयार किया था, लेकिन वह भी बाढ़ की भेंट चढ़ गया है। ऐसे में अब फिर से लोग लकड़ी का पुल तैयार कर रहे हैं। एसडीएम कुल्लू विकास शुक्ला ने बताया कि दोनों जगहों पर प्रशासन की ओर से पक्के पुल बनाने के आदेश जारी कर दिए हैं। जल्द पुल बनाने का कार्य शुरू करवाया जाएगा।

### हिमाचल प्रदेश में दो और शव मिले, 37 लोग अब भी हैं लापता

दूसरी तरफ हिमाचल प्रदेश के शिमला, कुल्लू और मंडी जिले में 31 जुलाई की रात सात स्थानों पर बादल फटने के बाद बाढ़ आने से लापता दो और लोगों के शव मिले हैं। अतिरिक्त उपायुक्त शिमला अभिषेक वर्मा ने बताया कि प्रदेश में अब तक 18 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 37 अब भी लापता हैं। इस बीच, आठ जिलों में भारी वर्षा के साथ बाढ़ की चेतावनी जारी की गई है। प्रदेश में 53 सड़कें यातायात के लिए बंद हैं।

### राजस्थान में बिगड़े हालात, दो दिन में 11 की मौत

राजस्थान में तीन दिनों से लगातार हो रही वर्षा से हालात बिगड़ते जा रहे हैं। प्रदेश के बाड़मेर, जैसलमेर, जोधपुर, बीकानेर व पाली जिलों में रविवार देर रात से शुरू हुई तेज वर्षा का दौर मंगलवार को भी जारी रहा। इससे बाढ़ के हालात उत्पन्न हो गए हैं। इसके चलते विभिन्न हादसों में दो दिनों में 11 लोगों की मौत हुई है। टोंक जिले का टोरडी सागर बांध ओवरफ्लो हो गया है। जोधपुर संभाग में छह ट्रेनों को रद करने के साथ इतनी ही ट्रेनों को डायवर्ट किया गया है। जयपुर मौसम विज्ञान केंद्र के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि बुधवार से वर्षा से राहत मिलने के आसार हैं।

# दंगों की आग में झुलस रहा ब्रिटेन, जेलों की क्षमता बढ़ाई

- आज और बढ़ सकता है विरोध प्रदर्शन, करीब 400 लोग गिरफ्तार
- भारत ने अपने नागरिकों को ब्रिटेन यात्रा के खतरे को लेकर चेताया



ब्रिटेन में रविवार को रादरहैम के एक होटल के बाहर आग लगाने के बाद लकड़ी फेंकता एक प्रदर्शनकारी • रायटर/फाइल

**लिवरपूल, रायटर :** ब्रिटेन लगभग एक सप्ताह से दंगों की आग में झुलस रहा है। ब्रिटिश सरकार ने दंगों से निपटने में के लिए अपनी जेलों की क्षमता बढ़ा दी है। इस बीच भारत, आस्ट्रेलिया, नाइजीरिया और अन्य देशों ने ब्रिटेन यात्रा के खतरे को लेकर अपने नागरिकों को सतर्क रहने की चेतावनी जारी की है। साउथपोर्ट में हमलावर ने डांस क्लास में चाकू मारकर तीन बच्चियों की हत्या कर दी थी। इस घटना के बाद से ही हिंसक प्रदर्शन हो रहे हैं। आनलाइन प्रसारित किया जा रहा है कि संदिग्ध हत्यारा रवांडा मूल का है और ब्रिटेन में शरण चाहता है। पुलिस ने वेल्स में जन्मे एक्सल मुगनवा रुदाकुबाना को इस मामले में गिरफ्तार किया है।

जेल में भीड़ के संकट के बीच न्याय विभाग ने कहा कि हिंसा में शामिल लोगों को गिरफ्तार कर जेलों में रखने के लिए लगभग 600 जेलों को तैयार रखा गया है। अब तक करीब 400 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है।

ब्रिटेन की न्याय मंत्री शबाना महमूद ने कहा, जो कोई भी इस हिंसा में शामिल होना चाहता है, उसके लिए मेरा संदेश स्पष्ट है- पुलिस, अदालतें और जेल तैयार हैं। आपको परिणाम भुगतने होंगे।

पुलिस ने मंगलवार को एक व्यक्ति पर फेसबुक पोस्ट पर नस्लीय नफरत फैलाने का आरोप लगाया। सोमवार रात दक्षिणी इंग्लैंड के प्लायमाउथ और फिर उत्तरी आयरलैंड के बेलफास्ट में हिंसा और भड़क गई। सैकड़ों दंगाइयों ने अधिकारियों पर पेट्रोल बम फेंका। इस बीच एक आनलाइन प्रसारित संदेश में कहा गया है कि प्रवासियों की सहायता करने वाले आव्रजन केंद्रों को बुधवार को निशाना बनाया जाएगा। हिंसक भीड़ ने रविवार को एक होटल में भी घुसने की कोशिश की, जिसके बारे में माना जाता है कि वहां ब्रिटेन में शरण चाहने वाले लोग रह रहे हैं। आनलाइन प्रसारित वीडियो में कुछ अल्पसंख्यकों को पीटते हुए दिखाया गया है।

### भारतीय उच्चायोग की हालात पर नजर

लंदन में भारतीय उच्चायोग ने इंटरनेट मीडिया चैनलों के माध्यम से मंगलवार को भारतीय नागरिकों को "सतर्क रहने और उचित सावधानी बरतने" के लिए सुरक्षा सलाह जारी की। संदेश में कहा गया है, लंदन में भारतीय उच्चायोग स्थिति पर नजर रख रहा है। भारत से आने वाले पर्यटकों को ब्रिटेन में यात्रा करते समय सतर्क रहने और उचित सावधानी बरतने की सलाह दी जाती है। उन क्षेत्रों में जाने से बचें जहां विरोध प्रदर्शन चल रहा है।

# ऊधमपुर में मुठभेड़, तीन से चार आतंकी घिरे



**सभी जैश-ए-मोहम्मद के पाकिस्तानी आतंकी बताए जा रहे, जंगल में वर्षा व घनी धुंध आपरेशन में बन रही है बाधा**

**जागरण संवाददाता, ऊधमपुर:** जम्मू संभाग के जिला ऊधमपुर के जंगलों में लगातार जारी अभियान के बीच मंगलवार को सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ शुरू हो गई। दो घंटे के दौरान ही आतंकियों और सुरक्षाबलों के बीच दो बार आमना-सामना हुआ और दोनों तरफ से गोलीबारी हुई। सुरक्षाबलों ने तीन से चार आतंकियों को घेर लिया है। बताया जा रहा है कि सभी जैश-ए-मोहम्मद के पाकिस्तानी आतंकी हैं। जंगल में वर्षा व घनी धुंध सुरक्षाबलों के लिए आपरेशन में बाधा बन रही है। आतंकियों को मार गिराने के लिए सुरक्षा बलों का सर्च एंड डिस्ट्राय (साडो) आपरेशन जारी था।

जानकारी के अनुसार, पिछले एक सप्ताह से सुरक्षाबल ऊधमपुर जिले के बसंतगढ़ में आतंकियों का पता लगाने के लिए उनकी गतिविधियों पर नजर रखे हुए थे। मंगलवार को सुरक्षाबलों को खनेड़ के भट्टियां इलाके में स्थित कब्रिस्तान के पास चार आतंकियों को छिपे की सूचना मिली। इसके बाद सेना, पुलिस और सीआरपीएफ ने पूरे इलाके को घेरकर आपरेशन शुरू किया। शाम करीब सात बजे दो आतंकियों और सुरक्षाबलों के बीच गोलीबारी हुई। सूत्र दावा कर रहे हैं कि कुल चार आतंकी हैं, जो दो समूह में बंटे हैं। ऊधमपुर-रियासी रेंज के डीआइजी मोहम्मद रईस भट्ट ने एक्स पर बताया कि अभी आपरेशन जारी है। आतंकियों को छोड़ा नहीं जाएगा।

**हंदवाड़ा में धमाका, दो महिलाएं घायल :** उत्तरी कश्मीर के हंदवाड़ा में मंगलवार को संदिग्ध परिस्थितियों में हुए बम विस्फोट में दो महिलाएं गंभीर रूप से घायल हो गईं। दोनों को श्रीनगर के जेवीसी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। संबंधित पुलिस अधिकारी ने बताया कि यह धमाका चक कीगाम गुज्जर पट्टी के पास जंगल में हुआ है। बता दें कि धमाके वाली जगह से कुछ ही दूरी पर एक सैन्य शिविर है। इसके अलावा इस इलाके में आतंकियों की आवाजाही भी रही है। उन्होंने बताया कि महिलाएं जलावन लेने के लिए जंगल में गई थीं। उन्होंने वहां कथित तौर पर किसी लावारिस विस्फोटक को उठाकर उसके साथ छेड़खानी की होगी, जिससे धमाका हो गया।

# हानिया की मौत के बाद याह्या सिनवार बना हमास प्रमुख

- सिनवार पर सात अक्टूबर के हमले का मास्टरमाइंड होने का है आरोप
- इजरायली सेना ने किया गाजा में 45 फलस्तीनी लड़ाकों को मारने का दावा



याह्या सिनवार • इंटरनेट मीडिया

**गाजा, रायटर:** हमास ने मंगलवार को गाजा नेता याह्या सिनवार को समूह का प्रमुख नियुक्त किया है। हमास समूह ने कहा कि 31 जुलाई को तेहरान में इस्माइल हानिया की हत्या के बाद यह निर्णय लिया गया है। याह्या सिनवार को फरवरी 2017 में गाजा पट्टी में हमास का नेतृत्व करने के लिए चुना गया था, वो अपने कट्टरपंथी विचारधारा के लिए जाना जाता है। उस पर सात अक्टूबर के हमले का मास्टरमाइंड होने का आरोप है। 61 साल के याह्या सिनवार का संघर्ष का लंबा इतिहास रहा है। उसने 23 साल इजरायली जेलों में बिताए हैं और वो 2011 में कैदी एक्सचेंज के तहत रिहा किया गया था। गाजा पट्टी के खान यूनिस में जन्मा सिनवार 1987 में हमास में शामिल हुआ था। ईरान हानिया की मौत के लिए इजरायल को जिम्मेदार तो ठहरा रहा है, लेकिन वो दुनिया को ये बताने में अभी तक नाकाम रहा है कि आखिर हानिया की मौत हुई कैसे? अब पूरी दुनिया की निगाहें ईरान पर लगी हैं कि वो कहीं बदला लेने के लिए इजरायल पर हमला ना कर दे। ऐसा हुआ तो जंग तय है।

**वेस्ट बैंक और लेबनान पर फिर इजरायली हमले, 16 की मौत:** इस बीच, इजरायल ने वेस्ट बैंक और लेबनान में फिर हवाई हमले किए हैं। फलस्तीनी अधिकारियों ने मंगलवार को बताया कि वेस्ट बैंक के जेनिन और तुबास में इजरायल के दो अलग-अलग हमलों में 12 फलस्तीनियों की जान गई है, इनमें चार किशोर शामिल हैं। इसके अलावा सात लोग घायल हैं। इसके साथ ही इजरायल ने लेबनान के दक्षिण में एक गांव पर हवाई हमला किया है, इसमें चार लोगों की मौत हो गई। लेबनान के स्वास्थ्य मंत्रालय ने मंगलवार को यह जानकारी दी। यह स्पष्ट नहीं है कि ये लोग नागरिक थे या लड़ाके। वहीं इजरायली सेना ने पिछले दिनों गाजा में 45 फलस्तीनी लड़ाकों को मार गिराने का दावा किया है। वहीं, लेबनानी आतंकी समूह हिजबुल्ला ने कहा कि उसने सोमवार को उत्तरी इजरायल पर ड्रोन हमला किया था, जिसमें इजरायली सेना के मुताबिक उसके दो सैनिक घायल हुए हैं।

**हिजबुल्लाह के ताजा हमलों में आइडीएफ के छह सैनिक घायल:** टाइम्स आफ इजरायल की रिपोर्ट के अनुसार, मंगलवार को उत्तरी इजरायल में लेबनान से राकेट दागे जाने के बाद इजरायल रक्षा बल (आइडीएफ) के छह सैनिक घायल हो गए। राकेट गैलिली पैनहैंडल और गोलान हाइट्स पर दागे गए। हिज्बुल्लाह के एक ड्रोन ने नहरिया के पास श्रगा कैंप पर हमला किया, जिससे आग लग गई। विस्फोट घायल सैनिकों को अस्पतालों ले जाया गया।

# लेजर स्कैनिंग से उठेगा आंतरिक रत्न भंडार से पर्दा

**पुरी जगन्नाथ मंदिर**

- पुरी में जगन्नाथ मंदिर प्रबंधन कमेटी ने किया एसओपी का अनुमोदन
- सरकार की अनुमति मिलने के बाद शुरू होगी आगे की प्रक्रिया



पुरी जगन्नाथ • फाइल फोटो

**जागरण संवाददाता, भुवनेश्वर :** ओडिशा के पुरी में स्थित जगन्नाथ मंदिर के रत्न भंडार के भीतर सोने-चांदी के आभूषणों, स्वर्ण मुद्राओं व हीरे जवाहरात का कोई अन्य गुप्त खजाना है या नहीं, यह रहस्य शीघ्र लोगों के सामने आएगा। रत्न भंडार जांच समिति ने इसके लिए लेजर स्कैनिंग कराने का निर्णय लिया है। पूरे रत्न भंडार की लेजर स्कैनिंग व अन्य तकनीकी जांच की प्रक्रिया को कमेटी ने एसओपी में शामिल कर लिया है। इसका अध्ययन करने के बाद पुरी जगन्नाथ मंदिर प्रबंधन कमेटी ने इसे अनुमोदित भी कर दिया है। सरकार की अनुमति मिलने के बाद लेजर स्कैनिंग की प्रक्रिया शुरू होगी। लंबे समय से लोग इस बात की चर्चा करते रहे हैं कि मंदिर में कई छिपे खजाने हैं। रत्न भंडार खोले जाने के बाद ऐसे कोई चिह्न नहीं मिले थे। अब तकनीकी जांच से इसका पता लगाया जाएगा।

मंदिर समिति की बैठक में निर्णय लिया गया कि आंतरिक रत्न भंडार में रहने वाले संदूक एवं आलमारी नीलाद्री म्यूजियम में स्थानांतरित करने के लिए विशेष मार्गदर्शिका तैयार की जाएगी। इसी तरह पुरी जगन्नाथ मंदिर के स्वामित्व वाली जमीन की खरीद-बिक्री के लिए विशेष प्रस्ताव पर भी प्रबंधन कमेटी ने मुहर लगा दी है।

### छिपे धातु को खोजने में इस्तेमाल होगी स्कैनिंग

लेजर स्कैनिंग जमीन या किसी सतह के भीतर छिपे धातु को खोजने की एक शक्तिशाली तकनीक है। मेटल डिटेक्टर की तरह काम करने वाले इस उपकरण को सतह के ऊपर घुमाकर वहां की आंतरिक जांच की जाती है। मशीन से निकलने वाली लेजर किरणें जमीन के भीतर धातु से टकराने के बाद परावर्तित होकर लौटती हैं और धातु के आकार, आयतन, चमक व अन्य पहचान को तस्वीर के माध्यम से बताती है।

जागरण सिटी
दैनिक जागरण
दिल्ली



व्यावसायिक वाहनों का उत्पीड़न बंद हो : राजेंद्र कपूर

www.jagran.com

सेवा बस्तियों में जारी रहेगा सफाई अभियान : राजेश लावड़िया



आज कल IVF क्लिनिक या नि:संतान रोगियों के ईलाज वाले हॉस्पिटलों की एक बाढ़ सी आ गयी है। मेडिकल के इस क्षेत्र में जो एक क्रांति आई है वह अभूतपूर्व है । हर तरफ केवल इनफर्टिलिटी के इलाज का बोलबाला है । पेशेंट को इलाज करने से पहले जो बातें ध्यान में रखनी चाहिए वह देश की जानी मानी नि:संतान दंपत्ति विशेषज्ञ और मेडीवर्ल्ड फर्टिलिटी सेंटर नई दिल्ली की प्रमुख डॉ नेहा गुप्ता समझा रही हैं ।

डॉ नेहा गुप्ता के अनुसार नि:संतानता का इलाज

**नि:संतानता का ईलाज केवल आई.वी.एफ. ही नहीं है : डा0 नेहा गुप्ता**

**ग्रे.नोएडा एवं गाजियाबाद में 9 अगस्त को नि:शुल्क नि:संतानता शिविर**

करवाने से पहले आपको यह पता होना चाहिए कि इसके कितने इलाज मौजूद हैं । यह धारणा है कि इसका इलाज केवल आई. वी. एफ. ही है, यह सरासर गलत है । एक अनुभवी डॉक्टर या हॉस्पिटल



में केवल 30% रोगियों में ही आई वी एफ किया जाता है । बाकि पेशेंट्स में निम्न इलाज से ही सफलता मिल सकती है–

1. दवाइयों के द्वारा – काफी रोगियों का इलाज केवल दवाईयों से ही संभव हो जाता है । आजकल महिलाओं और पुरुषों के लिए ऐसी दवाएं मौजूद हैं, जिसके कोर्स से प्रेगनेंसी संभव है

2. आई. यू. आई. – इस इलाज से काफी रोगियों को सफलता प्राप्त हो जाती है ।

3. लेप्रोस्कोपी – अधिकांश महिलाओं में गर्भ न धारण करने का कारण गर्भाशय में यूटेराइन ट्यूमर, फाइब्रॉएड या सिस्ट का होना है । इस समस्या का इलाज लेप्रोस्कोपी से संभव है जिससे न केवल फाइब्रॉएड निकल जाता है बल्कि ब्लॉक फॉलोपियन ट्यूब्स को खोल दिया जाता है।

Advertisement
डॉ नेहा गुप्ता
से दिल्ली में प्रतिदिन
ग्रे.नोएडा एवं गाजियाबाद में 9 अगस्त को
मिलने के लिए कॉल करें 9873473443
गाजियाबाद : सर्वोदय हॉस्पीटल, कवि नगर, नजदीक डायमंड फ्लाईओवर
ग्रे. नोएडा : द होप हॉस्पीटल, नर्सिंग होम, 20 अपोर्टि मदर डेयरी, डेल्टा-2

// प्रणाम //

- इंडिया हैबिटेट सेंटर में सामूहिक चित्रकला प्रदर्शनी, विजुअल आर्ट गैलरी। सुबह 11 से शाम सात बजे तक। प्रदर्शनी 11 अगस्त तक लगी रहेगी।

**दैनिक जागरण कार्यालय**

**स्थानीय ब्यूरो**
प्यारे लाल भवन, बहादुरशाह जफर मार्ग, आइटीओ, दिल्ली

**प्रिय पाठकगण,**
आप एक जागरूक शहरी के रूप में दैनिक जागरण अखबार व अपने समाज की आंख व कान बन सकते हैं। अपने शहर की जिन समस्याओं, मुद्दों व बातों को जिम्मेदार लोगों तक पहुंचाना चाहते हैं, हमें बताएं। हम समाचार पत्र के माध्यम से आपकी आवाज को उन लोगों तक ले जाएंगे जो इसके लिए जिम्मेदार हैं।
संपर्क करें : 8175813532 ईमेल : reporter@nda.jagran.com

अगर आपको अपना प्रिय समाचार पत्र दैनिक जागरण मिलने में कोई परेशानी हो रही है तो कृपया हमें जरूर बताएं।
9873067812

**जनमत**

**मुद्दा**

**क्या आप मानते हैं कि एनसीआर के ड्रेनेज सिस्टम में आमूलचूल सुधार कर इसे किसी एक एजेंसी को दिया जाना चाहिए?**

अपनी राय और अधिक लोगों तक पहुंचाने के लिए अपने मोबाइल के मैसेज बाक्स में जाकर MUDDAD लिखें, स्पेस देकर YES या NO लिखकर 57272 पर भेजें
muddad@jagran.com

**एक नजर में**

### अवैध शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार

**नई दिल्ली :** उत्तर जिला के बुराड़ी थाना पुलिस की टीम ने अवैध शराब के साथ एक कुख्यात तस्कर को गिरफ्तार किया है। इसके पास से शराब की 100 क्वार्टर बोतल बरामद की गई है। आरोपित पहले भी बुराड़ी थाने में आबकारी अधिनियम और शस्त्र अधिनियम के तहत तीन आपराधिक मामलों में शामिल पाया गया है। डीसीपी उत्तरी जिला के मुताबिक आरोपित की पहचान संत नगर के रोहित के रूप में हुई। पूछताछ में आरोपित ने बताया कि उसने एक अज्ञात व्यक्ति से अवैध शराब का स्टाक लिया था। बदले में वह प्रति कार्टन उसे 1,200 रुपये देता है और देर रात वहां लोगों को बेचता था। (जासं)

# डेरी कालोनियों में कार्रवाई शुरू, अवैध निर्माण तोड़े

## नगर निगम आयुक्त ने डेरी को स्थानांतरित करने और नियम व शर्तें बनाने के लिए समिति का किया गठन

**जागरण संवाददाता, नई दिल्ली :** दिल्ली हाई कोर्ट के निर्देश के बाद डेरी भलस्वा और गाजीपुर डेरी कालोनी को स्थानांतरित करने और डेरी कालोनियों में अतिक्रमण व दुरुपयोग को लेकर दिल्ली नगर निगम और डूसिब ने कार्रवाई शुरू कर दी है। निगम ने सभी डेरी कालोनियों का सर्वे पूरा करते हुए भलस्वा डेरी कालोनी को घोघा में स्थानांतरित करने के लिए वहां पर मौजूद अवैध निर्माण के खिलाफ कार्रवाई की है। तीन दिनों से हो रही इस कार्रवाई में निगम ने 30 के करीब प्लाट से अतिक्रमण हटाया है। वहीं, डेरी कालोनी को स्थानांतरित करने और उनको प्लाट आवंटन की प्रक्रिया के साथ ही किराये की राशि को तय करने के लिए उच्चस्तरीय कमेटी का गठन कर दिया है। इसके साथ ही सिविल लाइंस जोन के उपायुक्त ने भलस्वा डेरी में प्लाट का दुरुपयोग या अवैध निर्माण करके कब्जा करके बैठे लोगों को नोटिस दिया है। निगम ने अपने आदेश में सभी कब्जा करने वालों को कहा है कि वह तीन दिन में प्लाट को खाली कर दें। निगम इसके बाद यहां पर कार्रवाई शुरू कर देगा।

पशु चिकित्सा विभाग ने नौ सदस्यीय कमेटी का गठन सिविल लाइंस जोन के निगम उपायुक्त की अध्यक्षता में किया है। इसमें नरेला जोन के उपायुक्त पवन यादव के साथ ही लेखा अधिकारी, सहायक आयुक्त (भूमि व संपदा), अधिशासी अभियंता (परियोजना) नरेला जोन, पशु पालन विभाग दिल्ली सरकार के प्रतिनिधि को शामिल किया है। यह कमेटी घोघा डेरी में प्लाट आवंटन के लिए नियम व शर्तों को तैयार करेगी। साथ ही प्लाट के किराये की राशि को भी तय किया जाएगा। दिल्ली नगर निगम के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि हमने 11 डेरी कालोनियों का सर्वे पूरा कर लिया है। अब हम नियमानुसार चरणबद्ध तरीके से कार्य करेंगे। डेरी कालोनियों में से अतिक्रमण हटाने और इसमें नियमों का पालन कराने के लिए नरेला जोन के उपायुक्त पवन यादव को कोर्ट ने नोडल अधिकारी बनाया है। इसके बाद उपायुक्त ने घोघा डेरी कालोनी में तीन दिन से कार्रवाई करते हुए 30 प्लाट से कब्जा व अतिक्रमण हटा दिया है। घोघा डेरी में भलस्वा से लाइसेंस पर चल रही 419 डेरी को स्थानांतरित किया जाना है। जबकि घोघा में 773 प्लाट ऐसे हैं, जो आवंटित नहीं हुए हैं। भलस्वा में 3580 जानवर हैं। निगम के अधिकारी के अनुसार नजफगढ़ जोन में तीन डेरी कालोनी हैं, सिविल लाइंस में दो और शाहदरा साउथ में एक डेरी कालोनी है। वहीं नरेला जोन में दो डेरी कालोनी हैं। इसलिए संबंधित जोन कार्रवाई में सहयोग करें, इसके लिए जोन के उपायुक्तों को पत्र लिखकर उन्होंने कार्रवाई में सहयोग की अपील की है। नियमानुसार प्लाट में केवल छत पर बाथरूम व एक कमरा बनाया जा सकता है। जबकि लोगों ने इससे ज्यादा का निर्माण कर रखा था। वहीं दिल्ली शहरी आश्रय सुधार बोर्ड (डूसिब) की तीन कालोनियां है। डूसिब के एक अधिकारी ने बताया कि मदनपुर खादर डेरी कालोनी को सुप्रीम कोर्ट ने कार्रवाई पर रोक लगा दी है। हालांकि हमने वहां पर 63 प्लाट को नोटिस जारी किए हैं। जबकि गाजीपुर में भी सर्वे कर लिया है और नोटिस जारी किए जाएंगे। जबकि मसूदपुर डेरी कालोनी के मालिकाना हक को लेकर डूसिब और डीडीए में विवाद है। इसलिए इस पर अभी कोई कार्रवाई शुरू नहीं हुई है।

उल्लेखनीय है कि हाईकोर्ट ने इन डेरी कालोनियों में अतिक्रमण और अवैध निर्माण को लेकर नाराजगी जाहिर की थी। इन कालोनियों में प्लाट को डेरी चलाने के लिए लाइसेंस फीस के आधार पर दिया था, लेकिन प्लाट पर अवैध निर्माण और इनका दुरुपयोग किया जा रहा है। इस वजह से गंदगी और सीवर भी जाम हो रहे हैं।

कोर्ट का आदेश है कि इन सभी प्लाट से अतिक्रमण और अवैध निर्माण को हटाकर वर्ष 1975-76 की स्थिति में लाया जाए। यह कार्रवाई नगर निगम को एक माह में पूरी करके कोर्ट को कार्रवाई की जानकारी देनी है। हाईकोर्ट ने 24 जुलाई को आदेश दिया था।



घोघा डेरी कालोनी में अवैध निर्माण ढहाता निगम का दस्ता ● सौ: सुधी पाठक

| डेरी कालोनी | कुल प्लाट | सर्वे किए गए प्लाट | डेरी के लिए उपयोग | अवैध निर्माण | दुरुपयोग |
|---|---|---|---|---|---|
| घोघा | 1912 | 1592 | 1483 | 2 | 0 |
| मदनपुर खादर | 212 | 212 | 107 | 0 | 60 |
| गाजीपुर | 864 | 864 | 131 | 0 | 305 |
| घड़ोली डेरी | 2764 | 2764 | 0 | 0 | 2764 |
| गोयला डेरी | 1912 | 1592 | 1483 | 20 | 43 |
| ककरोला डेरी | 548 | 420 | 181 | 181 | 342 |
| नंगली सकरावती | 1372 | 1372 | 1253 | 11 | 95 |
| शाहबाद डेरी | 958 | 448 | 2 | 0 | 428 |
| झरौदा डेरी | 485 | 485 | 174 | 0 | 76 |
| भलस्वा डेरी | 1328 | 1328 | 262 | 0 | 241 |

### नाली और सीवर में बहाया जा रहा है गोबर

सभी डेरी कालोनियों में प्रतिबंध के बावजूद नियमों का उल्लंघन हो रहा है। न केवल डेरी कालोनियों में अवैध निर्माण हो रहा है, बल्कि गंदगी फैला रही है। इस वजह से सीवर जाम की समस्या विकाराल हो गई है। इतना ही नहीं भूजल दोहन भी हो रहा है। नालियों में गोबर बहाया जा रहा है। इससे सीवर जाम हो रहे हैं। पशुओं को भी तय मात्रा से अधिक रखा जा रहा है और तो और कालोनियों में डेरी के प्लाट पर चार-चार मंजिला इमारतें हैं। इनमें रिहायशी से लेकर व्यावसायिक गतिविधियां भी संचालित हो रही हैं।

# क्रेन से मकान में मारी टक्कर, एक की जान गई, चार घायल

**जागरण संवाददाता, दक्षिणी दिल्ली:** एमबी रोड (महरौली-बदरपुर रोड) पर लालकुआं के पास एक चालक ने क्रेन को तेज रफ्तार से चलाते हुए मकान में टक्कर मार दी। क्रेन की टक्कर लगने से मकान की दीवार और छत का मलबा वहां सो रहे पांच श्रमिकों के ऊपर गिर गया। हादसे में एक व्यक्ति की मौत और एक महिला सहित चार श्रमिक घायल हैं। अस्पताल में घायलों की हालत गंभीर बनी हुई है। आरोपित चालक फरार हो गया। क्रेन मेट्रो प्रोजेक्ट में लगी थी। जिस मकान में हादसा हुआ उसमें पीडब्ल्यूडी का स्टोर रूम था।

जिस समय मकान की दीवार गिरी, तो घर के अंदर सो रहे लोगों में चीख-पुकार मच गई। पांच श्रमिक मलबे के नीचे दबे हुए चिल्ला रहे थे। तभी पास के कमरे व एक मकान में रहने वाले लोगों ने चीख सुनी तो वह बाहर आए। उन्होंने घायलों के ऊपर से मलबा हटाकर उन्हें बाहर निकाला। पुलिस ने आरोपित चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

दक्षिणी पूर्वी जिले के पुलिस उपायुक्त राजेश देव ने बताया कि मूलरूप से उत्तर प्रदेश झांसी के गांव ठगारी निवासी गरीबा, एमबी रोड स्थित लाल कुआं में लोक निर्माण विभाग के स्टोर रूम में रहते थे। गांव ठगारी के ही खेमचन्द, महिला हरकौर, रामेश्वर, घनश्याम भी विभाग की साइट पर काम करते हैं। पांचों मंगलवार को कमरे में सो रहे थे। चार बजे तड़के अचानक एक चालक ने क्रेन से मकान में टक्कर मार दी।



एमबी रोड (महरौली-बदरपुर रोड) पर मकान के अंदर घुसी क्रेन ● जागरण

### ओखला टी प्वाइंट मेट्रो प्रोजेक्ट में लगी है क्रेन

क्रेन बीआर कंपनी की है। उसे ओखला टी पाइंट पर चल रहे एमबी रोड मेट्रो प्रोजेक्ट में काम के लिए रखा गया है। मेट्रो साइट पर तैनात सुरक्षाकर्मी दीपक ने पुलिस को दिए बयान में बताया कि क्रेन चालक ने तुगलकाबाद ले जाने के लिए मेट्रो साइट से अपनी क्रेन निकाली थी। जब वह एमबी रोड पर क्रेन को तुगलकाबाद की ओर मोड़ने का प्रयास कर रहा था तो अचानक वह नियंत्रण खो बैठा। इससे क्रेन सड़क किनारे बने मकान में जा घुसी।

Lowest Gold Rate in all over Delhi
₹63600* Per 10g
Today's B.I.S. Hallmark 91.6/22CT Gold Rate
8% Making on all items
Gold Testing Machine Available
KAPIL JEWELLERS SINCE 2010.
F-24/35-36, Sec-7 Rohini
9999889969, 9891417720

# डीपीएल का कार्यक्रम हुआ जारी, 17 को होगा पहला मुकाबला

**जासं, नई दिल्ली:** दिल्ली में जल्द ही आइपीएल की तर्ज पर टी-20 दिल्ली प्रीमियर लीग (डीपीएल) होने जा रही है। 17 अगस्त से आठ सितंबर तक होने वाली लीग अरुण जेटली स्टेडियम में खेली जाएगी। डीपीएल के पहले सत्र में कुल 40 मुकाबले होंगे। लीग में पुरुष वर्ग में 33 और महिला वर्ग में सात मुकाबले खेले जाएंगे। वीरेंद्र सहवाग को डीपीएल का ब्रांड एंबेसडर बनाया गया है। लीग में ऋषभ पंत, ईशांत शर्मा, नवदीप सैनी, नीतीश राणा जैसे सितारे दिखेंगे।

डीपीएल का आयोजन दिल्ली एवं जिला क्रिकेट संघ (डीडीसीए) की ओर से किया जा रहा है। मंगलवार को लीग का कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। पहला मुकाबला पुरानी दिल्ली-छह और साउथ दिल्ली सुपरस्टार्स के बीच खेला जाएगा। आठ सितंबर को महिला व पुरुष दोनों वर्गों के फाइनल मैच होंगे। दोपहर में होने वाले मुकाबलों के लिए टास डेढ़ बजे होगा। जबकि शाम के मैच के लिए साढ़े छह बजे टास होगा।

# एल्डरमैन नियुक्ति के मामले में आप दायर कर सकती है समीक्षा याचिका

**जागरण संवाददाता, नई दिल्ली:** एल्डरमैन पर सुप्रीम कोर्ट के निर्णय के बाद अभी यह तय नहीं है कि वार्ड कमेटियों और स्थायी समिति का गठन होगा या नहीं। दिल्ली सरकार मामले में वकीलों की राय ले रही है। इसके बाद ही तय होगा वार्ड कमेटियों का चुनाव होगा या नहीं। सूत्र बताते हैं कि दिल्ली सरकार को सुप्रीम कोर्ट के आदेश की कापी मिल गई है। इसके बाद वरिष्ठ वकीलों ने कोर्ट के आदेश को पढ़ना शुरू कर सलाह मशविरा लेना शुरू कर दिया है। आप सुप्रीम कोर्ट के फैसले को चुनौती देने वाली समीक्षा याचिका दायर कर सकती है।

सुप्रीम कोर्ट के निर्णय के बाद राज्यसभा सदस्य संजय सिंह की प्रतिक्रिया में भी यही रुख था। हालांकि अधिकारिक आदेश मिलते ही इस पर आगे की कार्रवाई शुरू हो सकती है। लेकिन, इसके लिए सबसे पहले निर्णय महापौर को लेना होगा। क्योंकि महापौर को ही यह अधिकार प्राप्त है कि वह निगमायुक्त को वार्ड कमेटियों के चुनाव कराने के आदेश देंगी। इसके बाद निगमायुक्त संबंधित वार्ड कमेटियों के नामांकन और चुनाव की तारीख तय करेंगे। इस पर महापौर इन कमेटियों के चुनाव के लिए पीठासीन अधिकारी तय करेंगी।



### अपने-अपने पार्षदों पर हैं पार्टियों की नजर

सुप्रीम कोर्ट से एजजी द्वारा नियुक्त एल्डरमैन की नियुक्ति पर लगी मुहर के बाद भाजपा और आप दोनों में भी पार्षदों के दल-बदल की संभावना है। दोनों ही पार्टियों की नजर अपने-अपने पार्षदों पर हैं। आप ने बैठक भी बुलाई थी लेकिन वह रद हो गई।

### विधानसभा चुनाव से पहले सोच-समझकर निर्णय लेना चाहते हैं राजनीतिक दल

दिल्ली में विधानसभा चुनाव फरवरी 2025 में लंबित हैं। ऐसे में राजनीतिक उठापटक और बढ़त व पिछड़ने का असर इन चुनावों पर पड़ सकता है। ऐसे में भाजपा से लेकर आप और कांग्रेस भी पूरे हालात को बारीकी से देख रही है। सभी राजनीतिक दल सोच-समझकर निर्णय लेना चाहते हैं। वार्ड कमेटियों से लेकर स्थायी समिति के चुनाव होने पर जीत हार से राजनीतिक दलों के पक्ष या खिलाफ माहौल बनेगा। इसलिए कोई भी दल इस समय जोखिम नहीं लेना चाहेगा।

# दीवानी मानहानि मामले में महिला पर 15 लाख का जुर्माना

**जागरण संवाददाता, दक्षिणी दिल्ली :** साकेत अदालत ने एक महिला पर उसके पूर्व पति द्वारा दायर दीवानी मानहानि मामले में 15 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। जिला न्यायाधीश सुनील बेनीवाल की अदालत ने कहा कि महिला के कृत्यों से उसके पति को ठेस पहुंची है।

अदालत महिला के (पूर्व पति) द्वारा दायर मुकदमे की सुनवाई कर रही थी। इसमें महिला द्वारा 2010 के बाद से वादी के परिवार के सदस्यों, रिश्तेदारों और दोस्तों को अपमानजनक भाषा वाले ईमेल भेजे गए थे। इस पर वादी ने उत्पीड़न, स्वास्थ्य संबंधी बीमारियों, काम और प्रतिष्ठा की हानि और वित्तीय नुकसान के लिए 25 लाख रुपये का हर्जाना मांगा था। अदालत ने अपने आदेश में कहा प्रतिवादी की हरकतों से वादी की पेशेवर उन्नति में भी बाधा आई है। अदालत ने मानहानि के आधार पर वादी को 15 लाख रुपये का हर्जाना देने का निर्देश दिया।

AFTE Pvt. Ltd. Estd. 1997
Academy for Future Teachers & Education
DIRECT ADMISSION OPEN 2024 - 2026
B.Ed MDU, CRSU, KU, Gurugram (HARYANA)
D.El.Ed MP
M.Ed MDU / CRSU (HARYANA)
Recognised by UGC & Approved by NCTE
LAST CHANCE TO TAKE ADMISSION
ALL SERVICE AVAILABLE TILL GOVT. JOB
FEATURES: Complete Study Material, Free Books, Weekly Test Series, Smart Classes, Expert Faculty & Library Facility.
MORE THAN 25000 STUDENTS GOT GOVT. JOBS
Centralize Enquiry # 9911103333
9990523333 / 9990413333 / 9990973333 / 9891753333 / 9891063333 / 9990143333 / 011 - 45623312
H.O.: D-11/156/157/145 Sec.-8, Rohini, Delhi-85
B.O.: Mukherjee Nagar, Batra Cinema, Delhi-9
www.afte.co.in

# डीएसईयू में स्पाट राउंड के बाद भी नहीं भरी इंजीनियरिंग की सीटें

उदय जगताप ● जागरण

**नई दिल्ली:** दिल्ली कौशल एवं उद्यमिता विश्वविद्यालय (डीएसईयू) में इंजीनियरिंग में प्रवेश की स्थिति चिंताजनक बन गई है। विश्वविद्यालय के 16 परिसरों में चलने वाले इंजीनियरिंग कोर्सों में सीटें नहीं भर पा रही हैं। स्पाट राउंड के बावजूद अभी आधी सीटें भी नहीं भर पाई हैं। विश्वविद्यालय के 14 परिसरों में इस वर्ष ही बेचलर आफ इंजीनयरिंग (बीटेक) की अलग-अलग ब्रांच की शुरुआत की गई है, लेकिन इस वर्ष प्रवेश में अपेक्षाकृत सफलता नहीं मिली। दो परिसरों में 2021 से कोर्स संचालित हैं।

डीएसईयू में ज्वाइंट एडमिशन कमिटी (जेएसी) के जरिये प्रवेश होता है। जेएसी में डीएसईयू के अलावा दिल्ली टेक्नलाजिकल यूनिवर्सिटी (डीटीयू), इंदिरा गांधी दिल्ली टेक्निकल यूनिवर्सिटी फार वुमन (आइजीडीटीयूडब्ल्यू), इंद्रप्रस्थ इंस्टिट्यूट आफ इंफार्मेशन टेक्नलाजी (आइआइआइटी-डी), नेताजी सुभाष यूनिवर्सिटी आफ टेक्नलाजी (एनएसयूटी) में एक साथ प्रवेश लिए जाते हैं। पांचों विश्वविद्यालयों में जेईई मेन के स्कोर के आधार पर 6372 सीटों के लिए दाखिले होते हैं। इनमें करीब 1100 सीटें डीएसईयू की हैं। सभी संस्थानों में 85 प्रतिशत सीटें दिल्ली के छात्रों के लिए आरक्षित होती हैं। पांचों संस्थानों में प्रवेश के लिए एक अगस्त तक पांच राउंड आयोजित किए गए। तीन राउंड तक डीएसूईयू में मात्र 95 सीटें ही भर सकी थीं। इनमें ओखला एक परिसर में कंप्यूटर साइंस में सर्वाधिक 32 सीटें भरी थीं। पूसा परिसर में प्रिंटिंग टेक्नोलाजी और वजीरपुर एक परिसर की टूल इंजीनयरिंग ब्रांच में एक भी प्रवेश नहीं हुआ था। इसके बाद दो राउंड और हुए और स्पाट राउंड भी आयोजित किए गए, लेकिन उसके बावजूद पूरी सीटें नहीं भर पाईं। वर्तमान में आधी सीटें भी नहीं भर पाई हैं। एनएसयूटी और आइआइआइटीडी में डीएसईयू के मुकाबले बीटेक की फीस अधिक है। यहां लगभग सीटें भर चुकी हैं। जेएसी की वेबसाइट पर दी जानकारी में डीयूईयू की फीस एक लाख 91 हजार बताई गई है। जबकि आइआइआइटीडी में चार लाख से अधिक और एनएसयूटी में दो लाख 40 हजार फीस है। इनके अलावा गुरु गोबिंद सिंह इंद्रप्रस्थ यूनिवर्सिटी से जुड़े प्राइवेट कालेजों में भी सीटें भर गई हैं। डीएसूईयू के एक अधिकारी ने कहा, विश्वविद्यालय डिप्लोमा कोर्स के लिए जाना जाता है। सभी परिसरों में इंजीनियरिंग की स्थायी तौर पर शुरुआत इसी वर्ष की गई है। सभी परिसरों में जहां एक विशेष कोर्स के डिप्लोमा में प्लेसमेंट अच्छे थे, वहां बीटेक की शुरुआत की गई है। फिलहाल इसे पायलेट प्रोजेक्ट की तर्ज पर शुरू किया गया है। जिन कोर्सों में छात्र प्रवेश में रुचि नहीं दिखाएंगे, उनको बंद करने पर विचार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रवेश को बढ़ाने के लिए विश्वविद्यालय कई कदम उठा रहा है।

### दो परिसरों में विश्वविद्यालय की शुरुआत से कोर्स संचालित

डीएसईयू के जीबी पंत ओखला एक और दो परिसर में विश्वविद्यालय की स्थापना 2020 में हुई, तभी से बीटेक कोर्स संचालित हैं। पहले यह परिसर इंद्रप्रस्थ विश्वविद्यालय के अधीन थे, 2007 से यहां बीटेक कोर्स संचालित हो रहे हैं। डीएसईयू की स्थापना के बाद से अब यह कोर्स विश्वविद्यालय के अंतर्गत संचालित हो रहे हैं।




********

BE INDUSTRY READY
MCA
SPECIALISATION : • DATA SCIENCE • ARTIFICIAL INTELLIGENCE (AI)
MBA 15th Batch
SPECIALISATION : MKT, HR, FIN., IT, IB, Operation • Advance EXCEL • Digital Mktg. • Supply Chain • Mandatory Internship
ADMISSION OPEN
Placement Upto 80%
Highly Qualified Faculty from DU/PU/AMU/IPU/Corporates
Issued 207 Offer Letters in a Single Day at HBS Campus Noida in MEGA JOB FEST 2023
BBA 19th Batch
FEW SEAT LEFT
• TALLY & GST • DIGITAL MARKETING • ADV. EXCEL • REASONING & APT.
120 hrs. module with Univ. Syllabus
BCA
ADMISSION OPEN
• FULL STACK • WEB DESIGNING • ARTIFICIAL INT. (AI) • ADV. EXCEL
Oldest B.School Providing Industry Ready Degree Since 2006
HIERANK BUSINESS SCHOOL
Enhancing Competence
• Affiliated to NAAC A++ AKTU, CCSU • Approved by AICTE
A-42, Sector-62, Noida (Opp. 63 Metro Stn.)
Call: 96508 48777 • 99101 72577
www.hierank.in
www.hierank.org

दैनिक जागरण
सप्तरंग
सेहत भरे जीवन का
बुधवार, 7 अगस्त, 2024



काम और आराम दोनों में ही हो रही है परेशानी, बार-बार सिरदर्द या बदनदर्द की समस्या या फिर अच्छी नींद किसी सपने की तरह हो गई है, तो ये गंभीर होते तनाव के लक्षण हैं जो सेहत के लिए खतरे की घंटी हो सकते हैं। ऐसे में योग-ध्यान जैसे उपायों के साथ तनाव प्रबंधन को लेकर अधिक सजग होने की आवश्यकता है...

# तनाव प्रबंधन बने जीवन का मंत्र



जीवनशैली
डा. ईश्वर बसावरेड्डी
पूर्व निदेशक, मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान, नई दिल्ली



फोटो: फ्रीपिक

बीते कुछ समय तक कामकाज सही चल रहा था, पर अचानक आप दबाव महसूस करने लगे। अनचाहे तनाव के साथ सिरदर्द, मांसपेशियों में ऐंठन, कंधे का दर्द भी साथ आया। यह एक संयोग नहीं, बल्कि लंबे समय से अनियंत्रित तनाव का परिणाम हो सकता है। व्यस्त दिनचर्या में जीवनशैली संबंधी बीमारियों और तनाव का संबंध गहरा होता जा रहा है। संभव है कि आप दर्द या असहजता महसूस होती ही दवा लेकर तात्कालिक समाधान तलाशना चाहें, पर यह समस्या को कम करने के बजाय उसे और गंभीर बना सकता है।

**चिंताजनक प्रभाव:** आमतौर पर समझ लिया जाता है कि चिंता या तनाव का संबंध केवल दिमाग या ब्रेन से है। दरअसल, ब्रेन आपके पूरे शरीर का संचालन करता है। चिंता या तनाव से लगातार जूझते हैं तो यह दिमाग के साथ-साथ पाचन तंत्र और मेटाबोलिज्म को बिगाड़ना शुरू कर देता है। पाचन खराब हो जाए, तो यह आपके नींद चक्र को अस्त-व्यस्त कर देता है और ये दो चीजें आपके शरीर की स्वाभाविक रोग प्रतिरोधक क्षमता को प्रभावित करना आरंभ कर देती हैं। तनाव बना रहे तो इसके कारण हृदय गति तेज हो सकती है। यह आपकी हृदय प्रणाली के कामकाज में बाधा उत्पन्न कर सकता है, अचानक कार्डियक अरेस्ट का खतरा बढ़ सकता है। तनाव ज्यादा रहने या धूम्रपान जैसी अस्वास्थ्यकर आदतों को भी बढ़ावा देता है। तनाव से लंबे समय तक ग्रसित हैं तो इसे हल्के में न लें। यह कई शारीरिक बीमारियों, जैसे-उच्च रक्तचाप यानी हाइपरटेंशन, मधुमेह व कैंसर, अल्सर जैसी बीमारियों को बुलावा दे सकता है।

**तनाव प्रबंधन की आवश्यकता:** तनाव अपने आप में बुरी चीज नहीं है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, चुनौतियों व संभावित खतरों का सामना करने के लिए यह आवश्यक है। सभी इसका अनुभव करते हैं, पर जब तनाव असंतुलित होने लगता है तो समग्र स्वास्थ्य को प्रभावित करता है। ऐसे में जरूरत होती है-तनाव प्रबंधन की। हर व्यक्ति अलग-अलग ढंग से तनाव प्रबंधन करता है, पर वह कितना प्रभावी है, इस पर ध्यान देना चाहिए।

बातचीत: सीमा झा

### इन बातों का रखें ध्यान

- तनाव कार्टिसोल जैसे हार्मोन को बढ़ाता है। यह स्ट्रेस हार्मोन है, जो सोचने-समझने की क्षमता को प्रभावित कर सकता है। इससे एकाग्रता में भी कठिनाई हो सकती है।
- तनाव की वजह से दस्त, कब्ज और इरिटेबल बाउल सिंड्रोम जैसी पेट संबंधी अन्य समस्याएं हो सकती हैं।
- लंबे समय तक बैठने के कारण गर्दन, कंधे और पीठ में अकड़न जैसी समस्याएं होती हैं, पर इसका एक कारण तनाव भी हो सकता है।
- तनाव हार्मोन प्रतिरोधक क्षमता को कमजोर कर सकता है, जिससे कीटाणुओं से लड़ने की शरीर की क्षमता प्रभावित हो सकती है।
- प्रतिरोधक क्षमता कमजोर होने से शरीर संक्रमण, बीमारियों और आटो इम्यून बीमारियों के प्रति संवेदनशील हो सकता है।
- ज्यादा तनाव मुंहासे, एक्जिमा, सोरायसिस और रोसेसिया जैसी त्वचा संबंधी समस्याओं का कारण भी हो सकता है।

### ये हैं प्रभावी उपाय

- तनाव प्रबंधन के लिए योग-ध्यान उपयोगी है, पर नियमितता उससे अधिक जरूरी है।
- भोजन संतुलित और पौष्टिक होने के साथ सही समय पर करना भी आवश्यक है।
- प्रतिदिन छह से आठ घंटे की नींद लेते हैं, पर यह अच्छी और गहरी नींद होनी चाहिए।
- सोने से पहले हल्का भोजन करें, कैफीन और अल्कोहल के सेवन से बचें।
- सोने जा रहे हैं तो कंप्यूटर, स्मार्टफोन, इंटरनेट मीडिया, टीवी से दूरी बनाएं।
- सोने-जागने का समय तय करें, कमरे में अंधेरा, शांति और तापमान सामान्य रखें।

### 10-15 मिनट का कारगर तरीका

- कामकाज के दौरान भी हर दो या तीन घंटे में 10 मिनट हल्की स्ट्रेचिंग करें। शरीर के हर अंग पर ध्यान दें। उसमें हरकत लाएं, ऊर्जा भरें।
- स्ट्रेचिंग के बाद 10-15 मिनट के लिए जहां बैठे हैं वहीं लंबी और गहरी सांसें लें। यह दिमाग में जमा नकारात्मक विचारों और चिंताओं को बाहर निकालने में मददगार है।
- गहरी सांसें लेने के बाद कुछ क्षणों तक शांत मुद्रा में आराम करें, दोबारा काम पर जुट जाएं।



इन दिनों

# मानसूनी बुखार से बचाव

ठंड लगने के साथ सिर व शरीर में दर्द महसूस हो रहा है, तो यह मानसूनी बुखार हो सकता है। जानते हैं बचाव के लिए कुछ जरूरी बातें...



डा. हर्षल साल्वे
कम्युनिटी मेडिसिन, एम्स, नई दिल्ली

**मानसून** के मौसम में बारिश के कारण जलजमाव की समस्या इन दिनों आम हो चुकी है। इस समय मच्छरजनित बीमारियों का प्रकोप बढ़ जाता है। इस मौसम में कुछ बातों का ध्यान रखें तो मानसूनी बुखार व इससे जुड़ी परेशानियों से बच सकते हैं :

- मानसूनी बुखार में ठंड लगना, कंपकंपी, गले में खराश, खांसी, थकान, कमजोरी व दस्त या मतली आदि महसूस हो सकती है।
- मच्छरजनित बीमारियों, जैसे-डेंगू, चिकनगुनिया, मलेरिया आदि बीमारियों की रोकथाम के लिए, घर के अलावा अपने आसपास सफाई का ध्यान रखना पहली प्राथमिकता होनी चाहिए।
- गंदगी व अस्वास्थ्यकर खानपान के कारण इस मौसम में हेपेटाइटिस होने का जोखिम भी बढ़ जाता है।
- घर पर बने ताजा व गर्म भोजन का ही सेवन करें। खाना बनाने और खाने से पूर्व हाथ को अच्छी तरह धो लें। संक्रमण से बचाव के लिए यह कारगर उपाय है।
- शरीर में दर्द व बुखार होने पर दर्दनिवारक या एंटीबायोटिक दवाइयां लेना गंभीर खतरा उत्पन्न कर सकता है।
- बुखार होने पर पैरासिटामोल लेना सही है, पर इसके साथ दर्द निवारक दवाइयों से रक्त संबंधी विकार का खतरा रहता है।
- सामान्य सर्दी जुकाम के लिए घरेलू उपचार तो सही है, अगर यह बुखार तीन-चार दिन तक लगातार बना रहे तो अच्छे चिकित्सक से संपर्क करना चाहिए।

बातचीत : सीमा झा

## वर्ग पहेली-2714

बाएं से दाएं
2. निर्जन, एकांत (4)।
3. हास-परिहास, उपहास (3)।
4. नायक का प्रतिद्वंद्वी (5)।
6. नाम का (3)। 8. अध्ययन की सामग्री, बात (3)। 10. महापुरुष की कब्र (3)। 13. कृत्रिम जल मार्ग (3)।
15. झगड़ना, मार-पीट करना (3)।
16. मद्य (3)। 17. बिल्कुल तैयार (2,3)। 20. दांतों से कुचलना (3)।
21. किसी को आवाज देकर बुलाना (4)।

ऊपर से नीचे :-
1. अच्छी लिखावट (3)।
2. सोने में प्रवृत्त करना, शयन कराना (3)।
3. बहुत बड़ा नायक (5)। 5. अनाथ, जिसका कोई न हो (3)। 7. काला, काजल लगा हुआ (4)। 8. बिछुड़ने का दुख (3)।
9. चोंगा, तीर रखते हैं इसमें (4)।
11. ज्ञान होना (3)। 12. डींग बजाना (2,3)।
14. निर्माण करना, बनावट (3)।
18. रक्षा करना, हिफाजत करना (3)।
19. पीड़ा, अत्यंत कष्ट (3)।



© Bird Features & Writing Agency

कल का हल



## जागरण सुडोकू-2714

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | 9 | | 6 | | 2 | | 1 |
| 1 | | | | | 7 | | | 5 |
| | | 2 | 5 | | | 6 | | |
| 2 | | | 7 | | 3 | 4 | | 8 |
| | | 3 | | | | | 7 | |
| | 4 | | | 5 | | | | 9 |
| 9 | | | 8 | | | 7 | 1 | |
| | | 8 | | 7 | | | 5 | |
| 7 | | | 9 | | 5 | | | 3 |

कल का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 9 | 4 | 3 | 5 | 8 | 2 | 6 | 7 |
| 7 | 8 | 5 | 6 | 2 | 9 | 3 | 4 | 1 |
| 6 | 3 | 2 | 1 | 7 | 4 | 5 | 8 | 9 |
| 2 | 7 | 1 | 9 | 4 | 3 | 6 | 5 | 8 |
| 5 | 4 | 3 | 7 | 8 | 6 | 1 | 9 | 2 |
| 8 | 6 | 9 | 2 | 1 | 5 | 7 | 3 | 4 |
| 4 | 1 | 6 | 8 | 3 | 2 | 9 | 7 | 5 |
| 3 | 2 | 8 | 5 | 9 | 7 | 4 | 1 | 6 |
| 9 | 5 | 7 | 4 | 6 | 1 | 8 | 2 | 3 |

## आज का भविष्यफल- 07 अगस्त, 2024 बुधवार

के. ए. दुबे पद्मेश

आज की ग्रह स्थिति : श्रावण मास शुक्ल पक्ष तृतीया का राशिफल।
आज का राहुकाल : अपरान्ह 12 बजे से 04 बजकर 01 मिनट तक।
आज का दिशाशूल : उत्तर। आज का पर्व एवं त्योहार : हरियाली तीज

कल 08 अगस्त, 2024 का पंचांग
कल का दिशाशूल : दक्षिण
कल का पर्व एवं त्योहार : दूर्वा गणपति चतुर्थी
कल की भद्रा : प्रातः 11 बजकर 22 मिनट से रात्रि 12 बजकर 37 मिनट तक।
विक्रम संवत 2081 शके 1946 दक्षिणायण, उत्तरगोल, वर्षा ऋतु श्रावण मास शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तत्पश्चात पंचमी उत्तराफाल्गुनी नक्षत्र तत्पश्चात हस्त नक्षत्र शिव योग तत्पश्चात सिद्ध योग कन्या में चंद्रमा।





मेष : स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। निजी सुख में व्यवधान आ सकता है।
वृष : संतान के दायित्व की पूर्ति होगी। शिक्षा में किया गया श्रम सार्थक होगा।
मिथुन : रिश्तों में निकटता आएगी। पारिवारिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी।
कर्क : आर्थिक पक्ष मजबूत होगा। गृह उपयोगी वस्तुओं में वृद्धि होगी।
सिंह : आर्थिक मामलों में सफलता मिलेगी। सम्मान में वृद्धि होगी।
कन्या : बहुप्रतीक्षित कार्य संपन्न होगा। जीवन सुखमय होगा।
तुला : स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। आर्थिक मामलों में जोखिम न उठाएं।
वृश्चिक : शिक्षा में प्रयास सार्थक होगा। जीविका के क्षेत्र में प्रगति होगी।
धनु : शासन सत्ता का सहयोग रहेगा। उपहार या सम्मान में वृद्धि होगी।
मकर : रिश्तों में निकटता आएगी। पिता या धर्मगुरु का सहयोग मिलेगा।
कुंभ : उपहार या सम्मान में वृद्धि होगी। पारिवारिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी।
मीन : रिश्तों में निकटता आएगी। शासनसत्ता का सहयोग रहेगा।

# भूलने की बीमारी से जोखिम!

डिमेंशिया
डा. विनय गोयल
चेयरमैन, इंस्टीट्यूट आफ न्यूरोसाइंसेज, मेदांता, गुरुग्राम



**लांसेट के एक अध्ययन के अनुसार दृष्टि में गिरावट व कोलेस्ट्राल में वृद्धि डिमेंशिया का कारण बन सकती है। जानें, क्या हैं इसके लक्षण व बचाव के उपाय...**

कोई बात जल्दी भूलने लगे हैं? सोचने, समझने और तर्क की क्षमता कम होने लगी है, लोगों से मेलजोल अच्छा नहीं लगता? इन लक्षणों में छुपा हो सकता है डिमेंशिया का खतरा। बता दें कि डिमेंशिया में स्मरण क्षमता, सोचने-समझने की क्षमता प्रभावित होने लगती है। डिमेंशिया ग्रस्त व्यक्ति का दैनिक जीवन अस्त-व्यस्त हो जाता है। स्वजन के लिए भी ऐसे लोगों को संभालना चुनौतीपूर्ण होता है।

**लक्षणों की बात :** डिमेंशिया को दो प्रकार से समझें। एक सामान्य लक्षण-जैसे भूलने की परेशानी, संवाद करने में दिक्कत यानी किसी बात को समझाने के लिए शब्द न मिलना, गाड़ी चलाते समय रास्ता भटक जाना, तर्क करने में परेशानी, योजना बनाने में दिक्कत, भ्रम होना, भटकाव महसूस करना आदि। इसके अतिरिक्त, अवसाद से ग्रस्त हो सकते हैं, चिंता या तनाव अधिक हो सकता है। घबराहट व अनुचित व्यवहार करना, व्यक्तित्व में परिवर्तन महसूस होना आदि जैसे लक्षण हो सकते हैं।

**क्या कहती है लांसेट रिपोर्ट :** रिपोर्ट के अनुसार डिमेंशिया के कुल 14 जोखिम कारकों में 12 ऐसे हैं जिनसे दुनियाभर के 40 प्रतिशत मामले सीधे तौर पर डिमेंशिया से जुड़े हैं। डिमेंशिया के मामले 2050 तक लगभग दोगुना बढ़ने की आशंका है। अध्ययनकर्ताओं के अनुसार, अल्जाइमर जो डिमेंशिया का सबसे आम रूप है वह बुजुर्गों में सबसे अधिक होता है। इसे बुढ़ापे की बीमारी मानने के बजाय पहले से ही इसकी रोकथाम के लिए जीवनशैली को बेहतर रखना जरूरी है।



### डिमेंशिया को पैदा करने वाले कारक

● दिमाग पर चोट ● दैनिक जीवन में सक्रियता का अभाव ● धूमपान ● अधिक अल्कोहल का सेवन ● उच्च रक्तचाप ● मधुमेह ● मोटापा और वजन बढ़ना ● सुनने की क्षमता का कम होना ● अवसाद और चिंता ● सामाजिक संपर्क में कमी

### ऐसे दूर हो सकती है आशंका

आमतौर पर डिमेंशिया उम्रदराज लोगों को होता है। इसमें ब्रेन कोशिकाएं क्षतिग्रस्त हो जाती हैं। परिवार में यह बीमारी अगर किसी को पहले हुई है तो संभव है कि अन्य लोग भी इसकी चपेट में आएं। बढ़ता वायु प्रदूषण भी एक बड़ा कारण है, पर यह हमारे नियंत्रण में नहीं है। लेकिन, अगर जीवनशैली दुरुस्त रखें तो डिमेंशिया के जोखिम को टाल सकते हैं, जैसे-धूमपान, शारीरिक निष्क्रियता, मोटापा और कोलेस्ट्राल को नियंत्रित रखना आवश्यक है। पठन-पाठन में निरंतर सक्रिय रहने से इसका जोखिम कम होता है। सामाजिक मेलजोल, स्वजन से बातचीत करते रहने से दिमाग सक्रिय रहता है, जिससे डिमेंशिया की आशंका कम हो जाती है। विभिन्न स्तरों पर डिमेंशिया को लेकर जागरूकता बढ़ाने की आवश्यकता है।

### उपयोगी सुझाव

- मल्टीटास्किंग करते हैं तो यह दबाव मुक्त होकर करें। समय प्रबंधन इसमें मददगार होगा।
- तनाव नियंत्रित करने की आदत विकसित करें। सक्रियता के लिए कुछ नए शौक अपनाएं।
- दिमागी खेलों में रुचि लें। इसमें वर्ग पहेली, सुडोकू मददगार है।
- प्राणायाम जैसे अभ्यास तंत्रिकाओं और मस्तिष्क को शांत रखने में सहायक है।
- सामुदायिक कार्यक्रमों में भाग लें, लोगों से मिलते जुलते रहें, बातचीत करें।



# कुतुब व भलस्वा गोल्फ कोर्स में मिलता है प्रशिक्षण





शनि पाथौली ● जागरण

**दक्षिणी दिल्ली:** यदि आप भी गोल्फ खेलने के शौकीन हैं, तो राजधानी में दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) के गोल्फ कोर्स में आपको यह सुविधा आसानी से मिल सकती है। डीडीए के कुतुब गोल्फ कोर्स और भलस्वा गोल्फ कोर्स में गोल्फ का प्रशिक्षण भी दिया जाता है। इनके सदस्यों में क्रिकेटरों से लेकर राजनेता व उद्योगपति शामिल हैं। गोल्फ के साथ यहां पर जिम, एक कैफेटेरिया, फिटिंग रूम की सुविधा भी मिलती है।

**भलस्वा गोल्फ कोर्स:** डीडीए का यह गोल्फ कोर्स 79 एकड़ में फैला है। इसका उद्घाटन 13 जनवरी 2003 में किया गया था। इसमें पे और प्ले की सुविधा उपलब्ध है। 2009 में 15 जून को सदस्यता शुरू की गई। वर्तमान में इसके 171 सक्रिय सदस्य हैं। सदस्यता फार्म गोल्फ कोर्स से 600 रुपये देकर ली जा सकती है। स्कूल और कालेज के छात्र 10 बजे से चार बजे तक विशेष रियायती दरों पर व्यक्तिगत खेल और रेंज एरिया में लाभ उठा सकते हैं। यहां गोल्फ की कोचिंग भी उपलब्ध है।



कुतुब गोल्फ कोर्स में गोल्फ खेलते सदस्य ● सौ. डीडीए

### कुतुब गोल्फ कोर्स

रिंग रोड से करीब पांच किलोमीटर दूर स्थित कुतुब गोल्फ कोर्स, कुतुब मीनार के रास्ते पर है। ये पश्चिमी में अरबिंदो मार्ग, दक्षिण में लाडो सराय गांव, डीडीए एसएफएस फ्लैट, पूर्व में साकेत और उत्तर में प्रेस एन्क्लेव रोड के पास पड़ता है। यह भारत का पहला सार्वजनिक गोल्फ कोर्स है। डीडीए द्वारा डिजाइन और विकसित किया गया, कुतुब गोल्फ कोर्स वर्ष 2000 के जनवरी माह में नौ होल के साथ शुरू हुआ था। मई 2002 में, नौ और होल चालू किए गए, जिससे यह एक वास्तविक 18 होल वाला गोल्फ कोर्स बन गया है।

### कुतुब कोर्स में 250 गज की डबल डेकर व अत्याधुनिक ड्राइविंग रेंज

15 जून 1996 को लाडो सराय का सोया हुआ गांव ड्राइविंग रेंज पर पहली गेंद के प्रहार से जाग उठा। किसे पता था कि इतने समय से बंजर पड़ी जमीन का यह टुकड़ा देश का पहला और एकमात्र पब्लिक गोल्फ कोर्स बन जाएगा। जनवरी 2000 में डीडीए ने गोल्फ प्रेमियों को पहले नौ होल उपहार में दिए। दो साल बाद नौ और होल जोड़ते हुए इसे 18 होल कोर्स बना दिया। गोल्फ कोर्स में 250 गज की डबल डेकर, ड्राइविंग रेंज और प्रशिक्षण सुविधाएं हैं। यहां एक कृत्रिम टर्फ पुटिंग ग्रीन, फिटिंग रूम, प्रो शाप, सिम्युलेटर रूम और एक कैफेटेरिया भी है।

### विशेष बातें

- दो जनवरी 2000 में बना था पहला पब्लिक कुतुब गोल्फ कोर्स
- 140 एकड़ में बने गोल्फ कोर्स में क्लब हाउस, जिम और स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स
- 18 होल वाला एनसीआर का पहला गोल्फ कोर्स
- 1766 से ज्यादा सदस्य है

### विदेशी मेहमान भी आते हैं खेलने

18 होल के चालू होने और अपनी पे एंड प्ले सुविधा के साथ, डीडीए ने गोल्फ के खेल को आम जनता के दरवाजे पर ला दिया है। क्लब के पदाधिकारी बताते हैं कि इसे आस्ट्रेलियाई वास्तुकार रास पैरेट द्वारा डिजाइन किया गया है। यह एक अत्याधुनिक क्लब में शामिल है। 2019 में पिछले जीआईए शिखर सम्मेलन के दौरान कुतुब गोल्फ कोर्स को 'श्रेष्ठ न्यू क्लब हाउस' पुरस्कार दिया गया था। बता दें कि यहां गोल्फ का प्रशिक्षण भी दिया जाता है। हाल ही में भारत में हुए विश्व कप के दौरान आस्ट्रेलिया और नीदरलैंड की टीम कुतुब गोल्फ कोर्स में खेलने पहुंची थी। यहां पर प्रतिदिन विदेशी मेहमान गोल्फ खेलने आते हैं। इसके सदस्य क्रिकेटर, राजनेता से लेकर उद्योगपति है। यहां पर गोल्फ सिखाने के लिए डबल डेकर ड्राइविंग रेंज भी बनाई गई है।

# नाटक के जरिये लोगों को खूब गुदगुदाया

**वि, नई दिल्ली :** श्रीराम सेंटर मंडी हाउस में मंगलवार को विलियम शेक्सपियर के लिखे नाटक मिडसमर नाइट ड्रीम्स का मंचन किया गया। नाटक ने हंसी के ठहाकों और भरपूर मनोरंजन से दर्शकों को सराबोर कर दिया। नाटक में मुख्य भूमिका निभाई एक जादुई फूल ने जिसके फलस्वरूप किसी और का प्यार किसी और के प्यार में पड़ गया और जंगल की सुंदर रानी को एक गधे से प्यार हो गया।

जतिन सरना ने नाटक का निर्देशन किया। इसके सह निर्देशक थे गिन्नी बब्बर। मंच पर अभिनय अमित बसोया, मनीषा, सिन्दबाज़, शोरबा, तन्या, गिन्नी, निशांत, ऐनब, कमल, अविनाश तोमर, सत्यम, रोबिन, अविनाश तिवारी, प्रिंस, बिलाल, करिश्मा, शिवानी, राहुल, मनी, राकेश, हिमांशु, रणबीर, रत्नाकर ने किया। प्रकाश संयोजन अजहर ख़ान ने किया।

रितेश ने संगीत संचालन, कमल नेगी सेट डिज़ाइन, अविनाश हारमोनियम पर, मधुर ढोलक पर नारायण, नाटक का प्रचार बिलाल ने, कोरियोग्राफी अंबालिका सप्रा ने की।



श्रीराम सेंटर मंडी हाउस में मिडसमर नाइट ड्रीम्स नाटक का मंचन हुआ ● सौ. आयोजक

# शाम छह बजे बाद डूसू कार्यालय हो जाएगा बंद

**जागरण संवाददाता, नई दिल्ली:** दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ (डूसू) कार्यालय अब शाम छह बजे के बाद नहीं खोला जाएगा। डूसू कार्यालय की चाबी हर रोज कुलपति कार्यालय में जमा होगी। विशेष मौके पर अनुमति के बगैर इसको खोलने की इजाजत नहीं होगी। शनिवार को कार्यालय के खोलने पर रोक लगा दी गई है। सरकारी अवकाश के दिन भी कार्यालय बंद रहेगा। डूसू कार्यालय में पिछले महीने हुई तोड़फोड़ के बाद प्राक्टर कार्यालय ने आदेश जारी किए हैं। 12 जुलाई को तड़के बड़ी संख्या में युवक डूसू कार्यालय में प्रवेश कर गए थे। उन्होंने डूसू अध्यक्ष के कक्ष को निशाना बनाया था। इससे लाखों रुपये का नुकसान हुआ था। कार्यालय अब तक बंद है।





# जनरल बिपिन रावत ने दिया था बार्डर 2 की कहानी का आइडिया

जिन फिल्मों में कहानियों को आगे बढ़ाने की जरा सी भी गुंजाइश होती है, उसे फिल्मकार सीक्वल और फ्रेंचाइज के तौर पर आगे बढ़ा रहे हैं। इस साल बार्डर 2 को भी बनाने की घोषणा अभिनेता सनी देओल ने की थी। इसे साल 1997 में रिलीज हुई फिल्म बार्डर का सीक्वल बताया जा रहा था। हालांकि फिल्म की लेखिका और सहनिर्माता निधि दत्ता ने दैनिक जागरण से बताया कि यह बार्डर की सीक्वल नहीं है। इस बार निर्देशन की बागडोर उनके पिता जेपी दत्ता ने नहीं, बल्कि अनुराग सिंह ने थामी है। अनुराग इससे पहले केसरी का निर्देशन कर चुके हैं।



निधि दत्ता और जेपी दत्ता

### यहां से आया बार्डर 2 का आइडिया

निधि बताती हैं, 'यह बार्डर की सीक्वल नहीं कही जा सकती है। बार्डर फिल्म की कहानी 1971 में हुए भारत-पाक युद्ध की ही कहानी थी। लोंगेवाला पोस्ट के अलावा, जो युद्ध वहां चल रहे थे, उन पर आधारित होगी बार्डर 2। इसकी कहानी का आइडिया दिवंगत चीफ आफ डिफेंस स्टाफ जनरल बिपिन रावत ने ही दिया था, जिन्हें हमने हेलीकाप्टर क्रैश में खो दिया है। बतौर निर्माता मेरी पहली फिल्म पलटन थी। उसके निर्माण के दौरान पापा जनरल साहब से मिले थे। एक बार जनरल साहब ने मुझे और पापा को दिल्ली बुलाया था। हमें कुछ कहानियां और सैनिकों के नाम दिए। वह चाहते थे कि हम फिल्मों के माध्यम से कुछ बनाएं। इसके तीन महीने उनकी मृत्यु हो गई। ऐसा लगा कि वह मुझ पर जिम्मेदारी छोड़ गए हैं। जब घुड़चढ़ी का काम पूरा हुआ, तब मैंने उनकी कहानियों को पढ़ना शुरू किया। इनमें से मुझे तीन ऐसी कहानियां मिली, जो साल 1971 युद्ध के दौरान की थी। उस वक्त मेरे दिमाग में आया कि इसपर बार्डर 2 फिल्म बन सकती है।'



बार्डर 2 के लिए सबसे पहले कास्ट हुए सनी देओल ● जागरण आर्काइव »

### पिता का प्रभाव रहा है

बार्डर और एलओसी : कारगिल फिल्में बना चुके जेपी दत्ता का निधि पर कितना प्रभाव रहा है? इसपर वह कहती हैं, 'जब तक मैंने बार्डर 2 नहीं लिखी थी, तब तक मुझे इसका अहसास नहीं था। जब बार्डर 2 लिखी तो अहसास हुआ कि यह मुझमें पापा से आया है। मैंने 17 साल की उम्र में उमरावजान फिल्म में कास्ट्यूम असिस्टेंट बनकर काम किया था। पापा को इसलिए ज्वाइन किया था, क्योंकि वह महिला प्रधान फिल्म बना रहे थे। पापा ने कहा था आपके पास प्रोडक्शन हाउस है, इसका मतलब यह नहीं है कि उस पर खड़े रहकर अपना करियर शुरू करना है। आपको शून्य से शुरू करना होगा।'

### कास्टिंग होगी जल्द

बार्डर 2 में सनी देओल फिर मेजर कुलदीप सिंह चांदपुरी की भूमिका में नजर आएंगे। निधि कहती हैं, 'कई कलाकारों के नाम भले ही सामने आ रहे हों, लेकिन कास्टिंग अभी बाकी है। सनी अंकल को फिल्म में लेने की घोषणा पहले ही कर दी थी। उनको वह इज्जत देनी चाहिए क्योंकि वह बार्डर फिल्म का हिस्सा थे।'

# संजय दत्त को रवि किशन ने किया रिप्लेस



सन आफ सरदार 2 का हिस्सा बने रवि किशन ● मिडडे आर्काइव

**साल 2012 में** प्रदर्शित फिल्म सन आफ सरदार की सीक्वल सन आफ सरदार 2 की शूटिंग स्काटलैंड में शुरू हो चुकी है। पहले इस फिल्म में अभिनेता संजय दत्त द्वारा खलनायक की भूमिका निभाने की खबरें थी। हालांकि, संजय दत्त अब तक स्काटलैंड जा ही नहीं पाए हैं। दरअसल, साल 1993 में मुंबई में हुई सिलसिलेवार बम धमाकों के बाद संजय दत्त को अवैध हथियार रखने के जुर्म में टाडा के अंतर्गत गिरफ्तार किया गया था। इस मामले में पांच साल की जेल की सजा काटने के बाद वह साल 2016 में रिहा हुए थे। उसके बाद से ही उन्हें ब्रिटेन का वीजा नहीं मिला। सन आफ सरदार 2 की शूटिंग के मामले में भी उन्हें वीजा की समस्या का सामना करना पड़ा, जिसके कारण वह शूटिंग के लिए टीम के साथ स्काटलैंड नहीं जा सके। फिल्म के करीबी सूत्रों के अनुसार, उनकी जगह अभिनेता रवि किशन टीम के साथ स्काटलैंड गए हैं। हालांकि, रवि किशन, संजय वाली भूमिका में ही होंगे, या उन्हें किसी नई भूमिका में कास्ट किया गया है, इसके बारे में कोई जानकारी सामने नहीं आई है।

# दो पत्ती में प्रयोग की गढ़वाली शैली

**जब कलाकारों को** अपने क्षेत्रीय स्थानों की पृष्ठभूमि से जुड़ी भूमिकाएं निभाने का मौका मिलता है, तो उनके लिए उस भूमिका में खेलना आसान हो जाता है। कृति सैनन के प्रोडक्शन हाउस के अंतर्गत बन रही फिल्म दो पत्ती में अभिनेता बृजेंद्र काला को भी कुछ ऐसा ही मौका मिला। काजोल और कृति सैनन अभिनीत इस फिल्म के बारे में दैनिक जागरण से बातचीत में बृजेंद्र बताते हैं, 'दो पत्ती की शूटिंग हमने उत्तराखंड और मनाली में की है। फिल्म के कुछ हिस्से मुंबई में भी शूट किए गए हैं। काजोल के साथ यह मेरा पहला प्रोजेक्ट है। इत्तेफाक यह है कि इस फिल्म में पहली बार काजोल के साथ काम करने के कुछ दिनों बाद ही उनके पति अजय के साथ भी फिल्म रेड 2 में पहली बार काम किया। दो पत्ती में काजोल पुलिस अधिकारी की भूमिका में हैं, मैंने उनके असिस्टेंट की भूमिका निभाई है। मेरे पात्र की सोच कुछ यूं है कि एक महिला पुलिस अधिकारी आखिर क्या करेगी। फिर धीरे-धीरे मेरे पात्र को काम के प्रति अपनी अधिकारी की गंभीरता और ईमानदारी के बारे में पता चलता है और फिर वह भी उसकी मदद करने लगता है। मैं स्वयं उत्तराखंड का रहने वाला हूं, तो मैंने अपने पात्र की भाषा में थोड़ा गढ़वाली शैली भी मिला दिया।'



दो पत्ती में पुलिसकर्मी की भूमिका में होंगे बृजेंद्र ● इंस्टाग्राम

********

# जौनापुर में पांच गोदामों में लगी भीषण आग, करोड़ों के नुकसान की आशंका

**जागरण संवाददाता, दक्षिणी दिल्ली:** फतेहपुरी बेरी थानाक्षेत्र के जौनापुर गांव में मंगलवार तड़के एक टेंट हाउस के गोदाम में भीषण आग लग गई। बाद में एक-एक करके चार और गोदाम आग की चपेट में आ गए। दमकल की 10 गाड़ियों की मदद से आग पर काबू पाया गया। गनीमत रही कि हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई। आग लगने का कारण शार्ट सर्किट बताया जा रहा है। आग की चपेट में चार विंटेज कार भी आ गईं।

- शार्ट सर्किट बताया जा रहा कारण, तड़के पहले एक टेंट गोदाम में लगी थी आग
- मौके पर पहुंचीं दमकल की 10 गाड़ियों ने काफी मशक्कत के बाद आग पर पाया काबू

दमकल विभाग के अनुसार सुबह करीब चार बजे सूचना मिली कि जौनापुर गांव में एक टेंट हाउस में भीषण आग लग गई है। जब तक पुलिस और दमकल की टीम मौके पर पहुंची, तब तक आग ने भीषण रूप ले लिया था। गोदाम के अंदर शादियों व अन्य समारोह में लगने वाला सजावट का सामान रखा था। इसकी वजह से आग और तेजी से फैल गई। दमकल की गाड़ियों ने करीब चार घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। इसके बाद भी करीब दो घंटे तक पानी की बौछार की गई, ताकि आग दोबारा न लग सके।

**आग की चपेट में आए पास के गोदाम, एसी में हुआ धमाका:** आग इतनी भीषण थी कि इसकी चपेट में नजदीक के चार अन्य गोदाम भी आ गए। इनमें दो टेंट हाउस, एक लोहे के सामान और एक विंटेज कारों का गोदाम था। लोहे के सामान बनाने वाले गोदाम में ज्यादा नुकसान नहीं हुआ। गाड़ियों के गोदाम में चार विंटेज कार आग की चपेट में आ गईं। इससे उनके ऊपर का कुछ हिस्सा जल गया। वहीं टेंट गोदाम के पिछले हिस्से में खड़ी एक कार सामान गिरने से क्षतिग्रस्त हो गई। इसी दौरान गोदाम के अंदर बने आफिस के एसी में आग लगने से धमाका हो गया।


फतेहपुरी बेरी थानाक्षेत्र के जौनापुर गांव में टेंट हाउस के गोदाम लगी आग गाड़ियों के गोदाम तक भी पहुंच गई। आग की चपेट में कई कारें जल गईं ● जागरण

### गोदाम मालिक नुकसान का कर रहे आकलन

हादसे में ढाई करोड़ रुपये से ज्यादा के नुकसान की आशंका है। हादसे के समय गोदाम के अंदर शादी समारोह में सजावट के लिए मुख्य गेट, हाथी, भगवान सहित अन्य कलाकृति रखी थी। यह सभी पूरी तरह जल गईं। गोदाम मालिक महेंद्रजीत सिंह ने बताया कि आग लगने से करीब दो से ढाई करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है। अभी सारे सामान का आकलन किया जा रहा है।

### टेंट गोदाम के कर्मचारियों ने बाहर दौड़कर बचाई जान

प्राथमिक जांच में आग लगने का कारण शार्ट सर्किट बताया गया है। विभाग की तरफ से सही कारण का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है। सबसे पहले टेंट हाउस के गोदाम में आग लगी थी। उस वक्त अंदर आफिस में कुछ कर्मचारी सो रहे थे। इसके पास के गोदाम में कुछ लोग मौजूद थे। जैसे ही आग तेजी से फैली तो वहां अफरातफरी मच गई। सभी ने बाहर भागकर अपनी जान बचाई। इसके अलावा अन्य गोदामों को भी खाली कराया गया।

# स्कूलों में कौशल आधारित शिक्षा की होगी निगरानी

**जासं, नई दिल्ली:** राजधानी के सरकारी स्कूलों में छात्रों को मिल रही कौशल आधारित शिक्षा के विभिन्न भागों की निगरानी के लिए उप शिक्षा निदेशक (डीडीई) स्कूलों का निरीक्षण करेंगे। शिक्षा निदेशालय ने इस संबंध में 70 स्कूलों की सूची जारी की है।

निदेशालय ने कहा कि कौशल शिक्षा के कार्यान्वयन के मानकों में सुधार के लिए, दिल्ली के स्कूलों का मासिक निरीक्षण आवश्यक है। निदेशालय ने कहा कि जोनल डीडीई और कौशल शाखा के अधिकारियों को इन 70 स्कूलों में अगस्त माह के दौरान सरकारी स्कूलों का निरीक्षण करना होगा। डीडीई का स्कूलों में निरीक्षण कौशल शिक्षा के लिए अतिथि व्याख्यान, उद्योग का दौरा, इंटर्नशिप दौरे का उद्देश्य, स्कूलों में व्यावसायिक शिक्षा के कार्यान्वयन को मजबूत करने के लिए, खामियों को दूर करना है। निदेशालय ने प्रधानाचार्यों को निर्देश दिया कि वे निरीक्षण अधिकारी के साथ समन्वय कर यह सुनिश्चित करें कि निरीक्षण आवंटित माह में किया जाए। साथ ही निर्देश दिया कि प्रधानाचार्य, निरीक्षण अधिकारियों द्वारा बताई गई कमियों पर सुधारात्मक कार्रवाई करें और निरीक्षण के 10 दिनों के अंदर संबंधित डीडीई जोन और संबंधित डीडीई जिला को सहायक दस्तावेजों के साथ कार्रवाई रिपोर्ट कौशल शाखा को जमा करें।

# 15 माह से फरार सजायाफ्ता कोलकाता से किया गिरफ्तार

**जागरण संवाददाता, नई दिल्ली:** चार साल के बच्चे का फिरौती के लिए अपहरण करने के मामले में उम्रकैद की सजा पा चुके सजायाफ्ता पैरोल जंपर तोबीर अहमद उर्फ ताबीर को दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने कोलकाता से गिरफ्तार कर लिया है। कोरोना के दौरान उसे कुछ माह के आपातकालीन पैरोल पर रिहा कर दिया गया था। निर्धारित समय पर उसने जेल में समर्पण नहीं किया और पैरोल जंप कर कोलकाता में छिपकर रहना शुरू कर दिया था।

- चार साल के बच्चे का फिरौती के लिए अपहरण करने के मामले में आरोपित को मिल चुकी है उम्रकैद
- कोरोना के दौरान मिला था पैरोल, बच्चे के पिता से मांगी थी पांच लाख रुपये की फिरौती

डीसीपी सतीश कुमार के मुताबिक तोबीर अहमद उर्फ ताबीर मूलरूप से मोहल्ला करतारपुर बिहार शरीफ, नालंदा, बिहार का रहने वाला है। 2008 में नबी करीम थाने में तोबीर व वारदात में शामिल उसके अन्य साथियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। कुछ माह से क्राइम ब्रांच ने भगोड़ा व पैरोल जंपर को पकड़ने के लिए विशेष तौर पर अभियान चला रखा है। इसी कड़ी में कुछ समय पहले क्राइम ब्रांच को तोबीर अहमद नाम के पैरोल जंपर के संबंध में सूचना मिली कि वह वर्तमान में प्रगति मैदान, कोलकाता, बंगाल में रह रहा है और गिरफ्तारी से बचने के लिए बार-बार अपना स्थान बदल रहा है। तिहाड़ जेल से पता करने पर पाया गया कि तोबीर अहमद को फिरौती के लिए अपहरण करने के मामले में आजीवन कारावास और जुर्माने की सजा मिल चुकी है। उसे कोरोना के दौरान आपातकालीन पैरोल पर रिहा किया गया था। सात अप्रैल 2023 को उसे जेल में समर्पण करने को कहा गया था, लेकिन तय अवधि समाप्त होने के बाद उसने समर्पण नहीं किया। एसीपी अजय कुमार व इंस्पेक्टर संदीप यादव के नेतृत्व में पुलिस टीम ने तोबीर की गतिविधियों का पता लगाने के लिए कई माह तक जांच की। कोलकाता, बंगाल में उसकी लोकेशन मिलने पर एक पुलिस टीम को कोलकाता भेजा गया। वहां से तोबीर को गिरफ्तार कर लिया गया। वह गरीब परिवार से है, लेकिन विलासितापूर्ण जीवन जीना चाहता था। इसलिए, जल्द पैसा कमाने के लिए वह दिल्ली आ गया और उसने अपने साथियों के साथ मिलकर फिरौती के लिए चार साल के बच्चे का अपहरण कर लिया।

# पिंजरानुमा पीजी में रहने की मजबूरी

## मुखर्जी नगर व ओल्ड राजेंद्र नगर में बदहाल व्यवस्था के बीच रहने को विवश छात्र

धर्मेंद्र यादव ● जागरण

- मुखर्जी नगर के नेहरू विहार में 25-25 गज के प्लाट पर बना चार मंजिला इमारत, शौचालय भी बदहाल
- नेहरू विहार की गलियां इतनी तंग कि एंबुलेंस और फायर टेंडर का पहुंचना हो जाता है काफी मुश्किल

**बाहरी दिल्ली:** बेसमेंट में कक्षाएं, पिंजरानुमा पीजी में रिहाइश। राजधानी के मुखर्जी नगर और ओल्ड राजेंद्र नगर में कुछ ऐसे ही हाल में पढ़ने और रहने को विवश हैं हमारे भविष्य के अफसर। मुखर्जी नगर स्थित नेहरू विहार में बेसमेंट के एक हाल में 350-400 विद्यार्थियों की कक्षा लगती है तो 50 गज के फ्लोर पर रहने के लिए पांच कमरे बनाए गए हैं। इसी 50 गज के फ्लोर में साझा शौचालय भी बना है। नेहरू विहार में कुछ गलियां तो इतनी ज्यादा संकरी हैं अनहोनी के समय एंबुलेंस व दमकल गाड़ियों का पहुंचना भी संभव नहीं है। जिम्मेदार विभागों के अधिकारियों की मिलीभगत और कोचिंग व पीजी होम संचालकों की मनमानी के कारण विद्यार्थियों का जीवन खतरे में है।

कोचिंग सेंटर के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने स्वतः संज्ञान लेते हुए केंद्र और दिल्ली सरकार को नोटिस तो दिया है। सेंटरों की स्थिति को विद्यार्थियों की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ बताते हुए, इन्हें गैस का चैंबर बताया है। पिछले साल 15 जून को कोचिंग सेंटर की इमारत की तीसरी मंजिल पर आग लगने के बाद दर्जनों छात्र-छात्राओं ने तारों का सहारा लेकर अपनी जान बचाई थी। इस घटना पर दिल्ली हाई कोर्ट के सख्त रुख के बाद नगर निगम ने कई कोचिंग सेंटर, स्टडी सेंटर पर कार्रवाई की। लेकिन, हालात में आज भी कोई बड़ा सुधार नजर नहीं आ रहा है।

**साढ़े पांच गुणा छह फीट कमरे में रहते हैं भविष्य के अफसर:** सोमवार शाम नेहरू विहार क्षेत्र पड़ताल में सामने आया कि 25 गज के प्लाट पर भूतल के अलावा चार से लेकर छह मंजिला भवन बनाए हुए हैं। जबकि, अनुमति भूतल समेत तीन मंजिल बनाने की है। चौंकाने वाली बात यह है कि 25 गज के एक फ्लोर पर एक से दो कमरे बनाए हुए हैं। 25 गज के प्लाट का कुल क्षेत्रफल 10 गुणा 22 फीट बनता है। इसमें से सीढ़ी-शौचालय व दीवार का स्पेस घटा दें तो यह बमुश्किल 12 फीट बचता है। यानि, एक कमरे के लिए साढ़े पांच फीट गुणा छह फीट का स्पेस बचता है। इस स्पेस में केवल एक बिस्तर का स्पेस ही बचता है। नेहरू विहार में कई लोगों ने 25-25 गज के प्लाट को जोड़कर चार से पांच कमरे तक बनाए हुए हैं। सिविल सेवा की तैयारी करने के लिए उत्तर प्रदेश से यहां आए राजन तिवारी ने बताया कि एक कमरे का सात से आठ हजार रुपये तक वसूला जा रहा है। जितनी मंजिल घटती जाएंगी, उतना किराया बढ़ता जाएगा। इतना किराया देने के बाद भी जान का जोखिम बना है। इमारत में कोई इमरजेंसी एग्जिट नहीं है। तंग गली में बिजली की तारों का जंजाल बना है। एक अन्य छात्र हर्ष ने बताया कि आग व भूकंप जैसी आपदा के समय जान बचाना मुश्किल है। मुखर्जी नगर से सटे गांधी विहार में भी ऐसा ही हाल है।


नेहरू विहार की संकरी गली में छात्र-छात्राओं के लिए बने हुए पीजी होम ● हरीश कुमार


नेहरू विहार स्थित वर्धमान माल के बेसमेंट में बनाया गया क्लास रूम ● जागरण आर्काइव

**50** गज के फ्लोर में बने हैं पांच कमरे

### कोचिंग सेंटर संचालकों के दबाव में छात्र खामोश

ओल्ड राजेंद्र नगर में कुछ दिन पहले तक पीजी संचालकों की लूट पर मुखर रहे छात्रों ने अब चुप्पी साध ली है। ऐसा पीजी संचालकों के दबाव में है। यहां के छात्र नाम न छापने की शर्त पर बताते हैं कि जिन भी छात्रों ने अपने पीजी की खस्ताहाल के बारे में सार्वजनिक तौर पर बात की थी तथा जिनके वीडियो इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित हुए थे। उन छात्रों को पीजी से निकाल कर संचालक ने कमरों में ताला लगा दिया है। सड़क पर एक छात्र ने दबी जुबान पर कहा कि वे लोग दूसरे राज्यों से सिविल की तैयारी करने आए हैं। वह राजनीति माहौल में फंसकर अपना कीमती समय नहीं गंवाना चाहते। इसलिए इस बारे में कोई बात करना नहीं मिलेगा। कुछ छात्रों ने पूछने पर कहा कि उनकी पीजी या फ्लैट अच्छी अवस्था में है क्योंकि वह अच्छा किराया चुकाते हैं। धरने पर बैठे छात्रों के अनुसार भी वे लोग बस यह चाहते हैं कि व्यवस्था सुधरनी चाहिए। महंगा किराया कम हो। जो 15 हजार से लेकर 20 हजार रुपये तक में है। कई कमरों में पर्याप्त रोशनी नहीं आती। उनका किराया 10 हजार तक है।

## विविध गतिविधियां

### 'सेवा बस्तियों में जारी रहेगा सफाई अभियान'

**जागरण संवाददाता, नई दिल्ली:** पूर्व उप महापौर राजेश लावड़िया ने बताया कि करोल बाग क्षेत्र में झुग्गी बस्ती विस्तारक योजना के तहत सेवा बस्तियों की सफाई का अभियान जारी रहेगा। उन्होंने बताया कि प्रदेश भाजपा के निर्देशानुसार कार्यकर्ता और पदाधिकारी बस्तियों में जा रहे हैं और सफाई अभियान चल रहा है। उन्होंने बताया कि करोल बाग क्षेत्र में लिबर्टी सिनेमा, सराय रोहिल्ला, मानकपुरा, 350 झुग्गी बस्ती कैंप, अंबेडकर बस्ती, आनंद पर्वत समेत सभी झुग्गी बस्तियों में यह अभियान चल रहा है। लावड़िया ने बताया कि इलाके में कार्यकर्ताओं और भाजपा के पदाधिकारी लगातार कैंपों में जा रहे हैं और निगम कर्मियों के साथ मिलकर सफाई अभियान चला रहे हैं। उन्होंने बताया कि हर 15 दिन में यह कार्य होगा। ताकि सेवा बस्तियां स्वच्छ रहें और वहां के नागरिक स्वस्थ रहें।


राजेश लावड़िया

### व्यावसायिक वाहनों का उत्पीड़न बंद हो : राजेंद्र

**जासं, नई दिल्ली:** आल इंडिया मोटर एवं गुड्स ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेंद्र कपूर ने कहा कि एनसीआर के शहरों में जांच के नाम पर व्यवसायिक वाहनों का उत्पीड़न ठीक नहीं है। सभी दस्तावेजों के बावजूद वाणिज्यिक वाहनों को कई दिनों तक जांच के नाम पर बार्डर पर रोके रखा जाता है। इससे भ्रष्टाचार को भी बढ़ावा मिलता है। उन्होंने यह मामला ट्रांसपोर्टरों के प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करते हुए फरीदाबाद की संयुक्त आयुक्त उत्पाद शुल्क एवं कराधान दीपिका चौधरी के समक्ष उठाया। बाद में जारी बयान में राजेंद्र कपूर ने बताया कि इस मुलाकात में दिल्ली से जाने वाले वाणिज्यिक वाहनों की जांच के नाम पर उत्पीड़न, जांच का अधिकार ईटीओ को देने से बढ़ी समस्या समेत अन्य मुद्दे उठाए गए, जिसे अधिकारियों ने ध्यानपूर्वक सुना तथा आश्वस्त किया कि किसी निर्दोष परिवहनकर्ता को दंडित नहीं किया जाएगा। प्रतिनिधिमंडल में ट्रांसपोर्टर देविंदर सिंह (काका), अरविंदर सिंह (बब्लू), पुरुषोत्तम अग्रवाल, अरुण बंसल, और पुनीत मेहता शामिल थे।


राजेंद्र कपूर

### भारत मंडपम में दिल्ली पुस्तक मेला आज से

**राब्यू, नई दिल्ली :** भारत मंडपम में दिल्ली पुस्तक मेले का 28 वां संस्करण बुधवार से शुरू हो रहा है, जो 11 अगस्त तक चलेगा। भारत व्यापार संवर्धन संगठन (आइटीपीओ) एवं भारतीय प्रकाशक संघ (एफआइपी) के सहयोग से मेले का आयोजन भारत मंडपम के हाल नंबर 12 ए और 12 में होगा। मेले की थीम 'भारतीय पुस्तकों का वैश्विक प्रभाव' होगी। मेले का उदघाटन सुबह 11 बजे आइटीपीओ के कार्यकारी निदेशक रजत अग्रवाल करेंगे। मेले में सभी के लिए निःशुल्क प्रवेश रहेगा। लोग सुबह 11 से शाम सात बजे तक प्रवेश पा सकेंगे। इस आयोजन में देश व दुनियाभर से शैक्षणिक संस्थानों, विश्वविद्यालयों, अकादमियों, कालेजों और स्कूलों सहित विभिन्न क्षेत्रों से मेहमान उपस्थित रहेंगे। स्टेशनरी फेयर, आफिस आटोमेशन और कारपोरेट गिफ्ट फेयर पुस्तक मेले के अतिरिक्त आकर्षण होंगे। मेले विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

### इंडियन डीजे एक्सपो-2024 का आयोजन कल से

**राब्यू, नई दिल्ली:** संगीत और मनोरंजन से जुड़े तकनीकी उद्योग की वार्षिक प्रदर्शनी 'इंडियन डीजे एक्सपो- 2024' आठ से 10 अगस्त के मध्य भारत मंडपम के हाल नं. 8 - 11 - 14 में चलेगी। एक्सपो के संयोजक मैनुअल डायस ने मंगलवार को पत्रकारों को प्रेस वार्ता में बताया कि इस तीन दिवसीय प्रदर्शनी में 250 से अधिक ब्रांड हिस्सा लेंगे और लोगों को लाउडस्पीकर, एम्पलीफायर कम्पोनेंट्स, स्पीकर, लेजर और एलईडी स्क्रीन सहित स्पेशल इफेक्ट्स मशीनों, केबल, कनेक्टर और स्पीकर कैबिनेट जैसे तमाम उपकरणों की विशाल श्रृंखला देखने को मिलेगी। मेले में लगभग 30 हजार से अधिक पेशेवरों के आने की संभावना है।

### करपात्री जी महाराज जयंती समारोह का आयोजन

**जासं, नई दिल्ली:** युवा चेतना मंच के तत्वावधान में नई दिल्ली के कांस्टीट्यूशन क्लब के स्पीकर हाल में स्वामी करपात्री जी महाराज जयंती समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मौजूद झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा कि हम सभी को स्वामी जी के आदर्शों पर चलते हुए जीवन जीने की आवश्यकता है। इस मौके पर स्वामी अभिषेक ब्रह्मचारी, राज्यसभा सदस्य रंजन गोगोई, भाजपा नेता शाहनवाज हुसैन, झारखंड के विधायक दीपक रथ आदि गणमान्य उपस्थित रहे। युवा चेतना के राष्ट्रीय संयोजक रोहित कुमार ने सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया।

# तीन शातिर लुटेरे गिरफ्तार

**जागरण संवाददाता, दक्षिणी दिल्ली:** दक्षिणी जिला पुलिस ने तीन शातिर लुटेरों को गिरफ्तार किया है। इनकी पहचान रेहान, तल्हा उर्फ सुफियान और अरशद के रूप में हुई है। पुलिस ने इनसे दो मोबाइल, एक स्कूटी और वारदात में इस्तेमाल ब्लेड बरामद किया है।

चार अगस्त को कुलविंदर सिंह ने पुलिस को शिकायत दी थी कि वह दोस्त के साथ कार से आ रहे थे। जब वह आइएनए मेट्रो स्टेशन लाल बत्ती के पास पहुंचे तो स्कूटी सवार तीन बदमाश उनके पास आए। आरोपितों ने उनसे कहा कि उनकी कार से तेल का रिसाव हो रहा है। जब कुलविंदर सिंह और उनका दोस्त देखने के लिए कार से बाहर आए तो ब्लेड से हमला कर उनका मोबाइल लूट लिया।












# मिरांडा हाउस कालेज ने छात्रावास फीस बढ़ोतरी पर लगाई रोक

**जासं, नई दिल्ली:** दिल्ली विश्वविद्यालय के मिरांडा हाउस कालेज ने छात्राओं के लिए अपने छात्रावास शुल्क में प्रति सेमेस्टर छह हजार रुपये की बढ़ोतरी करने के निर्णय पर फिलहाल रोक लगा दी है। कालेज ने एक बयान में कहा है कि जिन छात्रों ने फीस जमा कर दी है, उनको बढ़ी हुई राशि वापस लौटा दी जाएगी। बढ़ी फीस का छात्र संगठन लगावार विरोध जता रहे थे।

हाल में कालेज ने विषम सेमेस्टर के लिए छात्रावास शुल्क 27 हजार रुपये से बढ़ाकर 33 हजार रुपये और सम सेमेस्टर के लिए 26,750 रुपये से बढ़ाकर 32,750 रुपये कर दिया। स्टूडेंट्स फेडरेशन आफ इंडिया ने विरोध जताते हुए कहा कि मिरांडा हाउस कालेज के छात्रावास में हालिया फीस वृद्धि छात्रों और उनके स्वजनों पर वित्तीय बोझ डालेगी। डीयू के कालेज में एक सेमेस्टर छह हजार की बढ़ोतरी आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के छात्रों के लिए बहुत बड़ा झटका है। एसएफआइ ने प्रशासन से इस बढ़ोतरी से संबंधित उपायों और निर्णयों में पारदर्शिता की भी मांग की थी। कालेज के एक अधिकारी ने कहा था कि उचित परामर्श के बाद छात्रावास शुल्क में वृद्धि की गई है। यह पिछले पांच से छह वर्षों में मुद्रास्फीति और हमारे द्वारा किए जाने वाले रखरखाव लागत को ध्यान में रखते हुए किया गया है। शुल्क में कोई बड़ी वृद्धि नहीं हुई है। हालांकि, छात्रों के विरोध के बाद बढ़ोतरी के निर्णय पर रोक लगा दी गई। छात्रों को भेजे संदेश में कालेज प्रशासन ने कहा है कि फीस बढ़ाने का निर्णय व्यापक विचार विमर्श के बाद लिया जाएगा। यह पहला मौका नहीं है, जब विश्वविद्यालय के कालेज में किसी मद में फीस बढ़ोतरी की गई है और इसका विरोध हुआ है। इससे पहले विधि कोर्सों में भी बढ़ोतरी की गई थी और छात्रों ने इसका भारी विरोध किया था। विधि संकाय में एक सेमेस्टर में 4926 रुपये फीस 2022-23 में लगती थी। अब यह फीस 7130 रुपये कर दी गई है। आखिरी चार सालों में फीस दो गुना तक बढ़ी है। इसी तरह अन्य कालेज और विभागों में फीस बढ़ोतरी की गई है। जिसका छात्र लगातार विरोध कर रहे हैं।

# पीतमपुरा में सीवेज लाइन के लीक होने पर करें कार्रवाई

**जासं, नई दिल्ली:** पीतमपुरा स्थित गोपाल मंदिर रोड के पास सीवेज लाइन व जलापूर्ति की लाइन में लीकेज होने की शिकायत पर नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) ने दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) व दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति (डीपीसीसी) को उचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया है।

एनजीटी ने कहा कि दोनों ही प्राधिकारियों को निर्देश दिया जाता है कि तत्काल मामले पर उचित कार्रवाई की जाए। शिकायतकर्ता ध्रुव ने आवेदन में कहा कि सीवेज व जलापूर्ति लाइन में लीकेज हो रहा है और लीकेज के कारण यही पानी स्थानीय लोगों को पीने के लिए आपूर्ति की जा रही है। इसके कारण इलाके में लोग बीमार हो रहे हैं और उनके स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है। यह भी कहा गया कि गोपाल मंदिर रोड के पास जनवरी 2023 में डीजेबी ने पाइप लाइन विस्तार के लिए यहां पर गड्ढा खोदा था, लेकिन यह काम अब तक पूरा नहीं हुआ है।

# नए रूप में नजर आएगी अयोध्या की रामलीला


रामलीला के कलाकारों के साथ सुभाष मलिक (दाएं) ● सौ. रामलीला समिति

**वि., नई दिल्ली:** अयोध्या में प्रत्येक वर्ष मंचित होने वाली रामलीला इस बार नए रूप में नजर आएगी। इस वर्ष और कई नए फिल्म अभिनेता-अभिनेत्री इस रामलीला से जुड़ेंगे। फिल्म अभिनेत्री भाग्यश्री वेदमती की भूमिका में नजर आएंगी तो बिंदु दारा सिंह भगवान शंकर की भूमिका निभाएंगे।

इसी तरह वेद सागर भगवान राम तथा मंगिशा मां सीता की भूमिका में अयोध्या की रामलीला में नजर आएंगी।

अयोध्या की रामलीला के फाउंडर अध्यक्ष सुभाष मालिक ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पिछले वर्ष अयोध्या की रामलीला को विभिन्न इंटरनेट माध्यमों से विश्वभर के 36 करोड़ से अधिक रामभक्तों ने रामलीला देखी थी।

## श्रद्धा का महासावन

### शिव भक्ति में आंखें नम होना है पावन सावन

सावन में भगवान शिव के स्मरण, पूजा-अर्चन का विशेष महत्व तो माना ही जाता है, मगर जिस भी क्षण आप शिव को याद कर रहे हैं, वह क्षण ही आपकी भक्ति का सावन है। शिव के स्मरण में आंखों का नम होना पावन सावन है। हम अपने 'मैं' को समाप्त करें, तभी महादेव आएंगे। मैं अर्थात अहंकार। शिव का प्रत्येक मंदिर महत्वपूर्ण है। प्रत्येक शिवलिंग महत्व रखता है, लेकिन द्वादश ज्योतिर्लिंग की तो बात ही अलग है। इन स्थानों को ज्योतिर्लिंग इसलिए कहा गया है, क्योंकि हम अपना अंधेरा लेकर यहां आएं और ईश्वर का प्रकाश लेकर लौट जाएं। शिव से कोई भी प्रभावित हो सकता है, लेकिन शिव से हम प्रकाशित भी हो सकते हैं। प्रकाशित होना अधिक महत्वपूर्ण है। शिव को मानना भक्ति का भाव है, मगर शिव की मानना परम भाव है। यह प्रकाशित होने की प्रक्रिया है। शिव ने विषपान किया। भक्ति क्षेत्र में विष हैं- ईर्ष्या, द्वेष और निंदा। काम, क्रोध, लोभ और मोह कुछ न कुछ अंश में सांसारिक जीवन के भाग हैं, लेकिन इनकी अत्यधिक मात्रा भी हलाहल के समान है। शिव की भक्ति करने वालों को इस विष का पान करना होगा। भगवान शिव भक्ति भी देते हैं और मुक्ति (मोक्ष) भी। आज के दौर में ईर्ष्या, निंदा और द्वेष से मुक्त हो जाना ही मोक्ष है। परिवार और समाज में सबके बीच संतुलन बनाकर रहना भी शिव की भक्ति है।


मोरारी बापू, प्रसिद्ध कथावाचक

# सीएम के इस्तीफे की मांग को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं का प्रदर्शन

**जागरण संवाददाता, पश्चिमी दिल्ली:** तिहाड़ जेल में बंद प्रदेश के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के इस्तीफे की मांग को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं ने तिहाड़ जेल के सामने प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा के नेतृत्व में प्रदर्शन किया। करीब आधा घंटा तक चले इस प्रदर्शन के दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री के खिलाफ जमकर नारेबारी की।


मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के इस्तीफे की मांग को लेकर मंगलवार को तिहाड़ जेल के बाहर प्रदर्शन करते भाजपा कार्यकर्ता ● सौ. भाजपा

वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि हाई कोर्ट द्वारा अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी को कानूनी रूप से वैध बताए जाने के बाद अरविंद केजरीवाल को पद पर बने रहने का कोई नैतिक अधिकार नहीं बचा है। इसलिए अब दिल्ली की जनता भी मांग कर रही है कि उन्हें अपने पद से इस्तीफा दे देना चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि अरविंद केजरीवाल शराब घोटाले के मुख्य सूत्रधार हैं। और इसी आधार पर हाई कोर्ट ने उनकी याचिका रद्द की है। आम आदमी पार्टी पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि दिल्ली में कुछ ऐसी ही स्थिति केजरीवाल सरकार के मंत्रियों की भी है, दिल्ली के मंत्री बंगला लेंगे, गाड़ी लेंगे, भत्ता लेंगे, लेकिन अगर कोई घटना घटित हो जाती है तो उसकी जिम्मेदारी नहीं लेंगे।

दिल्ली सरकार के अंतर्गत आने वाला आशा किरण होम में 14 बच्चों की एक ही सप्ताह में मृत्यु हो जाती है लेकिन उनकी कोई सुध लेने को तैयार नहीं है। पिछले ढाई सालों में कुल 71 कैबिनेट मीटिंग करवाई गई हैं जिनमे से सिर्फ 15 फिजीकल कैबिनेट मीटिंग हुई हैं और बाकी 56 मीटिंग में सिर्फ एक तुगलकी टेलिफोनिक फरमान जारी कर दिया गया और बिना चर्चा बाद में मंत्री एवं अधिकारियों के हस्ताक्षर ले लिए गये। इस बात का विचार भी नहीं किया जाता है कि कौन सी योजना दिल्ली की जनता के लिए बेहतर है और कौन नहीं।

प्रदर्शन में हिस्सा लेने वालों में अमित खरखड़ी, गजेन्द्र दराल, शशि यादव, उमंग बजाज, जगमोहन महलावत, शशि तलवार, योगेश वर्मा, मास्टर सतपाल, सीमा पंडित, ममता यादव, मीनू गोयल, अर्जुन मारवाह, नीता बिष्ट, सहित व्यक्ति शामिल रहे।

# 'पेड़ जलाने के मामले में कार्रवाई करे डीसीएफ'

**जासं, नई दिल्ली:** कीर्ति नगर जवाहर कैंप में एक पेड़ को एसिड डालकर जलाकर से जुड़े मामले पर नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल ने उप वन संरक्षक को उचित कार्रवाई करने का आदेश दिया है। एनजीटी ने आवेदन का निपटारा करते हुए कहा कि डीसीएफ पश्चिमी दिल्ली आवेदनकर्ता की शिकायत का संज्ञान लेकर उचित कार्रवाई करे। आवेदनकर्ता बरुन कुमार सिंह ने कहा कि इलाके में लगे पेड़ को एडिड डालकर जला दिया गया। एनजीटी ने नोट किया कि आवेदन में किसी भी व्यक्ति का नाम नहीं है और न ही यह बताया गया कि घटना की किस दिन घटी। ऐसे में डीसीएफ को मौके पर निरीक्षण कर कार्रवाई करने का निर्देश दिया जाता है।

********

## दुष्कर्म के आरोपित बुजुर्ग को मिली जमानत की रद

**जागरण संवाददाता, नई दिल्ली:** 13 वर्षीय किशोरी से दुष्कर्म के आरोपित 60 वर्षीय बुजुर्ग को ट्रायल कोर्ट से दी गई जमानत को दिल्ली हाई कोर्ट ने रद कर दिया है। न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद की पीठ ने कहा कि इस मामले में आरोपित को जमानत पर रिहा करने से समाज पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा।

अदालत की राय है कि ऐसे अपराधियों को जमानत देना वास्तव में पाक्सो अधिनियम के उद्देश्यों के विपरीत होगा। यह आदेश पीड़िता के पिता की ओर से दायर अपील याचिका पर सुनवाई करते हुए दिया। इसमें आरोपित को जमानत देने के ट्रायल कोर्ट के 27 अगस्त 2022 के आदेश को चुनौती दी गई थी। आरोप है कि पड़ोस में रहने वाला बुजुर्ग नौ अक्टूबर 2019 को नाबालिग लड़की को एक इमारत के बाथरूम में ले गया था और उसके साथ घिनौनी हरकत की। इस दौरान एक व्यक्ति ने उसे देख लिया और पीड़िता को बचाया था।

जब जमानत देने के लिए आवश्यक बुनियादी आवश्यकताओं को ट्रायल कोर्ट द्वारा पूरी तरह से नजरअंदाज कर दिया जाता है, तो हाई कोर्ट द्वारा जमानत आदेश रद करना उचित होगा। - **दिल्ली हाई कोर्ट**

## माता-पिता से झगड़ा कर फौज में गया था : जीडी बख्शी

दैनिक जागरण **तगड़ा**

**जागरण संवाददाता, पश्चिमी दिल्ली:** कल, आज और कल...मैं वो कल हूं जो बीत गया लेकिन आप आज हो। बच्चे वो कल हैं जो आने वाला है। कल, आज और कल ही जिंदगी का प्रभाव है। मुझे बच्चों से ऊर्जा प्राप्त होती है। मैं अपने माता-पिता से झगड़ा कर के फौज में गया था कि मैंने जाना है। फौज एक ऐसा करियर जिसमें एक दिन की सीनियारिटी से आप आर्मी चीफ बन सकते हैं या रिटायर हो सकते हैं। ये बातें मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त मेजर जनरल जीडी बख्शी ने दैनिक जागरण के तत्वावधान में श्री वेंकटेश्वर इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित 'तगड़ा' कार्यक्रम में कहीं।



श्री वेंकटेश्वर इंटरनेशनल विद्यालय में दैनिक जागरण की ओर से आयोजित तगड़ा कार्यक्रम में बोलते मेजर जनरल जीडी बख्शी • चंद्र प्रकाश मिश्र

द्वारका सेक्टर-18 स्थित श्री वेंकटेश्वर इंटरनेशनल स्कूल में 'तगड़ा' कार्यक्रम का शनिवार को आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त मेजर जनरल जीडी बख्शी ने दीप प्रज्वलित किया। इस दौरान स्कूल की निदेशक नीता अरोड़ा ने उन्हें पुष्प और पटका से सम्मानित किया। साथ ही दैनिक जागरण के महाप्रबंधक राहुल वांचो ने जीडी बख्शी को पौधा भेंट किया। इसके बाद विद्यार्थियों ने नृत्य कर समा बांध दिया। साथ ही देशभक्ति के गीतों की भी प्रस्तुति की गई। फिर स्क्रीन पर भारतीय सैनिकों के पराक्रम को दर्शाया गया। कार्यक्रम में जीडी बख्शी ने कारगिल युद्ध के पराक्रम की कहानी बताते हुए कहा कि 1971 का बैच लड़ाई में सबसे आगे रहा हमने केवल 13 दिनों में पाकिस्तान के दो टुकड़े कर दिए थे। उस समय 93,000 पाकिस्तानी कैदियों ने अपने हथियार डालकर आत्मसमर्पण किया था। लोग कहते हैं कि हम अपने पड़ोसी नहीं बदल सकते अरे, साहब हमने तो नक्शा ही बदल दिया। अंत में उन्होंने कहा कि मेरी सबसे बड़ी उपलब्धि यही है कि मैं जिंदा हूं। वहीं स्कूल की निदेशक नीता अरोड़ा ने कहा कि इस देश को तगड़ा बनाना है, जो इंसान मन से तगड़ा है वो कुछ भी कर सकता है। उन्होंने बच्चों से सवाल किया तगड़ा बनने के लिए हम क्या करेंगे इस पर छोटे बच्चे ने जवाब दिया अच्छा खाना खाएंगे। महाप्रबंधक राहुल वांचो ने कहा कि मैं जम्मू का रहना वाला हूं। मेरी जिंदगी में सूरज के बाद किसी ने जोश भरा है तो वह भारतीय सेना है। कारगिल युद्ध के दौरान मैं भी बच्चा था तो उस समय कैंप के पास टैंक रुकते थे वो वहां मैंने सैनिकों को पानी पिलाया था। इस दौरान शिक्षक, विद्यार्थी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

इस समाचार को विस्तार से पढ़ने के लिए क्यूआर कोड को स्कैन करिये।

## सरकारी स्कूलों में स्थापित होंगे छात्र क्लब

रीतिका मिश्रा • जागरण

- अतिरिक्त पाठ्यक्रम और खेल गतिविधियों को बढ़ावा देना लक्ष्य
- पांच भाषा व सात अन्य गतिविधियों के लिए क्लब को मिली मंजूरी

**नई दिल्ली:** राजधानी के हर सरकारी स्कूल में अतिरिक्त पाठ्यक्रम और खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए छात्र क्लब बनाए जाएंगे। शिक्षा निदेशालय ने सभी प्रधानाचार्यों को भाषा और गतिविधि आधारित दो क्लब बनाने का निर्देश दिया है। निदेशालय के अधिकारी ने कहा कि वित्त विभाग ने स्कूलों में पांच भाषा और सात अन्य गतिविधियों के लिए क्लब बनाने की मंजूरी दे दी है।

भाषा श्रेणी के तहत हिंदी, अंग्रेजी, संस्कृत, उर्दू और पंजाबी क्लब बनेंगे। वहीं, गतिविधियों के तहत विज्ञान, गणित, खेल, योग, विजुअल आर्ट, परफार्मिंग आर्ट्स (संगीत और नृत्य), समर्थ, विद्यार्थी परिषद क्लब बनाए जाएंगे। विद्यार्थियों का इनमें से एक क्लब में हिस्सा लेगा अनिवार्य होगा। निदेशालय ने कहा कि अगर किसी स्कूल में पहले से ही इको क्लब, कानूनी साक्षरता क्लब या उपभोक्ता क्लब हैं, तो यह प्रस्तावित 12 क्लबों के अतिरिक्त भी हो सकते हैं। गतिविधियों के आयोजन के लिए प्रति क्लब 10 हजार रुपये आवंटित किए जाएंगे। आवंटित बजट का उपयोग केवल संबंधित क्लब गतिविधि पर ही किया जा सकता है। प्रत्येक क्लब में एक शिक्षक प्रभारी और एक सहयोगी शिक्षक होगा। छात्रों को अधिकतम तीन क्लबों को चुनने और भाग लेने का विकल्प दिया जाना चाहिए। कक्षा शिक्षकों या क्लब प्रभारियों को उचित क्लब चुनने की प्रक्रिया में छात्रों की सहायता करनी चाहिए। वहीं, दिव्यांग छात्रों को उनकी पसंद के क्लब में शामिल होने के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए।

वहीं, प्रत्येक क्लब एक शैक्षणिक वर्ष की अवधि के लिए अपनी कार्यकारी समिति (ईसी) का चुनाव करेगा। इसमें एक अध्यक्ष, एक कोषाध्यक्ष और तीन महासचिव होंगे, जिन्हें चुना जाएगा। कार्यकारी समिति (ईसी) के चुनाव प्रभारी शिक्षक की देखरेख में आयोजित किए जाएंगे और पदाधिकारियों का नाम नोटिस बोर्ड पर प्रदर्शित किया जाएगा। निदेशालय ने कहा कि कार्यकारी समिति (ईसी) प्रभारी शिक्षक के परामर्श से अपना वार्षिक बजट तैयार करेगी और शैक्षणिक सत्र के लिए अपने क्लब की गतिविधियों और व्यय की योजना बनाएगी। वहीं, प्रत्येक शनिवार को क्लब गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। प्रत्येक क्लब प्रधानाचार्य की पूर्वानुमति से माह के एक शनिवार को एक कार्यक्रम आयोजित कर सकता है।

## आटो चालकों की हड़ताल 22 अगस्त से

**जासं, नई दिल्ली :** दिल्ली के आटो व टैक्सी चालकों के एक संगठन ने 22 अगस्त से दो दिवसीय हड़ताल की घोषणा की है। आल दिल्ली आटो टैक्सी ट्रांसपोर्टर्स कांग्रेस यूनियन के अध्यक्ष किशन वर्मा ने बताया कि एप आधारित परिवहन सेवा उपलब्ध कराने वाली कंपनियों की मनमानी के विरुद्ध यह चक्का जाम होगा। सोमवार को जंतर-मंतर पर हुई बैठक में निर्णय यह लिया गया।

## ग्रेनो में घर खरीदना और उद्योग लगाना महंगा, भूखंड की दरों में हुई बढ़ोतरी

### आवासीय और बिल्डर परियोजना में 5.29 से 5.30 प्रतिशत की बढ़ोतरी की गई

अर्पित त्रिपाठी • जागरण

**ग्रेटर नोएडा :** ग्रेटर नोएडा शहर में आवासीय व बिल्डर परियोजनाओं में घर खरीदना महंगा हो गया है। प्राधिकरण ने आवासीय व बिल्डर परियोजना में 5.29 से 5.30 प्रतिशत बढ़ोतरी की है। उद्योग लगाना और भी महंगा हो गया है। प्राधिकरण ने 17.93 से 96.56 प्रतिशत बढ़ोतरी की है। ग्रेटर नोएडा वेस्ट के सेक्टरों की श्रेणी में बदलाव करते हुए उन्हें उच्च श्रेणी में किया गया है। आवासीय में सेक्टर एक, दो, तीन, चार, 10, 12, 16, 16 बी, 16 सी चौथी से पहली श्रेणी में आ गए हैं, जिससे यहां की दरें पिछले वर्ष के मुकाबले 55.95 प्रतिशत बढ़ गई हैं। वहीं बिल्डर्स में भी चौथी से पहली श्रेणी में यह सेक्टर आ गए हैं, जिससे 49.10 प्रतिशत की बढ़ोतरी हो गई है।

**उद्योगों के लिए भूमि की दर में बड़ा उछाल :** जोन ए (ईकोटेक एक, ईकोटेक तीन, ईकोटेक एक एक्सटेंशन एक, ईकोटेक 12, सेक्टर 40, 41, ईकोटेक छह) में जहां 1,000 वर्गमीटर के भूखंड की दर 17.93 प्रतिशत, जोन बी (ईकोटेक दो, ईकोटेक चार, सात, आठ, 10, 11) में 47.42 प्रतिशत, जोन सी में 63.80 प्रतिशत और जोन डी में भविष्य के सेक्टर ईकोटेक 9, 14, 17 से 21 में 96.56 प्रतिशत की बढ़ोतरी कर दी गई है।

### वर्ष 2024-25 के लिए तय नई दरें

**आवासीय सेक्टर:**

**जोन ए :** अल्फा एक व दो, गामा एक व दो, बीटा एक व दो, डेल्टा एक, दो व तीन, स्वर्ण नगरी, सेक्टर एक, दो, तीन, चार, 10, 12, 16, 16 बी, 16 सी : 47,227 रुपये प्रति वर्ग मीटर (पिछले वर्ष 44,850)

**जोन बी :** चाई दो, तीन, चार व पांच, चाई-फाई एक्सटेंशन, पी एक से आठ, फाई एक व दो, फाई एक से चार, फाई-चाई, सेक्टर-36, 37, सिग्मा एक, जीटा एक व दो, म्यू एक व दो : 43,594 रुपये प्रति वर्ग मीटर (पिछले वर्ष 41,400)

**जोन सी :** ईटा 1, ओमीक्रोन एक, दो व तीन, ज्यू एक से तीन, सिग्मा दो से चार : 41,172 रुपये प्रति वर्ग मीटर (पिछले वर्ष 39100)

**जोन डी :** सेक्टर 11, 17 व 20 : 31,887 रुपये प्रतिवर्ग मीटर (पिछले वर्ष 30,282)

**बिल्डर**

**जोन ए :** अल्फा एक व दो, गामा एक व दो, बीटा एक व दो, डेल्टा एक, दो व तीन, स्वर्ण नगरी, सेक्टर 27, जीटा एक, सेक्टर एक से चार, 10, 12, 16, 16 बी, 16 सी : 54,493 रुपये प्रति वर्ग मीटर (पिछले वर्ष 51,750)

**जोन बी :** ओमेगा एक से तीन, चाई एक से पांच, फाई एक व दो, फाई एक से चार, सेक्टर-36, 37, टेकजोन चार, सिग्मा एक, जीटा दो, म्यू एक व दो : 50,860 रुपये प्रति वर्ग मीटर (पिछले वर्ष 48,300)

**जोन सी :** ईटा एक व दो, ओमीक्रोन एक से तीन, ओमीक्रोन वन-ए, ज्यू एक से तीन, सिग्मा दो से चारस, साइ : 48,438 रुपये प्रति वर्ग मीटर (पिछले वर्ष 46,000)

**जोन डी :** सेक्टर पांच, छह, 11,17, 17ए, 17 बी और 20 : 38,484 रुपये प्रति वर्ग मीटर (पिछले वर्ष 36,547)



जून में हुई ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की 135वीं बोर्ड बैठक में प्रस्ताव पास हुआ था। 29 जुलाई को कार्यालय आदेश जारी हुआ है। कार्यालय आदेश जारी होने की तिथि से नई दरें लागू मानी जाएंगी। - **एनके सिंह,** एसीईओ, ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण

## सोनीपत में सौतेले बेटे ने मां की गला दबा हत्या की

**जागरण संवाददाता, सोनीपत :** बैंयापुर में एक सौतेले बेटे ने मां की गला दबाकर हत्या कर दी। आरोपित पिता को मां की अचानक तबीयत खराब होने की बात कहकर झूठ बोलता रहा। पिता के साथ मां को खुद अस्पताल लेकर भी गया। पोस्टमार्टम के दौरान चिकित्सक ने गले पर निशान देखकर गला दबाकर हत्या की बात रिपोर्ट में लिखी। महिला के पति ने बेटे पर हत्या का आरोप लगाया। पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपित बेटे को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपित ने घरेलू झगड़े के चलते हत्या की बात कबूल की है।

उत्तर प्रदेश के कुशीनगर के कालिका रावनगर चकनारायणपुर के महेंद्र प्रजापति 30 साल से बैंयापुर खुर्द गांव में रहते हैं। वह फर्श पर पत्थर लगाने का काम करते हैं। महेंद्र ने पुलिस को बताया कि उनकी शादी वर्ष 1990 में सीरजावती के साथ हुई थी। उनके चार बच्चे हैं, जिसमें तीन बेटियां व एक बेटा है। उन्होंने बड़ी बेटी रोशनी की शादी कर रखी है। दो बेटी व बेटा गौरव (19) उनके साथ रहते हैं। उन्होंने सात साल पहले उत्तर प्रदेश के देवरिया के गांव कंचनपुर की बबीता (33) से दूसरा विवाह किया था। दूसरी शादी से उन्हें कोई बच्चा नहीं है। वह तीन अगस्त को गन्नौर के गांव बेगा के स्कूल में पत्थर लगाने गए थे। देर शाम उनके

**सौतेली मां की तबीयत खराब होने का पिता से झूठ बोला, पिता के साथ मां को अस्पताल लेकर पहुंचा था आरोपित सौतेला बेटा**

पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर महेंद्र की शिकायत के बाद सौतेले बेटे के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया है। आरोपित ने घरेलू कलह में गला दबाकर हत्या किए जाने की बात कबूल ली है। - **इंस्पेक्टर करण सिंह,** थाना प्रभारी, सदर सोनीपत

बेटे गौरव ने फोन कर बताया कि मां की तबीयत खराब है। उनके गले में दर्द है और मुंह से लार निकल रही है। वह घर आए, तो पत्नी बेसुध थी। वह उन्हें लेकर अस्पताल पहुंचे तो चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया था। मामला संदिग्ध मानकर और फारेंसिक एक्सपर्ट नहीं होने के चलते चार अगस्त को बबीता के शव को खानपुर कलां के मेडिकल कालेज के अस्पताल रेफर कर दिया था। वहां पोस्टमार्टम रिपोर्ट में चिकित्सक ने गला दबाने से मौत की बात बताई। महेंद्र ने पुलिस को बताया उन्हें भी शक है कि गौरव ने वारदात को अंजाम दिया है। उनकी दूसरी पत्नी व बेटे में अक्सर कलह रहती थी। पुलिस ने मामले में हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया।


दैनिक जागरण क्लासीफाइड
कम दाम, ज्यादा काम
For online booking log on to www.jagranclassifieds.com

**आवश्यकता**

For office near India gate needs a Good typist/ clerk with good knowledge of computer Contact # 9810064885

**सूचना**

My clients Mukesh Kumar and his wife Kamlesh Kumari both R/o C-10, 1st Floor, Flat No.3, Tigri Extension, New Delhi-110062 have disowned/ debarred their son Amit Meena from their all moveable/immovable properties/assets and severed relations with him, my clients shall not be responsible for any acts done by him in future. Ashish Arya, Advocate

मेरे मुवक्किलों विनोद कुमार पुत्र श्री सूरत सिंह और बबली पत्नी श्री विनोद कुमार हॉल निवासी डी-1124 ब्लॉक-डी, जे जे कॉलोनी, कैंप नं.-2 नांगलोई दिल्ली-41, ने अपने पुत्र विकास को इसके दुर्व्यवहार के कारण अपनी चल-अचल संपति से बेदखल कर सभी संबंध विच्छेद कर लिए हैं। इन पर हुए लेनदेन व पुलिस केस की जवाबदेही मेरी मुवक्किला की नहीं होगी। महेंद्र कुमार (एडवोकेट)

My clients Karan Singh and his wife Kamlesh both R/o B-37, Gola Kuan, Okhla Phase-I, O.I.A., New Delhi-110020 have disowned/debarred their son Naveen and his wife Laxmi from their all moveable/immovable properties/assets and severed relations, my clients shall not be responsible for any acts done by them in future. Narendra Kumar, Advocate

मैं सुनील कुमार पुत्र स्वर्गीय श्री अत्तर सिंह, निवसी मकान नं.-123, नाईयों वाली गली, गाँव हिरनकी, दिल्ली-110036, मैं यह घोषणा करता हूँ कि मेरा पुत्र हरिश तथा पुत्रवधू गीता उर्फ जानवी के असामाजिक आचरण व गलत संगती व अपराधिक कार्य में लीप्त होने के कारण अपनी तमाम चल-अचल सम्पति व रिश्तों से बेदखल कर रहा हूँ। भविष्य में मेरा हरिश व उसकी पत्नी गीता उर्फ जानवी से कोई भी सम्बन्ध नहीं है अगर व किसी से लड़ाई झगड़ा व अपराधिक कार्य करते हैं या किसी भी तरह का लेन-देन करते हैं तो उसके लिए स्वयं दोनों जिम्मेवार होंगे। तथा मेरे परिवार का कोई भी सदस्य इसमें जिम्मेवार नहीं होगा।

मेरे मुवक्किल राम मूर्ति व लटूरी प्रसाद सागर हम दोनों निवासी- J-56, खसरा न. 28, सौरभ विहार, जैतपुर, नई दिल्ली-44, हम दोनों ने अपने दोनों पुत्र उमाशंकर उर्फ टिंकू व पुत्रवधु अर्चना कुमारी और मनीष सागर उर्फ रिंकू व पुत्रवधु दीक्षा को अपने साथ दुर्व्यवहार करने, बात न मानने व इनके गलत चाल चलन के कारण अपनी समस्त चल-अचल सम्पति से बेदखल कर दिया है भविष्य में उनके किसी कार्य/लेन-देन हेतु मेरे मुवक्किल जिम्मेदार नहीं होंगे। (पंकज, अधिवक्ता)

It is for general information that my client Md. Mubarak S/o Md. Allauddin R/o H.No. E-1/65 Gali No. 4 Pratab Vihar-3 Kirari Suleman Nagar Delhi-86 declare that name of his son has been wrongly written as Md. Zishan Ansari in his son's school record and in other documents. The correct name of my client's son is Md. Zishan which may be amended accordingly. M.M.Usmani (Adv)

My clients Ishad and his wife Vismillaha R/o B-73/A Khasra No.88/13 Shiv Vihar Karala N. West Delhi-110081 have severed all relations and disowned their son Hamid Khan and his wife Seema from their all moveable / immoveable properties due to their misconducts. My clients shall not be responsible for their acts. M. M. Usmani (Adv)

मेरे मुवक्किल श्री निरंजन पुत्र श्री मोहन लाल निवासी- मकान न0 डी-17, हरी एन्कलेव पार्ट-1, किरारी सुलेमान नगर, दिल्ली-86, ने अपने पुत्र दीपेश को अपनी समस्त चल-अचल सम्पति से बेदखल कर अपने सभी संबंध समाप्त कर लिए हैं। भविष्य मे उसके किसी कार्य व लेनदेन की जिम्मेदारी मेरे मुवक्किल की नही होगी। सचिन राठौर, एडवोकेट

IN THE HIGH COURT OF DELHI AT NEW DELHI (TESTAMENT INTESTATE JURISDICTION) CITATION U/s 283, INDIAN SUCCESSION ACT, 1925
In the matter of
TEST. CAS. No. 58/2024
SH. AJIT KUMAR AGARWAL & ORS. ....PETITIONERS
Versus
STATE (GOVT. OF NCT OF DELHI) & ORS. ...RESPONDENTS
To,
All Concerned.
In the matter of estate of Late Sh. Atma Ram Agarwal, S/o Late Shri Patram Das Agarwal, R/o 106, First Floor, Shakti Vihar, Pitampura, New Delhi-110034.
Whereas 1) Sh. Ajit Kumar Agarwal S/o Late Sh. Atma Ram Agarwal, 2) Sh. Himanshu Agarwal S/o Sh. Ajit Kumar Agarwal, 3) Sh.Satyam Agarwal S/o Sh. Ajit Kumar Agarwal, all at R/o 106, Ground Floor, Shakti Vihar, Pitampura, Delhi-110034, has filed a petition u/s 278 of the Indian Succession Act, 1925 for grant of Letter of Administration in respect of Will dated 28.02.2020 executed by Sh. Atma Ram Agarwal, deceased. And whereas the aforesaid case is fixed for hearing before Joint Registrar (Judicial) of this Court on 24.09.2024 at 11:00 a.m. This citation is issued in terms of Section 283 of the said Act to all persons claiming to have any interest in the property/properties of the said deceased to come to this Court, file objections, if any, and take part in the proceedings on the date specified above for the grant of Letter of Administration.
Given under my hand and the seal of this Court, in terms of the order dated 10.07.2024.
Assistant Registrar (O) for Registrar General OM

मैं राम मूर्ति पत्नी लटूरी प्रसाद सागर निवासी- J-56, खसरा न. 28, सौरभ विहार, जैतपुर, दिल्ली-44, हम दोनों ने अपने दोनों पुत्र उमाशंकर उर्फ टिंकू व पुत्रवधु अर्चना कुमारी और मनीष सागर उर्फ रिंकू व पुत्रवधु दीक्षा को अपने साथ दुर्व्यवहार करने, बात न मानने व इनके गलत चाल चलन के कारण अपनी समस्त चल-अचल सम्पति से बेदखल कर दिया है भविष्य में उनके किसी कार्य/लेन-देन हेतु हम जिम्मेदार नही होंगे।

IN THE HIGH COURT OF DELHI AT NEW DELHI (TESTAMENT INTESTATE JURISDICTION) CITATION U/s 283, INDIAN SUCCESSION ACT, 1925
In the matter of
TEST. CAS. No. 59/2024
SH. AJIT KUMAR AGARWAL & ORS. ....PETITIONERS
Versus
STATE (GOVT. OF NCT OF DELHI) & ORS. ...RESPONDENTS
To,
All Concerned.
In the matter of estate of Late Smt. Chander Kanta Agarwal, D/o Late Shri Satya Narayan Choudhary and W/o Shri Atma Ram Agarwal, R/o 106, First Floor, Shakti Vihar, Pitampura, New Delhi-110034.
Whereas 1) Sh. Ajit Kumar Agarwal S/o Late Sh. Atma Ram Agarwal, 2) Sh. Himanshu Agarwal S/o Sh. Ajit Kumar Agarwal, 3) Sh.Satyam Agarwal S/o Sh. Ajit Kumar Agarwal, 4) Sarita Agarwal W/o Sh. Ajit Agarwal, all at R/o 106, Ground Floor, Shakti Vihar, Pitampura, Delhi-110034, has filed a petition u/s 278 of the Indian Succession Act, 1925 for grant of Letter of Administration in respect of Will dated 28.02.2020 executed by Smt. Chander Kanta Agarwal, deceased.
And whereas the aforesaid case is fixed for hearing before Joint Registrar (Judicial) of this Court on 24.09.2024 at 11:00 a.m. This citation is issued in terms of Section 283 of the said Act to all persons claiming to have any interest in the property/properties of the said deceased to come to this Court, file objections, if any, and take part in the proceedings on the date specified above for the grant of Letter of Administration.
Given under my hand and the seal of this Court, in terms of the order dated 10.07.2024.
Assistant Registrar (O) for Registrar General OM

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी मुवक्किला श्रीमती नूर फातमा पुत्री वली वारिस पत्नी साबिर अली निवासी फ्लैट नंबर ई-1/ए, प्रथम तल, जैतपुर एक्सटेंशन पार्ट 2, बदरपुर नई दिल्ली 110044, अपनी संपत्ति/फ्लैट संख्या ई-1/ए, प्रथम तल खसरा संख्या 328, माप लगभग 110 वर्ग गज, जैतपुर एक्सटेंशन पार्ट 2, बदरपुर, नई दिल्ली 110044 की पूर्ण स्वामी, अधिभोगी और कानूनी तौर पर भौतिक रूप से कब्जेदार है दिनांक 8.5.2022 को मोहम्मद साबिर पुत्र मोहम्मद साबिर द्वारा मेरी मुवक्किला के पक्ष में निष्पादित बिक्री के लिए सामान्य पावर ऑफ अटॉर्नी, बिक्री के लिए समझौता व अन्य दस्तावेजों के आधार पर है। उक्त संपत्ति/फ्लैट से संबंधित कोई भी व्यक्ति लेन देन करता है तो अपने जोखिम, लागत और परिणामों पर ऐसा करेगा और मेरा मुवक्किला इसके लिए जिम्मेदार नहीं होगा, किसी के द्वारा किए गए इस संपत्ति/ फ्लैट से संबंधित सौदे से कोई भी देयता मेरे मुवक्किल पर बाध्यकारी नहीं होगी। वली वारस (अधिवक्ता) चै. न. 359, साकेत कोर्ट, नई दिल्ली-110017

**बिकाऊ**

**फॉर सेल**
आलू कोल्ड स्टोरेज
जिला-मथुरा, बलदेव
स्वीकृत फोरलेन रोड पर स्थित है, नवीनतम प्रौद्योगिकी से युक्त। केवल वास्तविक खरीददार ही सम्पर्क करें-
8279708516

**खोया-पाया**

सूचित किया जाता है कि मैं भरत कुमार सिंह पुत्र स्वर्गीय दुर्गा सिंह, मकान नं.- बी-70, खसरा नं.-112/18, 28, 29 मधु विहार, ब्लॉक-सी, पालम, नई दिल्ली पुराना नं.-बी-70, मधु विहार, नई दिल्ली-110059, मेरे का मकान मूल दस्तावेज आटो में यात्रा करते समय खो गया है। जो बहुत खोज बिन करने के बाद भी नहीं मिला। जमीन 50sq. yds है। मिलने पर उपर्युक्त पते या मोबाईल नं. # 9868783692 सूचित करें

**नाम परिवर्तन**

I, Monika D/o. Deepchand R/o B-126A, GD Colony, Mayur Vihar Phase 3, Delhi-110096 have changed my name to Monika Deepchand for all purposes.

I, M Sekar S/o Shri. Madurai resident of RZ-27K W, Near Mandir Gali West Sagar Pur Delhi 110046 have changed my name from M Sekar to Sekar M vide Affidavit No.- IN- DL 23174040155446W dt- 23 July.

I, Rabi Kumar Choudhary S/O Kameshwar Choudhary R/O House No.A-2/350, A-Block, Pratap Viahr, Part-3, Kirari Suleman nagar, Delhi-110086, confirm that in my Son Namely Satyam School record my name has been wrongly written as Mithilesh Kumar Choudhary instead of Rabi Kumar Choudhary. My correct name is Rabi Kumar Choudhary for all future Purposes.

I, Rabi Kumar Choudhary S/O Kameshwar Choudhary R/O House No.A-2/350, A-Block, Pratap Viahr, Part-3, Kirari Suleman nagar, Delhi-110086, confirm that in my Daughter Namely Siddhi Kumari School record my name has been wrongly written as Mithilesh Kumar Choudhary instead of Rabi Kumar Choudhary. My correct name is Rabi Kumar Choudhary for all future Purposes.


## नाले पर अतिक्रमण की जांच के लिए एनजीटी ने गठित की कमेटी

**जागरण संवाददाता, नई दिल्ली:** कापसखेड़ा में नजफगढ़ नाले के सहायक नाले पर अतिक्रमण और अवैध निर्माण से जुड़े मामले पर नेशनल ग्रीन ट्रिब्यनल (एनजीटी) ने संयुक्त कमेटी का गठन कर रिपोर्ट पेश करने का आदेश दिया है। एनजीटी चेयरमैन प्रकाश श्रीवास्तव की अध्यक्षता वाली पीठ ने केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) सचिव की अध्यक्षता में दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति (डीपीसीसी),




दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) और उत्तर-पश्चिम दिल्ली के जिलाधिकारी की कमेटी का गठन किया।

एनजीटी ने आदेश दिया कि संयुक्त समिति मौके का निरीक्षण का सच्चाई का पता लगाएगी, साथ ही यह भी देखेगी की उल्लंघन के लिए कौन जिम्मेदार है। इसके बाद समिति अपनी तथ्यात्म रिपोर्ट 11 नवंबर को होने वाली अगली सुनवाई से एक सप्ताह पहले पेश करेगी। आवेदनकर्ता रेजिडेंट वेलफेयर श्याम कुंज की तरफ से दायर आवेदन में कहा गया है कि नजफगढ़ नाले के सहायक नाले पर अतिक्रमण करके अवैध निर्माण किया जा रहा है।

आवेदन के अनुसार यह नाला वर्ष 1991 से 1996 के बीच सरकार ने अधिग्रहित किया था। इस नाले पर नीम, पीपल, कीकर और पाकड़ के बड़े पेड़ हैं और इन्हें भू-माफिया अधिकारियों की मिलीभगत से काटकर अवैध निर्माण कर रहे हैं। आवेदन में कहा गया कि यह नाला बरसाती नाले को नजफगढ़ नाले में मिलाने का काम करता है, लेकिन अवैध निर्माण के कारण सोसायटी में बाढ़ जैसी स्थिति उत्पन्न हो रही है। नाले पर हो रहे अवैध निर्माण की तस्वीर पेश करके आवेदनकर्ताओं ने कहा कि इसके कारण भयावह स्थिति बन रही हैं और नाले के विभिन्न हिस्से पर अलग-अलग लोगों ने कब्जा कर लिया है।

## अखिलेश यादव ने एक्स पर सरकार को घेरा, तो पुलिस ने दर्ज की रिपोर्ट

**जागरण संवाददाता, नोएडा :** समाजवादी पार्टी के मुखिया और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने मंगलवार को गार्डेन गैलेरिया माल में रविवार रात हुए विवाद से संबंधित एक वीडियो एक्स पर पोस्ट करके उत्तर प्रदेश सरकार घेरा तो पुलिस ने दोनों पक्षों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। मामले में दोनों पक्षों के दो-दो आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है।

अखिलेश यादव ने मंगलवार शाम एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा कि नोएडा की एक बहू की पुकार। उत्तर प्रदेश में बहन, बेटी, बहू कोई भी सुरक्षित नहीं है, क्योंकि थाने, शासन-प्रशासन की ओर से दिए गए आर्थिक लक्ष्यों की पूर्ति में लगे हैं। प्रदेश के मुख्यमंत्री के लिए इससे शर्मनाक बात और क्या हो सकती है कि प्रदेश की एक नारी अपने मान सम्मान की रक्षा के लिए वीडियो के जरिये गुहार लगा रही है। उन्होंने पोस्ट में कहा कि भाजपा भ्रष्ट व्यवस्था की पर्याय बन गई है। नहीं चाहिए भाजपा। इस पोस्ट पर शुरुआती तीन घंटे में छह हजार लाइक और 1,800 रिपोस्ट हुए। लोगों ने पोस्ट पर पक्ष और विपक्ष में अपनी प्रतिक्रिया दी। किसी ने यूपी में जंगलराज आन टाप तो किसी ने अखिलेश के अयोध्या की घटना पर चुप रहने जैसी प्रतिक्रिया दी।




एक्स पर पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के पोस्ट • सौ इंटरनेट मीडिया

**महिला ने दूसरा वीडियो पोस्ट किया :** जिस महिला का अखिलेश यादव ने एक्स पर वीडियो पोस्ट किया था, उसने अपना दूसरा वीडियो डालकर प्रतिक्रिया दी है। 28 सेकेंड के वीडियो में उसने कहा कि माल में एक ग्रुप के साथ हमारी कहासुनी हो गई, बात ज्यादा बढ़ गई थी। पुलिसकर्मी आए और दोनों पक्ष को पुलिस चौकी ले गए। जहां पर हम दोनों ग्रुप में आपसी सहमति से समझौता कर लिया था। बहकावे में वीडियो पोस्ट की थी, लेकिन अब हम पुलिस की कार्रवाई से बहुत खुश हैं।

**डीएसपी का रिश्तेदार बताकर धमकाया :** अखिलेश यादव द्वारा पोस्ट किए गए वीडियो में महिला जोर-जोर से रो रही है। रोते हुए पुलिस को पूरी तरह से कठघरे में खड़ा कर रही है। कह रही है कि एक युवक ने अभद्रता की। खुद को डीएसपी का रिश्तेदार बताते हुए धमकी दी। स्थानीय पुलिस चौकी पर कोई सुनवाई नहीं हुई।

**नोएडा के गार्डन गैलेरिया माल में दो पक्षों में हुए विवाद का मामला, पुलिस ने दोनों पक्षों के दो-दो आरोपित को किया गिरफ्तार**

### लखनऊ तक पहुंची गूंज तो पुलिस ने की कार्रवाई

रविवार की रात गार्डन गैलेरिया में दो पक्षों में विवाद हुआ था। उस समय पुलिस ने बताया था कि किसी पक्ष ने शिकायत नहीं दी है। दोनों पक्षों में आपसी समझौता हो गया है। मंगलवार रात करीब सवा दस बजे बयान जारी करके बताया कि मामले में दोनों पक्षों की तहरीर मिली है। दोनों ओर से मुकदमा दर्ज करके दो-दो आरोपित गिरफ्तार कर लिए गए हैं।

## यमुना एक्सप्रेस-वे पर बस में टकराई रोडवेज बस, आठ यात्री घायल

**संवाद सहयोगी • जागरण : रबूपुरा (ग्रेटर नोएडा) :** रबूपुरा कोतवाली क्षेत्र में यमुना एक्सप्रेस-वे पर फलैदा कट के नजदीक नोएडा से आगरा की ओर जा रही एक प्राइवेट बस में रोडवेज बस ने पीछे से टक्कर मार दी। दोनों बस में 75 यात्री सवार थे। हादसा यात्रियों को उतारने के बाद धीमी गति से जा रही प्राइवेट बस को ओवरटेक करने के दौरान हुआ। आठ यात्री घायल हो गए। उन्हें जेवर के कैलाश अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां एक यात्री की हालत गंभीर है। हादसे के बाद एक्सप्रेस-वे पर कुछ समय के लिए यातायात बाधित हुआ। पुलिस ने वाहनों को हटाकर यातायात सुचारू कराया। यात्रियों को अन्य बस से उनके गंतव्य के लिए रवाना किया गया।

पुलिस ने बताया कि गोरखपुर डिपो की बस मंगलवार दोपहर नोएडा से यमुना एक्सप्रेस-वे के रास्ते आगरा की ओर जा रही है। बस में करीब 35 यात्री सवार थे। रबूपुरा कोतवाली क्षेत्र में फलैदा कट के नजदीक आगे चल रही प्राइवेट बस को ओवरटेक करने के दौरान रोडवेज बस उसमें पीछे से टकरा गई। प्राइवेट बस में 40 यात्री सवार थे। टक्कर इतनी तेज थी कि सीट पर बैठे यात्री नीचे लुढ़क गए। दोनों बस क्षतिग्रस्त हो गईं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार रोडवेज बस में आग लग गई। दमकल ने आग को बुझाया।


Classifieds दैनिक जागरण
YOU CAN BOOK CLASSIFIED ADVT. OVER PHONE In Delhi-NCR
For More Details Contact


## दस महानगरों में बढ़ा ओजोन, दिल्ली अधिक प्रभावित

- सेंटर फार साइंस एंड एन्वायरनमेंट इस अध्ययन के लिए एक अप्रैल से 18 जुलाई के दौरान के आंकड़े वर्ष 2020 से 2024 तक के लिए गए हैं

**राज्य ब्यूरो, जागरण . नई दिल्ली:** राष्ट्रीय राजधानी में इस बार लोगों ने भीषण गर्मी का अनुभव किया। मौसम के इस अप्रत्याशित बदले पैटर्न पर सेंटर फार साइंस एंड एनवायरनमेंट (सीएसई) की ओर से गहन अध्ययन किया गया। इस नए अध्ययन में कहा गया है कि 2024 की गर्मियों में, भारत के 10 प्रमुख महानगरीय क्षेत्रों में ओजोन का स्तर बढ़ गया। इनमें राष्ट्रीय राजधानी को बुरी तरह प्रभावित पाया गया।

यह अध्ययन बेंगलुरु मेट्रोपालिटन एरिया (कर्नाटक), चेन्नई मेट्रोपालिटन एरिया (तमिलनाडु), एनसीआर, ग्रेटर अहमदाबाद (गुजरात), ग्रेटर हैदराबाद (तेलंगाना), ग्रेटर जयपुर (राजस्थान), कोलकाता मेट्रोपालिटन एरिया (पश्चिम बंगाल), ग्रेटर लखनऊ (उत्तर प्रदेश), मुंबई मेट्रोपालिटन क्षेत्र (महाराष्ट्र) और पुणे मेट्रोपालिटन क्षेत्र (महाराष्ट्र) में किया गया। सीएसई के शहरी प्रयोगशाला के कार्यक्रम प्रबंधक अविकल सोमवंशी बताते हैं कि इस अध्ययन के लिए एक अप्रैल से 18 जुलाई के दौरान के आंकड़े वर्ष 2020 से 2024 तक के लिए गए हैं।

सभी 10 महानगरीय क्षेत्रों में जमीनी स्तर पर ओजोन की अधिकता सामने आई है। इनमें दिल्ली सबसे अधिक प्रभावित है। इस वर्ष अब तक एनसीआर में 176 दिनों की अधिकता दर्ज की गई है। मुंबई और पुणे 138 दिनों की अधिकता के साथ दूसरे स्थान पर हैं। जयपुर में 126 दिनों, हैदराबाद 86 दिन, कोलकाता 63 दिन, बेंगलुरु 59 दिन, लखनऊ 49 दिन और अहमदाबाद में 41 दिन की अधिकता देखी गई है। सबसे कम संख्या में अधिकता चेन्नई में दर्ज की गई मात्र नौ दिन। एक अप्रैल से 15 जुलाई तक जयपुर में ओजोन का क्षेत्रीय औसत 81.2 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर है, जबकि एनसीआर का 73.3 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर और मुंबई का 34.8 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर है। चेन्नई का क्षेत्रीय औसत सबसे कम 24.3 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर है, लेकिन दक्षिणी महानगरीय क्षेत्रों में 192.7 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर दर्ज किया गया, जो 10 महानगरीय क्षेत्रों में तीसरा सबसे अधिक है।

दिल्ली में डा कर्णी सिंह शूटिंग रेंज और लोदी कालोनी, मुंबई में नेवी नगर, कोलकाता में फोर्ट विलियम, हैदराबाद में कपरा, बेंगलुरु में बीएमटी लेआउट, चेन्नई में वेलाचेरी, पुणे में सावित्रीबाई फुले विश्वविद्यालय, पुलिस जयपुर में कमिश्नरेट, लखनऊ में गोमती नगर और अहमदाबाद में मणिनगर सभी ओजोन प्रदूषण के हाटस्पाट हैं। सीएसई की रिसर्च व एडवोकेसी की कार्यकारी निदेशक अनुमिता राय चौधरी ने कहा कि 2020 स्टेट आफ ग्लोबल एयर रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत में ओजोन के कारण होने वाली मृत्यु की आयु-मानकीकृत दरें सबसे अधिक हैं। मौसमी आठ घंटे की दैनिक अधिकतम सांद्रता ने 2010 और 2017 के बीच भारत में सबसे अधिक लगभग 17 प्रतिशत वृद्धि दर्ज की है।

*********